3 | राजधानी
75 हजार शिल्पियों को स्वावलंबी बनायेंगेः योगी

6 | अभिमत
भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

11 | विदेश
पूर्व राष्ट्रपति जुमा की सजा बरकरार

12 | विविध
फिट रहने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 323
लखनऊ, शनिवार, 18 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




चोटों से परेशान स्वप्ना ने संन्यास लेने का मन बनाया

स्पोर्ट्स-10

# अफगान घटनाक्रम का सर्वाधिक प्रभाव भारत जैसे देश परः मोदी

## ● एससीओ के शिखर सम्मेलन में मोदी ने साझा खाका विकसित करने का किया अह्वान

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन समावेशी नहीं हुआ है, लिहाजा नई व्यवस्था की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं और इस परिस्थिति में उसे मान्यता देने के बारे में वैश्विक समुदाय को सामूहिक और सोच-विचार कर फैसला करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने साथ ही यह चेताया कि अगर अफगानिस्तान में अस्थिरता और कट्टरवाद बना रहेगा तो इससे पूरे विश्व में आतंकवादी और अतिवादी विचारधाराओं को बढ़ावा मिलेगा।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के 21वें शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए अपने डिजिटल संबोधन में कहा कि वहां की भूमि का इस्तेमाल किसी भी देश में आतंकवाद फैलाने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रम का सर्वाधिक प्रभाव भारत जैसे उसके पड़ोसी देशों पर होगा और साथ ही उन्होंने सीमापार आतंकवाद तथा आतंकवाद के वित्त पोषण पर लगाम कसने के लिए कायदे कानून बनाने की वकालत की। ज्ञात हो कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के कुछ ही दिनों के भीतर तालिबान ने वहां कब्जा जमा लिया है। बिना तालिबान का नाम लिए प्रधानमंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रमों से मुख्य रूप से चार प्रकार की चिंताएं सामने आई हैं, जिनके बारे में विश्व समुदाय को सोचना होगा। उन्होंने कहा कि पहला मुद्दा अफगानिस्तान में सत्ता-परिवर्तन का है, जो समावेशी नहीं है और बिना वार्ता के हुआ है। उन्होंने कहा, इससे नई व्यवस्था की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। महिलाओं और अल्पसंख्यकों सहित अफगान समाज फोकस और सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम का सबसे अधिक प्रभाव हम जैसे पड़ोसी देशों पर होगा। और इसलिए इस मुद्दे पर क्षेत्रीय फोकस और सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेताया कि अगर अफगानिस्तान में अस्थिरता और ( शेष पेज 9 )

# मोदी के जन्मदिन पर रिकॉर्ड टीकाकरण

## ● महज नौ घंटे में दो करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने का बना इतिहास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर टीकाकरण अभियान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए कोविड-19 टीके की दो करोड़ से अधिक खुराक देकर एक रिकॉर्ड बनाया। को-विन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में शाम पांच बजकर 27 मिनट तक 2,03,68,343 खुराकें दी गई हैं। देश में अब तक कुल 78.72 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, वैक्सीन सेवा को चरितार्थ करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को उपहार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर आज भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक दिन में टीके की दो करोड़ खुराक लगाने का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया है। चौथी बार एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। मांडविया ने कहा कि देश ने अब तक सबसे तेज एक करोड़ खुराकें देने का आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर देश ने दोपहर 1:30 बजे तक अब तक के सबसे तेज, एक करोड़ खुराकें देने का आंकड़ा पार कर लिया है और हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है की आज हम सब टीकाकरण का नया कीर्तिमान बना कर प्रधानमंत्री जी को उपहार स्वरूप देंगे। देश में छह सितंबर, 31 अगस्त, 27 अगस्त को एक करोड़ से अधिक खुराकें दी गई थीं। मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा था कि जिन्होंने टीके की खुराक नहीं ली है, ऐसे अपनों को, परिजनों को और समाज के सभी तबकों को शुक्रवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर टीका लगवाकर, उनको जन्मदिन का उपहार दिया जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश भर में अपनी इकाइयों से प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों का टीकाकरण कराने में मदद करने को कहा है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत को टीकाकरण के 10 करोड़ आंकड़े तक पहुंचने में 85 दिन लगे।

इसके बाद अगले 45 दिन में 20 करोड़ तथा इसके 29 दिन बाद 30 करोड़ के आंकड़े पर देश पहुंचा था। वहीं, 30 करोड़ से 40 करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने में 24 दिन लगे और इसके 20 दिन बाद छह अगस्त को 50 करोड़ ( शेष पेज 9 )

# नीट आरक्षण के फैसले पर केंद्र व एमसीसी से कोर्ट ने जवाब मांगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए नीट परीक्षा से प्रवेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के 29 जुलाई के नोटिस के खिलाफ एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और चिकित्सा परामर्श समिति (एमसीसी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने नोटिस जारी किया और केंद्र तथा एमसीसी से आठ याचिकाकर्ताओं की याचिका पर जवाब मांगे। इन याचिकाकर्ताओं में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परास्नातक परीक्षाओं में भाग लेने वाले कुछ लोग शामिल हैं। पीठ ने याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ संलगन कर दिया है। इससे पहले, न्यायालय ने छह सितंबर को इसी तरह की याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किए थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में शुक्रवार को मोहान रोड स्थित आश्रय गृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को उपहार वितरित करते हुए, साथ में हैं महिला कल्याण व बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह।

# मोदी के खिलाफ ममता को विपक्ष का चेहरा बनाएगी तृणमूल कांग्रेस



**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एकमात्र विपक्षी चेहरे के रूप में पेश कर दिया है। टीएमसी के मुखपत्र जागो बांग्ला के पहले पन्ने पर लिखा गया है कि मोदी के खिलाफ राहुल नहीं, बल्कि ममता बनर्ती मुख्य चेहरा हैं। इससे उलट लगभग एक महीने पहले ममता ने कहा था कि प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत है। तृणमूल कार्यकर्ताओं की एक बैठक में भी वरिष्ठ नेता और सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने अपनी पार्टी की राय को सामने रखते हुए कहा कि उनके मन में सोनिया गांधी के लिए बहुत सम्मान है। तृणमूल को राहुल गांधी से भी कोई शिकायत नहीं है, लेकिन वह लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। वह खुद को प्रधानमंत्री मोदी के विकल्प के रूप में खुद को पेश करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में मोदी के खिलाफ मुख्य विपक्षी चेहरा ममता बनर्जी ही हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके बयानों को राहुल गांधी विरोधी नहीं माना जाना चाहिए। हम केवल यह ( शेष पेज 9 )

# पेट्रोल, डीजल अभी जीएसटी में नहीं

## ● बैठक में रेस्तरां सेवा प्रदाता और यात्री परिवहन से जुड़े ई वाणिज्य मंचों पर कर लगाने का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पिछले** कई दिनों से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाए जाने की खबरों पर फिलहाल विराम लग गया है। लखनऊ में पहली बार हुई माल एवं सेवा कर परिषद की हुई बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पेट्रोल और डीजल को फिलहाल जीएसटी के दायरे में नहीं लाने का निर्णय किया है।

डीजल में मिलाए जाने वाले बायोडीजल पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। बैठक में बच्चों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली जीवन रक्षक दवाईओं को भी सस्ता कर दिया है। दो दवाओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है जबकि कुछ दवाओं पर जीएसटी घटा दिया गया है। बैठक में रेस्तरां सेवा प्रदाता और यात्री परिवहन से जुड़े ई-वाणिज्य मंचों पर कर लगाने का फैसला किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक में ज्यादातर राज्यों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाए जाने पर असहमति प्रकट कि उनका कहना था कि कोरोना के बाद पैदा हुई स्थिति इस प्रकार के निर्णय लेने के लिए अनुकूल नहीं है। केरल हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के बाद कहा था कि इस विषय को भी जीएसटी की बैठक में रखा जाना चाहिए। इसलिए पर इस मसले पर चर्चा तो हुई लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जो इस बैठक में विचार आए हैं उन्हीं के आधार पर रिपोर्ट केरल हाईकोर्ट को सौप दी जाएगी। दअसल इस बैठक में जैसे ही पेट्रोल.डीजल को जीएसटी में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया तो कई राज्य इसके विरोध में खड़े हो गए।

उप्र, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, छत्तीसगढ़, केरल समेत ज्यादातर राज्यों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे से बाहर ही रखने को कहा है। ऐसे में तो यह प्रस्ताव खारिज हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के के दायरे में लाया जाता है तो पेट्रोल 28 रुपए और डीजल 25 रुपए तक सस्ता हो जाएगा। इसके विपरीत राज्यों का राजस्व बढ़ाने का बड़ा जरिया भी इसके कर से मिलने वाला धन है। इसी कारण अधिकांश राज्य पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के पक्ष में नहीं हैं। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया ने कहा कि जीएसटी की बैठक में पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का प्रस्ताव आया वह भी केरल हाईकोर्ट के निर्देश के बाद लेकिन उस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कोविड उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं पर लागू रियायती जीएसटी दरों का समय 31 दिसंबर 2021 तक बढ़ा दिया है। इसमें सात दवाएं है जबकि एम्फोटेरेसिन बी और टाक्लिजूमेब दवाओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है।

जोल्गेन्स्मा और विलटेप्सो जैसी मांसपेशियों के उत्तकों के क्षरण (स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी) में उपयोगी दवाओं पर जीएसटी से छूट दी गई है, जिस पर करोड़ों रुपए की लागत आती है। साथ ही कैंसर के इलाज में प्रयुक्त होने वाली दवा क्रेट्रडा पर जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। बैठक में दिव्यांगों के व्हीकल में इस्तेमाल में आने वाली रेट्रो किट पर जीएसटी पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, माल ढुलाई वाहनों के परिचालन के लिए राज्यों द्वारा वसूले जाने वाले राष्ट्रीय परमिट शुल्क से छूट देने का फैसला किया गया है। सीतारमण ने कहा कि परिषद ने जूता-चप्पल और कपड़ों पर एक जनवरी, 2022 से उल्टा शुल्क ढांचे (कच्चे माल पर कम और तैयार माल पर अधिक शुल्क) को ठीक करने को लेकर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि कलम पर 18 प्रतिशत की एकल दर से जीएसटी जबकि विशिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पर 12 प्रतिशत माल एवं सेवा कर लगाने का निर्णय किया गया है। परिष्द द्वारा लिए गए एक ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | ↓ 125 | |
| निफ्टी | 17,585 | ↓ 44 | |
| सोना | 45,207 | ↓ 1130 | /10g |
| चांदी | 60,183 | ↓ 780 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा कारणों से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान का दौरा किया रद

**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से ठीक पहले शुक्रवार को सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए पाकिस्तान का अपना वर्तमान दौरा रद्द कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे एकतरफा फैसला करार देते हुए कहा कि मेहमान टीम की सुरक्षा को किसी तरह का खतरा नहीं था। यह न्यूजीलैंड का पिछले 18 वर्षों में पाकिस्तान का पहला दौरा था। इस श्रृंखला में तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे। कोविड-19 के कारण इस मैच को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों के साथ खेला जाना था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि दौरे से हटने पर न्यूजीलैंड को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को जवाब देना होगा। (विस्तृत पेज 11)

# पैरालंपियन नोएडा के डीएम के रैकेट की बोली 10 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● नीरज चोपड़ा के भाले के लिए सवा करोड़ रुपये लगे, ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना के बॉक्सिंग ग्लव्ज की बोली 1.80 करोड़ लगी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री को मिले उपहारों और स्मृतिचिह्नों की संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुक्रवार से शुरू की गई ई-नीलामी में पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी व नोएडा के डीएम सुहास एलवाई के रैकेट की बोली 10 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इस खास ई-नीलामी में ओलंपिक और पैरालंपिक खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई खेल के सामान लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बन गए हैं।

वहीं टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा भाले का बेस प्राइस एक करोड़ रुपये रखा गया है। नीलामी से प्राप्त धन का उपयोग गंगा स्वच्छता के लिए गंगा नमामि परियोजना के तहत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपहारों और स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी में संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर अभी तक सबसे अधिक बोली, टोक्यो पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले कृष्णा नागर और रजत पदक जीतने वाले सुहास एलवाई के बैडमिंटन रैकेटों की लगी है। इनमें सुहास एलवाई के बैंडमिटन की बोली कुछ घंटे में 10 करोड़ रुपये से ऊपर की लग चुकी है। कृष्णा नागर के रैकेट की बेस प्राइज 80 लाख रुपये और सुहास एलवाई के रैकेट की बेस प्राइज 50 लाख रुपये तय की गई है। टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले सुहास एलवाई ने अपना बैडमिंटन रैकेट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बतौर उपहार में दिया था। इसके अलावा तलवारबाज सीए भवानी देवी के तलवार की भी 10 करोड़ रुपये के करीब बोली लगी है। इसका बेस प्राइज 60 लाख रुपये है। ओलंपिक की तलवारबाजी स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाली देवी पहली भारतीय हैं। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के ग्लव्ज की बोली 1.80 करोड़ रुपये लग चुकी है। लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। उनके दस्तानों की बेस प्राइज 80 लाख रुपये है। टोक्यो ओलंपिक में भारत को पहला स्वर्ण दिलाने वाले नीरज चोपड़ा के भाले की सर्वाधिक बोली 1.20 करोड़ रुपये लगी है। इस भाले की बोली एक करोड़ रुपये से शुरु हुई।

टोक्यो पैरालंपिक की शूटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले मनीष नरवाल के चश्मे की 95.94 लाख रुपये तक की बोली लग चुकी है। उन्होंने इस चश्मे को प्रधानमंत्री को भेंट किया था। ई-नीलामी में ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं की खेल सामग्रियों और उपकरणों के अलावा अयोध्या राम मंदिर, चार धाम और रूद्राक्ष सम्मेलन केंद्र की प्रतिकृतियां, मॉडल, मूर्तियां, पेंटिंग और अन्य उपहार शामिल हैं। कांच के बक्से के भीतर राम मंदिर की लकड़ी से बनी प्रतिकृति की सर्वाधिक बोली तीन लाख रुपये लगी है। रूद्राक्ष ( शेष पेज 9 )

## मोदी के उपहारों की नीलामी



नोएडा के डीएम सुहास एल वाई पैरालंपिक में जीते रजत पदक के साथ। (फाइल फोटो)

# कॉलेजियम ने मुख्य न्यायाधीश पदों पर आठ नामों की सिफारिश की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के पद पर नियुक्ति के लिए केंद्र को आठ नामों की सिफारिश की है। इनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल का भी नाम है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

भरोसेमंद सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कॉलेजियम की सघन बैठक में त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी सहित पांच मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के 28 अन्य न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिशें की गईं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिंदल हाल में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक गतिरोध से संबंधित मामलों में अपने प्रशासनिक और न्यायिक निर्णयों के कारण चर्चा में रहे हैं। देश के उच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों में से एक न्यायमूर्ति कुरैशी को मूल रूप से गुजरात उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था और शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति नहीं होने के कारण वह चर्चा में रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्ईय कॉलेजियम ने इलाहाबाद, कलकत्ता, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, मेघालय, गुजरात और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश करने का फैसला किया है। प्रधान न्यायाधीश के अलावा, उच्च न्यायालयों में नियुक्ति से संबंधित तीन सदस्ईय ( शेष पेज 9 )

# दिव्यांग बच्चों से मिले मुख्यमंत्री, बांटे उपहार

## पीएम मोदी की देन है दिव्यांग शब्दः योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज राजकीय बालक एवं बालिका विशेषीकृत गृह स्थित निर्वाण पुनर्वास केन्द्र पहुंच कर मानसिक मंदित एवं दिव्यांग बच्चों को उपहार भेंट किये और बच्चों से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग शब्द भी प्रधानमंत्री की देन है। श्री योगी ने कहा कि दिव्यांगजन के प्रति प्रधानमंत्री के लगाव को ध्यान में रखते हुए उनके 71वें जन्मदिन के अवसर पर आज से लेकर 7 अक्टूबर तक सेवा सत्कार का 20 दिवसीय सेवा समर्पण कार्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के पास जाकर उन्हें उपहार स्वरूप फल की टोकरी व बैग प्रदान किए तथा उनसे उनका कुशलक्षेम भी पूछा। निर्वाण पुनर्वास केन्द्र पहुंचने के बाद उन्होंने केन्द्र का निरीक्षण किया तथा दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया।



मुख्यमंत्री द्वारा संस्था की विजिटर्स पुस्तिका में अपने विचार अंकित किये गये। उन्होंने पुस्तिका में लिखा कि निर्वाण पुनर्वास केन्द्र में आकर मानवीय सेवा का अद्भुत कार्य देखाए अत्यन्त अभिभूत करने वाला है। दिव्यांगजन के प्रति हमारा दृष्टिकोण अत्यन्त संवेदनापूर्ण एवं मानवीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस सम्बन्ध में अनेक कदम उठाये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जने जन्म दिन पर आज का यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने देश को विभिन्न क्षेत्रों में एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ने सन्देश दिया कि दिव्यांगजन के अन्दर भी प्रतिभा है। उस प्रतिभा को समाज व देश के लिए उपयोगी बनाने के लिए उन्हें उचित मंच देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 7 वर्षों मे दिव्यांगजन से सम्बन्धित जितने भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं आजादी के बाद से लेकर वर्ष 2014 तक इतने कार्यक्रम नहीं हुए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का उनका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को प्रधानमंत्री की ओर से उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्वाण पुनर्वास केन्द्र अपनी बेहतर सेवा तथा मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है।

# बारिश की तबाही में पीड़ितों को तुरंत मदद देः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दो** दिनों की रिकार्ड बारिश से हुये नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अहम बैठक करके ताजा हालात की समीक्षा की और उन्होंने पीड़ित परिवारों की तत्काल मदद किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने तथा प्रभावितों को तत्परतापूर्वक मदद एवं राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जहां कहीं भी जल भराव हुआ है, उन क्षेत्रों में तत्काल जल निकासी की व्यवस्था की जाए। नगरीय निकायों द्वारा पूरी क्षमता के साथ जल निकासी के प्रबंध किए जाएं। ग्रामीण इलाकों में भी इसी प्रकार जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रामक रोग न फैलने पाएं, इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिक्स सहित सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखी जाए। एन्टी रेबीज इंजेक्शन तथा एन्टी स्नेक वेनम सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहे। उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग और एन्टी लार्वा स्प्रे करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को सक्रियतापूर्वक पीड़ितों की मदद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आपदा के प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

## कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर दो सहायक आबकारी आयुक्त निलम्बित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव आबकारी विभाग ने दो सहायक आबकारी आयुक्तों डीएन सिंह एवं संजय त्रिपाठी को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित करते हुए निलम्बित कर दिया है। दोनों अधिकारियों को मुख्यालय-प्रयागराज से सम्बद्ध कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि डीएन सिंह पिछले दो वर्षों से वेब आसवनी में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर तैनात थे। पिछले दिनों मदिरा की भराई को लेकर उच्चाधिकारियों से जांच कराई गई थी ए जिसमें मदिरा की तीव्रता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाई गई जिसके लिए गम्भीर रुख अपनाते हुए शासन द्वारा उक्त कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार संजय त्रिपाठी के बुलन्दशहर में तैनाती के दौरान 6 व्यक्तियों की मत्यु अवैध शराब के सेवन से हुई थी। जिसमें पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने के लिए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित करते हुए निलम्बित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आबकारी मंत्री अपर मुख्य सचिव आबकारी एवं आबकारी आयुक्त को भविष्य में राजकीय कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया।

## यूपी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी

**लखनऊ।** यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसकी घोषणा की। कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह इस समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा और महाराष्ट्र सरकार की मंत्री वर्षा गायकवाड़ इसके सदस्य हैं। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा और राज्य में पार्टी के सह.प्रभारी की भूमिका निभा रहे सभी राष्ट्रीय सचिव इस समिति में पदेन सदस्य होंगे।

# यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंक सुधार परीक्षा आज से

## ● नकल विहीन परीक्षा संपादित कराने हेतु परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ की भी रहेगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद् उप्र प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंक सुधार बोर्ड परीक्षा शनिवार से कोविड गाइडलाइन के अनुरूप शुरू होगी। अंक सुधार हेतु 18 सितंबर से 6 अक्टूबर के मध्य हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं आयोजित की जायेगी। हाईस्कूल परीक्षा 12 कार्य दिवसों में सम्पन्न होकर 4 अक्टूबर को समाप्त होगी। इण्टरमीडिएट परीक्षा 15 कार्य दिवसों में सम्पन्न होकर 6 अक्टूबर को समाप्त होगी।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज की घोषित परीक्षाफल 2021 में अंक सुधार हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा में हाईस्कूल में 24667 बालक, 13264 बालिका सहित कुल 37931 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। जबकि इंटरमीडिएट में 27949 बालक, 13406 बालिका सहित कुल 41355 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में कुल परीक्षाथियों की संख्या 79286 है। हाईस्कूल में 36788 संस्थागत एवं 3764 व्यक्तिगत कुल 37931 परीक्षार्थी जबकि इंटरमीडिएट में 36788 संस्थागत एवं 3764 व्यक्तिगत कुल 37931 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि अंक सुधार परीक्षा वर्ष 2021 में निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों की कुल संख्या 590 है, जिसमें से 213 राजकीय, 373 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 04 वित्तविहीन विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। अंक सुधार परीक्षा वर्ष 2021 की परीक्षा में 2971 परीक्षा कक्ष एवं 1180 अतिरिक्त कक्ष सहित कुल 4151 कक्ष उपयोग में लाये जायेंगे। प्रदेश के सभी जनपदों में वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गयी है जो सभी मूलभूत सुविधाओं तथा कोविड प्रोटोकाल के अनुसार हो रही परीक्षाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गयी है। अंक सुधार परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न कराए जाने हेतु पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे प्रदेश में परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 8302 सीसीटीवी एवं 4151 वायस रिकार्डर का प्रयोग किया जाएगा। परीक्षा कक्षों में लगभग 5942 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगायी जायेगी। प्रदेश के अन्तर्गत 2 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील चिन्हित किये गये हैं (जनपद गोण्डा में)। सवार्धिक 21 परीक्षा केन्द्र जनपद जौनपुर में बनाये गये हैं। सबसे कम परीक्षा केन्द्र जनपद श्रावस्ती में बनाये गये हैं। सवार्धिक 3797 परीक्षार्थी सीतापुर में पंजीकृत हुए हैं। सबसे कम 152 परीक्षार्थी जनपद महोबा में पंजीकृत हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रश्न पत्रों को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है एवं प्रश्न पत्रों की सुरक्षा हेतु पुलिस बल की व्यवस्था कर ली गयी है। नकल विहीन परीक्षा संपादित करने के लिए समस्त जनपदों में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटए सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये जा चुके हैं। परीक्षों केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वायस रिकार्डर लगाने की व्यवस्था कर ली गयी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में केन्द्रीयकृत आनलाइन मॉनिटरिंग हेतु राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिसमें लगभग 50 कम्प्यूटर स्थापित किये गये हैं। इस कन्ट्रोल रूप से प्रत्येक जनपद के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा।

# सपा सरकार बनी तो विश्वकर्मा जयंती पर घोषित होगा अवकाश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के राज में विश्वकर्मा समाज समेत समाज के सभी वर्गों के लोग अपमानित हुए हैं। कोई बचा नहीं है। उत्तर प्रदेश में होने वाला चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव है। लोकतंत्र के परीक्षा की भी यह सबसे बड़ी घड़ी है। भाजपा षडयंत्रकारीए झूठ और भ्रम फैलाने वाली पार्टी हैं इससे सावधान रहना है। वैसे जनता ने भाजपा के विरोध में मन बना लिया है। यह भाजपा सरकार जाने वाली है। उसका सफाया होना तय है।



अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालयए लखनऊ में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में आए जनसमुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के पश्चात उन्होंने आयोजन में बड़ी संख्या में आए विश्वकर्मा समाज का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी विश्वकर्मा समाज के सुझावों को घोषणा पत्र में स्थान देगी। समाजवादी सरकार में 17 सितम्बर विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित होगाए गोमती नदी के किनारे भव्य विश्वकर्मा मंदिर की स्थापना होगी और विश्वकर्मा समाज को सम्मान मिलेगा। यादव ने कहा कि कभी इतना झूठ नहीं बोला गया, जितना भाजपा राज में बोला गया। भाजपा झूठ का प्रशिक्षण केन्द्र चला रही है। यह जनता को गुमराह करने का काम करती है। लगातार जनता को धोखा दिया जा रहा है। भाजपा राज में कोई काम नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में बड़े उद्योगपति बुलाए गएए 4 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए पर जमीन पर कोई उद्योग नहीं आया। कोरोना काल में सब कारोबार बंद हो गएए अर्थव्यवस्था चौपट हुई। दवा.इलाज और ऑक्सीजन के अभाव में हजारों जानें चली गईं। तब भी काम आई सपा सरकार की चलाई 108 एम्बुलेंस सेवा और सपा सरकार में बने अस्पताल क्योंकि एक भी अस्पताल भाजपा सरकार में नहीं बना।

# जीएसटी लगाने पर मुआवजे की मियाद नहीं बढ़ाएगी सरकारः निर्मला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यों** द्वारा जीएसटी लगाए जाने से हो रहे नुकसान की भरपाई की मियाद अब केंद्र सरकार नहीं बढ़ाएगी। जीएसटी कांउसिल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि जीएसटी लगाने से राज्यों को हुए नुकसान की भरपाई करने की समय सीमा पांच साल तक थी जिसे अब सरकार आगे नहीं बढ़ाएगी। यह समय सीमा जुलाई 2022 को पूरी हो रही है।




सरकार ने इस मद में राज्यों को मुआवजे के तौर पर 75 हजार करोड़ का भुगतान किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को कोविड के कारण जीएसटी वसूली में जो कमी आई थी उसकी भरपाई सेस से होगी उन्होंने कहा कि केंद्र राज्यों को जीएसटी से होने वाले घाटे की भरपाई 2022 के बाद नहीं करेगा। कानून यह छूट पांच साल तक के लिए ही थी।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस मुद्दे पर खास तौर चर्चा हुई। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 1 जुलाई 2017 को लागू जीएसटी एक्ट में कहा गया था कि जीएसटी लागू होने के बाद यदि राज्यों के जीएसटी में 14 फीसदी से कम वृद्धि होती है तो उन्हें अगले पांच साल तक इस नुकसान की भरपाई ऑटोमोबिल और तंबाकू जैसे कई उत्पादों पर विशेष सेस लगाकर करने की इजाजत मिलेगी। यह पांच साल की यह मियाद साल 2022 में पूरी हो रही है। मार्च 2026 तक लगने वाले सेस की रकम राज्यों द्वारा कोविड काल में लिए गए कर्ज व ब्याज की भरपाई पर ही खर्च होगी। उन्होंने बताया कि काउंसिल ने तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर उत्पादन क्षमता के आधार पर लेवी लगाने के प्रस्ताव के परीक्षण के लिए मंत्रियों के समूह को तीन महीने का समय और देने पर रजामंदी दी है। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सरकार 75 प्रतिशत खर्च करती है। ऐसे कार्यक्रमों को जीएसटी से बाहर रखा गया है। मौजूदा समय में राज्यों को मिलने वाले कंपनसेशन में प्रतिवर्ष 14 प्रतिशत का इजाफा किया जाता है। अगले वित्तीय वर्षों में यह प्रतिशत केंद्र सरकार 7 से 10 फीसदी के बीच रखना चाहती है। कोविड में जिन राज्यों में औद्योगिक इकाईयां मंद पड़ गई थी वह राज्य इस छूट को और बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि उनके खर्चे के लिए धन का इंतजाम हो जाए।

उन्होंने बताया कि ईट भटटों के लिए सरकार ने स्पष्ट किया है कि जो फर्म आईटीसी नहीं लेती हैं वह 6 प्रतिशत और जो आर्टीसी लेती है वह 12 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करेंगे। यह शर्त उन पर लागू होगी जिन फर्मो का वार्षिक राजस्व 20 लाख से ऊपर होता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में सात राज्यों के उप मुख्यमंत्री शामिल हुए हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश के चौना मेन, बिहार के उप मुख्यमंत्री राज किशोर प्रसाद, दिल्ली के मनीष सिसोदिया, गुजरात के नितिन पटेल, हरियाणा के दुष्यंत चौटाला, मणिपुर के युमनाम जो, कुमार सिंह और त्रिपुरा के जिष्णु देव वर्मा शामिल हैं। इसके अलावा कई राज्यों के वित्त या फिर मुख्यमंत्री की ओर से नामित मंत्री भी शामिल हुए हैं। केन्द्र सरकार ने एक देश, एक दाम के तहत पेट्रोल.डीजल, नेचुरल गैस और एविएशन टर्बाइन फ्यूल विमान ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार किया था। इसी को लेकर बैठक में चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जीएसटी कांउसिल की 45वीं बैठक में उत्तर प्रदेश की तरफ से अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इंफोर्समेंट और तकनीकी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए।

### वित्त मंत्री से जीएसटी के सरलीकरण की मांग

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार को लखनऊ चिकनकारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की, संगठन के सदस्य व मीडिया प्रभारी अजय खन्ना ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने कंद्रीय वित्त मंत्री का स्वागत किया और जीएसटी में सरलीकरण मांग की। इस अवसर पर अजय खन्ना ने वित्तमंत्री से चिकन व्यवसाय में जी एस टी के कारण आ रही परेशानियों के बारे में बात की, एसोसिएशन के सदस्यों ने वित्त मंत्री सीतारमण से बताया कि चिकन व्यवसाय में लाखो लोगो को रोज़गार मिला हुआ है। इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की और विशेषकर लखनऊ की पहचान बनाई हुई है। जीएसटी के सरलीकरण से लाखो लोगो को राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि कोरॉना काल में चिकन उद्योग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। लाखों कारीगर बेरोजगार हो गए हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल अंक पत्र रोल नंबर 1086770 वर्ष 2018 वास्तव में खो गया है। रंजीत कुमार वर्मा पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम पन्यौरा, पोस्ट ओयल, थाना व जिला खीरी।

आवश्यकता है

आवश्यकता है

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा** में निम्न विषयों में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।
**कला संकाय :** सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।
**विज्ञान संकाय (बीएससी) :** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।
**परास्नातक संकाय :** हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।
अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।
राम गनेश तिवारी (प्रबंधक) मो0-9450517884
डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य) मो0-9115059071

DHFL Changing Rules Changing Lives
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00000479) जावेद मलिक (कर्जदार) शकीला बेगम (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,66,460/- (रूपए अठारह लाख छियासठ हजार चार सौ साठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 4/10, फ्लैट नंबर बी-2, एचआईजी प्रथम तल (आरएचएस फ्रंट पोर्शन), ब्लॉक-4, सेक्टर-2, राजिन्दर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001882) कपिल शर्मा (कर्जदार) कविता शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,61,686/- (रूपए अठारह लाख इकसठ हजार छह सौ छियासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर ए-46 पर भू तल फ्लैट, खसरा नंबर 2132, सरस्वती लोक कालोनी, फेज-1, ग्राम नूर नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00001435) अग्निवेश निषाद (कर्जदार) नीलम अग्निवेश निषाद (सह-कर्जदार 1) आकाश कुमार (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 18,56,825/- (रूपए अठारह लाख छप्पन हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 200, ब्लॉक-ई, सेक्टर-9, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001042) अशोक कुमार (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,47,290/- (रूपए अठारह लाख सैंतालीस हजार दो सौ नब्बे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बैक साइड भू तल प्लॉट नंबर सी/11, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00000321) राहुल बंसल (कर्जदार) नेहा गुप्ता (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,37,069/- (रूपए अठारह लाख सैंतीस हजार उनहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आम्रपाली स्प्रिंग मीडोज, प्लॉट नंबर जीएच-07ए, सेक्टर-टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00003380) जितेन्द्र सिंह (कर्जदार) प्रीति देवी (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,18,886/- (रूपए अठारह लाख अठारह हजार आठ सौ छियासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 531/1 मिन, ग्राम बैरी अकबरपुर, कानपुर नगर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00001428) अमर सिंह (कर्जदार) कुंतेश के (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 16,52,899/- (रूपए सोलह लाख बावन हजार आठ सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बेहट रोड, निकट विद्या सागर स्कूल, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (कोटा शाखा का एलसी नंबर 00002435) नरोत्तम कुमार मीणा (कर्जदार) गीता देवी मीणा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 15,65,260/- (रूपए पंद्रह लाख पैंसठ हजार दो सौ साठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 2-डी, आकाश नगर, देवली अरब रोड, कोटा, राजस्थान-324001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00000126) सुषमा रानी (कर्जदार) संदीप कुमार (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 13,88,044/- (रूपए तेरह लाख अठासी हजार चौवालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | वारे अफगान कस्बा सरसावा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00001121) राम भजन (कर्जदार) काकी के (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 13,77,047/- (रूपए तेरह लाख सतहत्तर हजार सैंतालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | निकट गाबा ट्रेडर्स, शंकर नगर कालोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002083) दिनेश चंद्र तिवारी (कर्जदार) मंजू तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 18,00,427/- (रूपए अठारह लाख चार सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 62ए/1 पर मकान, खसरा नंबर 403, गणेशपुर रहमानपुर ब्लॉक बी, दयाल रेजीडेंसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000845) मोहम्मद अशरफ (कर्जदार) शाहनूर बानो (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 17,67,994/- (रूपए सत्रह लाख सड़सठ हजार नौ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | काशीपुर उपरहार, केन्द्राचल कालोनी के पीछे, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211012 |
| (मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000251) राजेन्द्र सिंह (कर्जदार) कुसुम (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 16,06,028/- (रूपए सोलह लाख छह हजार अठ्ठाईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मोहल्ला अम्बेडकर नगर, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001220) शिल्पा (कर्जदार) दीपक कुमार चौधरी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 16,01,708/- (रूपए सोलह लाख एक हजार सात सौ आठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 1577, कैलाशपुरम, रईसपुर, परगना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201013 |
| (लखनऊ - लालबाग शाखा का एलसी नंबर 00043486) मोहम्मद इरशाद (कर्जदार) साजिदा एस (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,87,394/- (रूपए पंद्रह लाख सतासी हजार तीन सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 286 मिन, ग्राम अमराई, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर 00000017) विंकी कुमारी (कर्जदार) मुनेश कुमार शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,77,332/- (रूपए पंद्रह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ बत्तीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | नेकपुर लाइनपार, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005951) उषा मिश्रा (कर्जदार) शशांक शेखर मिश्रा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,70,410/- (रूपए पंद्रह लाख सत्तर हजार चार सौ दस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर 301, प्लॉट नंबर 45 पर निर्मित, ब्लॉसम अपा., प्रगति विहार, भारतेन्दु हरीश चंद्र वार्ड, एसटीपी रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002353) सगीर अहमद (कर्जदार) बिलाल अहमद (सह-कर्जदार 1) कालू (सह-कर्जदार 2) | 16-06-2021/रू. 15,47,051/- (रूपए पंद्रह लाख सैंतालीस हजार इक्यावन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आवास विकास कालोनी, सिकंदरा, निकट डा. पाल पब्लिक स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282002 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002067) दिनेश कुमार (कर्जदार) रीना दिनेश (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,36,679/- (रूपए पंद्रह लाख छत्तीस हजार छह सौ उनासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 400/2 का भाग, तातिया झनकू, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002264) अनिल (कर्जदार) राजवती देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,23,942/- (रूपए पंद्रह लाख तेईस हजार नौ सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | न्यू राधिका सिटी फेज-1 कालोनी, मौजा महोली, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281003 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005506) सिकंदर खान (कर्जदार) कैशरी खान (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,17,402/- (रूपए पंद्रह लाख सत्रह हजार चार सौ दो मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मकान नंबर 8, खसरा नंबर 659/38, मडियांव, परगना माहोना तहसील बीकेटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00000653) विवेक कुमार मलिक (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) सत्यपाल सिंह | 16-06-2021/रू. 14,76,178/- (रूपए चौदह लाख छिहत्तर हजार एक सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 750/3 के भाग पर मकान, श्री राम विहार कालोनी रोहटा रोड, ग्राम शोभा पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00002549) मुकेश शर्मा (कर्जदार) शैल शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,49,755/- (रूपए चौदह लाख उन्चास हजार सात सौ पचपन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 20, खसरा नबर 841, ग्राम पारा, वार्ड आलम नगर, निकट साई पब्लिक स्कूल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00002822) रूपा देवी (कर्जदार) लाला सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,41,989/- (रूपए चौदह लाख इकतालीस हजार नौ सौ नवासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 402, इंदरगढ़ी, निकट लाल सड़क कुमकुम फार्म हाउस, आध्यात्मिक नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001647) विकास कपूर (कर्जदार) प्रवीण कपूर (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,03,735/- (रूपए चौदह लाख तीन हजार सात सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर बी-1, जीएफ, प्लॉट नबर 727/4 का भाग, सेक्टर-4, माधवपुरम आवासीय योजना स्कीम नंबर10, मेरठ उत्तर प्रदेश-250002 |
| (लखनऊ - लालबाग शाखा का एलसी नंबर 00044443) राकेश बहादुर सिंह (कर्जदार) संगीता सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 13,44,487/- (रूपए तेरह लाख चौवालीस हजार चार सौ सतासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 23 एवं 24, खसरा नंबर 146 एसटीडी का भाग, ग्राम रसूलपुर कायस्थ, परगना बी के टी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00004176) विकास श्रीवास्तव (कर्जदार) शकुन्तला देवी (सह-कर्जदार 1) दिलखुश लाल श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 2) | 16-06-2021/रू. 13,12,400/- (रूपए तेरह लाख बारह हजार चार सौ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मकान म्युनिसिपल नंबर 545-क/आरबी-370, राम विहार पार्ट-II, प्लॉट नंबर 22 के भाग पर, खसना नंबर 233 एवं 234 (एम), देवपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00002167) दिनेश कुमार (कर्जदार) अंजू चौधरी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 13,03,373/- (रूपए तेरह लाख तीन हजार तीन सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर एफ-57, सेक्टर-7, जीएमपी आवासीय कालोनी, पटेल नगर फेज-III, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00008381) संतोष कुमार (कर्जदार) नीतू सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,76,727/- (रूपए बारह लाख छिहत्तर हजार सात सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 261, खसरा नंबर 104/3 का भाग, ग्राम खसारवाड़ा, परगना बिजनौर, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00000610) नंद लाल (कर्जदार) शिव कन्या (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,58,175/- (रूपए बारह लाख अठ्ठावन हजार एक सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | सानिगवां सानिगवां कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर 00001048) कलाम अजीमुद्दीन (कर्जदार) शायरा बानो (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,35,350/- (रूपए बारह लाख पैंतीस हजार तीन सौ पचास मात्र) एनपीए (11-04-2021) | वार्ड नंबर 9, मोहल्ला छज्जापुर, परगना एवं तहसील टांडा, अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश-224190 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001775) प्रवीण कुमार (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,15,935/- (रूपए बारह लाख पंद्रह हजार नौ सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 78, खसरा नंबर 1257/1, वर्तमान में न्यू अशोक पुरी, ग्राम नगलाताशी, कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005571) राकेश (कर्जदार) रानी देवी वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,37,628/- (रूपए ग्यारह लाख सैंतीस हजार छह सौ अठ्ठाईस मात्र) एनपीए (09-01-2021) | खसरा नंबर 358 के भाग पर प्लॉट नंबर 7 पर मकान, नंदी विहार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर 00001955) मधु बाला (कर्जदार) अनुभव शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,06,115/- (रूपए ग्यारह लाख छह हजार एक सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | 279 ब्लॉक एम, सेक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर 00001387) प्रेम सिंह (कर्जदार) सोनिया देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,01,941/- (रूपए ग्यारह लाख एक हजार नौ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर 441, द्वितीय तल, ब्लॉक-ई, सेक्टर-एक्सयू-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00000914) मान सिंह (कर्जदार) शान्ति (सह-कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 6,64,735/- (रूपए छह लाख चौंसठ हजार सात सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-03-2021) | खसरा नंबर 195/2 का भाग, आगरा-अलीगढ़ रोड, निकट गर्ल्स इंटर कालेज, नवीपुर खुर्द, हाथरस, उत्तर प्रदेश-204001 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001049) नरेन्द्र कुमार (कर्जदार) सुमन (सह-कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 9,87,475/- (रूपए नौ लाख सतासी हजार चार सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2021) | खसरा नंबर 1700 वर्तमान में शोराज कालोनी के नाम से ज्ञात, निकट किसान इंटर कालेज, तहसील सरधना, दौराला, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250222 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002363) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) संतोष कुमार भटनागर (गारंटर 2) | 14-06-2021/रू. 49,30,917/- (रूपए उन्चास लाख तीस हजार नौ सौ सत्रह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 292, 294, 318 के भाग पर प्लॉट नंबर 104 एवं 105 पर मकान, रघुनंदन आशियाना गणेशपुर, रहमानपुर, आशियाना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002168) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) | 14-06-2021/रू. 48,95,592/- (रूपए अड़तालीस लाख पिच्यानवे हजार पांच सौ बानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 112 के भाग पर प्लॉट नंबर 195एफ पर मकान, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002167) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) | 14-06-2021/रू. 39,27,636/- (रूपए उन्तालीस सत्ताईस हजार छह सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 108 के भाग पर प्लॉट नंबर 151 पर मकान, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001532) कुमार अभिषेक (कर्जदार) वंदना सिन्हा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 37,97,464/- (रूपए सैंतीस लाख सत्तानवे हजार चार सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर डी-705, 7वां तल, टावर-डी, स्टेलर जीवन, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002121) सोनू कुमार (कर्जदार) मोनू (सह-कर्जदार 1) चम्पा देवी (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 32,71,878/- (रूपए बत्तीस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 606, त्रिवेणी कुंज, मौजा बोडला, बोडला-बिचपुरी रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282007 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002509) क्षितिज कुमार श्रीवास्तव (कर्जदार) शिखा श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 28,07,702/- (रूपए अठ्ठाईस लाख सात हजार सात सौ दो मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बिंगावान, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर 00000027) अफरोज (कर्जदार) शबनम (सह-कर्जदार 1) मोहम्मद शमीम (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 28,07,142/- (रूपए अठ्ठाईस लाख सात हजार एक सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | नंबर 623, 624, 645 एवं 646, ब्राह्मण नगला, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00000065) आनंद मोहन (कर्जदार) रीता सिंह (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 25,30,312/- (रूपए पच्चीस लाख तीस हजार तीन सौ बारह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आम्रपाली ओ2 वैली, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर टेकजोन-04, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00006272) रोहित कुमार वर्मा (कर्जदार) शालिनी वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 22,81,889/- (रूपए बाईस लाख इक्यासी हजार आठ सौ नवासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 1049 के भाग पर प्लॉट नंबर 08 पर निर्मित मकान, ग्राम गोयला, महोना, तहसील बक्शी का तालाब, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002684) आशीष जायसवाल (कर्जदार) चंद्र मुखी (सह-कर्जदार 1) मदन लाल (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 18,92,056/- (रूपए अठारह लाख बानवे हजार छप्पन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 132 का भाग, ग्राम मकसूदाबाद, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208017 |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 18-09-2021
स्थान : उत्तर प्रदेश
हस्ता./-(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# तीन माह में 75 हजार शिल्पियों को स्वावलंबी बनायेंगे: योगी

## ‘विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना’ के तहत 21,000 लाभार्थियों को टूलकिट वितरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अगले तीन महीने में 75 हजार कारीगरों और शिल्पियों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य तय किया है। इन तीन माह में 75 हजार शिल्पियों को प्रशिक्षित कर इन्हें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जोड़ते हुए स्वावलम्बन से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह बातें विश्वकर्मा दिवस के मौके पर शुक्रवार को ष्विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाष् के तहत 21,000 लाभार्थियों को टूलकिट और 11 हजार लाभार्थियों को ष्प्रधानमंत्री मुद्रा योजनांतर्गत ऋ्रण वितरण करते हुए कहीं। लोकभवन में आयोजित मुख्य समारोह के साथ-साथ जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 26 दिसम्बर 2018 में हमने प्रदेश में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का शुभारंभ किया, तब से परंपरागत हस्तशिल्पियोंए कारीगरों को सम्मान देनेए उनको स्वावलंबी बनाने और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का यह सिलसिला चलता आ रहा है। हस्तशिल्पियों ने योजनाओं का लाभ लेकर एक जनपद एक उत्पाद और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में हर व्यक्ति चिंता में था कि प्रदेश का क्या होगा लेकिन हमारे पारंपरिक करीगरोंए हस्तशिल्पियों ने मिलकर ऐसा तंत्र विकसित किया जिससे हर प्रवासी को शासन की योजनाओं से जुड़ने और प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का काम किया। राज्य में आज बेरोजगारी की दर चार पांच फीसदी है। यह प्रसन्नता प्रदान करने वाला है। हमने दिसम्बर 2018 से 68412 से अधिक शिल्पियों को 100 करोड़ के उन्नत टूल किट वितरित किये हैं। सीएम ने कहा कि बहनें और माताएं यदि ठान लें तो प्रदेश को रेडीमेड गारमेंट का हब बनाने में देरी नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि हमें अपने परंपरागत उद्यम और कारीगरी को एक मंच देना ही होगा। उनका प्रशिक्षित कराएं। आज प्रदेश के 21ए000 से अधिक कारीगरों व हस्तशिल्पियों को टूलकिट वितरित किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार अपने परंपरागत कारीगरों व उद्यमियों को स्वावलंबी बना रही हैए जिससे वह आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दे सकें।




श्री योगी ने कहा कि गांव के मोचीए नाईए बढ़ई को मंच मिलना चाहिए। उन्हें सबल बनाना है। उन्हें उच्च प्रशिक्षण देकर तकनीकी से जोड़ना है और सर्टिफिक्रेट देकर साथ ही ट्रेनिंग के दौरान 250 रुपये प्रतिदिन प्रशिक्षण भत्ता देते हुए मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि आज तक 1 लाख हस्तशिल्पियों को इस योजना से जोड़ा गया हैए प्रशिक्षित करके टूलकिट उपलब्ध करवाए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले 3 महीनों में 75 हजार करीगरों और हस्तशिल्पियों को टूल किट और ऋ्रण उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने विभाग के मंत्रियों से कहा कि वो गांव.गांव में करीगरोंए हस्तशिल्पियों के यहां पहुंचकर उनको प्रोत्साहित करने का भी काम करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज दो महत्वपूर्ण दिन है एक तो विश्वकर्मा जी की जयंती और दूसरा दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन। प्रधानमंत्री के इस वर्ष 6 अक्टूबर को सेवा के 20 वर्ष के रूप में पूरे हो रहे हैं। मैं प्रदेश की जनता की तरफ से देश में जो उनकी ओर से की गई सेवाएं हैं उनके लिए हृदय से अभिनन्दन करता हूं। मोदी जी के प्रयास से जो खुशहाली आपके जीवन में प्रारंभ हुई है देश-समाज को नई दिशा मिली है।

**आयोध्या में हम साढ़े 7 लाख दिए जलायेगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में अयोध्या में दीपोत्सव के लिए 51 हजार दीप जुटाने के लिए हमें पूरे प्रदेश की खाक छाननी पड़ी थी। इस वर्ष हम साढ़े सात लाख दिए जलाने जा रहे हैं। हमने तकनीक से करीगरों को जोड़ा तभी यह संभव हो पाया है। हमारे कारीगर लक्ष्मी गणेश की मूर्ति बनाना छोड़ दिया था। चीन जैसे नास्ि.तक देश मूर्तियां बनाने लगा। पिछली सरकारों ने चिंता नहीं की। आज हमारे कारीगर मूर्तियां बना रहे हैं। चीन से अच्छी, सुंदर, सस्ती और टिकाऊ। उन्हीं कारीगरों के चेहरों पर आज खुशहाली आ गयी है।

कार्यक्रम में एमएसएमई विभाग के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्थिक मॉडल ने प्रदेश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का काम किया है। बहुत कम लोगों को इसकी समझ है। पंडित दीनदयाल जी कह गये कि आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचना चाहिये। उन्होने कहा कि ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के होते हुए भी प्रदेश में 68412 लोगों ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से प्रशिक्षण लिया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री की अभिनव सोच को आगे बढ़ाने का और 17 दिसम्बर को एक बड़ा आयोजन कर 75 हजार लोगों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से प्रशिक्षण दिलाकर टूलकिट वितरित किये जाने का आश्वासन दिया।

---

### मा. शिक्षा विभाग को मिला निदेशक

**लखनऊ।** लगातार कई साल से निदेशक से रिक्त चल रहे माध्यमिक शिक्षा विभाग को शुक्रवार को आखिर निदेशक मिल ही गया। अभी तक निदेशक का दायित्व कार्यवाहक के रूप में विनय कुमार पांडेय अपर निदेशक पत्राचार (प्रयागराज) देख रहे थे। आज अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने विनय कुमार पांडेय के शिक्षा निदेशक पद पर प्रोन्नति का आदेश जारी कर दिया है।

### लोहिया संस्थान में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की सुविधा जल्द

लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में ईएनटी विभाग की तरफ से कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की सुविधा जल्द शुरू होगी। संस्थान की निदेशक डॉ सोनिया नित्यानंद ने बताया कि एक से 5 वर्ष की जिन बच्चों को बोलने व सुनने में दिक्कत है। उन बच्चों के अभिभावक हॉस्पिटल ब्लॉक में ईएनटी विभाग की ओपीडी में मंगलवार के दिन सुबह 10 बजे से 1 बजे के बीच दिखा सकते हैं। एक अन्य खबर के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज मोहनलालगंज सीएचसी पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 41 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। निदेशक ने बताया कि शनिवार को संस्थान में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया जाएगा। जिसमे संस्थान के चिकित्सक ब्लड डोनेट करेंगे। एकत्र ब्लड को गर्भवती महिलाओंए थैलीसीमिया व कैंसर के मरीजों को बगैर डोनर के उपलब्ध कराया जाएगा।

### पुराने लखनऊ के कई इलाके हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित

लखनऊ। भारी बारिश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी के कुछ इलाकों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित करना शुरू कर दिया है। डेंगू के संक्रमण के बीच बारिश के चलते जगह जगह मच्छरों के लार्वा पनपने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ केपी त्रिपाठी के मुताबिक बारिश के 10 से 15 दिन बाद मच्छरों के लार्वा पनपने की प्रक्रिया शुरू होती है। वहीं डायरिया समेत दूसरी त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। सावधानी बरतकर इन खतरों से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि फैजुल्लागंजए पुराने लखनऊ के कुछ इलाकों को हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। इन इलाकों के लिए गाइडलाइन बनाई गई है। इसके तहत मेडिकल किटए क्लोरीन की गोली व अन्य दवाएं बांटी जाएंगी। स्वास्थ्य केंद्र लोगों की सेहत की जांच करेंगे। विटामिन सी व जिंक समेत क्लोरीन की गोलियों का वितरण शुरू कर दिया गया है। आशा एएनएम की टीम का भी गठन किया गया है। जो घर.घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य का जायजा लेंगी।

### प्राविधिक शिक्षा परिषद ने अंतिम सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल किया घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा अंतिम सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा अंतिम वर्ष अगस्त 2021 का परीक्षाफल शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है। यह जानकारी प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव सुनील कुमार सोनकर ने दी। उन्होंने बताया कि अंतिम सेमेस्टर अंतिम वर्ष की परीक्षा में कुल 113974 परीक्षार्थी पंजीकुत थेए जिसमें 111160 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। छात्र/छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.38 रहा। उन्होंने बताया कि अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में फहीन याकूब ने फैशन डिजाइनिंग एण्ड गारमेन्ट टेक्नोलॉजी में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहलाए रिचा निरंकारी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 90.36 अंक प्राप्त कर दूसरा एवं अन्जू यादव ने मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेण्ट एण्ड सेक्रिटेरियल प्रैक्टिस में 89.12 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार वार्षिक परीक्षा में कुमारी गौरी ने डिप्लोमा इन फार्मेसी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, सिद्धान्त शाक्य ने डिप्लोमा इन फार्मेसी में 93.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा एवं वसुधा गुप्ता ने डिप्लोमा इन फार्मेसी में 93.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है।

---

## मिलावटी खून का धंधा करने वालों को जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**विशेष** जज मोहम्मद गजाली ने मिलवाटी खून का धंधा करने के मामले में गिरफ्तार मुल्जिम अभय सिंह व अभिषेक पाठक को 30 सितंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बीते गुरुवार को मुल्जिमों को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को विशेष अदालत में पेश कर पुलिस ने मुल्जिमों का न्यायिक रिमांड हासिल किया। इनके खिलाफ निरीक्षक दिलीप कुमार तिवारी ने आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 274, 275, 34, 18, के साथ ही औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धारा 27 के तहत भी एफ्आईआर दर्ज कराई थी। इनके पास से 100 यूनिट पैक्ड रेड ब्लड सेल्स, 12 अदद हरदेव सिंह सरन ब्लड बैंक लिंक रोड मनसाए चार अदद फतेहाबाद मंगलम ब्लड सेंटरए दो अदद रक्तदान शिविर बैनरए एक अदद इशू फर्म फॅार इण्टर ब्लड बैंकए एक अदद दाताराम ब्लड सेंटर मोहिन्दरगढ़ हरियाणा व तीन अदद ओपी चौधरी ब्लड बैंक का कुटरचित प्रपत्र तथा एक अदद फोर्ड इकोस्पोर्ट कार की भी बरामदगी हुई थी।

**अदालत ने दिया अग्रिम विवेचना का आदेश:** लखनऊ। पॉक्सो के विशेष जज अरविन्द मिश्र ने 15 साल की युवती से अश्लील हकरत करने के मामले में दो बार विवेचना करने के बाद भी पीड़िता का अदालत में बयान दर्ज कराए बिना अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने पर गंभीर रुख अख्तियार किया है। उन्होंने अंतिम रिपोर्ट निरस्त करते हुए अपने आदेश में उठाए गए बिन्दूओं पर अग्रिम विवेचना का आदेश तो दिया ही है साथ ही इस मामले की प्रथम विवेचक तत्कालीन सीओ कैंट तनु उपाध्याय द्वितीय विवेचक तत्कालीन सीओ कैंट डा. वीनू सिंह तथा पर्यवेक्षकीय अधिकारी तत्कालीन एसपी उत्तरी सुकीर्ति माधव द्वारा की गई लापरवाही के बाबत आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस कमिश्नर को पत्र भी भेजा है। उन्होंने इसकी एक प्रति पुलिस महानिदेशक को भी भेजने का आदेश दिया है। 28 अक्टूबर, 2018 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना पीजीआई में दर्ज कराई थी। विशेष जज ने अपने विस्तृत में आदेश में कहा है कि इस मामले में पीड़िता का अदालत में बयान दर्ज कराना बाध्यकारी था। लेकिन विवेचक ने पीड़िता का सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज नहीं कराया। जबकि एससी.एसटी एक्ट का भी होने के कारण इस मामले की विवेचना पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की गई। जिसके संदर्भ में यह माना जाता है कि उन्हें कानून की अधिक जानकारी है। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि इस मामले का पर्यवेक्षण तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नगर उत्तरी ने किया। उन्होंने प्रथम विवेचक द्वारा भेजे गए अंतिम रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए अग्रिम विवेचना का निर्देश यह कहते हुए दिया था कि शपथपत्र के आधार पर विवेचना को निस्तारित करने का औचित्य नहीं है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने भी इस तथ्य को नजरअंदाज किया कि प्रथम विवेचक ने पीड़िता का अदालत में बयान दर्ज नहीं कराया है। ऐसे में प्रतीत होता है कि उन्होंने सरसरी तौर पर पर्यवेक्षण किया। विशेष जज ने अपने आदेश में आश्चर्य जताते हुए कहा है कि द्वितीय विवेचक ने भी अग्रिम विवेचना के दौरान पीड़िता का अदालत में बयान दर्ज कराना मुनासिब नहीं समझा। बल्कि सिर्फ खानापूर्ति करते हुए गवाहों के हलफ्नामें के आधार पर अंतिम आख्या प्रेषित कर दी। और दूसरी बार भी पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने इस तथ्य को नजरअंदाज किया। यह दर्शाता है कि ऐसा भूलवश नहीं हुआ है। बल्कि इन पुलिस कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन नहीं किया गया। क्योंकि तीन.तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा एक महत्वपूर्ण बिन्दू को नजरअंदाज करना भूल नहीं है। बल्कि उनके द्वारा की जा रही लापरवाही प्रदर्शित करता है।

**दस हजार का हर्जाना:** लखनऊ अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट की जज काजी मर्जिया व कंधार की पूर्व गवर्नर सलीमा माजरी के साथ ही पायलट नीलोफर रहमानी की ओर से खुद को उनका मित्र बताते हुए जनहित याचिका दाखिल करने वाले एक स्थानीय वकील पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 10 हजार का हर्जाना लगाया है। पीठ ने इसके साथ ही लखनऊ के जिलाधिकारी को भी आदेश दिया है कि 30 दिन में हर्जाने की रकम जमा नहीं होने पर याचिकाकर्ता से वसूली की जाए। याचिका में इन तीनों को राजनीतिक शरण देने व अफगानिस्तान में सुरक्षित माहौल बनाने के लिए भारत सरकार को कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस अब्दुल मोईन की पीठ ने यह आदेश वकील सुरेश गुप्ता की जनहित याचिका पर दिया है। पीठ ने सुनवाई के दौरान उनसे पूछा कि वह इन तीनों का मित्र कैसे है। उनका कहना था कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से इन्हें जानते हैं। पीठ ने तब पूछा कि क्या इन तीनों की ओर से उसे अधिकृत किया गया है। सुरेश गुप्ता इसका कोई जवाब नहीं दे सके। पीठ का इस पर कहना था कि सुरेश गुप्ता ने यह याचिका अपनी मर्जी से महज पब्लिसिटी के लिए दाखिल किया है। इस याचिका के जरिए अदालत का बहुमूल्य समय भी बर्बाद किया गया है।

**पीड़िता के परिवार के एक सदस्य को नौकरी व पेंशन देने पर विचार के निर्देश:** लखनऊ। हाथरस मामले की पीड़िता के परिवार के एक सदस्य को नौकरी व परिवार को पेंशन तथा कृषि योग्य भूमि आदि दिलाने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विचार करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस जसप्रीत सिंह की पीठ ने यह आदेश हाथरस मामले में स्वत: संज्ञान लेकर गरिमापूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार के अधिकार टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष पीड़िता के परिवार की वकील ने बताया कि 25 लाख का मुआवजा मिल चुका है। जबकि इस मामले में न्याय मित्र नियुक्त किए गए वरिष्ठ वकील जेएन माथुर ने बताया कि एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम व इसके तहत बने विनियम के तहत मृतक के आश्रित को पांच हजार का पेंशनए परिवार के एक सदस्य को नौकरीए कृषि योग्य भूमिए मकान व स्नातक तक की पढाई का खर्च इत्यादि देने का भी प्रावधान है। हालांकि परिवार को मकानए नौकरी अथवा पेंशन का लाभ अब तक नहीं दिया गया है। पीठ ने इस पर मामले से जुड़े सभी वकीलों को इस पहलू पर अगली सुनवाई पर बहस करने को कहा।

---

## फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर शिक्षकों की भर्ती कराने वाले गिरोह का खुलासा

### सरगना सहित तीन जालसाज गिरफ्तार, टीजीटी, पीजीटी व टीईटी के माध्यम से भी कराते हैं फर्जी भर्तियां

● ढाई लाख रुपए नगद व तमाम फर्जी प्रपत्र बरामद, जालसाजी के खाते में मौजूद 19 लाख रुपए कराए गए फ्रीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति एंव साल्वर गैंग, परीक्षा केन्द्र के मैनेजमेण्ट व प्रतियोगी परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने वाली कम्पनी से सांठ.गांठ कर टीजीटीए पीजीटी व टीईटी के माध्यम से भर्ती कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना व दो अन्य सदस्यों को एसटीएफने लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ढाई लाख रुपए नगर और तमाम फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर एसडीएम ने इनके खाते में मौजूद 19 लाख रुपए फ्रीज करा दिए हैं। सरगना स्वंय भी जूनियर हाई स्कूल में फर्जी शिक्षक रह चुका है तथा उसका एक साथी प्राइमरी शिक्षक के रूप में कार्य कर रहा है। एसटीएफ को मामले की प्रारंभिक जांच में परीक्षा नियामक प्राधिकारीए प्रयागराज के कार्यालय के कर्मचारियों की मिली भगत के भी प्रमाण मिले हैं।

इस गिरोह के बारे में पहले से ही छानबीन कर रही है स्टील की टीम को सूचना मिली कि गैंग का सरगना रामनिवास उर्फ राम भईया अपने कुछ साथियों से मिलने व पैसो व प्रपत्रो का लेन देन करने 17.09.2021 को सुबह किसी समय लखनऊ पिकप भवन के पास पहुंचेगा। सूचना पर टीम द्वारा पिकप भवन के पास से राम निवास उर्फ राम भईया (फर्जी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक) निवासी ग्राम भांडरी पोस्ट आमौर, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद, संजय सिंह (डाटा साफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा.लि. का प्रोडक्शन मैनेजर) निवासी 521 राहुल बिहार गली नंण् 11 थाना विजय नगर जनपद गाजियाबाद और रविन्द्र कुमार उर्फ रवि (फर्जी शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बनकटा देवरिया) निवासी दीन दयाल ब्लॉक रामपुर लेटिहा ए भाटपारानी, थाना देवरिया को गिरफ्तार किया। जालसाज ओके 5 से ढाई लाख रुपया नगद और तमाम फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

**यूपी के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक प्राथमिक शिक्षक भर्ती कराकर की करोड़ों की कमाई:** अभियुक्तों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि जनपद देवरिया मे विनय तिवारी व कुशीनगर में मनीष यादव फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर प्राइमरी अध्यापक के रूप में तैनात है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं मे अनुचित तरीके से अभ्यर्थियों को नियुक्त कराने का काम करते है । वर्ष 2016 मे हुई 15000 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती हेतु रामनिवास ने इन्हे अपने 15 कैडिडेट दिये थे व प्रति कैडिडेट 6 लाख की दर से कुल 90 लाख रुपए भी दिये थे। इसके सभी 15 कैंडिडेटो की जनपद देवरिया में इनके माध्यम से ज्वाइनिंग भी हो गयी परन्तु कुछ माह बाद उन्हे फर्जी रूप से नियुक्त बता कर निकाल दिया गया था ए जिससे वे सभी रामनिवास पर पैसा वापसी का दबाव बनाने लगे। वर्ष 2017 में 68500 व वर्ष 2018 में 69000 प्राईमरी शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया में रामनिवास व रवीन्द्र ने अपने कैंडिडेट भर्ती कराने का पुन: प्रयास किया और अपने सभी कैडिडेट भर्ती भी करा दिया। इन दोनो वर्षों की प्राइमरी शिक्षको की चयन प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त विवरण विभाग की बेवसाइट पर उपलब्ध था ए जिसे कोई भी देख सकता था। बेवसाइट देखने से यह पता चला कि कई अभ्यर्थी ऐसे है जिनका वर्ष 2017 व 2018 दोनों मे चयन हुआ है तथा एक चयन प्रक्रिया में उन्होंने अपनी ज्वाईनिंग दे दिया तथा दूसरी चयन प्रक्रिया का पद रिक्त हो गया। रिक्त पद से सम्बन्धित नाम, पता, मार्कशीट आदि नेट से डाउनलोड कर प्रिन्ट करा लिया तथा उक्त नाम पते वाले व्यक्ति का फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड व शैक्षिक दस्तावेज उसने अपने साथी नीरज जो प्राईमरी अध्यापक है तथा शिकोहाबाद मे तहसील तिराहे पर शिवम फोटो के नाम से दुकान चलाने वाले छोटू की मदद से तैयार करा लिया। उक्त प्रपत्रों पर फोटोग्राफ अपने कैडिडेट की चस्पा करायी जिसको प्राईमरी शिक्षक के रूप में नियुक्त कराना था। इस प्रकार रामनिवास ने अपने साथी रवीन्द्र कुमार की मदद से जनपद हरदोई मे 9, इटावा मे 10, अमेठी मे 5, गोण्डा मे 1, बलरामपुर मे 1, औरैया मे 1, जालौन मे 9, श्रावस्ती मे 8 तथा सीतापुर, हाथरस व प्रयागराज जनपदों में लगभग 100 से अधिक प्राथमिक शिक्षकों को फर्जी रूप से नियुक्त कराया और करोड़ों रुपए कमाए ।

**परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज कार्यालय की सांठगांठ का भी खुलासा:** एसटीएफ के अनुसार पूछताछ में खुलासा हुआ है कि विभिन्न वर्षों में नियुक्त फर्जी शिक्षकों का सत्यापन नियुक्ति जनपदों द्वारा परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय के स्तर से कराया जा रहा था। फर्जी शिक्षकों को बेसिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट व अन्य माध्यमों से चिन्हित कर सत्यापन प्रक्रिया को रामनिवास द्वारा सुलभ बनाते हुये सम्बन्धित फर्जी शिक्षकों से काफी धनराशि वसूली गयी। इस कृत्य मे परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय के लिपिक नरेन्द्र कन्नौजिया से सांठ . गांठ कर सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करायी, जिसके बदले लिपिक नरेन्द्र ने प्रति कैंडिडेट 50 हजार रुपए राम निवास से नकद व खाते के माध्यम से प्राप्त किये। इस कार्य में परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय प्रयागराज के कई अन्य कर्मियों से भी सहयोग लेता रहा। इसके अतिरिक्त टीजीटी, पीजीटी परीक्षा की आन्सर- की के माध्यम से भी अपने कई कैंडिडेट को इन परीक्षाओं में पास करवाया। अपने साथी नीरज की मदद से साल्वर बैठा कर भी कुछ कैंडिडेट पास कराये। वर्ष 2021 मे हुई टीजीटी, पीजीटी परीक्षा में अधिक सख्ती होने के कारण आन्सर . की के माध्यम से व साल्वरों के माध्यम से अपने कैंडिडेट का काम नहीं करा सका।

**रिजल्ट तैयार करने वाली कंपनी के लोगों से भी है मिलीभगत:** एसटीएफ के अनुसार राम निवास के साथी रवीन्द्र ने उसकी मुलाकात डाटा साफ्ट कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा.लि. दिल्ली के मैनेजर संजय सिंह से करायी जिन्होंने टीजीटीए पीजीटी परीक्षा वर्ष 2021 मे प्रतिभाग करने वाले अपने कैंडिडेट की सूची देने को कहा तथा यह भी बताया कि इन परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने वाली कम्पनी के लोगों से उनके सम्बन्ध हैं इसलिए ओएमआर शीट चाहे खाली अथवा भरी हों दोनों स्थितियों मे मैनेज कर रिजल्ट मे पास करवा देंगे। रामनिवास द्वारा व्हाट्सअप के माध्यम से 34 टीजीटी कैडिडेट की सूची रवीन्द्र सिंह के माध्यम से संजय को भेजी गयी तो उसने बताया कि इसमे से मात्र 26 कैडिडेट ही हो सकते है अत: संशोधित सूची भेजने को कहा। 26 कैडिडेट की सूची भेजने के बाद दिल्ली में संजय से कई बार मुलाकात होने पर प्रति कैडिडेट 7 लाख की दर से उनके द्वारा पैसे की मांग की गयी । 5 लाख रूपये एडवांस रामनिवास द्वारा देने पर दिनांक 17.09.2021 को लखनऊ में संजय द्वारा मिलने व इन्फोलिंक कम्पनी के किसी अधिकारी से मुलाकात कराने की बात कही गयी थी इसी क्रम मे यह लोग आज पिकअप तिराहा गोमतीनगर पर एकत्र हुये थे और पकड़ लिये गये।

---

## अवध चौराहे से तेलीबाग तक की सड़क का नाम हुआ ‘संत आसूदाराम मार्ग’

● महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया मार्ग का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** संयुक्ता भाटिया द्वारा ब्रह्मनिष्ठ संत सखी बाबा आसूदाराम साहिब के 61वें निर्वाण दिवस पर लखनऊ आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित शिवशान्ति आश्रम बाबा आसूदाराम धाम के पीठाधीश्वर पूज्य संत साईं चांदूराम जी के साथ सुबह प्रभात फेरी की गई। साथ ही महापौर ने वीआईपी रोड से लेकर तेलीबाग रोड तक मार्ग का नामकरण पूज्य सन्त सखी बाबा आसूदाराम साहिब के नाम संत बाबा आसूदाराम मार्ग का लोकार्पण किया।

शुक्रवार को महापौर संयुक्ता भाटिय के समक्ष ब्रह्मनिष्ठ संत सखी बाबा आसूदाराम साहिब जी के 61वें निर्वाण महोत्सव के शुभारंभ पर सुबह प्रभात फेरी निकली गयी। इसके बाद लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने बताया कि आज से नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के कागजों में अवध चौराहे से तेलीबाग तक की सड़क का नाम संत आसूदाराम मार्ग हो गया है। महापौर ने बताया कि आश्रम की बहुत दिनों से मांग थी और नगर निगम की स्वीकृत के बाद अब लोक निर्माण विभाग की ओर से स्वीकृति का इंतजार था। अब इसका नामकरण वरिष्ठ संत के नाम कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। संत आसूदाराम मार्ग की लम्बाई छह किलोमीटर के आसपास है। इसके साथ ही मौके पर आसूदाराम मार्ग का बोर्ड भी लगाया गया है। शिवशांति आश्रम के पीठाधीश्वर पूज्य संत साईं चांदूराम जी ने महापौर संयुक्ता भाटिया, नगर निगम और लोनिवि का धन्यवाद किया।

## बीएड काउंसलिंग के पहले दिन 7,938 अभ्यर्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में बीएड कालेजो में दाखिले को लेकर शुक्रवार से शुरू हुई प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान पहले दिन 7,938 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पहले चरण की काउंसलिंग के दौरान स्टेट रैंक 1 से 75,000 तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे। राज्य समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-2023 की काउन्सिलिंग प्रक्रिया द्वारा प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 2477 राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/ स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में बीएड में प्रवेश हेतु आवंटित सीटों पर प्रवेश किये जायेंगे। इन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के अन्तर्गत बीएड में प्रवेश हेतु सीटों की कुल संख्या 2,35,010 है। इनमें से 7,830 सीटें विश्वविद्यालय राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं जबकि 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं। प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी: लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल के बीवीए बीएफए, एलएलबी आनर्स, बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा के परिणाम आज जारी कर दिए गए। परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन पेज पर यूजी एडमिशन में अपनी ओवरऑल रैंक प्रोविजनल देख सकते हैं। काउंसलिंग एवं च्वाइस फिलिंग से सम्बन्धित निर्देश जल्द ही वेबसाइट पर जारी किए जाएँगे।

## हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर होगी पुस्तक प्रदर्शनी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मेट्रो** प्रशासन द्वारा हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो के हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए रेपर्टवा ने पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के जनसंपर्क विभाग के अनुसार प्रदर्शनी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिदिन लगाई जाएगी। इससे पहले पुस्तक प्रदर्शनी को 16 सितंबर से लगाया जाना था लेकिन शहर में भारी बारिश की वजह से इसे 17 सितंबर 2021 से प्रारंभ किया गया। पुस्तक प्रेमियों के लिए विभिन्न विषयों पर विविध विधाओं जैसे कथा साहित्य, उपन्यास, कविता संग्रह, निबंध संस्मरणए जीवनी आदि पर पुस्तकें एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। कोविड नियमों का पालन करते हुए प्रदर्शनी में शारीरिक दूरी एवं सैनिटाइजेशन की व्यवस्था की गई है।

## रिक्शा चालक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखनऊ।** जानकीपुरम सेक्टर आई में शुक्रवार को रिक्शा चालक का शव सड़क पर भरे पानी में औंधे मुंह पड़ा मिला। उसके गले में टेलीकॉम का तार कसा था। स्थानीय लोगों ने लूट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है। वहींए पुलिस प्रथम दृष्टया नशे में गिरकर मौत की बात कह रही है। हालांकि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

**उ0प्र0 पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लि0 निविदा सूचना–विशिष्टी संख्या–01/EMTC-II(L)/2021–22 किराये पर डीजल कार की आवश्यकता** वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अन्तर्गत पंजीकृत डीजल चालित कार स्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/ट्रैवल एजेन्सियों से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–द्वितीय लखनऊ के प्रयोगार्थ एक अदद डीजल चालित कार (चालक सहित) यथा हांडा अमेज, मारुती स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष वाहन (कार) जिनकी न्यूनतम औसत ईधन खपत 15.00 किमी0 प्रति लीटर से कम न हो आठ माह के लिये किराये पर लिए जाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। वाहन वर्ष 2018 से पूर्व निर्मित न हों। निविदा प्रपत्र रू0 560.00 (रू0 पाँच सौ साठ मात्र) जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) क्रय करना एवं धरोहर धनराशि रू0 2,000.00 (रुपये दो हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य है। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT) से Executive Engineer, EMTD, Gomtinagar, Lko के चालू खाता सं0– 3803765988, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, कमता चौराहा, अयोध्या रोड, लखनऊ, IFS Code - CBIN0285125 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी कार्यदिवस में दि0 20.10.2021 अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र www.upptcl.org की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करना अनिवार्य है। भरी हुई मोहरबंद निविदायें उसी दिन 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन 15:00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–द्वितीय कमरा नं0 315, 320, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–2 गोमती नगर लखनऊ पत्रांक 261 दिनांक 17.9.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें।'

**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय केस्को, कानपुर "ई–निविदा सूचना** अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु आनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र यू0पी0 एन.आई.सी./केस्को की ई–टेंडरिंग वेबसाईट https://etender.up.nic.in/www.kesco.co.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा सूचना में व्ययानुमान धनराशि, धरोहर धनराशि (NEFT/RTGS/DD /Bankers Cheque & (BG for the EMD amount of Rs. 5000 and more) के माध्यम से), निविदा मूल्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि, निविदा डालने की तिथि, निविदा खोलने की तिथि तथा अन्य नियम व शर्तो का उल्लेख है। **क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 11/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के अधीनस्थ विद्युत वितरण खण्ड दहेली सुजानपुर के कार्य क्षेत्र में बांस बल्ली हटा कर पी0सी0सी0 पोल के द्वारा विद्युतीकरण का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 3540.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 25,000.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 04 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 18.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 18.10.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त **क्र0सं0** 2 **निविदा संख्या** 12/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के अधीनस्थ विद्युत वितरण खण्ड हंसपुरम के कार्य क्षेत्र में बांस बल्ली हटा कर पी0सी0सी0 पोल तथा एस0टी0 पोल के द्वारा विद्युतीकरण का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 3540.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 12,500.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 04 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 18.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 18.10.2021 समय 16.30 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। इच्छुक अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से अनुरोध है कि नियमित रुप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वि०) मण्डल – तृतीय, केस्को, कानपुर 33 केवी एच–ब्लाक उपकेन्द्र, किदवई नगर, कानपुर** पत्रांक : 1920 दिनांक 17.09.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# कोरोना से अधिक भयावह रोग है कैंसरः राज्यपाल

## ● मोहनलालगंज तहसील में दो साल तक ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग करेगा पीजीआई




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ब्रेस्ट सर्वाइकल कैंसर जागरूकता व शीघ्र निदान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारे भारतीय परिवेश में महिलाएं अपने खान.पान और स्वास्थ्यगत समस्याओं के प्रति ज्यादा सावधान नहीं रहती हैं। कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका पता इसके अंतिम स्तर तक पहुंच जाने पर चलता है और तब महिला की जीवन रक्षा कठिन हो जाती है। ये कोरोना से अधिक भयानक रोग है।

राज्यपाल ने कहा कि महिला की मृत्यु से पूरा परिवार बिखर जाता हैए जिससे सर्वाधिक बच्चे प्रभावित होते हैं। उन्होंने अपील की कि कैंसर से बचाव के लिए महिलाएं प्रतिवर्ष अपनी जांच कराएं ताकि इस रोग का प्रारम्भिक स्टेज में ही पता लग सके और समय से उनके समुचित इलाज से जीवन रक्षा की जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि पीजीआई इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये एक सामुदायिक प्रयास है। पीजीआई ने अगले दो वर्षों में लखनऊ जनपद की मोहनलालगंज तहसील में स्तन और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता और प्रारंभिक जांच कार्यक्रम चलाने की कार्य योजना बनाई है। जिसका लाभ निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के पर इस अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है जो पूरे साल महिलाओं को ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर से बचाने के अभियान को समर्पित रहेगा। उन्होंने अपील की कि इस अभियान को सभी जिलों में अधिकारियोंए अस्पतालोंए चिकित्सा छात्रों से जोड़ा जाये। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को निःशुल्क जांच और चिकित्सीय परामर्श की जानकारी देकर जांच के लिए जागरूक किया जाए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पीजीआई के निदेशक प्रो आरके धीमान ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के मुख का कैंसर है। यह भारत की महिलाओं को होने वाला दूसरा सबसे अधिक सामान्य कैंसर हैए जो कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में अधिक होता है। ये ह्यूमन पैपीलोमा वायरस के कारण होता है। उन्होंने कहा कि इस रोग के प्रारम्भिक अवस्था में पता लग जाने पर 90 प्रतिशत लोगों को इलाज से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में इस रोग के प्रभाव को कम करने के लिए अभियान चलाकर कार्य करने की आवश्यकता है और इसी के दृष्टिगत पीजीआई द्वारा यह 2 वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट बनाया गया है। इसके तहत लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील की महिलाओं की स्क्रीनिंग की जायेगी। कार्यक्रम में स्तन कैंसर विशेषज्ञ तथा पीजीआई के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा गौरव अग्रवाल ने स्तन कैंसर के लक्षणों तथा शीघ्र पहचान कर इलाज कराने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पीजीआई संस्थान द्वारा राजभवन में आवासित तथा कार्यरत महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी गई तथा चिकित्सा शिविर में उनकी जांच भी की गई।

## युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रुप में मनाया। इस मौके पर राजधानी लखनऊ के युवा कांग्रेसियों ने दुबग्गा चौराहे पर युवा कांग्रेस लखनऊ पूर्वी के अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं पश्चिमी के अध्यक्ष सैय्यद इमरान के नेतृत्व में अपने हाथों में राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस का बैनर लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस लखनऊ के अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं सैय्यद इमरान ने कहा कि प्रधानमंत्री को हम आज उनके जन्मदिन पर बताना चाहते हैं कि राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस की जरूरत पड़ती ही नहीं यदि प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की होती। उन्होने कहा कि आज बेरोजगारी की हालत यह है कि पिछले 45 वर्षों में सर्वाधिक बेरोजगारी दर भारत में बढ़ चुकी है।

करोड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री जी के गलत निर्णयों के चलते अपनी नौकरियां खोई हैं। पूरा देश बेरोजगारी की आग में झुलस रहा है।

## एकेटीयू पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आज

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ए लखनऊ एवं जेएसएस एकेडमीए नोएडा शामिल है। विवि के डीन पीजीएसआर प्रो एमके दत्ता ने बताया कि लखनऊ में 279 एवं नोएडा में 94 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे उन्होंने बताया कि परीक्षा में कोविड.19 प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन किया जायेगा। एक अन्य खबर के मुताबिक विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2020.21 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रैक्टिकल अंको को विश्वविद्यालय के ईआरपी पर भेजे जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि को 19 सितम्बर तक विस्तारित कर दी गई है।

## महिला ने ससुर पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**निगोहा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ससुर पर पति की मानसिक ठीक ना होने के चलते जबरन शारीरिक सम्बंध बनाने व विरोध पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये एक सप्ताह पहले पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग।लेकिन पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही किये जाने की बात कहकर चलता कर दिया। निगोहा के एक गांव निवासी महिला ने 10सितम्बर को पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसके पति की मानसिक स्थित ठीक नही हैएजिस का फ़ायदा उठाकर उसका ससुर जबरन उसके साथ शारीरिक सम्बधं बनाता हैएजब उसने ससुर के कृत्यो की शिकायत पति व सास से की तो दोनो ने उसकी पिटाई कर जुबान ना खोलने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है ससुर जब भी मौका पता है पति को कमरे से भगा कर उसके साथ जबरन यौन शोषण करता है, सब्र का बांधा टूटा तो उसने अपने पिता व भाई को बुलाकर ससुर की करतूतो के बारे में बताया।निगोहा सीओ सैय्यद नईमूल हसन ने बताया महिला का पति बिल्कुल स्वस्थ है, परिवारिक विवाद के चलते महिला ने अपने ससुर को फ़सांने के लिये झूठा आरोप लगाया है, जांच में सच्चाई सामने आने पर महिला को कई बार थाने बुलाया गया लेकिन वो नही आई।

## मजदूर की कोठरी भरभराकर कर ढही, मलवे में दबकर बच्ची घायल

**निगोहां।** दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश के चलते शुक्रवार को निगोहां क्षेत्र के अघाईया गांव में मजदूर की बनी कच्ची कोठरी भरभरा कर गिर गई। जिसमें मजदूर की छोटी बेटी मलबे में दबकर घायल हो गई। आननफ़ानन परिवारीजनों उसे मलबे से निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अघाईया गांव निवासी मजदूर सन्तू रावत ने बताया कि वह अपने परिवारीजनों के साथ कच्ची कोठरी मे गुजर बसर कर रहा है बुधवार रात से हो रही लगातार बारिश के चलते शुक्रवार को उसकी कच्ची कोठरी भरभराकर गिर गयीएउसी दौरान उसकी छोटी बेटी गरिमा वही कपड़े धो रही थीएगरिमा कोठरी गिरते देख बाहर की ओर भगीएलेकिन तब तक उसी की चपेट में आकर मलबे में दब गईएगरिमा जब चीखी चिल्लाई तो बडा भाई बसंत और पत्नी पुष्पा दौड़ पड़े और किसी तरह बेटी को मलबे से बाहर निकाला। एगनीमत रही कि घटना के दौरान बसंत की गर्भवती पत्नी बाहर ही थीएनहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। चोटिल बेटी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गरीब मजदूर घटी घटना के मामले में उपजिलाधिकारी मोहनलालगज ने मामला संज्ञान में लेकर लेखपाल को जांच के लिए निर्देश दिए।

# किसानों की पीड़ा व नागरिकों की व्यथा के प्रति भाजपा सरकार संवेदनहीनः सपा प्रमुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अतिवृष्टि से जन–धन की व्यापक क्षति हुई है। हजारों एकड़ क्षेत्र जलमग्न हो गए है। किसानों की खड़ी फ़सल डूब गई है। धान, गन्ना, मक्का, केला, उड़द, बाजरा आदि फ़सलों को भारी पहुंचा है। भाजपा सरकार किसानों की पीड़ा और नागरिकों की व्यथा से संवेदनहीन बनी हुई है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा अपनी किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों की उपेक्षा और पूंजीघरानों का पोषण करती आई है। उसके सत्ता में आने के बाद से ही उसकी दशा बिगड़ती गई है। खेती के काम आने वाली हर चीज मंहगी हो गई है। किसानों को धोखा देते हुए भाजपा सरकार कभी आय दुगनी करने की बात करती है तो कभी एमएसपी का भरोसा दिलाती है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसानों के लिए जो वायदे किए उनमें से एक को भी पूरा नहीं किया है। किसान को राहत देने में भाजपा को कोई रूचि नहीं है। पेट्रोल–डीजल, बिजली, खाद बीजए कीटनाशक इन सबके दाम आसमान छू रहे हैं। धान की खेती की लागत 40 प्रतिशत बढ़ गई है। इन सब परेशानियों से जूझ रहे किसान पर अब अतिवृष्टि की मार पड़ी है। वह आत्महत्या न करे तो क्या करे। यादव ने कहा कि अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत की दिशा में भाजपा सरकार का कोई कदम न उठाना चिंता का विषय है। किसान के मवेशी भी इस संकट में फंसे है। बरसात के साथ बीमारियों के दौर भी शुरू हो जाते है। वर्षा से जलमग्न इलाकों में पानी निकालने का भी प्रबन्ध नहीं हो पा रहा है। भाजपा सरकार ने बरसात से पहले की चेतावनी पर ध्यान दिया होता तो जनता परेशानी में नहीं पड़ती।

# टेंपो की टक्कर से दो की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में टेंपो की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कटरा बाजार कस्बा थाना काकोरी लखनऊ निवासी गौरव तिवारी उर्फराजू ने बताया कि उनका भाई शुभम तिवारी 25 बेकरी की दुकान भट्ठा टोला में चलाता था जोकि पास मे दूध की डेयरी में काम करने वाले तिलक यादव 26 के साथ बाइक पर सवार होकर दुर्गागंज पेट्रोल पंप की ओर आ रहा था। उसी समय अज्ञात टेंपो चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह से चिपक कर दूर जा गिरे और जिसकी वजह से मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हो गई इस दौरान शुभम तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तिलक यादव को ट्रामा सेंटर को अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने तिलक यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि शुभम तिवारी का शव घटनास्थल के पास पानी के अंदर मिला।

# मोदी के जन्मदिवस पर पराग कारखाना परिसर में किया गया पौध रोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर शुक्रवार को पराग की चक गजरिया सुल्तानपुर रोड स्थित पराग काराखाना में पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दुग्ध संघ लखनऊ मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह तोमर के साथ महाप्रबंधक पराग डॉक्टर मोहन स्वरूपए ने कुल 71 पौधों का रोपण किया। उमेश सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री हमारे आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं जो दिन रात मेहनत करके नए भारत का नवनिर्माण कर रहे हैं। इसके साथ ही पराग की चक गजरिया सुल्तानपुर रोड स्थित पराग डेरी में वास्तु सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूम–धाम से मनाई गई । इस अवसर पर आज प्रात: 11.30 बजे दुग्ध शाला की सभी आधुनिक मशीनों की पूजा उपरांत हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर राम सिंह, बजरंग वर्मा मंडल अध्यक्ष बीजेपी मोहनलालगंज, कृष्णा मौर्या तथा पराग डेरी के अधिकारी तथा कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## बारिश ने चबूतरे पर स्थित विशालकाय पीपल के पेड़ को किया धराशाई



**लखनऊ।** राजधानी में बीते दिन हुई लगातार बारिश ने कहर ढा दिया। मोहल्लों में जगह.जगह पानी भर गया लोगों के घरों तक में बारिश का पानी घुस गया। बहुत से पेड़ गिर पड़े है। इस बारिश के कहर के कारण सेक्टर 19 स्थित आईसीआईसीआई बैंक के बगल से गई गली में स्थित ऊंचे चबूतरे पर एक बहुत ही विशालकाय पीपल का पेड़ बारिश के कारण गिर गया। इस पेड़ के नीचे चबूतरे पर शिवलिंग भी स्थापित था। पेड़ गिरने से चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग और पेड़ आसपास के लोगों का आस्था का केन्द्र भी था क्योंकि इस शिवलिंग पर शनिवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पूजन.अर्चन करने आते थे। इस पेड़ के गिरने से कई बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि यह वृक्ष ऊंचे चबूतरे पर होने के कारण लोगों के घर का पता बताने में लैंडमार्क का काम करता था। क्योंकि आसपास के क्षेत्र में इतने ऊंचे चबूतरे पर स्थित इतना विशालकाय पीपल का नहीं है।

## अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास महोत्सव 'द रेलिक इण्टरनेशनल' का समापन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास महोत्सव 'द रेलिक इण्टरनेशनल-2021' शुक्रवार को सायं ऑनलाइन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण के बीच अमेरिका, इंग्लैण्ड, यू.ए.ई., आस्ट्रेलिया, कैनडा, ब्राजील, रूस, नेपाल, वियतनाम, पेरू, यूक्रेन, बेल्जियम, श्रीलंका, मॉरीशस, जर्मनी, मॉरीशस, अल्जीरिया एवं भारत के विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। इससे पहले, समारोह की मुख्य अतिथि डा शयौलजा शर्मा, डायरेक्टर, स्टेटिस्टिकल इन्स्टीट्यूट फॉर एशिया एण्ड पैसिफिक, टोक्यो, जापान ने अपनी उपस्थिति में साँस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. शयौलजा शर्मा, डायरेक्टर, स्टेटिस्टिकल इन्स्टीट्यूट फॉर एशिया एण्ड पैसिफिक, टोक्यो, जापान ने कहा कि इस आयोजन का महत्व यही है कि भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास को समझे जिससे उनमें आने वाले कल के लिए नई समझ पैदा होगी और यही आगे चलकर न्याय, एकता व शान्ति पर आधारित विश्व समाज की आधारशिला बनेगा।

## डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी ने मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गाँधी एवं डा. भारती गाँधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उनके 71वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाईयाँ व शुभकामनायें दी हैं। इस अवसर पर डा. गाँधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प, समर्पण, परिश्रम एवं त्याग से हमारा देश आज प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। डा. गाँधी ने कहा कि सारी दुनिया ने देखा कि वैश्विक कोरोना महामारी के समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न सिर्फ अपने नागरिकों की चिंता की बल्कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के अनुरूप सारी दुनियाँ के देशों को भी मदद पहुंचाई। ऐसे देश के सबसे प्रभाव शाली नेता एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उन्हें एक बार पुनः जन्मदिन की ह्दय से बधाइयाँ।

# पं. दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर के प्रांगण में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विश्वकर्मा** जयन्ती के अवसर पर पं. दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर के प्रांगण में विभाग के संयुक्त निदेशक श्री विनोद कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा एवं हवन आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। भगवान श्री विश्वकर्मा जयन्ती का आयोजन विभाग के प्राविधिक कर्मचारी संघ ने किया।

संयुक्त निदेशक सूचना श्री पाण्डेय द्वारा इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा भगवान जी की आरती एवं द्वीप प्रज्जवलित किया गया। उनके सानिध्य में हवन करवाया गया तथा भगवान को भोग भी लगाया गया। श्री पाण्डेय ने सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी को नमन करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा वास्तुकला एवं कलात्मक रचनाओं के देवता हैं। सृष्टि के निर्माण एवं सृजन का दायित्व इन्हीं के पास है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी सभी जातियोंए समुदायों एवं धर्मों के बीच आज के दिन 17 सितम्बर को पूरे विश्व में पूजे जाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर सूचना विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए भगवान विश्वकर्मा से कामना की और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। भगवान विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर सूचना परिसर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमध्भजन आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगन्तुकों को प्रसाद का वितरण किया गया।

## भाषा यूनिवर्सिटी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला के निर्देशन में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रों के उच्चारण के साथ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक प्रो संजीव कुमार त्रिवेदी के साथ विवि के सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों द्वारा हवन.आहुति प्रदान की गई। पूजा का समापन कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, प्रो चन्दना डे इत्यादि ने विधि पूर्वक किया। इस पूजा के माध्यम से सभी ने मिल कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

## एकेटीयू में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल के निर्देशन में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रों के उच्चारण से विवि के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हवन.आहुति प्रदान की। कार्यक्रम में सर्व समाज के कल्याण के लिए प्रार्थना की गयी। विवि के घटक संस्थान आईईटी, लखनऊ एवं सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में भी पूजन किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव नन्द लाल सिंह, सीएएस के निदेशक प्रो एमके दत्ता, आईईटी के कुलसचिव डॉ प्रदीप बाजपेई, सम्पति प्रभारी आशीष मिश्र, डॉ अनुज शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 2022 के चुनाव में यूपी की जनता योगी सरकार को 440 वोल्ट का झटका देगीः सभाजीत सिंह

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने पार्टी द्वारा यूपी की जनता के लिए 300 यूनिट और किसानों के लिए बिजली फ्री देने की घोषणा पर आई योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की प्रतिक्रिया पर तीखा पलटवार किया। प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी के साथ प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सभाजीत सिंह ने सवाल खड़ा किया कि मुख्यमंत्री, सांसद और विधायकों को फ्री बिजली, फ्री बंगला, फ्री गाड़ी, मोटी तनख्वाह, फ्री रेल और हवाई जहाज का सफर मिल सकता है, तो भाजपा आम आदमी को 300 यूनिट फ्री बिजली दिए जाने पर मुफ्तखोर और लालची क्यों कह रही। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री ने आप की बढ़ती लोकप्रियता की बौखलाहट में इस तरह का बयान देकर यूपी की सम्मानित जनता का अपमान किया है। कृषि मंत्री के इस बयान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी की जनता से माफी मांगें।

## शराब माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान जारी

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिवए आबकारी संजय आरण् भूसरेड्डी के निर्देशन में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त माफ़ियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत इस माह अब तक प्रदेश में 3114 मामले अवैध शराब के पकड़े गए, जिसमें 67,973 लीटय अवैध शराब बरामद की गयी तथा शराब बनाने के लिए तैयार किये गये 3,19,718 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 1212 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 25 वाहन जब्त किये गये। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि दैनिक प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बीते दो दिनों में प्रदेश में 315 मुकदमे दर्ज किये गयेए जिसमें 7,186 लीण् अवैध शराब की बरामदगी की गयी तथा लगभग 32,387 किण्ग्राण् लहन एवं कई भट्ठियों को मौके पर नष्ट किया गया। शराब के कारोबार में संलिप्त 120 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की गयी तथा 5 वाहन जब्त किया गया। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी. ने बताया कि दैनिक प्रवर्तन कार्यवाही में प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माणए बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।

# यूपी में साढ़े पच्चीस लाख से ऊपर लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वैक्सीनेशन के मामले में यूपी में शुक्रवार को रात्रि 10 बजे तक साढ़े 25 लाख लोगों से ऊपर की संख्या में लोगों को वैक्सीन की डोज देने की रिपोर्ट दर्ज की गई। देर रात्रि तक आंकड़े में बढ़ोतरी सम्भावित है। पीएम के जन्मदिन पर प्रदेश भर में चलाए गए मेगा वैक्सीनेशन ड्राइव अभियान के दौरान आज रात्रि 10 बजे तक 25,89,581 लोगो को वैक्सीन की डोज देने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। अभी तक प्रदेश में 9,32,64,531 लोगों को वैक्सीन की डोज दी गई है। इनमे पहली डोज के 7,71,56571 और दूसरी डोज के 1,61,07907 लोग शामिल हैं। राजधानी लखनऊ में आज 85418 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई। वही दूसरे पर प्रयागराज में 83866 और तीसरे स्थान पर गाजियाबाद रहा जहां 73,337 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई। सबसे कम टीकाकरण बलरामपुर में दर्ज किया गया। यहां महज 8306 लोगों का टीकाकरण हुआ।

**प्रतिशत दर ई–निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता (सिविल), डाक निर्माण खण्ड, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाइन प्रतिशत रेट (सी0पी0डब्लू0डी0–7) ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–
निविदा संख्या : – **37/ई0ई0/पी0सी0डी0एल0/2021–22**
कार्य का नाम : – **मेंटेनेन्श ऑफ 28 नं0 टाईप–।।। क्वार्टर एट पी एण्ड टी कालोनी सेक्टर–के अलीगंज, लखनऊ।**
अनुमानित लागत : – 60,59,686/–
धरोहर राशि : – शून्य/–
कार्य का समय : – 08 माह
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 27.09.2021 समय : – 18:00 बजे
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण–**www.dopcivil.euniwizard.com** पर उपलब्ध है।

# माल के अहिडर गौशाला में कई गौवंशों की मौत, हड़कंप

**संवाददाता।** माल

## ● घटनास्थल पर पहुंची आला अफसरों की टीम

**माल** ब्लॉक की अडिहर पंचायत में आधा दर्जन से अधिक गोवंश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बारिश का पानी गौशाला में भर गया। दूसरी तरफबबूल की झाड़ है। बारिश का पानी भरने से गौवंश छटपटाए और इधर उधर भागे। इसमें उनकी मौत हो गई। कुछ आपस में लड़कर मर गए। सुबह जब इसकी सूचना मिली तो सीडीओ से लेकर एडीएम प्रशासन मौके पर पहुंचे। कई गंभीर रूप से घायल और बीमार हैं। उधरए ग्रामीणों का दावा है कि इससे भी अधिक मौतें हुई हैं। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने अतिवृष्टि और खराब मौसम के कारण आठ गोवंश की मृत्यु होने की पुष्टि की है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को इस मामले की जांच सौंपी है। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को बीमार गोवंशों के उपचार की व्यवस्था की गई है।

क्षेत्र की अहिडर पंचायत का गौ आश्रय स्थल हरदोई जिले की सीमा पर वन विभाग के जंगल में संचालित है। वन बबूल की घनी झाड़ियों के किनारे तीन टीन शेड बने हैं । एक शेड खड़ंजे के दाहिने ओर जबकि दो शेड बायें तरफ बने हैं। गेट, बोर्ड सब अस्तव्यस्त और टूटे पड़े हैं। ग्रामीणों के मुताबिक यहां दो गौ पालकों के पास 300 गौवंश की देखभाल करने की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों के अनुसार ऊसर प्रभावित इस जमीन पर लगी बबूल और उसके बाद भरा जबरदस्त कीचड़ गोवंशों की अकाल मौतों का सबब बन गया। तीन साल पहले ही यह आश्रय स्थल बनाया गया था। ग्रामीणों की नाराजगी देखते हुए एक ट्रक पीएसी को पूरे इलाके में तैनात किया गया।

## पर्याप्त चारा न मिलने के कारण कमजोर हो गए

आसपास के लोगों ने बताया कि गौ आश्रय स्थल पर पर्याप्त टीन शेट नहीं है। ऊपर से उनको पर्याप्त चारा नहीं मिल पा रहा था जिससे बेहद कमजोर हो गए थे। गुरुवार को हुई भारी बारिश के कारण पूरा आश्रय स्थल जलमग्न हो गया। यहां के सभी गौ वंश लगातार हो रही बारिश से भीगते रहे। ऊपर से तेज हवाओं के कारण ठंड भी लगने लगी। मौजूदा समय दो दर्जन से अधिक गोवंश मरणासन्न हैं।मौतों की सूचना पर पहुंचे बड़े अफ़सर सुबह जब गौवंश की मौत के बारे में जानकारी मिली तो सबसे पहले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपनी टीम के साथ पहुंचे। वन बबूल की झाड़ियों से लेकर टीन शेट तक गौ वंश के शव पड़े थे। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, एडीएम प्रशासन अमर पाल सिंह और एसडीएम मलिहाबाद नवीन चन्द्र आश्रय स्थल पहुंचे।

## मुलायम सिंह यादव के पूर्व सलाहकार वीरेंद्र सिंह का निधन

**निगोहां।** भूतपूर्व मुख्यमंत्री सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के पूर्व सलाहकार उदयपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह (80) का लंबी बीमारी से निधन हो गया। निधन होने की सूचना पाकर इलाके में शोक की लहर दौड़ गयीए आसपास के गांवो के लोगों की काफी संख्या में लोग शोक सभा मे पहुंचे साथ ही कई सपा नेता अंतिम संस्कार में पहुंचे। मृतक के नजदीकी सपा नेता अमरपाल सिंह ने बताया कि मृतक कई दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा था। जिनका गुरुवार देर रात निधन हो गया।

## भाजपा के संकल्प पत्र में 70 लाख रोजगार देने का वादा हवा-हवाईः सचिन रावत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने कहा कि आज प्रदेश चौतरफा अव्यवस्था से जूझ रहा है। विकास अवरुद्ध है। जनता आर्थिक रुप से टूट चुकी है। छात्रए नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहे है। भाजपा और मुख्यमंत्री योगी ने पिछले चुनाव से पहले प्रदेश की जनता से घूम.घूमकर पांच साल में 70 लाख यानि 14 लाख रोज़गार प्रतिवर्ष देने का वादा किया थाए पर साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी खुद 4 लाख रोजगार देने की बात कर रहे हैं, हालांकि इसमें भी आंकड़ों की हेराफेरी की गयी है। कांग्रेस पार्टी ने आरटीआई के माध्यम से सरकार से सवाल पूछा था कि 4 लाख रोजगार किन विभागों में दिये गये हैं। सरकार का जवाब आया कि डाटा उपलब्ध नहीं है। योगी सरकार बड़ी.बड़ी होर्डिंग लगाकर रोज़गार देने का झूठा प्रचार कर रही है। हक़ीक़त ये है कि प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति बहुत भयावह है। कांग्रेस प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि सेन्टर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकोनामी ने कहा है कि नौकरी पेशा व्यक्तियों की कुल संख्या जुलाई में लगभग 40 करोड़ से घटकर अगस्त में 39.7 करोड़ हो गयी। विशेष रुप से 13 लाख नौकरियों का नुकसान अकेले ग्रामीण भारत में हुआ है।

# पीएम के जन्मदिन पर गंगा को 71 मीटर की चुनरी चढ़ाई



● इससे पहले लोगों को मॉ गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वाराणसी** के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में मां गंगा को उनके 71 वें जन्मदिन के मौके पर जन्मदिन की बधाई 71 मीटर चुनरी गंगा को समर्पित करके दी गई। शहर में रत्ना देवी ट्रस्ट की ओर से पीएम के जन्मदिवस पर मां गंगा को 71 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। गंगा के घाटों से लेकर गंगा के मध्य तक चुनरी को नौका से ले जाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा को चुनरी समर्पित की गई। वहीं दूसरी ओर नमामि गंगे के सदस्यों ने पीएम मोदी के लंबी उम्र के लिए मां गंगा की आरती भी की गई। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नमामि गंगे के सदस्यों ने लंबी उम्र की कामना के लिए मां गंगा की आरती उतारी गई। सदस्यों ने दशाश्वमेध घाट पर पहले सफाई अभियान चलाया। उसके बाद पीएम मोदी के दीर्घायु के लिए मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान मां गंगा से देश को आत्मनिर्भर बनाने और कोरोना से मुक्त करने की कामना की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जब अपने संसदीय क्षेत्र के तौर पर काशी को चुना था, तब उन्होंने कहा था कि उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। तब से अब तक मां गंगा के पुत्र के रूप में पीएम मोदी की नमामि गंगे के तहत प्राथमिकता गंगा सफाई एवं यह सुनिश्चित करना है कि शहरों की गंदगी गंगा में न गिरे।आयोजन के बाबत बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने इस निमित्त हमने मां गंगा से आशीर्वाद मंगा है। इस दौरान प्रमुख रूप से गंगोत्री सेवा समिति के अध्यक्ष पं किशोरी रमण दुबे, महानगर संयोजक शिवदत्त द्विवेदी, महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरी, महानगर सहसंयोजक रामप्रकाश जायसवाल, घनश्याम गुप्ता, रश्मि साहू, सोनी चौरसिया, सारिका गुप्ता, पुष्पलता वर्मा, रूपा जायसवाल, सोनू, स्वाति जायसवाल, कंचन मिश्रा, हर्षा नाथानी, पूजा मौर्या, कीर्तन बरनवाल, सोनाली यादव, सविता अग्रवाल थे।

### श्रीसंकट मोचन दरबार में चढ़ाया 71 किलो लड्डू

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने श्रीसंकट मोचन दरबार में 71 किलो लड्डू चढ़ाकर श्रीहनुमान जी से उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए कामना किया। इसके बाद उन्होंने इस लड्डू को मंदिर के बगल में स्थित कुष्ट रोग आश्रम में वितरित किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भगवान के प्रसाद को मंदिर के बाहर राहगीरों में भी वितरित किया। इस दौरान भाजपा के महानगर महामंत्री अशोक पटेल, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, शत्रुघ्न पटेल, अमित सिंह, राकेश मोहन दीक्षित, राजीव सिंह पटेल, कुणाल पांडेय, अनूप यादव, अभिनेश सिंह, सक्षम सिंह पटेल, सूरज वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता थे।

### नीलकंठ तिवारी ने बटुकों संग मॉ गंगा को केशर जल एवं दुग्धाभिषेक चढ़ाकर किया पूजन–अर्चन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर उनके संसदीय क्षेत्र काशी में उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी ने शुक्रवार सुबह दशाश्वमेध घाट पर बटुकों के साथ केशर जल और दुग्धाभिषेक से मां गंगा का पूजन करके पीएम के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद केक काटा गया। मिठाईयां बांटी गईं। इस अवसर पर मंत्री डा.नीलकंठ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आस्था सदैव से मां गंगा में रही है। गंगा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए बटुकों और कार्यकर्ताओं के साथ मां गंगा अभिषेक कर पीएम का जन्मदिवस मनाया गया। पीएम के संकल्पों को पूर्ण करने में भाजपा कार्यकर्ता निरंतर जुटे हुए हैं। यही कारण है कि जनता का विश्वास पीएम मोदी के नेतृत्व में कायम है। भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बटुक ब्राह्मणों को अंगवस्त्र भेंट किया। वहीं शहर भर में विभिन्न मंदिरों और मठों में वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जबकि पार्टी कार्यालय में भी आयोजनों का सिलसिला दिन भर चलना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस मौके पर एक दूसरे का मुह भी मीठा कराया।

## केन्द्रीय मंत्री ने कुम्हारों को विद्युत चालित चाक का किया वितरण

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस जो पूरे भारतवर्ष में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, के अवसर पर मण्डलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं शुभारम्भ किया गया।सिगरा स्थित अंतर्राष्ट्रीय रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में खादी और ग्रामोद्योग कार्यक्रम में आये कुम्हारों एवं स्ट्रैथनिंग द पोटेंशियल ऑफ इंडिया योजना कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुम्हारों को अब हर एक मौसम में इलेक्ट्रिक मशीन से मिट्टी के घड़, पुरावा, दिया जैसे विभिन्न हस्तशिल्प सामानों को बनाकर बाजार में बेचना आसान होगा। कम से कम समय में इलेक्ट्रिक मशीन के माध्यम से मिट्टी के बर्तन को पका सकता है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग में चरखा काफी प्रचलित है। खादी का कार्य बहुत पहले से चरखा के रूप में महिलाएं घर-घर करती रहीं हैं।खादी को एक राष्ट्र सेवा भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवापुरी में योजनाओं के माध्यम से महिलाएं पापड़, अगरबत्ती, सूत कातकर कपड़ा बुनना आदि कर स्वयं आत्मनिर्भन हो रहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय कुमार सक्सेना ने किया। मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, (भारत सरकार) द्वारा सेवापुरी, वाराणसी में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे एन. एम. सी. चरखा पर प्रशिक्षण, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण एवं ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। खादी ग्रामोद्योग विद्यालय परिसर सेवापुरी, वाराणसी में मण्डलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी द्वारा कराये गये कार्यों जैसे वर्षा जल संरक्षण हेतु तालाब की सफाई एवं नवनिर्मित इंटरलॉकिंग ब्रिक्स मार्ग का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात् भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जय प्रकाश गुप्ता, सदस्य (म.क्षे.) खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं ओम प्रकाश उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, डी. एस. भाटी, निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी, संतोष सिंह, संस्था मंत्री एवं संदीप सिंह, अध्यक्ष खादी फेरडेशन द्वारा 2000 बांस पौधारोपण के लक्ष्य का शुभारम्भ करते हुए बांस के पौधे का रोपण किया गया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा कियान्वित की जा रही स्फुर्ति योजना के अन्तर्गत ग्राम भट्टी, लोहता, वाराणसी में परम्परागत कुम्हार कारीगरों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उनकी आय में वृद्धि हेतु संत रविदास शिक्षण एवं विकास संस्थान के माध्यम से काशी पॉटरी क्लस्टर की स्थापना जिसकी परियोजना लागत रु. 249.72 लाख है तथा जिसके प्रथम चरण में क्षेत्र के लगभग 350 कुम्हार कारीगरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, का उद्घाटन एवं शिलापटट् का अनावरण भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अपने उद्बोधन में केन्द्रीय राज्मंत्री एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस कल्स्टर को क्षेत्र के कुम्हार कारीगरों के लिए बहुत ही लाभप्रद उनकी आय एवं समाजिक तथा आर्थिक स्तर को बढ़ाने वाला बताते हुए कारीगरों का उत्साहवर्धन किया गया। कुम्हार कारीगरों हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित की जाने वाली स्ट्रैथनिंग द पोटेंशियल आफइण्डिया योजना का शुभारम्भ भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और



ग्रामोद्योग आयोग, जय प्रकाश गुप्ता, सदस्य (मक्षे), खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं ओम प्रकाश उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, डी. एस. भाटी, निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राक्ष अर्न्तराष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर, सिगरा, वाराणसी में लगभग 100 कुम्हार कारीगरों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित अतिथि द्वारा उपस्थित कारीगरों को सम्बोधित किया गया तथा विद्युत चालित चाक का वितरण भी कारीगरों को किया गया।

## क्विक न्यूज

### श्रद्धाभाव से पूजे गए आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा



**बीजपुर/सोनभद्र।** शुक्रवार को एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के साथ साथ बीजपुर क्षेत्र के सविदाकारों गैराजों अजीरेश्वर धाम आदि स्थानों में शुक्रवार को आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धाभाव व विधि विधान से की गई। बीजपुर के मोटर गैरेज एनटीपीसी परियोजना कांट्रेक्टर कॉलोनी में भव्य पूजा पंडालो में बिराजमान बाबा विश्वकर्मा की मूर्तियो की पूजा पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ यजमानो द्वारा कराया गया। जरहां के अजीरेश्वर महादेव के प्रांगण में पूर्व से प्राण प्रतिष्ठित प्रतिमा के समक्ष बिधि बिधान से पूजा समिति के राजेन्द्र सिंह बघेल द्वारा कराया गया। सुबह से ही ध्वनिबिस्तारक यंत्रो के भक्तिमयी गीतों की गूंज से समूचा इलाका भक्तिमय हो उठा। यजमानो ने बाबा विश्वकर्मा भगवान के दरबार में मत्था टेककर देश समाज व अपने अपने परिजनों के उत्थान के लिए बाबा से दुआ मांगी। कुबेर कम्पनी और परमार इंटर प्राइजेज आदि के आयोजकों द्वारा पूजा अर्चना भाव भक्ति से की गई वही पूजा पंडालो में दिन भर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।इस अवसर पर बिशाल भंडारे का आयोजन भी विभिन्न पूजा स्थलों के परिसर में सम्पन्न किया गया। तमाम भक्तो ने महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य के भागीदार बने। इस मौके पर अरुणेंद्र कुमार सिंह मुकेश कुमार अनिल सिंह कुंदन सिंह दीपक मिश्रा सौरभ मिश्रा धनन्जय कुमार सिंह परमार कम्पनी के रंजय सिंह सत्यदेव सिंह तारा सिंह सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### रिहंद स्टेशन में विधि–विधान से पूजे गए आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में शुक्रवार को आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा की जयंती समारोह विधि–विधान से मनाई गई । स्टेशन परिसर स्थित सीआरएफ़ बिल्डिंग में पूजा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक देबब्रत पॉल व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक के एन रेड्डी ने अन्य सहअतिथियों के साथ उपस्थित होकर बाबा विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना विधि–विधान से करके उनसे स्टेशन एवं देश की सलामती के लिए दुआ माँगी । कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए समारोह का आयोजन सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुए सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । इस अवसर पर स्टेशन के पर्यावरण एवं राख़ उपयोगिता, टीएसी, एफ़ई एस, आई टी आदि विभागों के साथ–साथ यूपीएल, पावरग्रिड एवं संविदा कंपनियों में सादगी पूर्वक बाबा विश्वकर्मा की पूजा करके प्रसाद का वितरण किया गया ।

### जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य मेला कल

**मीरजापुर।** जिले के 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा 212 स्वास्थ्य उप केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में कोविड के प्रोटोकाल के तहत मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और जांच सुविधा दी जाएगी। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी डॉक्टर आरएसराम ने दी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बैठक के दौरान सभी को बताया कि लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए हर माह के प्रत्येक रविवार को शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता था लेकिन जिले व प्रदेश में कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए मेला को स्थगित कर दिया गया था। इस समय कोरोना की गति कम हो गई है। ऐसे में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से आरोग्य मेला पुन: शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस मेले को लेकर सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी व अधीक्षकों को मेले की अपने.अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपी गई है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखते हुए कोरोना के नियमों का पूर्ण ख्याल रखा जायेगा। मेला स्थल के प्रवेश द्वार पर पल्स आंक्सीमीटर एवं थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था सहित एक कोविड हेल्प डेस्क को भी रखा जायेगा। मेले में आने वालों को मुंह व मास्क या गमछा होने पर ही प्रवेश मिलेगा।

**मेले में तमाम रोगों का होगा निदान:** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोग्य मेले में आने वाले लोगों की बुखार समेत मौसमी बीमारी की जांचए गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण के साथ दवा को देने के साथ ही जांच भी बिल्कुल निशुल्क की जायेगी। इसके अलावा नसबन्दी के पंजीकरण, आंखो का नि:शुल्क जांच, परिवार नियोजन के साधन का निशुल्क वितरण, गर्भावस्था, प्रसव कालीन व जन्म पंजीकरण का परामर्श, बच्चों में डायरिया, निमोनिया रोकने सहित अन्य बीमारियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा किया जायेगा।

### तुलसीदास एक महान दार्शनिक संत थे जिन्होंने रामचरित मानस जैसे ग्रंथ की रचना की



पीएनएस। वाराणसी

शुक्रवार को वाराणसी स्टेशन पर राजभाषा पखवाड़ा व कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय संत शिरोमणि तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरित मानस पर एक परिचर्चा किया गया। इस कार्यशाला बैठक में मंडल के परिचालन प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि संत तुलसीदास एक महान दार्शनिक संत थे जिन्होंने कई कविताओं का संवाद किया। उन्होंने ने आम जनमानस के बीच रामचरित मानस की प्रासंगिकता पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यालय अधीक्षक अमिताभ कुंवर सिंह, महेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार पाण्डेय, विकास तिवारी, राजकुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोनभद्र में मेगा वैक्सीनेशन डे पर 28 हजार लोगों को लगाया गया कोरोना टीका

● टीकाकरण के लिए लोगों में दिखा उत्साह

● 234 केंद्रों पर लगाई गई वैक्सीन

संवाददाता। सोनभद्र




**कोरोना संक्रमण** की तीसरी लहर से बचाव एवं टीकाकरण अभियान को और गति प्रदान करने के लिए जिले में शुक्रवार को मेगा वैक्सीनेशन डे मनाया गया।

इस मेगा वैक्सीनेशन अभियान के दौरान कुल 45,000 लोगों को कोरोना टीका लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष 28 हजार लोगों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रामकुवंर ने बताया कि जनपद में कोरोना टीका करण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, इसमें और तेजी लाने के लिए आज मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1200 कर्मियों को लगाया गया है ।ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मिलाकर कुल 234 टीकाकरण केंद्र बनाए गए। इस मेगा वैक्सीनेशन डे पर 45,000 लोगों को टीका लगाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 28 हजार लोगों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया ।उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन डे पर टीका लगवाने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया और लोगों ने केंद्रों पर पहुंचकर टिका लगवाया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले से ही लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है ।

इसके अलावा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए दो गज की दूरी का पालन करने और सैनिटाइजर से बार–बार हाथ धोने एवं मुंह पर मास्क लगाने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने का सुझाव दिया जा रहा है। साथ ही साथ कोरोना टीका लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है ।

जिससे संक्रमण की चपेट में कोई न आने पाये। उन्होंने बताया कि अभी करोना संकट टला नहीं है इसलिए लोगों को एहतियात एवं सावधानी बरतनी चाहिए। इसमें बरती गई लापरवाही घातक हो सकती है।

## व्यापारी हितों के लिए होगा संघर्ष : कंछल

संवाददाता। मऊ



**उप्र उद्योग** व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में पीडब्लूडी डाक बंगले में जनपदीय स्तरीय व्यापारी जागरुकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू द्वारा घोसी व्यापार मण्डल अध्यक्ष लाल बिहारी गुप्ता को समाजवादी व्यापार सभा का जिलाध्यक्ष मनोनित होने पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जनपद स्तरीय व्यापारी जागरुकता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने व्यापारियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यापारी हितों के लिए व्यापार मंडल सदैव संघर्षरत रहेगा। जिलाध्यक्ष अजय साहू एवं जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल ने सरकार से मांग किया कि सरकारी कर्मचारियों की तरह व्यापारियों को भी एक मजबूत आर्थिक पैकेज प्रदान किया जाए। जिससे व्यापारी लॉक डाउन की वजह से उत्पन्न मंदी से उबर सके और देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत कर सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय साहू, जफर अहमद जनता, ब्रजभूषण गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष इशरत इकबाल लारी, जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश मद्धेशिया, मोलबी इकबाल, घोसी अध्यक्ष लालबिहारी गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र प्रसाद बरनवाल उर्फअखिलेश बरनवाल,कोपागंज ओमप्रकाश गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## मऊ में क्षतिग्रस्त पटरी से होकर गुजर गई दादर एक्सप्रेस ट्रेन

● भारी बारिश से मऊ-इंदारा के बीच ट्रैक के नीचे से खिसकी गिट्टी

● दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन

संवाददाता। मऊ



### दो घंटे की मशक्कत के बाद सुचारु हुआ आवागमन : स्टेशन अधीक्षक

**मऊ।** स्टेशन अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि लगातार हुई भारी बारिश के कारण मऊ से इंदारा के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से पानी घुसने के कारण सुबह गिट्टी व मिट्टी बाहर बह गया था। लेकिन रेलवे विभाग के तकनीशियनों ने कड़ी मशक्कत करके सुबह 10. 40 बजे रेल मार्ग को दुरुस्त कर दिया। रेलवे विभाग की तत्परता से कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ। दो घंटे के अंदर भी मऊ.इंदारा रेलवे ट्रैक पर आवागमन पुनरू सुचारु हो गया।

**जिले में** लगातार 12 घंटे से अधिक समय तक रुक–रुक हुई मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार की सुबह मऊ जंक्शन से महज 900 मीटर की दूरी पर मऊ.इंदारा रेलवे ट्रैक तमसा नदी तट के समीप पटरी के नीचे से गिट्टी बह गया। इस बीच गोरखपुर से मऊ आ रही दादर एक्सप्रेस ट्रेन क्षतिग्रस्त पटरी के बीच से होकर गुजर गई। लेकिन यह संयोग रहा कि कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ। उधर बारिश के कारण रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसकने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में रेलवे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेलवे पटरी दुरुस्त होने पर ट्रेनों का आवागमन पुनरू बहाल हो गया। आदर्श श्रेणी मऊ जंक्शन पर लगभग 900 मीटर दूर मऊ–इंदारा रेलवे ट्रैक तमसा नदी के समीप भारी बारिश के कारण रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसक गया। रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसकने की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों में अफरा–तफरी मच गया। लेकिन इस बीच सुबह 8.50 बजे के करीब गोरखपुर से वाराणसी जाने वाली दादर एक्सप्रेस ट्रेन क्षतिग्रस्त रेलवे पटरी के बीच से होकर गुजर गया। लेकिन इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि रेलवे अधिकारी ने सर्तकता बरतने हुए इंदारा जंक्शन पर आई गोदान एक्सप्रेस ट्रेन को 9:30 बजे से ही रोक दिया गया। वहीं मऊ जंक्शन पर पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया गया था।

## रोटी पैदा करने वाला किसान भगवान से कम नहीं है : बृजनंदन सिंह

● स्वच्छता अभियान मरीजों को फल वितरण व 101 दीप जलाकर मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिवस

● 101 उत्कृष्ट किसानों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। सोनभद्र



**भारत के प्रधानमंत्री** नरेंद्र भाई मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर भाजपा सोनभद्र ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर मे स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में जरुरतमंद मरीजों को फ ल इत्यादि सामग्री बांटा गया।

उसके बाद राबर्ट्सगंज स्वर्ण जयन्ती चौक पर प्रधानमंत्री मोदी के 71वें जन्मदिवस पर 71 किलो मिष्ठान वितरण कर जन्मदिन मनाया गया तत्पश्चात् स्वर्ण जयन्ती चौक पर 101 दीप जलाकर दीघार्यु होने की कामना की गयी। भाजपा किसान मोर्चा सोनभद्र द्वारा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद के 101 उत्कृष्ट किसानों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा मौजूद रहे, मंचासीन जनपद के उत्कृष्ट किसान शीतला सिंह शिवप्रकाश सिंह बाबूलाल मौर्य रहे। किसान जवान सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजनंदन सिंह ने कहा कि आज ऐसे मनीषी का जन्म दिवस है जिसने देश को नई दिशा दिया देश का वास्तविक शिल्पकार है उनके जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम में किसान मोर्चा के लिए गौरव का पल है कि 17 सितम्बर के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर ही देश के देवतुल्य किसानों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। देश का दुर्भाग्य था कि 70 सालों तक देश मे किसान विरोधी सरकार थी जब चुनाव आता था तो कांग्रेस गरीबी मिटाने का नारा लगाती थी किंतु गरीबी बढ़ती जाती थी, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने वास्तव में किसानों, गरीबो का दर्द समझा,कहा जाता है कि रोटी देने वाला भगवान है लेकिन रोटी पैदा करने वाला किसान है इसलिए किसान भगवान से कम नही है। जिलाध्यक्ष भाजपा अजित चौबे ने कहा कि आज देश के किसानों का सम्मान करने के नाते ही पूरे विश्व मे भारत का सम्मान बढ़ा है, धारा 370 समाप्त हुआ, राम मंदिर बन रहा है, आज भारत बदला है 2014 के पहले के भारत और बाद के भारत को आज देख लें, उत्तर प्रदेश भी बदला है 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश और बाद का उत्तर प्रदेश देख लें, आपके सहयोग से आज भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है इस लिए 2022 के चुनाव में पुन: उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आप किसान बन्धुओं का आशीर्वाद मांगता हूं। विशिष्ठ अतिथि अशोक मिश्र ने कहा कि आज दो शिल्पकारों का जन्म दिवस हम सभी आज मना रहे हैं एक विश्व के शिल्पकार विश्वकर्मा भगवान का और दूसरे जिनके नेतृत्व में विश्व विजय के पथ पर अग्रसर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज इस किसान जवान सम्मान कार्यक्रम में आये सभी अन्नदाता किसान पूज्यनीय हैं किसान भारत की वह रीढ़ है जिस पर भारत का इतिहास स्थापित है तो भविष्य भी निर्भर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी ने मुख्य अतिथि समेत समस्त मंचासीन अतिथियों के साथ कार्यक्रम में आये समस्त सम्मानित किसान बन्धुओ का अभिवादन किया तथा आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविन्द यादव पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी अभिषेक सिंह चन्देल जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद कृष्णमुरारी गुप्ता संतोष शुक्ला दयाशंकर पांडेय महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह रजनीश रघुवंशी, विनय श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, संतोष बैसवार ध्रुवकांत दुबे, चन्द्रविजय पटेल, धीरेंद्र जायसवाल, राजबहादुर सिंह, अनिल दुबे, ने किसानों को तिलक लगाकर व पुष्पार्चन कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा नार सिंह पटेल व अनिल सिंह ने किया।

# अफगान जनता की स्थिति

## आतंक और भूख

**आतंक** के साथ ही भूख और पोषण की कमी अफगान जनता को परेशान कर रही है। समय आ गया है कि अफगानिस्तान में भूख और आतंक के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाए। राहत गतिविधियों में लगे संरा. संगठनों की गतिविधियां प्रभावित होने के कारण लाखों लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है क्योंकि विशाल ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद भोजन का स्टाक एक महीने से अधिक नहीं चल सकता है। ऐसे में भूख और पोषण की कमी देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में ले जा रहे हैं। शहरी दूकानों में भी आवश्यक वस्तुओं का भंडार समाप्त हो रहा है। सब्जियों की कमी से इनकी कीमतें दूनी हो गई हैं। 15 अगस्त को तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद से लोग घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं जिससे दूकानों का सामान समाप्त हो गया है तथा उनमें नया सामान नहीं आ रहा है। आटा और तेल की कीमतें पहले ही गरीबों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। गांवों में स्थिति और खराब है जहां गरीब लोग भविष्य में बीज के लिए एकत्र गेंहूं व अन्य अनाज खा रहे हैं। वैसे भी सूखा और अकाल कई बार इस देश को अपना शिकार बना चुके हैं। भूख के साथ ही जनसंख्या के बड़े हिस्से के पलायन का खतरा है। अगस्त के पहले ही लड़ाई के कारण 6,00,000 से अधिक अफगानों को अपने घर छोड़ने पड़े थे। संरा. एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 3.5 मिलियन लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हैं। कम से कम 10 मिलियन बच्चों का बड़ा हिस्सा कुपोषित है और वे जीवित रहने के लिए भी मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। संरा. विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि अनेक अफगानों के पास समुचित भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं है। इसका कारण बैंकों का 15 अगस्त के बाद से बंद रहना है। तालिबान अब बैंकों से बात कर रहे हैं कि वे अपनी शाखायें खोलें, लेकिन उन्होंने बैंकों से साप्ताहिक निकासी की सीमा 200 डालर तय कर दी है।



अफगानिस्तान के अर्थशास्त्री अब निर्वासित हैं। उन्होंने जोर दिया है कि वर्तमान स्थिति से मुद्रा कमजोर हो सकती है, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है तथा पूंजी से नियंत्रण समाप्त हो सकता है। अधिकांश सिविल कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। बहुत से अन्य लोगों का दावा है कि तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद उनके वेतन में 75 प्रतिशत तक की भारी कटौती की गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि तालिबान को इन स्थितियों से चिन्ता है। उनकी ओर से कोई कारगर आर्थिक फैसला सामने नहीं आया है। उनका योगदान केवल संकट से निपटने के लिए कुछ अनजान अधिकारियों को केन्द्रीय बैंक का नेतृत्व सौंपने तक सीमित है। उनके कामकाज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन तालिबान नेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि कहा जाता है कि उनके पास अफीम व अन्य नशों के व्यापार से काफी पैसा एकत्र हुआ है। वे आंतरिक झगड़ों में उलझे हैं जो अंतरिम व्यवस्था की घोषणा के बाद से तीखे हुए हैं। तालिबान अपने अस्तित्व की बहस में उलझे हैं जो शहरी राजनीतिक शक्तियों तथा कट्टरपंथी सशस्त्र कमांडरों के बीच है और जिनका प्रतिनिधित्व मुल्ला अब्दुल गनी बरादर व खलीलुर रहमान हक्कानी कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या तालिबान बाकी दुनिया के साथ एक खेल खेलते हुए उसे आर्थिक व्यवस्था बहाल करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्या वे प्रतीक्षा कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पुनर्वास कार्यों के लिए पैसा दे? अथवा क्या वे अंतरिम सरकारी व्यवस्था को मान्यता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं? इसका संबंध अफगान सरकार की अरबों डालर की परिसंपत्तियां फ्रीज होने से है जिन पर केवल मान्यता प्राप्त सरकार को ही अधिकार मिल सकता है।

# भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है।

**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)





वर्तमान समय में कृषि पर सार्वजनिक विमर्श उसकी मार्केटिंग व्यवस्था पर केन्द्रित है जिसकी पृष्ठभूमि पिछले साल पास हुए तीन विवादास्पद कृषि कानून हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में सर्वोच्च न्यायालय ने इनके क्रियान्वयन पर अस्थाई स्थगनादेश देते हुए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थी जिसकी रिपोर्ट मार्च से स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही है। सरकार ने कानून में विशिष्ट परिवर्तनों के सुझाव मांगे थे, पर इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा प्रदर्शनकारी इन कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की जिद कर रहे हैं। यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक हो गया है। केवल मार्केटिंग पर ध्यान केन्द्रित होने से पानी का बढ़ता संकट, मृदा क्षरण व पर्यावरण क्षरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं जा रहा है। वर्तमान कृषि व्यवहारों के कारण खासकर हवा में नाइट्रोजन प्रदूषण तथा जल प्रदूषण बढ़ रहा है। इन मुद्दों और सरोकारों पर की चर्चा जरूरी है। महामारी से ग्रस्त दुनिया में समयबद्ध रूप से भूख और कुपोषण को 2030 तक समाप्त करना अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकता तथा संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शामिल है जिसे पर्यावरणीय हितैषी तरीके से करना है। जल्द ही वैश्विक तैयारियों की समीक्षा के लिए खाद्य व्यवस्था सम्मेलन होने वाला है। सबके लिए सुरक्षित व पोषक खाद्य प्राप्त करने, टिकाऊ उपभोग पैटर्नों के विकास, प्रकृति के प्रति सकारात्मक उत्पादन, समतापूर्ण आजीविकाओं को बढ़ावा तथा जोखिमों, आपातस्थितियों व दबावों से निपटने की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

हालांकि, भारत ने अपने प्रचुर अन्न भंडारों के प्रयोग का प्रस्ताव अत्यधिक भूख से निपटने के लिए किया है, पर भारत ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है। इस बारे में कुछ सुझावों पर गौर किया जा सकता है। 1960 के दशक मध्य तक लगातार सूखे का शिकार होने के कारण भारत 'जहाजों से मुंह तक' वाली अर्थव्यवस्था बन गया था और उसे अमेरिका से पीएल 480 के अंतर्गत मिलने वाले गेंहूं की प्रतीक्षा रहती थी। आज भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है तथा चीन के बाद गेंहूं व चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। तिलहन और दालों को छोड़ कर भारत अब अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। यह उपलब्धि 1960 के दशक में 'हरित क्रांति' से प्राप्त हुई है। लेकिन हरित क्रांति का एक नकारात्मक प्रभाव पोटैशियम व फास्फोरस पाने के लिए अन्य रासायनिक उर्वरकों व मुख्यत: नाइट्रोजन हेतु यूरिया प्रयोग के रूप में सामने आया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि दलहनी फसलों की जड़ों में रहने वाले बैक्टीरिया 'नाइट्रोजन स्थिरीकरण' करते हैं। वे वातावरण में मौजूद नाइट्रोजन व नाइट्रोजन यौगिकों का प्रयोग उर्वरकों के रूप में करते हैं। इस प्रकार ये पौधे स्वाभाविक रूप से मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाते हैं। 'फसल चक्र' के परंपरागत कृषि व्यवहार में अन्य फसलों के बीच दलहनी पौधे लगाए जाते थे जो मृदा में नाइट्रोजन की कमी पूरी करते थे।

हरित क्रांति ने ऐसे अनेक व्यवहार बदल दिए हैं। इससे उत्पादन बढ़ा, लेकिन तीन अन्य प्रभाव भी हुए। पहला, इसका प्रभाव मुख्यत: कुछ अन्नों, मुख्यत: गेंहू व चावल तक सीमित था और यह पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कुछ अतिरिक्त जल वाले क्षेत्रों तक केन्द्रित था। लेकिन अब यहां पानी अधिक नहीं है तथा पानी का तल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। नई किस्मों के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत होती है जिनके हवा और पानी में मिलने का खतरा है। चावल, गेंहूं और गन्ना की फसलें सिंचाई वाले पानी का 75 से 80 प्रतिशत प्रयोग करती हैं। इस स्थिति में जल के ज्यादा समतापूर्ण वितरण हेतु ज्वार, दालों, तिलहन व बागवानी के रूप में कृषि विविधीकरण की आवश्यकता है। इससे टिकाऊ व पर्यावरण हितैषी खेती का विकास होगा जो पोषण में कमी की समस्या से निपटने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दालों, फलों व सब्जियों के बजाय अनाजों और गन्ने पर ज्यादा निर्भरता स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

इसके बावजूद कुछ दिग्भ्रमित पर्यावरणविदों ने किसानों को पर्यावरणीय रूप से गैर-टिकाऊ तरीके अपना कर अनाजों के अति-उत्पादन के लिए भ्रमित किया है। ऐसे में संरा एजेंसियों-एफएओ, आईएफएडी, डब्लूएचओ, यूनीसेफव डब्लू एफपी द्वारा 13 जुलाई, 2020 को जारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा व पोषण स्थिति रिपोर्ट पर गौर करना जरूरी हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम पांच साल से जारी प्रवृत्ति को देखते हुए कुपोषित लोगों की संख्या 2030 तक 84 करोड़ से अधिक हो जाएगी, जबकि एसडीजी लक्ष्यों के अनुसार इसे शून्य पर लाना है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों से पैदा पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा भी है। नाइट्रोजन प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ रही है।

किसानों को पहले गेंहूं व चावल की उत्पादकता में चार से दस गुना वृद्धि की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने लगातार उर्वरक व खासकर सस्ती यूरिया का प्रयोग बढ़ाना जारी रखा। इससे मृदा का प्राकृतिक स्वास्थ्य नष्ट हुआ तथा उसे यूरिया का 'नशा' हो गया। उर्वरकों की प्रभावक्षमता घटने के कारण किसान न्यूनतम आवश्यकता के बजाय ज्यादा फसल पैदा होने की उम्मीद में अधिक उर्वरक प्रयोग करने लगे। वैज्ञानिकों ने पाया कि फसलें आमतौर से खेतों में छिड़के जाने वाले उर्वरकों से केवल 30 प्रतिशत नाइट्रोजन प्रयोग करती हैं, जबकि बाकी पर्यावरण में मिल कर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। फसलों तथा पशुपालन को शामिल करने वाली विश्व खाद्य व्यवस्था में 'नाइट्रोजन प्रयोग क्षमता' बहुत कम, केवल 15 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि नाइट्रोजन रसायनों का 85 प्रतिशत हवा या भूमिगत जल में मिल जाता है अथवा सतह पर फैल जाता है। इससे हवा, मृदा व ताजे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा जलवायु परिवर्तन होता है। इस कारण परिस्थितिकी व मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। नाइट्रस आक्साइड अत्यधिक हानिकारक ग्रीनहाउस गैस है जो कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में 300 गुना वातावरणीय गरमी रोकती है। भारत में कृषि के कारण लगभग 70 प्रतिशत नाइट्रस आक्साइड उत्सर्जन होता है। भारतीय नाइट्रोजन आंकलन, 2017 के अनुसार इसमें से 77 प्रतिशत का योगदान उर्वरक व मुख्यत: यूरिया करते हैं। भारत में अनाज 69 प्रतिशत नाइट्रोजन उर्वरकों का प्रयोग करते हैं और इस प्रवृत्ति में 1970 से हर साल लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि हो रही है।

यूरिया के अत्यधिक उपयोग तथा उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के कारण नीम-कोटेड यूरिया का महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप किया गया था। यूरिया पर नीम की कोटिंग से यह पानी में जल्दी नहीं घुलती है तथा मृदा को अतिरिक्त प्राकृतिक कीटनाशक मिलता है। इससे हमें धीरे-धीरे रसायन मुक्त खेती की ओर लौटने का अवसर मिलता है। हम श्रीलंका के रास्ते पर नहीं चल सकते हैं जिसने डालर के गंभीर संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे खाद्य उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा आपातस्थिति लगानी पड़ी है।

रसायन-मुक्त खेती या आर्गेनिक खेती या जीरो बजट प्राकृतिक खेती की ओर परिवर्तन अभी तेज नहीं हुआ है। वर्तमान समय में लगभग 30 लाख किसान 38 लाख हेक्टर कृषि क्षेत्र पर आर्गेनिक खेती करते हैं तथा 7,000 करोड़ की निर्यात व 4,400 करोड़ की घरेलू मांग पूरी करते हैं। घरेलू मांग 17 प्रतिशत की गति से बढ़ रही है। अनुमान है कि आर्गेनिक खाद्य बाजार 2021 के अंत तक 87.1 करोड़ हो जाएगा जो 2016 में 53.3 करोड़ था। आर्गेनिक उत्पादों के निर्यात में पिछले साल की तुलना में 2021 में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के बीच आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात 8,19,250 मीट्रिक टन था जिससे 948 मिलियन डालर मिले।

'श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट' एक टिकाऊ आजीविका उद्यम है जिसने देश के 45,000 से अधिक किसानों को आर्गेनिक खेती से जोड़ा है। कंपनी ने 15 राज्यों में दो लाख एकड़ जमीन पर आर्गेनिक खेती शुरू कराई है। इसके लगभग 200 उत्पाद 10,000 स्टोरों में बेचे जाते हैं तथा '24 मंत्रा' ब्रांड नाम से 50 देशों में निर्यात किए जाते हैं। 'जैविक खेती' वेब पोर्टल बेहतर कीमतों के लिए किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ता है। ये उत्साहवर्धक लेकिन बहुत छोटे कदम हैं। आर्गेनिक खेती को अमीरों की सनक और महंगी माना जाता है और यह उस समय तक जनता में व्यापक नहीं हो सकती है जब तक आर्गेनिक उत्पाद सस्ते तथा प्रमाणित न हों। लेकिन सवाल यह भी है कि किसानों की 'महापंचायतें' भारतीय कृषि के समक्ष मौजूद इन चुनौतियों पर कब चर्चा करेंगी?

# पीएम मोदी की दूरदर्शिता एवं करिश्माई नेतृत्व

**जासिम मोहम्मद**
(लेखक एक प्रोफेसर एवं नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र, अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष हैं)



इस साल 17 सितंबर को, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 71 वर्ष के हो गए, तो उनके प्रशंसकों ने राजनीतिक रेखाओं को काटते हुए खुद को याद दिलाया कि कैसे वह एक दूरदर्शी और करिश्माई राजनेता साबित हुए हैं, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हैं। यहां तक कि उनके विरोधियों को भी स्वीकार करना होगा कि उनकी सार्वजनिक छवि चमकती है, जैसा कि हाल ही में मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वेक्षण से पता चलता है कि उन्हें दुनिया के 13 नेताओं में सबसे लोकप्रिय माना जाता है।

70 प्रतिशत तक की स्वीकृति रेटिंग के साथ, उन्हें सबसे ऊंचे नेता के रूप में ताज पहनाया गया, उसके बाद मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 64 प्रतिशत के स्कोर के साथ थे। उनके बाद इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी (63 प्रतिशत), जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल (52 प्रतिशत), अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन (48 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन (48 प्रतिशत), कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ( 45 फीसदी), यूके के पीएम बोरिस जॉनसन (41 फीसदी), ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (39 फीसदी), दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन (38 फीसदी), स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज (35 फीसदी) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (34)।

इसमें कोई शक नहीं, 24 सितंबर को जब मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, तो उनके राष्ट्रपति बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार अफगानिस्तान सहित विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति बिडेन से मिलने की संभावना है। कई कारण हैं कि मोदी ने विश्व स्तर पर वह हासिल किया है जो कई अन्य भारतीय पीएम विफल रहे। उनमें से एक सार्वभौमिक दूरदर्शिता है जिसका श्रेय उन्हें दिया जाता है। वह आगे आने वाली चुनौतियों का पूर्वाभास कर सकता है और उनके लिए समाधान तैयार कर सकता है। इस गुण ने उन्हें न केवल अपने पूर्ववर्तियों से अलग बना दिया बल्कि उन्हें अन्य शीर्ष विश्व नेताओं से आगे रखा। कोविड-19 महामारी का ही मामला लें, जिसने पिछले साल दुनिया को ठप कर दिया था। घर पर



विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करते हुए, मोदी एक वैश्विक मसीहा के रूप में उभरे और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारतीयों को टीके की आपूर्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हो, टीकों के साथ अन्य देशों तक पहुंचें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्होंने 9 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य को प्रमुख वैश्विक एजेंडा में बदल दिया। उन्होंने विकास की दुनिया से परे फार्मा और वैक्सीन उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने के द्वारा टीकाकरण की गति और पहुंच को बढ़ाकर 'बिल्डबैक' को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में मोदी की एक और बड़ी सफलता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक रुख और अमेरिका द्वारा सैनिकों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में नाटकीय रूप से सामने आई अभूतपूर्व स्थिति के बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की उपस्थिति में उनकी पुष्टि थी। कम्युनिस्ट चीन के रुख के मद्देनजर, जिसने न केवल व्यावसायिक हितों के लिए बल्कि गुप्त रणनीतिक उद्देश्यों के लिए भी अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ तालिबान के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है, एक ऐसा विकास जो भारत के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मोदी चतुराई से चार अन्य देशों को नई दिल्ली घोषणा से जोड़ने में सफल रहे हैं।

संयुक्त प्रस्ताव ने रेखांकित किया : "हम अफगानिस्तान में नवीनतम घटनाओं का पालन करते हैं। हम हिंसा से बचने और शांतिपूर्ण तरीकों से स्थिति को सुलझाने का आह्वान करते हैं। हम स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक समावेशी अंतर-अफगान वार्ता को बढ़ावा देने में योगदान करने की आवश्यकता पर बल देते हैं, देश में नागरिक शांति, कानून और व्यवस्था। हम हामिद करजई काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास आतंकवादी हमलों की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मौतें और घायल हुए। हम आतंकवाद से लड़ने की प्राथमिकता को रेखांकित करते हैं, जिसमें आतंकवादी के प्रयासों को रोकना भी शामिल है। संगठनों को अफगान क्षेत्र को आतंकवादी अभयारण्य के रूप में उपयोग करने और अन्य देशों के खिलाफ हमले करने के लिए, साथ ही साथ अफगानिस्तान के भीतर नशीली दवाओं के व्यापार के लिए। हम मानवीय स्थिति को संबोधित करने और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों सहित मानवाधिकारों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।"

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले रूस और भारत ने नई दिल्ली में एनएसए स्तर की वार्ता के दौरान अफगानिस्तान पर आपस में समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की थी। नई दिल्ली की घोषणा में मोदी की ओर से पाकिस्तान के लिए एक परोक्ष लेकिन कड़ी चेतावनी भी दी गई है, जो ब्रिक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन चीन के साथ जुड़ा हुआ है और तालिबान जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन करके अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई और भारत के अनुकूल सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

सैन्य रूप से अगर चीन, पाकिस्तान के इशारे पर, भविष्य में भारत को निशाना बनाकर अफगानिस्तान से कोई शरारत करने की हिम्मत करता है, तो मोदी और तीन अन्य देशों के नेताओं को समझौते के उल्लंघन के लिए जिनपिंग का सामना करने का पूरा अधिकार होगा। और यह निश्चित रूप से बीजिंग या इस्लामाबाद के नेताओं के लिए अच्छा अनुभव नहीं होगा।

## आप की बात

### सामाजिक भेदभाव

**समाज** प्रकृति में क्षणिक है, जो लोगो को अपनी सोच, मानसिकता और जीवन शैली को विकसित करने की मांग करता है। समाज के सच्चे प्रतिनिधि उसके लोग हैं, जिनका कर्तव्य भेदभावपूर्ण रहित प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना होता है। लेकिन जब हम जमीनी हकीकत देखते हैं तो बात कुछ और ही होती है, लोग समाज में खुद को हैसियत में बांटते नजर आते हैं। दरअसल सामाजिक भेद कई प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा का गला घोट देता है और ये सिलसिला पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। यही कारण है की समाज का एक तबका अपनी आकांक्षाओं को कुचलकर जीने पर मजबूर है। असल में भेद का भाव रखना अनुचित कहलाता है, ये समाज को अंदर से खोखला कर देता है तथा सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करता है। पिछड़े वर्ग, उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने और ऐसी अजीब मानसिकता को हतोत्साहित करने के लिए हमें अपने घरों से ही शुरुआत करने की जरुरत है। ये चीजें पीढ़ी दर पीढ़ी चलती हैं, हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि किसी भी स्थिति में वह किसी के साथ भेदभाव न करें। समाज के प्रतिनिधि होने के नाते यह हमारा फर्ज है कि हम उस वर्ग को आगे लेकर आए जो पिछड़ा हुआ है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### फैल रहा आतंक का जाल

**पाकिस्तानी** गुप्तचर एजेंसी आई एस आई समर्थित मॉड्यूल के 6 आतंकियों को ए टी एस ने उप्र के चार शहरों से गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौप दिया गया। दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस को छह आतंकियो के सक्रिय होने की खबर दिया था। मंगलवार को रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में छापे मारी कर 6आतंकियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विस्फोटक व असलहे बरामद किया। पकड़े गए जीशान ने पाकिस्तान जाकर आतंकी कंप में प्रशिक्षण लिया था। दिल्ली और यूपी पुलिस लगातार छापेमारी कर कानपुर में आतंकियो को पकड़ने की कोशिश कर रही है। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पकड़े गए आतंकी आई एस आई व अंडरवर्ड से जुड़े थे। जो देश में खौफनाक संसद जैसी घटनाओं को अंजाम देना चाहते थे। इन आतंकियों को पाक में आतंकी कैम्प में प्रशिक्षण देकर जेहादी बनाया गया था। पाकिस्तान में पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी और सेना लश्कर ए तैयबा व जैश ए मोहम्मद को भी थट्टा इलाके में बने कैम्प में प्रशिक्षण दिया जाता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### पत्रलेखन और साहित्य

**हस्त** लिखित कला में पत्र लेखन विधा कम्प्यूटर युग में खो सी जाने लगी है। सबकुछ कम्प्यूटर में आनलाइन उपलब्ध होने लगा है। ईमेल के चलते पत्र लेखन के प्रति लोगों की रुचि अब खत्म होती नजर आ रही है। सुन्दर अक्षरों की लिखावट के शालाओं में अंक दिए जाते थे । साथ ही सुन्दर लेखन की तारीफे होती थी। जो जीवन पर्यन्त तक साथ रहती थी। सुन्दर लेखन प्रतियोगिता भी होती थी ,अब ये विधा शायद विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची है। किन्तु अब एक आशा की किरण में एक नई ऊर्जा का समावेश हुआ। पत्र लेखन को विलुप्त होने से बचाने पत्र लेखन विधा और साहित्यिक किताबों के प्रति अनुराग को हमें जारी रखना होगा।साहित्य एक सागर के समान है। जितना ज्ञान प्राप्त करेंगे ज्ञानार्जन में वृद्धि होगी। पत्र लेखन में नए विचारों का उदय होता वही साहित्यिक किताबे ता उम्र तक साथ इंसानों को देती है। बस इनके लिए लिखना, पढ़ना जारी रखना होगा। बेहतर होगा आने वाली पीढ़ी इस शौक को बरकार रख सकें।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**सत्ता** में आने के 24 घंटे के भीतर आप यूपी में हर एक व्यक्ति को आवासीय उपयोग के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री



**हम** किराए की बंदूक की तरह थे। हमें अफ़गानिस्तान में अमेरिका को युद्ध जीत दिलाना था, जो हम कभी नहीं कर सके।

– **इमरान खान**
पाक वज़ीरे आज़म



**दिल्ली**-मुंबई एक्सप्रेसवे से हरियाणा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अन्य राज्यों के साथ इसकी कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

# मोदी ने वह काम कर दिखाए, जिन्हें असंभव माना जाता था: नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके नेतृत्व की जमकर प्रशंसा की और जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त करने तथा तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने जैसे केंद्र सरकार के फैसलों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उन्होंने कई ऐसे काम कर दिखाएं हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर नड्डा ने भाजपा के 20 दिनों के सेवा और समर्पण अभियान की शुरुआत की। साथ ही गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के पिछले सात साल को मिलाकर उनका 20 साल का



कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा इस अभियान के तहत कई कल्याणकारी कार्यक्रम चलाएगी। एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि के रूप में नरेंद्र मोदी का 20 वर्षों का कार्यकाल सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रयासों से प्रभावित रहा है। उन्होंने कहा, उन्होंने (मोदी) बहुत से ऐसे कार्य किए हैं, जिनके बारे में कभी सोचा भी नहीं जा सकता था कि उन्हें कभी पूरा किया जाएगा। अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, तीन तलाक पर रोक, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सुनिश्चित होना, आतंकवाद पर सर्जिकल और एयरस्टाइक होना, वन रैंक और वन पेंशन, 55 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ...यह सभी काम प्रधानमंत्री ने पिछले सात सालों में किए हैं, जिन्हें असंभव समझा जाता था।

### कांग्रेस ने बधाई दी, विफलताएं भी गिनाईं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुक्रवार को उन्हे बधाई दी, साथ ही उनकी सरकार की विफलताओं का हवाला देते हुए कहा कि उनके जन्मदिन को बेरोजगारी दिवस , किसान विरोधी दिवस , कोरोना कुप्रबंधन दिवस और महंगाई दिवस के रूप में मनाना उपयुक्त रहेगा। पार्टी की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस और महिला इकाई अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने महंगाई दिवस के रूप में मनाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, जन्मदिन की बधाई, मोदी जी। बाद में प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस की ज़रूरत ही नही पड़ती अगर भाजपा जनता के लिए काम करती- मित्रों के लिए नहीं।

## चारधाम यात्रा आज से शुरू होगी

**भाषा।** देहरादून

**कोविड-19** महामारी के कारण लंबे समय तक स्थगित रहने के बाद इस वर्ष की चारधाम यात्रा शनिवार को शुरू हो रही है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा चारधाम यात्रा पर रोक हटाए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को राज्य सरकार ने कोविड-19 संबंधी नियमों के एसओपी जारी कर दी। उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्र के चारधाम के नाम से प्रसिद्ध बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर हर साल अप्रैल-मई में दर्शनों के लिए खुलते हैं लेकिन इस बार कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण यह यात्रा शुरू नहीं हो पाई। न्यायालय के श्रद्धालुओं की संख्या सीमित रखे जाने के निर्देशों के मददेनजर एसओपी में बदरीनाथ में प्रतिदिन अधिकतम 1000, केदारनाथ में 800, गंगोत्री में 600 और यमुनोत्री में 400 श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित कर दी गई है।



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वां जन्मदिन पर पटना के साईं मंदिर में अनुष्ठान किए

### कर्नाटक ने ऑनलाइन जुआ पर प्रतिबंध लगाने के लिए विधेयक पेश किया

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार ने राज्य मे ऑनलाइन जुआ या सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए विधानसभा मे शुक्रवार को एक विधेयक पेश किया, जिसमे किसी तरह के उल्लंघन पर तीन साल तक की अधिकतम कैद की सजा या एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने कर्नाटक पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2021 पेश किया। विधेयक मे लॉटरी या राज्य के अंदर या बाहर किसी रेसकोर्स मे घुड़दौड़ पर सट्टेबाजी को शामिल नही किया गया है।

### मुंबई: गणपति उत्सव के सातवें दिन 15,000 से अधिक मूर्तियों का विसर्जन

**मुंबई।** गणपति उत्सव के सातवे दिन पूरे मुंबई मे देवी गौरी की 213 मूर्तियो सहित कम से कम 15,295 मूर्तियों को समुद्र, झीलो और तालाबो मे विसर्जित किया गया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बीएमसी के अधिकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को गणेश उत्सव के सातवे दिन विसर्जन के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है। अधिकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को विसर्जित की गई 15,295 मूर्तियो मे से 6,818 मूर्तियां कृत्रिम तालाबों मे विसर्जित की गईं। प्राकृतिक जल निकायो मे भीड़ से बचने के लिए शहर भर मे कृत्रिम तालाबों को बनाया गया था। इससे पहले गणपति उत्सव के दूसरे और पांचवे दिन क्रमश: 41,000 और 66,000 मूर्तियों को विसर्जित किया गया था।

### तेंदुए और बाघ के हमले में दो लोगों की मौत

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली जिले मे पशु हमले की अलग-अलग घटनाओ मे एक बुजुर्ग और सात वर्ष के बच्चे की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उप वन संरक्षक (डीसीएफ) वडसा धर्मवीर साल्विथल ने कहा कि मंगलवार को जिले के अरमोरी तालुका के देलोधा गांव मे 62 वर्षीय एक व्यक्ति पर बाघ ने हमला किया, जिसमे बुजुर्ग व्यक्ति की जान चली गई। उन्होने बताया कि यह व्यक्ति मशरूम लेने के लिए एक बाग मे गया था और जब वह शाम को घर नही लौटा तो उसकी तलाश की गई और बुधवार को सुबह उसका शव जंगल मे मिला। अधिकारी ने बताया कि बुधवार को गढ़चिरौली के चमोर्शी तालुका के मार्कंडा (कंसोबा) वन मे सात वर्षीय एक लड़के पर तेंदुए ने हमला किया और उसे मार दिया। उन्होने कहा कि बालक मनोज देवावर अपने परिवार के साथ भेड़ चराने गया था, तभी एक तेंदुए ने उस पर हमला कर उसे मार डाला।

## अमेठी में एक परिवार उत्पीड़न करता रहा लेकिन विकास नहीं किया : गिरिराज

**भाषा।** अमेठी

**केंद्रीय ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश का एक परिवार वर्षों तक अमेठी और अमेठी के लोगों का उत्पीड़न करता रहा लेकिन यहां का विकास नही किया। मंत्री ने कहा कि दुख होता है कि आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अमेठी में इलाज के लिए एक ढंग का अस्पताल नही है। उन्होंने कहा कि जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का कार्यालय तक नही बन पाया है और न ही कोई अन्य विकास



हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में उप्र विधानसभा के आगामी चुनाव के सवाल पर सिंह ने कहा, योगी जी के नेतृत्व मे भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार पुन: 2022 में बनेगी। गुंडों का सफाया होगा। योगी जी हैं तो गुंडे मवाली कहां रूक सकते हैं। उप्र से कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के विधान सभा चुनाव लड़ने के सवाल पर गिरिराज ने कहा कोई भी लड़े, फर्क नहीं पड़ने वाला है। इससे पूर्व सैनिक स्कूल परिसर कौहार में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि अमेठी की जिम्मेदारी 55-60 सालों से जिन लोगों के पास थी, उन्होंने अमेठी का विकास नही किया, लेकिन (स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री) स्मृति (ईरानी) के नेतृत्व में अमेठी का तेजी से विकास होगा, यहां के हर ग्रामीण इलाके को पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा।

## जहां कभी राजनीति का दंगल होता था, आज वहां खेल हो रहा है : स्मृति

**भाषा।** अमेठी



उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आई केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को कहा कि जहां कभी राजनीति का दंगल होता था, आज वहां खेल का आयोजन हो रहा है। अमेठी जिले के कौहार में स्थित सैनिक स्कूल के परिसर में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले जो लोग थे, उन्होंने न तो अमेठी का भला किया और न ही खेल को बढावा देने का काम किया। स्मृति परोक्ष रूप से अमेठी के पूर्ववर्ती कांग्रेस सांसदों का हवाला दे रही थी। स्थानीय सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन है, उनके द्वारा लगातार खेल को बढावा देने का काम किया जा रहा है और खिलाड़ियों को मदद देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेठी सैनिक स्कूल की स्थापना प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से हुई है जिसके परिसर में आज कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा हैं।

## क्विक न्यूज

### भागवत ने आरएसएस के विस्तार का आह्वान किया

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को स्वयंसेवकों से संघ के शताब्दी वर्ष से पहले संगठन के विस्तार का आह्वान किया। वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन किया गया था। एक बयान में कहा गया है कि उदयपुर में चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के आरएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भागवत ने उनके क्षेत्र में कोरोना वायरस की स्थिति और संघ द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। बयान में कहा गया है कि भागवत ने संघ के शताब्दी वर्ष से पहले संगठन के तेजी से विस्तार की आवश्यकता का आह्वान किया और स्वयंसेवकों से इसमें पूरा समय देने का आग्रह किया।

### भक्तों के बिना होगा तिरुपति ब्रह्मोत्सवम

**तिरुपति।** तिरुमाला में सात अक्टूबर से शुरू होने वाला भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का नवरात्रि ब्रह्मोत्सवम कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के कारण भक्तों की भागीदारी के बिना आयोजित किया जाएगा। इस पहाड़ी मंदिर को संचालित करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एक शीर्ष पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। पत्रकारों से बात करते हुए, टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी ने कहा कि पिछले साल के त्योहार की तरह, इस साल के नवरात्रि ब्रह्मोत्सवम भी भक्तों और टीटीडी कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भक्तों की भीड़ और दिव्य जुलूसों के बिना मंदिर के अंदर मनाया जाएगा।

### पुडुचेरी में 86 नए मामले, एक की मौत

**पुडुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 86 नए मामले सामने आए, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या।,25,256 हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को स्वास्थ्य निदेशक जी. श्रीरामुलू ने दी। उन्होंने बताया कि 5057 नमूनों की जांच के बाद नए मामलों की पहचान हुई। ए मामले पुडुचेरी (46), कराइकल (23), माहे (15) और यानम (2) में सामने आए हैं। श्रीरामुलू ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 919 हो गई है, जिनमें से 158 अस्पतालों में हैं और 761 गृह पृथक-वास में हैं।

### केरल सरकार ने 11 वीं की परीक्षाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने 11वीं की परीक्षाएं परीक्षा भवन में शारीरिक उपस्थिति के साथ आयोजित करने की अनुमति देने के उच्चतम न्यायालय के आदेश का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि वह कोविड-19 नियमों का अनुपालन करते हुए परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तैयार है। राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवकुट्टी ने निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकतर छात्र ऑफलाइन (परीक्षा भवन में बैठ कर) तरीके से परीक्षाएं देना चाहते हैं। उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### शिअद ने कृषि कानूनों के खिलाफ निकाला मार्च, सुखबीर, हरसिमरत तथा अन्य हिरासत में

**नई दिल्ली।** केन्द्र के तीन नए कृषि कानूनों के संसद से पारित होने का एक वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने काला दिवस मनाया और पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में सैंकडों कार्यकर्ताओं ने यहां कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। दिल्ली पुलिस ने शिअद अध्यक्ष बादल, पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल और पार्टी के कई अन्य नेताओं को हिरासत में लिया। विरोध मार्च गुरुद्वारा रकाबगंज से संसद भवन तक निकाला गया।

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों ने पुलिसकर्मी की हत्या की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों ने एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम करीब छह बजकर पांच मिनट पर आंतकवादियों ने बंटो शर्मा नाम के पुलिसकर्मी पर गोली चलाई जिससे वह घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश जारी है।

### कश्मीरी प्रवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार : सोनोवाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को बारामूला में कहा कि कश्मीरी प्रवासी कश्मीर की समग्र संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के इस जिले में ख्वाजाबाग में एक पारगमन शिविर का शिलान्यास करने के बाद यह बात कही। सोनोवाल ने कहा, प्रवासी कश्मीरियों के पुनर्वास के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं ताकि वे अपनी जन्मभूमि पर अमन-चैन के साथ रहें। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब विभिन्न धर्म और आस्थाओं के लोग शांति तथा समृद्धि के साथ रहें।

## नीति आयोग ने केंद्रीय विवि में लोक नीति एवं नियोजन विभाग स्थापित करने का दिया सुझाव

**भाषा।** नई दिल्ली

**नीति आयोग** ने हिमालई क्षेत्रों के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्रीय विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थाओं में लोक नीति एवं नियोजन विभाग स्थापित करने का सुझाव दिया है। भारत में शहरी योजना क्षमता में सुधार विषय पर नीति आयोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में यह बात कही गई है। नीति आयोग ने सुझाव दिया है कि हिमालई क्षेत्रों के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में केंद्रीय विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थाओं में पर्वतीय क्षेत्र नियोजन, पर्यावरण योजना, ग्रामीण क्षेत्र संबंधी नियोजन, क्षेत्रीय योजना जैसे विषयों में विशेषज्ञता से युक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करना चाहिए। अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के केंद्रीय विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थाओं को प्लानिंग विषय में स्नातकोत्तर डिग्री कोर्स शुरू करने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय इतिहास में मानव बस्तियों के प्रबंधन एवं योजना को लेकर काफी ज्ञान भंडार है। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राचील काल के शहरी योजना सिद्धांतों एवं पद्धतियों की गहरी समझ होने से भारतीय बस्तियों की उत्पत्ति और विकास को समझने में काफी मदद मिलेगी। सलाहकार समिति ने सिफारिश की है कि सभी युवा योजनाकारों को भारतीय उपमहाद्वीप में मानवीय बस्तियों के इतिहास को इस प्रकार से बताया जाना चाहिए ताकि उन्हें प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय बस्तियों की योजना एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी मिल सके। इसमें कहा गया है कि अधिकांश राज्यों ने अपना शहरी एवं ग्राम नियोजन अधिनियम लागू किया है जो नगरों, क्षेत्रों उनके स्वरूप में बदलाव का बुनियादी आधार प्रदान करते हैं।

### ईडी ने केरल की वित्तीय कंपनी और उसके प्रवर्तकों की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने निवेशकों से कथित रूप से।,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले में केरल के एक वित्तीय समूह और उसके प्रवर्तकों की 31.16 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के तहत पोपुलर फाइनेंस समूह के प्रवर्तकों की केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में स्थित भूमि और भवनों सहित 23 अचल संपत्तियों, 1132 बैंक खातों में रखा गया 32 किलोग्राम सोना, मर्सिडीज, टोयोटा आदि जैसे 18 वाहन को जब्त कर 23 सावधि जमा और 732 चालू खातों पर रोक लगाई गई है।

## उप्र में अपराधियों की हिरासत बनाम अपराध की हिफाज़त बड़ा मुद्दा: नकवी

**नई दिल्ली।** भाषा

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों की हिरासत बनाम अपराध की हिफाज़त जनता के लिए बड़ा मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नकवी उत्तर प्रदेश के रामपुर में सेवा दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों शामिल



हुए। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के दौरान सियासी आकाओं की हिफाजत में लगे गुंडे-माफिया, अब हिरासत में हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की चोट गुंडों को लग रही है, लेकिन चीख उनके सियासी संरक्षकों की निकल रही है। नकवी ने यह दावा भी किया सपा-बसपा-कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में बिना जमीन के जमींदारी और बिना जन समर्थन के जागीरदारी के लिए जद्दोजहद कर रही हैं। नकवी रामपुर के धमौरा में टीकाकरण केंद्र पर सेवा दिवस में शामिल हुए। उन्होंने लोगों से कोरोना टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री विजय गोयल समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए



शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने अपने समर्थकों के साथ कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन का एक साल पूरा होने पर गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से संसद भवन तक विरोध मार्च निकाला

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर राष्ट्रपति, मंत्रियों ने दी बधाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्रियों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभाकमनाएं दीं और उनके दीर्घायु होने की कामना की। कोविंद ने अपने संदेश में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मेरी शुभेच्छा है कि आप स्वस्थ रहें और दीर्घायु प्राप्त कर अहर्निशं सेवामहे की अपनी सर्वविदित भावना के साथ राष्ट्र सेवा का कार्य करते रहें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सशक्त व निर्णायक नेतृत्व मिला है, जिसने दशकों से अपने अधिकारों से वंचित करोड़ों गरीबों को विकास की



मुख्यधारा से जोड़कर न सिर्फ उन्हें समाज में गरिमामय जीवन दिया बल्कि अपने अथक परिश्रम से विश्वभर को यह दिखाया कि एक प्रजावत्सल नेतृत्व कैसा होता है। प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करते हुए शाह ने कहा, नरेन्द्र मोदी ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी बल्कि उसको चरितार्थ करके भी दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प व समर्पण ने देशवासियों में एक नई ऊर्जा व आत्मविश्वास पैदा किया है, जिससे आज देश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी के सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत सेवा कार्यों में भाग लें और भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्णय लेने की क्षमता, कल्पनाशीलता और दूरदृष्टि के लिए विख्यात नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक आत्मनिर्भर भारत का स्वरूप देने का जो संकल्प लिया है, वह उनकी दूरदृष्टि और प्रबल इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अपने अब तक के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने विकास और सुशासन के कई नए अध्याय लिखे हैं। भारत को सशक्त, समृद्ध और स्वाभिमानी देश के रूप में विकसित करने का स्वप्न पूरा हो।

### अहमदाबाद नगर निगम ने 71 हजार पौधे लगाए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद नगर निगम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को 71,000 पौधे लगाए। इस कार्यक्रम मे गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी शामिल हुए। अधिकारियो ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री झील के पास किया गया पौधारोपण जापानी तकनीक पर आधारित है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पौधे एक-दूसरे के पास बड़े हों तथा संबंधित भूखंड वन की तरह नजर आए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से संबंधित भूखंड को नरेंद्र मोदी वन कहा जा रहा है और यह अभियान इस साल 10 लाख पौधे लगाने की नगर निकाय की योजना का हिस्सा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, पेड़ों से शहर मे हरित आच्छादन को बढ़ाने मे मदद मिलेगी। हमें प्रदूषण को कम करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।

### जन्मदिन पर छात्रों को टैब, लैपटॉप दिए गए


**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर सी. एन. अश्वथ नारायण ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र मल्लेस्वरम में सरकारी और निगम के स्कूलों के छात्रों को।,000 टैब और 350 लैपटॉप वितरित किए। टैब हाईस्कूल के छात्रों को जबकि लैपटॉप प्राइमरी स्कूल के छात्रों को दिए गए। मंत्री ने लोगों को बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत डिजिटल शिक्षा को मजबूत बनाने के लक्ष्य से ए टैब और लैपटॉप विभिन्न संगठनों ने योगदान स्वरूप दिए है। नरेंद्र मोदी जैसा नेता होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है जो शिक्षा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों को उचित स्थान देकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

# गुजरात में व्यापक फेरबदल से दिया अहम संदेश

● **किसी राज्य में पूरी की पूरी सरकार को बदलने का गुजरात का घटनाक्रम पहली बार देखने को मिला**

भाषा। नई दिल्ली

**गुजरात** में सरकार में व्यापक फेरबदल करने और मुख्यमंत्री से लेकर समस्त मंत्रियों तक को बदलने का भारतीय जनता पार्टी का असामान्य कदम किसी भी सत्ता-विरोधी लहर की आशंका को निर्मूल करने और सभी क्षेत्रीय छत्रपों को यह स्पष्ट संदेश देने की रणनीति को दर्शाता है कि जनता का समर्थन बनाए रखने के पार्टी के प्रयास में किसी पर भी गाज गिर सकती है। किसी राज्य में पूरी की पूरी सरकार को बदलने का गुजरात का घटनाक्रम पहली बार देखने को मिला, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के



मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल से ही बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों को दरकिनार करने और नए चेहरों को लाने की रणनीति अपनाते रहे हैं ताकि मतदान के समय पार्टी को लेकर लोगों में किसी तरह की नाराजगी हो तो उसे दूर किया जा सके। यही रणनीति 2014 और 2019 में केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से दूसरी जगहों पर भी देखी जाती रही है। भाजपा ने 2017 में दिल्ली नगर निगम चुनावों में अपने एक भी मौजूदा पार्षद को नहीं उतारा था और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य के अपने 10 लोकसभा सदस्यों को टिकट नहीं दी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मजबूत प्रतिद्वंद्वी के तौर पर उभरने के बावजूद भाजपा ने तीनों नगर निगमों पर अपना नियंत्रण बरकरार रखा। भाजपा की यह रणनीति छत्तीसगढ़ में भी काम आई और पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 11 में से नौ सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार विजई हुए। भाजपा के एक नेता ने कहा, आपको एक ऐसे नेता की जरूरत है जिसके पास इस तरह के साहसिक कदम उठाने का अधिकार और जनता का समर्थन हो। जबकि इस तरह के कदमों के अपने जोखिम हैं। मोदी उसी तरह के नेता हैं। पार्टी ने गुजरात के लोगों को बिल्कुल नई सरकार दी है। अगर उन्हें पिछली सरकार से कोई नाराजगी रही होगी तो वह अब निश्चित रूप से समाप्त हो जाएगी। एक अन्य नेता ने कहा कि यह एक लोकतांत्रिक प्रयोग है और किसी सत्तारूढ़ दल ने सरकार में इतने व्यापक स्तर पर फेरबदल पहले कभी नहीं की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम के बावजूद किसी तरह के असहमति के स्वर नहीं उठने से स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का दबदबा पार्टी में कायम है।

गुजरात में अगले साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां के हालिया घटनाक्रम से चुनाव से पहले राजनीतिक विमर्श बदलना तय है। अब नई सरकार को लेकर जनता की सोच अहम होगी। अब लोग इस बात को लेकर चर्चा करने लगे हैं कि क्या भाजपा अन्य राज्यों में भी नए नेताओं को सामने लाएगी जहां वह सत्ता में है। भाजपा ने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर से निपटने के तरीकों को लेकर कुछ राज्यों की आलोचनाओं के बाद अपने शासन वाले कुछ प्रदेशों में सांगठनिक और प्रशासनिक कामकाज की व्यापक समीक्षा की है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार के मंत्रिपरिषद विस्तार में कुछ बड़े चेहरों को दरकिनार करने और बड़ी संख्या में नए चेहरों पर भरोसा जताने पर विपक्षी दलों ने मोदी पर निशाना साधा है।

भाजपा ने हाल में कर्नाटक और उत्तराखंड में भी अपने मुख्यमंत्रियों को बदला था।



मुंबई में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का एक हिस्सा गिर गया, जिसकी चपेट में आकर एक दर्जन मजूदर घायल हो गए

## एआईएमआईएम सांसद मराठवाड़ा मुक्ति दिवस समारोह में शामिल हुए

**औरंगाबाद।** एआईएमआईएम नेता और स्थानीय सांसद इम्तियाज जलील ने शुक्रवार को मराठवाड़ा मुक्ति दिवस पर ध्वजारोहण समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान सांसद अतीत में ऐसे कार्यक्रमों में अनुपस्थिति को लेकर पूछे गए सवाल से बचते नजर आए। मध्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र का बहुत बड़ा हिस्सा 1948 से पहले तक निजाम के शासन में था। मुक्ति दिवस पर स्थानीय लोगों के संघर्ष को याद किया जाता है जिन्होंने निजाम शासित प्रदेश का स्वतंत्र भारत में विलय के लिए संघर्ष किया। जलील ने सिद्धार्थ गार्डन में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया जहां तिरंगा फहराया गया। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि सांसद निर्वाचित होने के छह साल बाद वह मुक्ति दिवस समारोह में शामिल क्यों हो रहे हैं, इस पर जलील ले कहा, मैं इसके पक्ष में तर्क रख सकता हूं।

## हाथ से मैला उठाने की प्रथा समाप्त करने की जिम्मेदारी महाराष्ट्र सरकार की: हाईकोर्ट

● **महाराष्ट्र सरकार से बंबई उच्च न्यायालय ने पूछे इस मसले से जुड़े हुए कई अहम सवाल**

भाषा। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में हाथ से मैला उठाने की शर्मनाक प्रथा को खत्म करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 लागू होने के बाद क्या उसने राज्य में हाथ से मैला उठाने वाले लोगों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कराया है। साथ ही खंडपीठ ने पूछा कि उनके पुनर्वास के लिए इसने क्या कदम उठाए हैं। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि 1993 के बाद हाथ से मैला उठाने वाले कितने कर्मियों की काम के दौरान मौत हुई है और क्या राज्य सरकार ने उनके परिवार को मुआवजा दिया है। अदालत तीन महिलाओं की तरफ से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिनके पति हाथ से मैला उठाते थे और दिसंबर 2019 में गोवंदी उपनगर में एक निजी सोसायटी के सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय उनकी मौत हो गई थी। याचिकाकर्ताओं ने कानून के प्रावधानों के मुताबिक सरकार से मुआवजे की मांग की थी। अदालत ने शुक्रवार को मुंबई के जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि मुआवजे के तौर पर प्रत्एक याचिकाकर्ता को दस लाख रुपए की राशि दी जाए। अदालत ने कहा, जिलाधिकारी यह राशि याचिकाकर्ताओं के पति की मौत के जिम्मेदार व्यक्ति या संस्था से वसूल करेंगे। राशि का भुगतान चार हफ्ते के अंदर करना होगा। सरकारी वकील पूर्णिमा कंथारिया ने अदालत से कहा कि जिस कंपनी ने उन लोगों को काम के लिए नियुक्त किया था उसने घटना के बाद प्रत्एक याचिकाकर्ता के लिए सवा- सवा लाख रुपए का चेक जमा कराया था। अदालत ने निर्देश दिया कि चेक याचिकाकर्ताओं को सौंपा जाए और कहा कि शेष राशि उन्हें जिलाधिकारी सौंपेंगे। अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि उसने जितनी भी सूचनाएं मांगी है उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 18 अक्टूबर को सौंपी जाए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं के पति की मौत के सिलसिले में गोवंदी थाने में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति भी जाननी चाही।

## सीएम ने कांग्रेस प्रमुख चोडानकर पर किया पलटवार

**पणजी।** भारतीय जनता पार्टी ने पात्र 100 फीसदी लाभार्थियों को कोविड टीके की पहली खुराक दिए जाने के राज्य सरकार के दावे पर गोवा कांग्रेस प्रमुख गिरीश चोडानकर की गई टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। चोडानकर ने दावा किया था कि सरकार का 100 फीसदी पहली खुराक कवरेज का दावा गलत है क्योंकि उन्होंने और उनके परिवार ने अब तक कुछ संदेहों की वजह से टीके की खुराक नहीं ली है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को यह बयान दिया था। उसके बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उन्हें टीकाकरण प्रक्रिया के बारे में नकारात्मकता छोड़ महामारी से निपटने के प्रयासों में मदद करने की सलाह दी। सावंत ने कहा, दुनिया ने कोविड-19 टीका स्वीकार किया है और उसके बारे में कोई शंका नहीं है।

## कठिन समय से जूझ रहा श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर

भाषा। नई दिल्ली

**केरल** में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर की प्रशासनिक समिति ने न्यास की लेखा परीक्षा का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि मंदिर बहुत मुश्किल समय से जूझ रहा है और वहां चढ़ाया जाने वाला दान इसके खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। मंदिर न्यास का संचालन त्रावणकोर शाही परिवार द्वारा किया जा रहा है। समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ से कहा कि केरल के सभी मंदिर बंद हैं। उन्होंने कहा, मासिक खर्च 1.25 करोड़ रुपए है, जबकि हमें मुश्किल से 60-70 लाख रुपए मिल पाते हैं इसलिए हमने कुछ दिशा-निर्देशों का अनुरोध किया है।

बसंत ने कहा कि मंदिर वित्तीय समस्याओं से गुजर रहा है और हम इसके संचालन में सक्षम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यास लेखा परीक्षा के लिए अपना रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराकर अपने दायित्व से बचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2013 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार न्यास के पास 2.87 करोड़ नकद और 1.95 करोड़ की संपत्ति है और इसीलिए यह पता लगाने के लिए कि उसके पास कितना पैसा है, पूरी बात पर गौर करना होगा।

बसंत ने पीठ से कहा कि न्यायालय के आदेश पर एक न्यास का गठन किया गया है और उसे मंदिर में योगदान देना चाहिए। न्यास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने तर्क दिया कि यह शाही परिवार द्वारा बनाया गया एक सार्वजनिक न्यास है और इसकी प्रशासन में कोई भूमिका नहीं है और यह न्यास याचिका में पक्षकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में न्यायमित्र ने न्यास का केवल जिक्र किया है। उन्होंने कहा, इस न्यास का गठन मंदिर में परिवार की संलिप्तता वाली पूजा एवं अनुष्ठानों की निगरानी करने के लिए किया गया था और इसकी प्रशासन में कोई भूमिका नहीं है। न्यास के खातों की लेखा-परीक्षा किए जाने की न्यायमित्र की मांग के बाद ही यह उच्चतम न्यायालय के समक्ष इसका जिक्र किया गया।

दातार ने कहा कि इसकी लेखा-परीक्षा की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह मंदिर से अलग है। न्यायालय ने श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर न्यास को 25 साल का लेखा परीक्षा कराने के पिछले साल के आदेश से छूट के लिए दायर अर्जी पर सुनवाई पूरी करके अपना आदेश सुरक्षित रखा था। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने केरल उच्च न्यायालय के 2011 के उस फैसले को दरकिनार कर दिया था, जिसमें ऐतिहासिक मंदिर के प्रबंधन और सम्पत्तियों का नियंत्रण लेने के लिए एक न्यास गठित किए जाने का राज्य सरकार को आदेश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने देश में सबसे अमीर समझे जाने वाले मंदिरों में शामिल इस मंदिर के प्रशासन में त्रावणकोर शाही परिवार के अधिकार बरकरार रखे थे।

## राणे अपने खिलाफ दर्ज छह एफआईआर के लिए अलग-अलग याचिकाएं दायर करें: हाईकोर्ट

● **महाराष्ट्र के सीएम के खिलाफ विवादित टिप्पणी का मामला**

भाषा। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को निर्देश दिया कि वह मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ की गई अपनी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर राज्य भर के छह पुलिस थानों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के लिए अलग-अलग याचिकाएं दायर करें। राणे ने महाड, नासिक, पुणे, ठाणे, जलगांव और अहमदनगर में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को रद्द करने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एन जे जामदार की खंडपीठ ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि बेहतर होगा कि प्रत्एक प्राथमिकी के लिए अलग-अलग याचिका दायर की जाए। अदालत ने कहा, प्राथमिकी अलग-अलग थानों की हैं। प्रत्एक प्राथमिकी को चुनौती अलग-अलग याचिकाओं में दी जाए। इससे अभियोजन पक्ष के लिए भी प्रत्एक थाने से निर्देश लेना आसान होगा। राणे के वकील अशोक मुंदरगी और वकील अनिकेत निकम ने सहमति जताते हुए कहा कि वे अलग-अलग याचिकाएं दायर करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी मामलों में अंतरिम संरक्षण प्रदान करने का अनुरोध किया। मुंदरगी ने कहा, अभियोजन पक्ष ने पहले कहा था कि वे नासिक साइबर पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में राणे के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करेंगे। अन्य मामलों में भी इसी तरह की सुरक्षा दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि वह पहले याचिकाओं पर सुनवाई करेगी और फिर फैसला लेगी। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 30 सितंबर तय की है। अभियोजन की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी वकील जएश याज्ञनिक ने कहा कि राणे ने आश्वासन दिया था कि वह नासिक पुलिस द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करेंगे और उन्हें अपना बयान दर्ज कराने के लिए 25 सितंबर को पुलिस के समक्ष पेश होना होगा। मुंदरगी ने कहा कि राणे सहयोग करेंगे और वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश होंगे।राणे ने पिछले महीने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को देश के स्वतंत्रता के वर्ष की जानकारी नहीं होने के लिए कथित तौर पर थप्पड़ मारने की बात कही थी।

## दुर्गा मूर्ति की ऊंचाई तय करने के फैसले के खिलाफ याचिका खारिज

भाषा। कटक



**ओडिशा** उच्च न्यायालय ने राज्य में देवी दुर्गा की मूर्ति की अधिकतम ऊंचाई चार फुट निर्धारित करने के सरकार के फैसले के खिलाफ दाखिल एक याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले को किसी परंपरा या प्रथा के ऐसे आवश्यक पहलू के रूप में नहीं देखा जा सकता है, जिसके बिना त्योहार का महत्व न हो। मुख्य न्यायाधीश एस मुरलीधर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अदालत को यह समझाने में सक्षम नहीं हैं कि अगर मूर्ति की ऊंचाई चार फुट तक सीमित है, तो यह किस तरह इस अवसर की पवित्रता, उत्सव से जुड़ी भक्ति और उत्साह, व लोगों की धार्मिक भावनाओं में विपरीत तरीके से हस्तक्षेप के समान है। पीठ ने यह टिप्पणी सरकार के आदेश के खिलाफ कटक की बालूबाजार पूजा समिति और उसके तीन पदाधिकारियों द्वारा दायर याचिका पर की। अदालत ने यह भी कहा कि अन्य दुर्गा पूजा समितियों में से किसी ने भी प्रतिबंध को सार्वजनिक भावनाओं को आहत करने या उनके समारोहों में हस्तक्षेप करने वाला नहीं पाया। ओडिशा सरकार ने 9 अगस्त को पूजा आयोजकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि कोविड-19 महामारी के कारण लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरे के आलोक में दुर्गा की मूर्तियों की ऊंचाई चार फुट से कम होगी।

## कृषि कानूनों को लेकर सिद्धू ने शिअद, आप पर किया प्रहार

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** कांग्रेस के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने केंद्र के विवादास्पद कृषि कानूनों को लेकर शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी की आलोचना की और इस मुद्दे पर उन्होंने दोनों पर नाटक करने के आरोप लगाए। आम आदमी पार्टी (आप) ने सिद्धू पर पलटवार किया और उन्हें पंजाब की राजनीति का राखी सावंत बताया। राखी सावंत बॉलीवुड की अभिनेत्री हैं। सिद्धू ने बुधवार को भी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बादल परिवार पर प्रहार किया था और उन पर आरोप लगाया था कि केंद्र के कृषि कानूनों की जड़ में वही हैं जिसको लेकर किसान पिछले कई महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कानूनों को पारित किए जाने के एक वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को दिल्ली में कानूनों के विरोध में मार्च निकाला, जिसके बाद पुलिस ने दोनों नेताओं को हिरासत में ले लिया। शिअद पर प्रहार करते हुए सिद्धू ने एक बार फिर आरोप लगाया कि वे काले कानून के निर्माता एवं बचावकर्ता हैं। सिद्धू ने ट्वीट किया, काले कानून के निर्माता और बचावकर्ता आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। आपकी नौटंकी का भंडाफोड़ हो गया। सिद्धू ने आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने पिछले वर्ष उस समय कृषि कानूनों में से एक को अधिसूचित कर दिया था जब किसान कानूनों के विराध में राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर बैठे थे। सिद्धू ने ट्विटर पर एक वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली विधानसभा में केंद्रीय कृषि कानूनों की प्रतियों को फाड़कर आम आदमी पार्टी ने नौटंकी की। इस पर पलटवार करते हुए आप नेता राघव चड्ढा ने कहा, पंजाब की राजनीति के राखी सावंत -- नवजोत सिंह सिद्धू-- को कैप्टन (अमरिंदर) के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से फटकार लगी है। चड्ढा ने ट्वीट किया, इसलिए आज बदलाव के लिए उन्होंने अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाया। कल तक इंतजार कीजिए, वह फिर कैप्टन पर निशाना साधने लगेंगे। सिद्धू ने बुधवार को आरोप लगाया था कि केंद्र का एक कानून पंजाब अनुबंधित कृषि कानून, 2013 की फोटोस्टेट कॉपी है जिसे प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिअद-भाजपा सरकार ने लागू किया था।




सूरत के गुरूकुल में जलजलनी एकादशी के अवसर पर भगवान स्वामी नारायण की पूजा अर्चना करते संत

## अवैध छापे, जबरन वसूली के मामले में तीन अधिकारी समेत चार गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कालबादेवी में एक व्यक्ति के परिसर में राज्य जीएसटी कार्यालय को सूचित किए बिना कथित रूप से अवैध छापा मारने और 11 लाख रुपए की जबरन वसूली के मामले में दो बिक्री कर निरीक्षक तथा एक आयकर निरीक्षक के साथ एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि घटना जोतिकुमार जैन के कार्यालय में 14 जून को घटी थी और इस मामले में बृहस्पतिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, जैन की शहर के अनेक इलाकों में संपत्तियां हैं और उनकी तरफ से दो लोग किराया वसूलते हैं। 14 जून को चारों आरोपियों ने उनके परिसरों पर छापा मारा जिसमें उनके कर्मचारियों ने 30 लाख रुपए नकदी और बही-खाते पेश किए। चारों ने उनके 11 लाख रुपए ले लिए।

## एनआईए की छापेमारी में एक गिरफ्तार

भाषा। चेन्नई

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) ने तमिलनाडु में दो स्थानों पर छापे मारे तथा इस्लामिक स्टेट और कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर की विचारधारा का समर्थन करने वाले फेसबुक पोस्ट से संबंधित मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जांच एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि तिरुवरूर जिले के बावा बहरुदीन को एनआईए ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि यह मामला मदुरै में दर्ज है और यह मोहम्मद इकबाल से संबंधित है, जो अपने फेसबुक अकाउंट का उपयोग एक खास समुदाय को बदनाम करने तथा विभिन्न धर्मों के बीच सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देने वाले पोस्ट अपलोड करता था।

अधिकारी ने बताया कि इकबाल ने हिज्ब-उत-तहरीर के नाम पर बहरुदीन सहित अन्य लोगों के साथ मिलकर इस्लामिक स्टेट को फिर से स्थापित करने और भारत सहित विश्व भर में शरिया कानून लागू करने की साजिश रची। अधिकारी के अनुसार, इस साजिश को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने बंद कमरों में बैठकें की थीं और भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के इरादे से पोस्ट अपलोड करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर कई अकाउंट बनाए थे। ऐसी बैठकें बहरुदीन द्वारा संचालित की गईं तथा तमिलनाडु के मदुरै, इरोड, सलेम और तंजौर जिलों में हुईं। उन्होंने बताया कि तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी और तंजौर जिले के मंसूर अली थैकल इलाके में बृहस्पतिवार को मारे गए छापों में हिज्ब-उत-तहरीर से संबंधित आपत्तिजनक साहित्य व तीन डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## शॉर्ट्स पहनकर परीक्षा देने पहुंची लड़की को पर्दे से पैर ढकने को कहा गया, जांच के आदेश

भाषा। गुवाहाटी

**असम** के तेजपुर में परीक्षा देने पहुंची 19 वर्षीय एक लड़की को तब पर्दे से अपने पैर ढकने पड़े जब परीक्षा निरीक्षक ने उसके शॉर्ट्स पहनकर आने पर आपत्ति जताई। इस घटना से विवाद खड़ा हो गया है और विश्वविद्यालय अधिकारियों को जांच का आदेश देना पड़ा है। लड़की के परिजनों ने हालांकि कहा कि वे अपनी बेटी के शैक्षिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए मामले को तूल नहीं देना चाहते। घटना बुधवार को तब हुई जब लड़की अपने गृहनगर बिस्वनाथ चरियाली से असम कृषि विश्वविद्यालय (एएयू) की प्रवेश परीक्षा देने तेजपुर पहुंची थी। वह बिना किसी रोकटोक के परीक्षा स्थल पर पहुंच गई, लेकिन परीक्षा हॉल में मौजूद परीक्षा निरीक्षक ने उसके शॉर्ट्स पहने होने पर आपत्ति जताई। लड़की के पिता बाबुल तामुली ने पीटीआई-भाषा को शुक्रवार को बताया कि जब गिरिजानंद चौधरी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (जीआईपीएस) में परीक्षा निरीक्षक ने उनकी बेटी से यह कहा कि उसे शॉर्ट्स पहनकर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी तो उसने अधिकारियों के समक्ष मामला उठाया और इसके साथ ही प्रवेश पत्र में भी ड्रेस कोड का कोई उल्लेख नहीं था। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने यह भी बताया कि वह हाल में शॉर्ट्स पहनकर नीट परीक्षा में भी बैठी थी। परीक्षा निरीक्षक पर जब कोई असर नहीं पड़ा तो लड़की परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद अपने पिता के पास पहुंची और संबंधित मामले की जानकारी दी। इसपर तामुली ट्राउजर खरीदने के लिए तत्काल पास के बाजार के लिए रवाना हो गए, लेकिन जब तक वह लौटते तब तक अधिकारियों ने पैर ढकने के लिए लड़की को एक पर्दा उपलब्ध करा दिया था। लड़की ने फिर पर्दे से अपने पैरों को ढककर परीक्षा दी। तामुली ने कहा, मेरी बेटी घबरा गई थी और उसने इस अपमानजनक घटना के बारे में कुछ स्थानीय पत्रकारों से बात की तथा फिर यह बात सोशल मीडिया पर छा गई। अनेक लोगों ने घटना की निंदा की, लेकिन कई ने मेरी बेटी पर ही हमला बोला, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई के लिए मामले को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया, लेकिन परिवार ने इसे और तूल न देने का फैसला किया है। तामुली ने कहा, हमने अपनी बेटी की मानसिक कुशलक्षेम के हित में मामले को आगे न बढ़ाने का निर्णय किया है। हम चाहते हैं कि वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करे। विश्वविद्यालय ने हालांकि घटना की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति गठित कर दी है। इसके रजिस्ट्रार तपन कुमार गोहैन ने कहा कि कृषि संकाय के डीन के नेतृत्व में समिति जांच करेगी और 10 दिन के भीतर रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि एएयू ने परीक्षार्थियों के लिए कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया था। अनेक लोगों ने घटना पर नाराजगी जताई है।

# मुनाफा वसूली से शेयर बाजार की तेजी थमी

**भाषा।** मुंबई



**शेयर बाजारों** में पिछले तीन दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया और बीएसईएस सेंसेक्स 125 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि, कारोबार के दौरान शुरुआत में सूचकांक रिकार्ड उंचाई तक चले गए थे लेकिन अंत में निवेशकों की रिलायंस इंडस्ट्रीज, धातु और आईटी शेयरों में मुनाफासूली से बाजार नीचे आ गए।

कारोबार के दौरान तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में 866 अंक का उतार-चढ़ाव आया। अंत में यह 125.27 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,015.89 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 44.35 अंक यानी 0.25 प्रतिशत फिसलकर 17,585.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17,792.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक 3.57 प्रतिशत के नुकसान में टाटा स्टील का शेयर रहा। इसके अलावा, एसबीआई, टीसीएस, एचयूएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, मारुति, नेस्ले इंडिया और बजाज फिनसर्व में 5.26 प्रतिशत की तेजी रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 710 अंक यानी 1.21 प्रतिशत जबकि निफ्टी 215.90 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उंचे रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, टीकाकरण की तेज गति और निर्यात आंकड़ा उत्साहजनक रहने के साथ बाजार 60,000 के करीब पहुंचा .... लेकिन जीएसटी परिषद की बैठक के परिणाम आने से पहले मुनाफावसूली के कारण लाभ बरकरार नहीं रह पाया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मजबूत शुरूआत के बावजूद घरेलू शेयर बाजार मुनाफावसूली और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के साथ अंत में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। उन्होंने कहा, सरकार की तरफ से बैंकों में दबाव वाली संपत्ति के निपटान को लेकर राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लि. के लिए 30,600 करोड़ रुपए की गारंटी की मंजूरी के बावजूद मुनाफावसूली के सबसे ज्यादा शिकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ही रहें ...। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, टोक्यो, सियोल और हांगकांग लाभ में रहें। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत फिसलकर 75.26 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर चार पैसे की बढ़त के साथ 73.48 पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 1,621.88 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

# 50 करोड़ लोगों को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षकों की जरूरत: कौशल विकास सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**कौशल विकास** एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव रवि मित्तल ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में अगले कुछ वर्षों के दौरान करीब 50 करोड़ लोगों को कौशल प्रदान करने के लिए लाखों प्रशिक्षकों की जरुरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के कौशल को बढ़ावा देने में प्रशिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मित्तल ने कहा, अगले कुछ वर्षों के दौरान 50 करोड़ लोगों को कौशल प्रदान की जरुरत है। अगर हमें भारत को अगले स्तर पर ले जाना है, तो हमें लोगों को कुशल बनाने की जरुरत है और इसके लिए हमारे प्रशिक्षकों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। सचिव ने कौशल प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुए कौशलाचार्य पुरस्कार 2021 की घोषणा के दौरान कहा कि हमें सैकड़ों हजारों और लाखों प्रशिक्षकों की एक सेना बनानी होगी क्योंकि 50 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए उनकी आवश्यकता होगी। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रशिक्षकों के मानकीकरण और कुशल लोगों की घरेलू और विश्व दोनों स्तर पर मांग पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में 26 करोड़ सीट हैं और उनके लिए 10 करोड़ अध्यापक हैं। इस प्रकार यदि हमें 50 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित करना है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने प्रशिक्षक और मास्टर प्रशिक्षकों की आवश्यकता होगी।

## क्विक न्यूज

### टाटा मोटर्स का सफारी गोल्ड संस्करण पेश, कीमत 21.89 लाख रुपए



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने प्रमुख मॉडल सफारी का एक विशेष संस्करण पेश किया है, जिसकी कीमत (एक्स शोरूम) 21.89 लाख रुपए है। सफारी गोल्ड संस्करण दो रंग संयोजनों - द व्हाइट गोल्ड और द ब्लैक गोल्ड, में पेश किया गया है। इस मॉडल को वीवो आईपीएल 2021 के आगामी दूसरे चरण में प्रदर्शित किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि लेदर सीट, वायरलेस चार्जर, एयर प्यूरीफायर, और वाईफाई पर एंड्रॉइड ऑटो एवं एप्पल कारप्ले जैसी प्रीमियम सुविधाओं के साथ इसके इंटीरियर को और भी बेहतर बनाया गया है। टाटा मोटर्स के विपणन प्रमुख (यात्री एवं इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार इकाई) विवेक श्रीवत्स ने कहा, सफारी को हमारे ग्राहकों से बहुत प्यार मिला है और इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए हमें सफारी गोल्ड संस्करण की पेशकश करने की खुशी है। उन्होंने बताया कि नई सफारी की पेशकश के पांच महीनों से कम समय में इसकी 10,000 इकाई की बिक्री हो चुकी है और ए अपने खंड में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी में से एक है।

### पीएफआरडीए की पेंशन योजनाओं में अंशधारकों की संख्या अगस्त में 24 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की प्रमुख पेंशन योजनाओं के अंतर्गत अंशधारकों की संख्या इस साल अगस्त में 24 प्रतिशत बढ़कर 4.53 करोड़ पर पहुंच गई। पीएफआरडीए ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएफआरडीए दो पेंशन योजनाओं ... राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना ... का संचालन करता है। बयान के अनुसार, एनपीए के अंतर्गत अंशधारकों की संख्या इस साल अगस्त महीने में सालाना आधार पर 24.06 प्रतिशत बढ़कर 453.41 लाख हो गई। वही, अगस्त 2020 में यह 365.47 लाख थी। पीएफआरडीए के आंकड़े के अनुसार अटल पेंशन योजना के तहत अंशधारकों की संख्या इस साल 31 अगस्त में 33.20 प्रतिशत बढ़कर 304.51 लाख पर पहुंच गई। कुल प्रबंधन अधीन पेंशन संपत्ति सालाना आधार पर अगस्त 2021 के अंत में 32.91 प्रतिशत बढ़कर 6,47,621 करोड़ रुपए हो गई। इसमें से अटल पेंशन योजना के तहत प्रबंधनाधीन संपत्ति 18,059 करोड़ रुपए रही जो कि एक साल पहले के मुकाबले 33 प्रतिशत अधिक है। एनपीएस से मुख्य रूप से संगठित क्षेत्र के कर्मचारी जुड़े हैं। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारी, स्वायत्त निकाय, निजी कंपनियों के कर्मचारी तथा अन्य शामिल है। वही अटल पेंशन योजना का लक्ष्य मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को पेंशन योजना के दायरे में लाना है।

### ब्रिटेन को एफटीए को लेकर भारत के साथ बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि वह भारत के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत जल्द पूरी कर लेगा। एफटीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को और बढ़ावा देना है। ब्रिटेन के निवेश मंत्री लॉर्ड गेरी ग्रिमस्टोन ने कहा, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत- ईयू (यूरोपीय संघ) एफटीए पूरा होने से पहले हम भारत-ब्रिटेन एफटीए को पूरा कर लेंगे। उन्होंने उद्योग संगठन सीआईआई द्वारा आयोजित भारत-ब्रिटेन वार्षिक सम्मेलन में अपने संबोधन में कहा कि इस बात पर सकारात्मक चर्चाएं हुई है कि कैसे व्यापार समझौता दोनों अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने और अगले दशक में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के साधन के रूप में कार्य कर सकता है। भारत और ब्रिटेन अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय एफटीए के लिए एक नवंबर तक बातचीत शुरू करने का लक्ष्य लेकर चल रहे है। हाल ही में, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि दोनों देश एक व्यापक एफटीए को अगले कदम के रूप में लक्षित कर एक अंतरिम व्यापार समझौते की ओर बढ़ रहे है। ब्रिटेन में भारत की उच्चायुक्त गायत्री इस्सर कुमार ने कहा कि भारत ब्रिटेन के साथ एक मजबूत एफटीए करने की दिशा में काम कर रहा है।

### विद्युत योजनाओं की प्रगति की निगरानी को जिला स्तरीय समितियां बनाएं: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे सभी जिलों में एक समिति गठित करें जो विद्युत क्षेत्र से जुड़ी भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेगी। विद्युत मंत्रालय ने कहा कि उसने जिला स्तरीय समितियों के गठन के लिए एक आदेश जारी किया है जो केंद्र की बिजली से जुड़ी सभी योजनाओं की निगरानी करेगी, साथ ही सेवाओं के प्रावधान को लेकर लोगों पर इसके प्रभाव का भी निरीक्षण करेंगी। यह कदम देश में विद्युत क्षेत्र में सुधारों और उनके कार्यान्वयन की प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है। सभी राज्योंकेंद्रशासित क्षेत्रों के अतिरिक्त मुख्य सचिवा प्रधान सचिव-सचिव (विद्युताऊर्जा) के नाम जारी इस आदेश में उनसे विद्युत मंत्रालय की घोषणा के अधीन इन जिला विद्युत समितियों की स्थापना सुनिश्चित करने और उसकी सूचना देने का अनुरोध किया गया है। बयान के मुताबिक आदेश में यह भी कहा गया है कि नियमित रूप से बैठकों का संचालन करना संयोजक और सदस्य सचिव की जिम्मेदारी होगी। इसमें कहा गया कि जिले में सबसे वरिष्ठ संसद सदस्य समिति के अध्यक्ष होंगे, जिले के अन्य सांसद सह-अध्यक्ष होंगे। जिला कलेक्टर सदस्य सचिव होंगे। इसके सदस्यों में जिला पंचायत के चेयरमैनाअध्यक्ष और जिले के विधायक सहित अन्य शामिल होंगे।

### अगस्त में तेल खल का निर्यात चार प्रतिशत घटा: एसईए

**नई दिल्ली।** पशु आहार के रूप में उपयोग किए जाने वाले तेल खल का निर्यात अगस्त में चार प्रतिशत घटकर1,64,831 टन रह गया। तेल उद्योग के प्रमुख संगठन, साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया है कि तेल खल की स्थानीय कमी को पूरा करने के लिए, सरकार ने आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) सोयामील के आयात की अनुमति दी है और इससे पोल्ट्री उद्योग को कुछ राहत मिलनी चाहिए। कुक्कुट पालन और अन्य क्षेत्रों में तेल खल का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जाता है। तेल खल का निर्यात अगस्त 2020 में1,71,515 टन रहा था। एसईए द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस साल अगस्त में सोयाबीन का निर्यात तेजी से घटकर 10,975 टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 58,190 टन था। एसईए ने कहा कि दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और बांग्लादेश को निर्यात की अधिक खेप भेजे जाने के कारण रेपसीड खली के निर्यात में काफी वृद्धि हुई है। वियतनाम और बांग्लादेश से बड़ी मांग के कारण चावल भूसी तेल खली के निर्यात बेहतर रहा है। दक्षिण कोरिया, वियतनाम और थाईलैंड भारत के तेल खली के तीन प्रमुख निर्यात गंतव्य हैं।

# पी-नोट्स के जरिए निवेश अगस्त अंत तक 97,744 करोड़ रुपए पर पंहुचा

**भाषा।** नई दिल्ली

**घरेलू पूंजी** बाजार में पी-नोट्स (पार्टिसिपेटरी नोट्स) के जरिए निवेश में लगातार वृद्धि जारी है। अगस्त महीने के अंत तक यह 97,744 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पी-नोटस दरअसल पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) विदेशी निवेशकों को जारी किए जाते हैं, जो बिना पंजीकरण के भारतीय शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं। हालांकि, उन्हें पूरी जांच-परख की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार शेयर, बांड, हाइब्रिड सिक्योरिटीज और डेरिवेटिव्स समेत भारतीय पूंजी बाजार में पी-नोट्स निवेश अगस्त 2021 के अंत में 97,744 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो जुलाई के अंत में 85,799 करोड़ रुपए था। सेबी ने हालांकि जुलाई के आंकड़ों को संशोधित किया है, जिसे पहले 1,01,798 करोड़ रुपए बताया गया था। सेबी की वेबसाइट पर जारी जानकारी के अनुसार, एक एफपीआई ने जुलाई 2021 के महीने के लिए 15,999 करोड़ रुपए मूल्य के निवेश की गलत या अधिक मूल्य की जानकारी दी थी। इसके कारण जुलाई, 2021 के आंकड़ों में संशोधन किया गया है। इससे पहले जून अंत तक पी-नोट्स निवेश 92,261 करोड़ रुपए, मई अंत तक 89,743 करोड़ रुपए, अप्रैल अंत तक 88,447 करोड़ रुपए तथा मार्च के अंत में 89,100 करोड़ रुपए था। पी-नोट्स के जरिए अगस्त तक किए गए कुल 97,744 करोड़ रुपए के निवेश में 89,844 करोड़ रुपए का निवेश इक्विटी, 7,586 करोड़ रुपए का निवेश ऋण तथा हाइब्रिड सिक्योरिटीज के माध्यम से 315 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के मुख्य व्यवसाय अधिकारी दीपक सिंह ने कहा, पी-नोट्स में वृद्धि दर्शाता है कि भारतीय बाजारों में एफपीआई निवेश निरंतर आधार पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पूंजीगत खर्च के पुनरुद्धार चरण की शुरुआत में है।

# पीएनबी ने रेपो आधारित उधारी दर को 0.25% घटाकर 6.55% किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने रेपो आधारित उधारी दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.55 प्रतिशत पर ला दिया है। पीएनबी ने शेयर बाजार को भेजी जानकारी में कहा, रेपो से जुड़ी उधारी दर (आरएलएलआर) को 17 सितंबर 2021 (शुक्रवार) से 6.80 प्रतिशत से घटाकर 6.55 प्रतिशत कर दिया गया है। आरएलएलआर को अक्टूबर 2019 में पेश किया गया था। यह एक फ्लोटिंग दर पर आधारित व्यक्तिगत या खुदरा ऋण है, जो बाहरी मानक, जैसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रेपो दर, से जुड़ा हुआ है। रेपो वह दर है, जिस पर आरबीआई वाणिज्यिक बैंकों को उनकी अल्पकालिक जरूरतों के लिए उधार देता है। त्योहारी मौसम के करीब आने के साथ कई बैंक आवास और खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में कटौती कर रहे हैं। इससे पहले स्टेट बैंक और कुछ अन्य बैंक भी ब्याज दर में कमी की घोषणा कर चुके हैं।

# खाद्य तेलों के थोक दाम में दिख रहा अब गिरावट का रुख: सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्र ने** शुक्रवार को कहा कि घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की ओर से की गई विभिन्न पहल के बाद देश भर के थोक बाजारों में आठ प्रकार के खाद्य तेलों की कीमतों में पिछले सप्ताह की तुलना में गिरावट का रुख दिखा है। बयान में कहा गया कि 14 सितंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान मूंगफली, सरसों तेल, वनस्पति, सूरजमुखी तेल, पाम तेल, नारियल तेल और तिल तेल की थोक कीमतों में गिरावट आई। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, पाम तेल का थोक भाव 14 सितंबर को 2.50 प्रतिशत गिरकर 12,349 रुपए प्रति टन रह गया, जो एक सप्ताह पहले 12,666 रुपए प्रति टन था। तिल तेल का थोक भाव 2.08 प्रतिशत घटकर 23,500 रुपए प्रति टन रह गया, जबकि नारियल तेल 1.72 प्रतिशत घटकर 17,100 रुपए प्रति टन रह गया। इसी तरह, सूरजमुखी तेल का थोक भाव 14 सितंबर को, पहले के 16,176 रुपए प्रति टन से 1.30 प्रतिशत, घटकर 15,965 रुपए प्रति टन रह गया।

इस अवधि में मूंगफली तेल का थोक भाव 1.38 प्रतिशत घटकर 16,839 रुपए प्रति टन यानी 1,684 रुपए क्विंटल रह गया, जबकि सरसों तेल और वनस्पति का थोक भाव एक प्रतिशत से कम की गिरावट के साथ क्रमश: 16,573 रुपए प्रति टन और 12,508 रुपए प्रति टन रह गया। हालांकि, खाद्य तेलों की थोक कीमतों में गिरावट का रुझान दिख रहा है, फिर भी दरें एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में कहीं अधिक हैं। कीमतों पर लगाम लगाने और घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए केंद्र ने खाद्य तेलों पर आयात शुल्क कम किया है। जमाखोरी के खिलाफ भी कदम उठाए हैं और थोक विक्रेताओं, मिल मालिकों और रिफाइनरों को अपने स्टॉक का विवरण एक वेब पोर्टल पर डालने को कहा है। यहां तक कि खुदरा विक्रेताओं को भी ब्रांडेड खाद्य तेलों की दरों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है ताकि उपभोक्ता अपने पसंद के तेल का चुनाव कर सकें।

# मुझे यूट्यूब से हर महीने रॉयल्टी के रूप में चार लाख रुपए मिलते हैं: गडकरी



**भ्रूच (गुजरात)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि यूट्यूब पर डाले गए उनके व्याख्यान वीडियो की रॉयल्टी के रूप में उन्हें हर महीने चार लाख रुपए मिलते हैं। महामारी के दौरान यूट्यूब पर डाले गए उनके वीडियो को देखने वालों की संख्या काफी बढ़ी है। भ्रूच में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (डीएमई) के काम में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने सड़क बनाने वाले ठेकेदारों और परामर्शदाताओं को रेटिंग देनी शुरू की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि कोविड-महामारी के दौरान उन्होंने दो काम किए। उन्होंने कहा, मैं घर पर खानसामा बन गया और वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से व्याख्यान देने लगा। मैंने ऑनलाइन 950 से अधिक व्याख्यान दिए। इसमें विदेशी विश्विद्यालयों के छात्रों के लिए दिए गए व्याख्यान शामिल हैं। इसे यूट्यूब पर अपलोड किया गया। उन्होंने कहा, यूट्यूब चैनल पर मेरे दर्शकों की संख्या काफी बढ़ी है और यूट्यूब अब मुझे हर महीने चार लाख रुपए रॉयल्टी के रूप में दे रहा है। अपने बेबाक विचार के लिए चर्चित गडकरी ने कहा कि भारत में जो लोग अच्छे काम करते हैं, उन्हें सराहना नहीं मिलती है।

# बैंकों में आवास ऋण पर ब्याज दर घटने से बढ़ जाएगी मकानों की मांग: डेवलपर

**भाषा।** नई दिल्ली

**जमीन जायदाद** के विकास से जुड़ी कंपनियों और परामर्शदाओं का मानना है कि देश में त्योहारों के दौरान बैंकों की ओर से कम ब्याज दर पर आवास रिण की पेशकश किए जाने से मकानों की मांग में उल्लेखनीय तेजी आ सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत कई बैंकों ने त्योहारों के दौरान आवास रिण पर ब्याज दर में छूट के साथ ही अन्य पेशकश की हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अन्य बैंक भी जल्दी ही त्योहारों को देखते हुए आवास रिण पर ब्याज दर में रियायत की पेशकश करेंगे। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को त्योहार के दौरान मकान के लिए कर्ज लेने वाले संभावित ग्राहकों के लिए विभिन्न पेशकश की हैं। इसमें क्रेडिट स्कोर से जुड़ा कितनी भी राशि का कर्ज शामिल है, जिस पर ब्याज दर 6.70 प्रतिशत से शुरू होगी। अब तक, कर्जदार को 75 लाख रुपए से अधिक के आवास ऋण के लिए 7.15 प्रतिशत ब्याज देना होता था। रियल एस्टेट सेवा कंपनी एनरॉक समूह के अध्यक्ष अनुज पुरी ने कहा, यह एसबीआई का एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी कदम है ... केवल सस्ते आवास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय यह नई ब्याज दर वास्तव में बेहतर है। इससे हर श्रेणी के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, इस साल, हमें इस अवधि के दौरान आवास खंड में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल सकता है। प्रसंस्करण शुल्क को समाप्त किया जाना और व्यवसाय से ब्याज प्रीमियम जैसी आकर्षक पेशकश बचत को बढ़ाएंगी। पुरी ने उम्मीद जताई कि अन्य ऋणदाता प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एसबीआई का अनुसरण करेंगे। हाउसिंग डॉट कॉम, मकान डॉट कॉम और प्रॉपटीगर डॉट कॉम के मुख्य वित्त अधिकारी (समूह) विकास वधावन ने कहा कि एसबीआई के आवास ऋण पर ब्याज दरों में कमी से क्षेत्र को और गति मिलने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, कीमत पहले से ही कम है तथा इन उपायों से खरीदार थोड़ा और पैसा बचाने में सक्षम होंगे। रहेजा डेवलपर्स के कार्यकारी निदेशक नयन रहेजा ने कहा कि किफायती और मध्यम श्रेणी के घरों की मांग बढ़ेगी क्योंकि इससे लोगों के पास अधिक पैसे बचेंगे। उन्होंने कहा, यह खरीदारों के लिए लाभ की दोहरी खुराक होगी क्योंकि कंपनियों ने निर्माण लागत बढ़ने के बावजूद पहले से ही कीमतों को कम रखा है।

# अदालत ने अवंता समूह के प्रवर्तक गौतम थापर की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन के एक मामले में अवंता ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक गौतम थापर की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने ईडी को नोटिस जारी कर 27 सितंबर तक जवाब देने को कहा है। याचिका में दावा किया गया है कि आरोपी को अब हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत नहीं है तथा उन्हें और हिरासत में रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। विधि कंपनी करंजावल एंड कंपनी के माध्यम से दायर की गई जमानत याचिका में दावा किया गया है कि आरोपी द्वारा सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की कोई संभावना नहीं है। थापर (60) को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गत तीन अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। तीन अगस्त को एजेंसी ने उनके और उनके संबंधित कारोबारों के खिलाफ दिल्ली और मुंबई में छापेमारी की थी। ईडी थापर की कंपनी अवंता रियल्टी और यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर एवं उनकी पत्नी के बीच कथित लेन-देन की जांच कर रही थी। एजेंसी कपूर और उनकी पत्नी के खिलाफ पहले से ही पीएमएलए के तहत जांच कर रही है।

## पेज एक का शेष

### अफगान घटनाक्रम...

कट्टरवाद बना रहेगा तो इससे पूरे विश्व में आतंकवादी और अतिवादी विचारधाराओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, अन्य उग्रवादी समूहों को हिंसा के माध्यम से सत्ता पाने का प्रोत्साहन भी मिल सकता है। इससे ड्रग्स, अवैध हथियारों और मानव तस्करी का अनियंत्रित प्रवाह बढ़ सकता है। बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार अफगानिस्तान में रह गए हैं और इनके कारण पूरे क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बना रहेगा। मोदी ने कहा कि एसएसीओ के सदस्य देशों को इस विषय पर एक सख्त और सभी के लिए नियम कायदे बनाने चाहिए और वह आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग का हिस्सा भी बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के सिद्धांत पर बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने रेखांकित किया कि सीमापार आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने के लिए भी आचार संहिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, और उन्हें लागू करने के लिए एक तंत्र भी होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय संकट है और वित्तीय प्रवाह में रुकावट के कारण अफगानिस्तान की जनता की आर्थिक विवशता बढ़ती जा रही है तथा साथ ही कोरोना की चुनौती भी उनके लिए यातना का कारण है। उन्होंने कहा, विकास और मानवीय सहायता के लिए भारत बहुत वर्षों से अफगानिस्तान का विश्वस्त सहयोगी रहा है। मूलभूत संरचनाओं से ले कर शिक्षा, सेहत और क्षमता निर्माण तक हर क्षेत्र में और अफगानिस्तान के हर भाग में हमने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज भी हम अपने अफगान मित्रों तक खाद्य सामग्री, दवाइयां आदि पहुंचाने के लिए इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिल कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान तक मानवीय सहायता निर्बाध तरीके से पहुंच सके।

### मोदी के...

के आंकड़े पर पहुंच गए। इसके 19 दिन बाद देश ने 60 करोड़ आंकड़े का तथा इसके महज 13 दिनों बाद 60 करोड़ आंकड़े का लक्ष्य हासिल किया। मंत्रालय के मुताबिक 13 सितंबर को 75 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य हासिल हुआ। देश में 16 जनवरी को पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को टीके दिए जाने के साथ टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई थी। अग्रिम मोर्चे के कर्मियों के लिए दो फरवरी से टीकाकरण शुरू हुआ।

### मोदी के....

कहना चाहते हैं कि टीएमसी ममता बनर्जी के नेतृत्व में मोदी और भाजपा विरोधी अभियान चलाएगी। बंगाल के मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि ममता बनर्जी एकमात्र योग्य उम्मीदवार हैं, क्योंकि देश के लोगों में उनके लिए बहुत सम्मान है। वे केवल ममता दीदी को ही असली विपक्षी नेता मानते हैं। बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर चौधरी ने इस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि टीएमसी ख्याली पुलाव पका रही है। यदि जागो बांग्ला ममता बनर्जी को बढ़ावा नहीं देगा तो और कौन ऐसा करेगा। लोकसभा चुना अभी दूर है। इस पर अभी से बात करने की कोई जरूरत नहीं है। हम देखेंगे कि चुनाव से पहले कौन क्या बनता है। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने भी राष्ट्रीय स्तर पर बनर्जी की स्वीकार्यता पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा दावा करना बहुत जल्दबाजी है।

### पेट्रोल, डीजल...

अन्य फैसले में कहा गया है कि स्विगी और जोमैटो जैसी ई-वाणिज्य इकाइयां उनके जरिए आपूर्ति की जाने वाली रेस्तरां सेवा पर जीएसटी का भुगतान करेंगी, यह कर डिलिवरी बिंदु पर वसूला जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने बताया कि बाल विकास पुष्टहार योजनाओं में इस्तेमाल होने वाले फोर्टिफाइस राईस पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। बैठक में खनिजों के समिश्रण में प्रयुक्त होने वाली आयरन, कापर, एल्यूमिनियम, जिंक समेत अन्य धातुओं पर जीएसटी पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाले पेपर पर जीएसटी 18 प्रतिशत, प्लास्टिक और अन्य पालीथीन के स्क्रैप पर जीएसटी पांच से बढ़ाकर 18 प्रतिशत, सभी प्रकार के कलम पर 18 प्रतिशत, रेलवे और लोकोमोटिव के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कलपुर्जो पर जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। बैठक में रेस्तरां सेवा प्रदाता (जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां) और यात्री परिवहन से जुड़े ई-वाणिज्य परिचालकों की सेवाओं पर एक जनवरी, 2022 से 5 प्रतिशत जीएसटी लेने का निर्णय किया गया। डीजल में मिलाए जाने वाले बायोडीजल पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ राज्यों द्वारा वस्तुओं की ढुलाई को लेकर वसूले जाने वाले राष्ट्रीय परमिट शुल्क को जीएसटी से छूट दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि पट्टे वाले विमानों को आई-जीएसटी (एकीकृत जीएसटी) से छूट दी गई है। कोविड-19 महामारी के बाद आमने-सामने बैठकर हो रही यह परिषद की पहली बैठक है। इस तरह की आखिरी बैठक 20 महीने पहले 18 दिसंबर 2019 को हुई थी। उसके बाद से परिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ही हो रही थी।

### पैरालंपियन नोएडा...

सम्मेलन की प्रतिकृति की सर्वाधिक बोली 40 लाख रुपये लगी है। नीलामी सात अक्टूबर तक चलेगी। नीलामी से प्राप्त धन का उपयोग गंगा के संरक्षण और पुनरुद्धार के उद्देश्य से चलाए जा रहे नमामी गंगे मिशन में किया जाएगा।

### कॉलेजियम ने...

कॉलेजियम में न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर शामिल हैं। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने यह भी सिफारिश की है कि त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अकील कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए।

# अधिक से अधिक तकनीकी केंद्रों के तेजी से निर्माण की आवश्यकता: राणे

**भाषा।** नई दिल्ली



**सूक्ष्म,** लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने शुक्रवार को कहा कि देश की 135 करोड़ आबादी के लिए अधिक से अधिक प्रौद्योगिकी केंद्रों को तेजी से बनाने की जरूरत है। उन्होंने हरियाणा के रोहतक में एक प्रौद्योगिकी केंद्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि उद्यमियों के देश के निर्माण के लिए इन केंद्रों में विकसित नई तकनीक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। राणे ने कहा कि कोविड-19 महामारी की चुनौती के दौरान इन एमएसएमई केंद्रों में विकसित तकनीक आत्मानिर्भर भारत पहल को अच्छी गति देगी।

एक अलग बयान में मंत्रालय ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने भारत की क्षमता को मजबूत करने की स्पिन योजना शुरू की है। साथ ही कुम्हार समुदाय के 1,100 से अधिक लोगों को सशक्त बनाने के लिए वाराणसी में स्फूर्ति योजना के तहत मिट्टी बर्तन बनाने का क्लस्टर स्थापित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि स्पिन योजना और केवीआईसी के जरिए कुम्हारों को बैंकों से आसान ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी जिससे वे अपनी गतिविधियों में विविधता लाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के वाराणसी के ग्राम भट्टी में मिट्टी के बर्तनों के लिए शंकुल शुरू किया गया। इसे 2.50 करोड़ रुपए की लागत से 7,100 वर्ग फुट के क्षेत्र में स्थापित किया गया है तथा इससे 340 मिट्टी के बर्तनों के कारीगरों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

# न्यूजीलैंड ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा किया रद्द

**भाषा।** रावलपिंडी



**न्यूजीलैंड** क्रिकेट टीम ने पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से ठीक पहले शुक्रवार को सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए पाकिस्तान का अपना वर्तमान दौरा रद्द कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे एकतरफा फैसला करार देते हुए कहा कि मेहमान टीम की सुरक्षा को किसी तरह का खतरा नहीं था। यह न्यूजीलैंड का पिछले 18 वर्षों में पाकिस्तान का पहला दौरा था। इस श्रृंखला में तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे।

कोविड-19 के कारण इस मैच को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों के साथ खेला जाना था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि दौरे से हटने पर न्यूजीलैंड को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को जवाब देना होगा। रमीज ने कहा, बेहद ही निराशाजनक दिन। मुझे प्रशंसकों और हमारे खिलाड़ियों के लिए बहुत खेद है। सुरक्षा खतरे पर एकतरफा फैसला लेकर दौरे से हटना बहुत निराशाजनक है। खासकर जब वे इस खतरे को साझा भी नहीं कर रहे है। न्यूजीलैंड किस दुनिया में रह रहा है ?? न्यूजीलैंड को आईसीसी में हमें जवाब देना होगा। समस्या तब शुरू हुई जब सीमित ओवरों की श्रृंखला का पहला वनडे रावलपिंडी स्टेडियम में शुक्रवार को समय पर शुरू नहीं हुआ और दोनों टीमें होटल के अपने कमरों में ही रही। इसके बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बयान जारी करके कहा कि उन्हें जो सलाह मिल रही थी उसे देखते हुए दौरा जारी रखना संभव नहीं है। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को इस दौरे पर पहुंची थी। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह पीसीबी के लिए करारा झटका होगा जो कि शानदार मेजबान रहा है लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हमारा मानना है कि इसके लिए यही जिम्मेदारी भरा विकल्प है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी तरफ से कहा कि न्यूजीलैंड ने श्रृंखला स्थगित करने का एकतरफा फैसला किया। पीसीबी ने बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान सरकार सभी मेहमान टीमों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करती है। हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी इसका आश्वासन दिया था। उसने कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री (इमरान खान) ने व्यक्तिगत स्तर पर न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री (जेसिंडा अर्डर्न) से बात की और उन्हें बताया कि हमारे पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खुफिया प्रणाली है और मेहमान टीम के लिए किसी भी तरह का कोई सुरक्षा खतरा नहीं है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भी शुक्रवार की घटनाओं पर निराशा जताई। उन्होंने ट्वीट किया, श्रृंखला के अचानक स्थगित होने से बेहद निराश हूं, यह लाखों पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसकों के लिए मुस्कान वापस ला सकता था। उन्होंने कहा,मुझे हमारी सुरक्षा एजेंसियों की क्षमताओं और विश्वसनीयता पर पूरा भरोसा है। वे हमारा गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान जिंदाबाद। इससे पहले 2002 में भी न्यूजीलैंड ने कराची में टीम होटल के बाहर बम विस्फोट के बाद दौरा बीच में रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के मुख्य कार्यकारी हीथ मिल्स ने कहा कि खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ हित में दौरा रद्द करने का फैसला किया गया। मिल्स ने कहा, खिलाड़ी सुरक्षित हैं और प्रत्एक अपने सर्वश्रेष्ठ हितों में काम कर रहा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सुरक्षा खतरों के बारे में विस्तार से नहीं बताएगा और न ही टीम की वापसी के लिए की जा रही व्यवस्था पर टिप्पणी करेगा। इस दौरे पर आई न्यूजीलैंड टीम में कप्तान केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, काइल जैमीसन और लॉकी फर्ग्यूसन जैसे बड़े सितारे नहीं थे। ए सभी खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा हैं। पीसीबी ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम के साथ आए सुरक्षा अधिकारी भी यहां की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट थे। बयान में कहा गया है, पीसीबी मैचों के आयोजन जारी रखने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और विश्व भर के क्रिकेट प्रेमी आखिरी क्षणों में श्रृंखला रद्द किए जाने से निराश होंगे। अंतरराष्ट्रीय टीमें 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर लाहौर में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा करने से बचती रही हैं। श्रीलंकाई टीम जब टेस्ट मैच खेलने के लिए गद्दाफी स्टेडियम जा रही थी तब उस पर हमला किया गया था। इस हमले में श्रीलंका टीम के छह सदस्य घायल हो गए थे जबकि छह पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान चली गई थी। पाकिस्तान को इस साल के आखिर में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज तथा अगले साल के शुरू में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करनी है। न्यूजीलैंड के निर्णय के बाद इन दौरों पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। लंदन में जारी एक बयान में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि वह स्थिति की निगरानी कर रहा है और बाद में इस पर फैसला करेगा कि टीम 13 और 14 अक्टूबर को होने वाले दो टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं। ए मैच रावलपिंडी में खेले जाने हैं। ईसीबी ने कहा, बोर्ड अगले 24 से 48 घंटों में तय करेगा कि हमारा पहले से तय दौरा कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगा या नहीं। वेस्टइंडीज का पाकिस्तान दौरा दिसंबर में निर्धारित है और इसमें तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम को अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं।

## श्रृंखला के अचानक रद्द होने से बहुत निराश हूंः बाबर आजम

**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड के सुरक्षा खतरे का हवाला देकर दौरा रद्द करने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वह इससे बहुत निराश हैं जबकि पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने न्यूजीलैंड पर उनके देश में खेल की हत्या करने का आरोप लगाया। न्यूजीलैंड ने एक भी गेंद खेले बिना दौरा रद्द कर दिया और यह 18 साल में उसका पाकिस्तान के खिलाफ पहला दौरा था जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला शामिल थी। कोविड-19 खतरे को ध्यान में रखते हुए इस श्रृंखला के लिए 25 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई थी।



आजम ने शुक्रवार की घटनाओं पर निराशा जताई। उन्होंने ट्वीट किया, श्रृंखला के अचानक रद्द होने से बेहद निराश हूं, यह लाखों पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसकों के लिए मुस्कान वापस ला सकता था। उन्होंने कहा,मुझे हमारी सुरक्षा एजेंसियों की क्षमताओं और विश्वसनीयता पर पूरा भरोसा है। वे हमारा गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान जिंदाबाद। वहीं शोएब अख्तर ने गुस्से में कहा, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान क्रिकेट की हत्या कर दी। अख्तर ने कहा कि न्यूजीलैंड को याद रखना चाहिए था कि क्राइस्टचर्च हमले में नौ पाकिस्तानी मारे गए थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान तब न्यूजीलैंड के साथ मजबूती से खड़ा रहा। पाकिस्तान ने कोविड-19 की खराब परिस्थितियों में न्यूजीलैंड का दौरा किया जबकि उस दौरे पर न्यूजीलैंड अधिकारियों ने इतना खराब व्यवहार किया था। लगातार दो ट्वीट में अख्तर ने लिखा, यह महज असत्यापित खतरा था, इस पर चर्चा की जा सकती थी। प्रधानमंत्री इमरान खान ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री से बात करके आश्वासन दिया था लेकिन फिर भी इससे इनकार कर दिया गया।

# यूएई में आईपीएल 2020 के प्रदर्शन को दोहराना चाहता हूं : नोर्जे

**भाषा।** दुबई



**दक्षिण** अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे रविवार से यहां बहाल हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में पिछले 2020 चरण के प्रदर्शन को दोहराकर दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। नोर्जे पिछले आईपीएल चरण में पहली बार टी20 लीग में खेले थे और उन्होंने 16 मैचों में 22 विकेट चटकाकर दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी। फाइनल में टीम मुंबई इंडियंस से हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अब 22 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नोर्जे ने कहा, यहीं पर मेरे लिए आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी लेकिन इस सत्र में मैं एक बार में एक ही मैच पर ध्यान लगाऊंगा। आईपीएल के बाद भी काफी टूर्नामेंट खेलने हैं। उन्होंने कहा, हमें यह याद रखने की कोशिश करनी होगी कि हमने यहां पिछली बार क्या किया था और फिर से उसी को लागू करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हम पिछली बार के प्रदर्शन का दोहराव करेंगे। इस 27 साल के तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल 2021 का दूसरा हाफ सत्र के पहले हाफ से पूरी तरह से अलग होगा। उन्होंने कहा, जो चीज एक जगह (भारत में) कारगर रही थी, वो दूसरी जगह (संयुक्त अरब अमीरात में) काम नहीं करेगी इसलिए हमें एक एक मैच पर ध्यान लगाना होगा। यूएई में आगामी मैच सत्र के शुरू में हुए मुकाबलों से पूरी तरह से अलग होंगे।

## आर्मी ग्रीन डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल में

**कोलकाता।** दीपक सिंह के गोल से पूर्व चैम्पियन आर्मी ग्रीन ने शुक्रवार को यहां ग्रुप बी के अंतिम मैच में सुदेवा दिल्ली एफसी को।-0 से हराकर डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जमशेदपुर एफसी भी अपना अंतिम ग्रुप मैच खेल रही थी लेकिन उसे एफसी गोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। इससे आर्मी ग्रीन ग्रुप की शीर्ष टीम एफसी गोवा के साथ क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। आर्मी ग्रीन के लिए दीपक सिंह ने 51वें मिनट में गोल किया जिसमें दीप मजूमदार ने उनकी मदद की। दिन के अन्य मुकाबले में एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को हरा दिया जिससे उसके नौ अंक हो गए और उसने अपनी इंडियन सुपर लीग की प्रतिद्वंद्वी टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। एफसी गोवा के लिए देवेंद्र मुरगांवकर ने 20वें और 44वें मिनट में जबकि मोहम्मद नेमिल ने 46वें और 81वें मिनट में दो दो गोल किए। प्रिंसटन रेबेलो ने 26वें मिनट में एक गोल दागा।

# शिवा थापा अंतिम-16 में, गौरव बिधूड़ी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से बाहर

**भाषा।** बेल्लारी (कर्नाटक)



**पांच** बार के एशियाई चैम्पियन मुक्केबाज शिवा थापा (63.5 किग्रा) ने नॉकआउट जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की तो वहीं, हरियाणा के सचिन ने शुक्रवार को विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता गौरव बिधूड़ी को हराकर यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

असम का प्रतिनिधित्व करने वाले थापा ने शुरूआती दौर के अपने मुकाबले में इस्पात संयंत्र खेल बोर्ड (एसपीएसबी) के शुभम ममता को नॉकआउट से हरा दिया। मुकाबले के दौरान संतुलन बिगड़ने के बाद शुभम का चिकित्सा टीम ने इलाज किया। टूर्नामेंट के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, उसे दर्द महसूस हो रहा है लेकिन उसे ठीक होना चाहिए। कल उसका फिर से आकलन किया जाएगा।

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में खेले जा रहे मुकाबले में खिताब के दावेदार रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के गौरव के खिलाफ 57 किग्रा भारवर्ग में सचिन ने कलात्मक खेल दिखाते हुए संयम बनाए रखा और 4-। की जीत दर्ज की। हरियाणा के एक अन्य मुक्केबाज और दक्षिण एशियाई खेलों के चैंपियन अंकित खटाना ने हिमाचल प्रदेश के धर्म पाल को सर्वसम्मत फैसले के आधार पर हराकर 75 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना के सावियो डोमिनिक माइकल (54 किग्रा) और गोवा के अशोक पाटिल (67 किग्रा) ने भी 4-। की समान जीत के साथ अंतिम-आठ चरण में जगह पक्की की। सावियो ने झारखंड के कृष्णा जोरा को हराया, तो वहीं अशोक पाटिल ने हिमाचल प्रदेश के मोहन चंदर को मात दी। चैम्पियनशिप के तीसरे दिन आगे का सफर तय करने वाले अन्य मुक्केबाजों में चंडीगढ़ के कुलदीप कुमार (48 किग्रा) और सचिन भी शामिल है। कुलदीप ने राजस्थान के सुशील सहरान पर आसान जीत दर्ज की। सचिन 71 किग्रा भार वर्ग के शुरूआती दौर के मुकाबले के दौरान बिहार के रौशन कुमार के खिलाफ आक्रामक हो गए और इसी कारण रेफरी ने प्रतियोगिता रोक दी और उन्हें विजेता घोषित कर दिया। महाराष्ट्र के मुक्केबाज निखिल दुबे (75 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने अंतिम-16 दौर के मैच में तेलंगाना के वेणु मंडला को हराया। इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने बेलग्रेड में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाएगा।

# पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीजेंड्स लीग क्रिकेट की बन रही योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** सहित कुछ अन्य देशों के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अगले साल मार्च में यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट नामक टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आयोजकों ने फिलहाल टूर्नामेंट के लिए करार करने वाले खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं की। उन्होंने हालांकि दावा किया कि इसमें भारत, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के कुछ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, लीग हर साल दो बार खेली जाएगी। पहले सत्र में लीग का आयोजन त्रिकोणीय श्रृंखला की तरह होगा जिसमें भारतीय टीम, एशियाई टीम और शेष विश्व टीम एक-दूसरे के खिलाफ खेलेगी। उन्होंने बताया, इसका मतलब यह हुआ कि फाइनल से पहले छह लीग मैच खेले जाएंगे। इसके सह-संस्थापक और प्रमोटर विवेक खुशलानी ने कहा कि यह बड़ा टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा, जब हम इसके बारे में विचार बना रहे थे तब काफी उत्साहित थे। भारतीय दिग्गजों (संन्यास ले चुके खिलाड़ियों) को खेलते हुए देखने के बारे में सोच कर ही खुशी हो रही थी।

## खेल पंचाट ने आस्ट्रेलियाई तैराक जैक को फिर से प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने की अनुमति दी

**लुसाने ( एपी )।** आस्ट्रेलियाइ तैराक शायना जैक को अपना प्रतिस्पर्धी करियर फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। डोपिंग मामले के कारण वह इस साल टोक्यो ओलंपिक में भाग नहीं ले पाई थी। खेल पंचाट ने गुरुवार को कहा कि उसने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) और आस्ट्रेलियाई संस्था का जैक पर दो के बजाय चार साल का प्रतिबंध लगाने की अपील नामंजूर कर दी है। जैक ने दो साल का प्रतिबंध जुलाई में पूरा कर दिया था। पंचाट ने बयान में कहा, जांच से पता चला है कि उन्होंने जानबूझकर या लापरवाही में प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया। जैक को 2019 में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबोलिक पदार्थ लिंगेड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया था। विश्व चैंपियनशिप 2017 में चार पदक जीतने वाली इस 22 वर्षीय तैराक ने डोपिंग से इन्कार किया था और मिलावट वाले पोषक पदार्थ को इसके लिए दोषी ठहराया था। आस्ट्रेलियाई खेल पंचाट और वाडा ने उन पर चार साल का प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

# चोटों से परेशान स्वप्ना ने संन्यास लेने का मन बनाया

**भाषा।** कोलकाता

**पीठ** की चोट के कारण अवसाद से जूझ रही एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एथलीट स्वप्ना बर्मन ने संन्यास लेने का फैसला किया है जिसकी औपचारिक घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे की एथलीट स्वप्ना ने वारंगल में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने के 24 घंटे के अंदर यह फैसला लिया है। स्वप्ना ने वारंगल से पीटीआई-भाषा से कहा, मेरा शरीर अब और सहन नहीं कर पा रहा है। मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं और यह आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मैं थोड़ी भ्रमित हूं, लेकिन मैंने मानसिक रूप से 80-90 प्रतिशत इसे छोड़ने का मन बना लिया है। मैं कोलकाता पहुंचने के बाद बड़ी घोषणा करूंगी। स्वप्ना ने यहां अपने चहेते हेप्टाथलॉन स्पर्धा में भाग नहीं लिया।



उन्होंने कहा, मैं यहां किसी स्पर्धा में भाग नहीं लेना चाहती थी, लेकिन रेलवे की प्रतिबद्धताओं के कारण मुझे यहां भाग लेना पड़ा। जकार्ता 2018 में एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय हेप्टाथलीट बनने के बाद, स्वप्ना चोटों से जूझती रही। दोनों पैरों में छह-छह उंगलियां वाली इस खिलाड़ी ने 2019 में दोहा में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। यह उनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण स्वप्ना 2020 में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकती थी और 2021 में उसने तोक्यो खेलों का क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन फिर से चोट लगने और महामारी की दूसरी लहर ने उसकी सभी योजनाओं को पटरी से उतार दिया। उन्होंने इस साल सिर्फ फेडरेशन कप और मौजूदा राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लिया है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कुछ चीजें मेरी किस्मत में नहीं थी। मैं इसके लिए बहुत कोशिश की लेकिन चोटों से संघर्ष करना पड़ और इसे हासिल नहीं कर सकी। स्वप्ना ने चिकित्सकों की सलाह पर सर्जरी में देरी की और रिहैबिलिटेशन पर भरोसा किया, लेकिन इससे ज्यादा आराम नहीं मिला और वह हालांकि सर्जरी को और टालने से बचना चाहती है। स्वप्ना ने भावुक होकर कहा आखिरकार मुझे सर्जरी करवानी ही होगी। इस स्पर्धा के दौरान भी मैं पीठ दर्द से परेशान थी। जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) की यह एथलीट पिछले साल उस समय विवादों में घिर गई थी, जब उसके घर पर वन विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा था। उन पर कथित रूप से अवैध तरीके से लकड़ी रखने का आरोप था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उनका विरोध भी किया था। स्वप्ना ने कहा, लोग मेरी उपलब्धियों से ईर्ष्या करते हैं और मेरी मां को बहुत उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

# डेविस कप में भारत की खराब शुरुआत, प्रजनेश हारे

**भाषा।** एस्पू (फिनलैंड)

**प्रजनेश** गुणेश्वरन शुक्रवार को यहां अपने से निचली रैंकिंग खिलाड़ी से हार गए जिससे फिनलैंड के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मुकाबले में भारत 0-। से पिछड़ रहा है। विश्व रैंकिंग में 165वें स्थान पर काबिज प्रजनेश को रैंकिंग में काफी नीचे के खिलाड़ी ओटो विर्तानेन (419वीं रैंकिंग) से एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में 3-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए अब रामकुमार रामनाथन को दिन के दूसरे मैच में फिनलैंड के नंबर एक खिलाड़ी एमिल रूसुवुओरी को हराना होगा जो विश्व रैंकिंग में 74वें स्थान पर है। भारत को अच्छा ड्रा मिला था जिसमें प्रजनेश निचली रैंकिंग के खिलाड़ी से खेल रहे थे लेकिन विर्तानेन ने आसान जीत हासिल की। प्रजनेश ने पहले सेट में शुरू में दो ब्रेक प्वाइंट बचाए लेकिन छठे गेम में सर्विस गंवा बैठे और पिछड़ गए। विर्तानेन के अगले गेम में डबल फॉल्ट करने पर भारतीय खिलाड़ी को मौका मिला लेकिन वह इसे भुना नहीं सके। विर्तानेन ने नौंवे गेम में बिना किसी परेशानी के सेट अपने नाम किया। विर्तानेन ने घरेलू समर्थन से भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बनाना जारी रखा। प्रजनेश पर दूसरे सेट में शुरू में सर्विस गंवाने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन वह तीसरे गेम में इसे बरकरार रखने में सफल रहे। प्रजनेश 4-4 की बराबरी तक जूझते रहे लेकिन नौंवे गेम में डबल फॉल्ट करके 0-40 से पिछड़ गए। उन्होंने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए और अंत में ड्राप शॉट से गेम से अंक जुटाए। भारतीय खिलाड़ी ने 11वें गेम में सर्विस की और उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने की जरूरत थी। उन्हें थोड़ा मौका भी मिला लेकिन विर्तानेन ने ब्रेक प्वाइंट पर ऐस जमा दिया।

# पारुल चौधरी ने स्टीपलचेज में जीता दोहरा खिताब

**भाषा।** वारंगल

**रेलवे** की पारुल चौधरी ने शुक्रवार को यहां हनमकोंडा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल में महाराष्ट्र की कोमल चंद्रकांत जगदाले को पछाड़कर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिन में हालांकि राम बाबू (उत्तर प्रदेश) नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे।

उन्होंने पुरुषों की 35 किमी की दौड़ को दो घंटे 46 मिनट और 31 सेकंड में पूरा किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड मनीष सिंह रावत के नाम था। उन्होंने इसी साल रांची में दो घंटे 49 मिनट और 12 सेकंड के समय के साथ इसे कायम किया था। पारुल ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में जीत दर्ज (नौ मिनट 51.01 सेकंड) कर दिन में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी।पुरुषों की की



3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शंकर लाल स्वामी (आठ मिनट 46.05 सेकेंड) विजेता बनें। रेलवे बी टीम की ऐश्वर्या ने महिलाओं की उंची कूद का खिताब 6.62 मीटर की छलांग के साथ जीता। वह इस प्रदर्शन से देश की शीर्ष उंची कूद खिलाड़ियों में शामिल हो गई। इस स्पर्धा में तमिलनाडु की शीरीन अब्दुल गफूर (6.62 मीटर) दूसरे स्थान पर रहीं। चार गुणा 400 मिश्रित रिले में तमिलनाडु की टीम ने नया मीट रिकॉर्ड कायम किया। टी संतोष कुमार, आई धिव्या, आर विथ्या रामराज और पी अभिमन्यु ने तीन मिनट 26.22 सेकेंड का समय लिया।

## कार्ली लॉयड ने पांच गोल दागे, अमेरिका ने पराग्वे को 9-0 से शिकस्त दी

**एपी।** क्लीवलैंड

**दिग्गज** फुटबॉलर कार्ली लॉयड के रिकार्ड पांच गोल की मदद से अमेरिका ने महिला फुटबॉल मैच में गुरुवार को पराग्वे पर 9-0 से बड़ी जीत दर्ज की। लॉयड अभी 39 वर्ष की हैं और वह अमेरिका की तरफ से अब केवल तीन और मैच खेलेंगी। वह पहले ही संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी हैं। लॉयड ने पहले पांच मिनट में ही दो गोल दाग दिए थे तथा मध्यांतर से पहले उन्होंने दो और गोल किए जिससे अमेरिका 6-0 से आगे हो गया। उन्होंने अपना पांचवां गोल 61वें मिनट में किया। इस तरह से उन्होंने एक मैच में सर्वाधिक गोल करने के अलेक्स मोर्गन के अमेरिकी रिकार्ड की बराबरी की। मोर्गन ने विश्व कप 2019 में थाईलैंड के खिलाफ पांच गोल किए थे। लॉयड अमेरिका की तरफ से 313 मैचों में 133 गोल दाग चुकी हैं। उनके नाम पर नौ हैट्रिक भी दर्ज हैं।

# चंडीगढ़ की लखमेहर ने पहला डब्ल्यूपीजी टूर खिताब जीता

**भाषा।** नोएडा

**लखमेहर** परदेसी ने शुक्रवार को यहां नोएडा गोल्फ कोर्स में हीरो महिला प्रो गोल्फ (डब्ल्यूपीजी) टूर के नौवें चरण का खिताब अपने नाम किया। चंडीगढ़ की गोल्फर की डब्ल्यूपीजी टूर की यह पहली ट्राफी है। वह 15 अक्टूबर को 22 वर्ष की हो जाएंगी और इस खिताब से उन्होंने अपने जन्मदिन से पहले ही खुद को तोहफा दे दिया। वह अंतिम दिन ज्यादातर समय पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने सयंम बनाए रखा। उन्हें जाह्नवी बक्शी पर सीधे जीत हासिल करने के लिए आठ फीट से पुट करने की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके राहत की सांस ली। इससे पहले डब्ल्यूपीजी टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवां स्थान रहा था। इस युवा गोल्फर ने कहा, यह मेरे लिए बड़ी जीत है।

## हनी बैस्य ने चार शॉट की बढ़त बनाई

**श्रीनगर।** दिल्ली के गोल्फर हनी बैस्य ने शुक्रवार को यहां जेएंडके (जम्मू कश्मीर) ओपन 2021 गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह चार शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। छह बार के पीजीटीआई विजेता बैस्य (67, 69, 66) ने तीनों दिन बेहतरीन गोल्फ खेला और एक भी बोगी नहीं की। कार्तिक शर्मा (69-72-65) ने शानदार फार्म जारी रखी और वह 40 लाख रूपए की ईनामी राशि के पीजीटीआई टूर्नामेंट में 10 अंडर 206 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। पंचकुला के अंगद चीमा (69-71-66) ने 66 का कार्ड खेला जिससे वह कार्तिक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

# भारत-चीन एलएसी से जुड़े मुद्दों पर जल्द समाधान खोजेंगे

**● लद्दाख गतिरोध पर विदेश मंत्री ने चीन के अपने समकक्ष वांग ई से वार्ता की**

**भाषा** । नई दिल्ली/बीजिंग



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग ई से कहा कि दोनों पक्षों को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित लंबित मुद्दों का जल्द समाधान निकालने के लिए काम करना चाहिए, जिससे सीमावर्ती क्षेत्र में अमन-चैन बहाल हो क्योंकि यह भारत-चीन संबंधों में प्रगति का एक अनिवार्य आधार रहा है।

दुशान्बे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर एक बैठक में बृहस्पतिवार को दोनों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्र में वर्तमान हालात पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मंत्री वांग ने उम्मीद जताई कि भारत सीमा की स्थिति को स्थिरता की ओर ले जाने के लिए आधी दूरी तय कर चीन से मुलाकात करेगा और इसे तत्काल विवाद समाधान से नियमित प्रबंधन और नियंत्रण में स्थानांतरित कर देगा। जयशंकर ने कहा कि चीन को भारत के साथ अपने संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिए से देखने से बचना चाहिए जिस पर बीजिंग ने सहमति जताई। चीन-भारत के संबंधों के अपने अंतर्निहित तर्क होने का जिक्र करते हुए चीन ने कहा कि चीन-भारत संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाते और ना ही किसी तीसरे पक्ष पर आधारित हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा दोनों मंत्रियों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मौजूदा हालात के साथ ही वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों तरफ के सैन्य एवं राजनयिक अधिकारियों को जल्द से जल्द फिर मुलाकात करनी चाहिए और लंबित मुद्दों के समाधान पर चर्चा करनी चाहिए। जयशंकर ने रेखांकित किया कि लंबित मुद्दों के समाधान की दिशा में प्रगति करना आवश्यक है ताकि पूर्वी लद्दाख में एलएसी के निकट अमन-चैन बहाल हो सके क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में ऐसा माहौल द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए एक आवश्यक आधार है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार जयशंकर ने वांग ई से कहा कि भारत ने सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत का कभी भी समर्थन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंधों के जरिए जो मिसाल कायम होगी, एशियाई एकजुटता उसी पर निर्भर करेगी।





उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया क्षेत्र में नब्बे दिन की यात्रा के बाद धरती पर लौटे चीन के अंतरिक्ष यात्री क्रमशः तांग होंगबो, नी हेशेंग व लीयू बोमिंग खुशी का इजहार करते हुए

# तालिबान के नियंत्रण के बाद अफगानिस्तान में नई हकीकत स्थापित :इमरान खान

**●तालिबान अब अपने किए वायदे पूरा करे**

**भाषा** । इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि काबुल में सत्ता पर तालिबान के कब्जा करने के बाद अफगानिस्तान में एक नई हकीकत स्थापित हुई है और अब यह सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक हित में है कि कोई नया संघर्ष नहीं हो तथा वह आतंकवादियों के लिए फिर कभी सुरक्षित पनाहगाह नहीं बने।

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में 20 वीं शंघाई सहयोग संगठन राष्ट्राध्यक्ष परिषद (एससीओ-एसीएचएस) को संबोधित करते हुए खान ने कहा कि विश्व के लिए यह राहत की बात होनी चाहिए कि तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद और वहां से विदेशी सैनिकों की पूर्ण वापसी रक्तपात एवं गृहयुद्ध के बगैर तथा शरणार्थियों के बड़े पैमाने पर पलायन के बगैर हुई। खान ने कहा कि एक शांतिपूर्ण एवं स्थिर अफगानिस्तान से पाकिस्तान का हित जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार को अचानक अपदस्थ कर दिए जाने, तालिबान द्वारा शासन की बागडोर अपने हाथों में लेने और विदेशी सैनिकों की पूर्ण वापसी ने हर किसी को हैरान कर दिया, जिसने एक नई हकीकत स्थापित की है।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में कोई नया संघर्ष नहीं हो और सुरक्षा स्थिति स्थिर हो, यह सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक हित में है। खान ने कहा कि साथ ही समान रूप से फौरी प्राथमिकता मानवीय संकट और आर्थिक मंदी को रोकना है। उन्होंने कहा कि हमें अवश्य याद रखना चाहिए कि पूर्ववर्ती सरकार विदेशी सहायता पर अत्यधिक निर्भर रही थी और इसे हटाए जाने के बाद अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। यह वक्त अफगान लोगों के साथ दृढ़ता से खड़े होने का है। उन्होंने कहा कि तालिबान शासकों को अपने वादों को अवश्य पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तालिबान को समावेशी राजनीतिक ढांचे के लिए किए गए वादों को अवश्य पूरा करना चाहिए, जहां सभी जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व हो। यह अफगानिस्तान में स्थिरता के लिए जरूरी है।

खान ने कहा कि अफगानिस्तान को बाहर से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। वहीं कोविड-19 की उत्पत्ति से जुड़े एक सवाल के जवाब में खान ने पाकिस्तान के पक्के दोस्त चीन का बचाव किया। उन्होंने कहा कि वायरस की उत्पत्ति के सवाल को राजनीतिक रंग देने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह ऐसे वक्त में विभाजन पैदा करेगा जब विश्व को एकजुट होने की जरूरत है।

खान ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कोशिशों के बावजूद आतंकवाद द्वारा पैदा किए गए खतरे अब भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी एक धर्म से जोड़े जाने ने दुनिया भर में धुर दक्षिणपंथी व किसी एक धर्म के सर्वोच्च होने को मानने वालों को प्रभाव फैलाने में मदद की है। खान ने किसी अन्य देश का नाम लिए बगैर कहा, कुछ मामलों में, इस तरह के अतिवादी और कट्टर विचारधाराओं ने तथाकथित लोकतंत्रों में सत्ता पर कब्जा करने में मदद की है। आठ देशों, चीन, रूस, कजाखस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान का समूह एससीओ दुशांबे में अपना 21 वां शिखर सम्मेलन कर रहा है। अफगानिस्तान, एससीओ में एक पर्यवेक्षक है।

# पूर्व राष्ट्रपति जुमा की सजा बरकरार

**भाषा** । जोहानिसबर्ग



**दक्षिण** अफ्रीका की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत की अवमानना पर दी गई 15 महीने कैद की सजा को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। जुमा ने जुलाई में तब आत्मसमर्पण कर दिया था। जब संवैधानिक न्यायालय ने उन्हें स्टेट कैप्चर में जांच आयोग के समक्ष पेश होने से लगातार इनकार करने के लिए अदालत की अवमानना का जिम्मेदार पाया था।

इस आयोग के समक्ष कई गवाहों ने सरकारी विभागों और संस्थानों में लूट के संबंधित मामलों में जुमा की कथित भूमिका का विवरण दिया था। संवैधानिक न्यायालय के बहुमत के फैसले में, न्यायाधीश सिसी खंपेपे ने 79 वर्षीय जुमा की याचिका को (सुनवाई की) लागत सहित खारिज कर दिया। जुमा के आचरण पर टिप्पणी करते हुए, खंपेपे ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर मुकदमे में भाग लेने से इनकार कर दिया था और जब मामला उनके अनुकूल लगा तो फिर से मामला खोल दिया।

खंपेपे ने कहा कि बहुमत किसी भी सुझाव को जोरदार तरीके से खारिज करते हैं कि वादियों को अपनी मर्जी की न्यायिक प्रक्रिया की हत्या की अनुमति दी जा सकती है, जिसे सभी तरह से नियमितता के साथ किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति ने इस साल सात जुलाई को अपनी सजा शुरू की थी लेकिन बमुश्किल एक महीने बाद ही उन्हें मेडिकल पैरोल दे दी गई थी जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। पैरोल को कई संस्थानों द्वारा चुनौती दी जा रही है क्योंकि यह पाया गया था कि पैरोल बोर्ड द्वारा नहीं बल्कि सुधार सेवा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रदान किया था जिसे जुमा ने अपने कार्यकाल के दौरान अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया था। जुमा फिलहाल अस्पताल में हैं और उनके स्वास्थ्य की हालत फिलहाल गोपनीय बनी हुई है। जुमा ने पहले तर्क दिया था कि उनकी अनुपस्थिति के कारण उन्हें निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं दिया गया था।

## तालिबान ने सभी पुरुष छात्रों, शिक्षकों को विद्यालय जाने का आदेश दिया

**इस्तांबुल**। तालिबान के शिक्षा मंत्रालय ने छठवीं से 12वीं तक के सभी पुरुष छात्रों और पुरुष शिक्षकों से कहा है कि वे शनिवार से स्कूल जाना शुरू करें। फेसबुक पर पोस्ट किए गए बयान में इस आयुवर्ग की लड़कियों व छात्राओं के बारे में कुछ नहीं कहा गया है और निर्देशों में इस कमी ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं कि तालिबान फिर से लड़कियों और महिलाओं पाबंदियां लगाएगा। तालिबान ने पूर्व में पहली से छठी कक्षा तक की बच्चियों को स्कूल जाने की अनुमति दी थी।

पिछले महीने फिर से अफगानिस्तान पर पूर्ण नियंत्रण करने वाले तालिबान ने अतीत में महिलाओंबच्चियों के स्कूल और दफ्तर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कुछ प्रांतों में महिलाओं को हालांकि काम करने की अनुमति दी जा रही है।

# रिपब्लिकन सीनेटरों ने तालिबान को आतंकवादी संगठन का दर्जा देने की मांग की

**भाषा** । वाशिंगटन

**रिपब्लिकन** पार्टी के सांसदों ने मांग की है कि तालिबान को आतंकवादी संगठन का दर्जा दिया जाए और कहा है कि अफगानिस्तान में इस समूह के नेतृत्व वाली सरकार में ऐसे कई कैबिनेट सदस्य हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवादी घोषित कर रखा है। सांसदों ने मांग की कि अफगानिस्तान की तालिबान नीत सरकार को मान्यता देने वाले देशों के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाए जाएं।

सीनेटर मार्को रूबियो तथा अन्य सांसदों ने आतंकवादी देशों को मान्यता देने पर रोक कानून नामक विधेयक पेश किया जिसमें अमेरिका के विदेश मंत्री से कहा गया कि वह अफगानिस्तान के गैरकानूनी इस्लामिक अमीरात को आतंकवाद के प्रायोजक और तालिबान को एक आतंकवादी संगठन का दर्जा दे। यह विधेयक यदि पारित हो जाता है और कानून का रूप ले लेता है तो इसमें उन व्यक्तियों के खिलाफ भी पाबंदियां लगाई जाएंगी जिन्होंने तालिबान को जानबूझकर मदद दी। अमेरिकी सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि करदाताओं का पैसा अफगानिस्तान में विदेशी आतंकवादी संगठनों को हाथों में न जाए।

रूबियो ने कहा द्वस्र इसमें कोई संदेह नहीं है कि तालिबान नियंत्रित अफगानिस्तान हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों, पश्चिम एशिया और मध्य एशिया में हमारे सहयोगियों एवं साझेदारों के लिए सीधा खतरा हैं।

उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन द्वारा अफगानिस्तान से सेना की दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से वापसी से वह देश उन आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन रहा है जो अमेरिका से नफरत करते हैं। दुर्भाग्य से यह सोचने का कोई कारण नहीं है कि राष्ट्रपति बाइडन तालिबान के साथ आतंकवादियों सा बर्ताव करेंगे।

## सू ची के भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई एक अक्टूबर को

**बैंकॉक**। म्यांमा की अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा एक अक्टूबर से शुरू होगा। सू ची के कानूनी दल के एक सदस्य ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वकील खिन मौंग जॉ ने कहा कि एक न्यायाधीश ने घोषणा की कि सुनवाई हर दूसरे शुक्रवार को राजधानी ने पी ता में विशेष अदालत में होगी। उन्होंने केंद्रीय शहर मांडले से सू ची के वकीलों और अभियोजकों द्वारा अदालत में प्रस्तुतियों के बाद निर्णय की घोषणा की। मांडले में ही मूल रूप से आरोप दर्ज किए गए थे।

सू ची की निर्वाचित सरकार को फरवरी में सेना ने तख्तापलट कर हटा दिया था और उन पर फिलहाल विशेष अदालत द्वारा अन्य आरोपों को लेकर मुकदमा चलाया जा रहा है। उन पर देशद्रोह, कोविड-19 महामारी के प्रतिबंधों के उल्लंघन के दो मामलों, उनके अंगरक्षकों द्वारा अवैध रूप से उपयोग के लिए वॉकी-टॉकी का आयात करना और रेडियो के बिना लाइसेंस के उपयोग के आरोप हैं।

# एससीओ देश समावेशी राजनीतिक ढांचे के लिए अफगानिस्तान को प्रेरित करें: शी

**भाषा** । बीजिंग



**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों को समन्वय बढ़ाना चाहिए और उदार नीतियां बनाने के लिए एक समावेशी राजनीतिक ढांचा तैयार करने को लेकर अफगानिस्तान को प्रेरित करना चाहिए। साथ ही, काबुल पर तालिबान के कब्जा करने के बाद आतंकवाद के सभी स्वरूपों से दृढ़ता से लड़ना चाहिए।

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में एससीओ के 21 वें शिखर सम्मेलन को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए शी ने कहा, अफगानिस्तान जबरदस्त बदलाव के दौर से गुजरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो लिंक के जरिए शिखर सम्मेलन को संबोधित किया और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आठ देशों के समूह की बैठक में शरीक हुए। एससीओ के सदस्य देशों में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं। शी ने अपने संबोधन में तालिबान का नाम लिए बगैर कहा, विदेशी सैनिकों की वापसी ने इसके इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया, लेकिन अफगानिस्तान अब भी कई दुरूह चुनौतियों का सामना कर रहा है और उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासतौर पर हमारे क्षेत्र के देशों के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम एससीओ सदस्य देशों को समन्वय बढ़ाने, एससीओ-अफगानिस्तान संपर्क समूह जैसे मंचों का पूरा उपयोग करने और अफगानिस्तान में सुगमता से परिवर्तन लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें अफगानिस्तान को व्यापक आधार वाला एवं समावेशी राजनीतिक ढांचा अपनाने, उदार घरेलू एवं विदेश नीतियां अपनाने, आतंकवाद के सभी स्वरूपों से दृढ़ता से लड़ने तथा शांति, स्थिरता व विकास के पथ पर बढ़ने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।

तालिबान के काबुल पर मध्य अगस्त में कब्जा करने के पहले और बाद में उससे (तालिबान से) संपर्क कायम रखने वाले चीन ने युद्ध प्रभावित देश को खाद्य सहायता के लिए 3.1 करोड़ डॉलर की सहायता देने की घोषणा की है। शी ने यह भी कहा कि हमें अपने-अपने देशों में चुनाव सहित अहम राजनीतिक एजेंडा क्रमिक रूप से आगे बढ़ाने में भी एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए।

# यूएन में क्वाड देशों के राजदूतों ने जलवायु परिवर्तन पर ध्यान देने के महत्व को रेखांकित किया

**भाषा** । न्यूयॉर्क

**क्वाड** देशों - ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के राजदूतों ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अगले सप्ताह आयोजित चारों देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले यहां वैश्विक महामारी, जलवायु परिवर्तन पर ध्यान देने तथा नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की प्रतिबद्धता को नए सिरे से दोहराने के महत्व को रेखांकित किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड, संयुक्त राष्ट्र में जापानी स्थाई प्रतिनिधि किमिहीरो इशिकाने तथा संयुक्त राष्ट्र में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत मिच फिफील्ड ने बृहस्पतिवार को मुलाकात की। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्चस्तरीय सत्र की शुरुआत से कुछ दिन पहले ही यह बैठक हुई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, आज क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका) के संयुक्त राष्ट्र में राजदूतों ने न्यूयॉर्क में मुलाकात की और सहयोग तथा साझा हितों के विषयों पर चर्चा की।

उसने कहा कि यूएनजीए76 की शुरुआत से पहले क्वाड देशों के राजदूतों ने वैश्विक महामारी, जलवायु परिवर्तन से निपटने और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की प्रतिबद्धता को नए सिरे से दोहराने के महत्व को रेखांकित किया।

राष्ट्रपति बाइडन द्वारा 24 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में आयोजित क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले यह बैठक हुई। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति बाइडन, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन तथा जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा भाग लेंगे।



मास्को में संसदीय चुनाव को लेकर हो रहे मतदान के अवसर पर पोलिंग बूथ के बाहर मुस्तैदी से तैनात रशियन नेशनल गार्ड का जवान

## पाकिस्तान में पांच आतंकवादियों को पांच साल की कैद की सजा

**भाषा** । लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत की आतंकवाद रोधी एक अदालत ने शुक्रवार को पांच आतंकवादियों को पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई। इनमें प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी भी शामिल हैं।

आतंकवाद रोधी विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि दोषी ठहराए गए आतंकवादी- मुहम्मद अस्लम, बशरत खान, मुहम्मद अली, नियजा अब्बास और आदिल अब्बास- को विभाग ने इस साल की शुरूआत में पंजाब के सरगोधा तथा खुशाब जिलों से गिरफ्तार किया था।

अदालत में अभियोजन द्वारा उनके खिलाफ सबूत और गवाह पेश किए जाने के बाद उन्हें दोषी करार दिया गया।

# रूस में संसदीय चुनाव से पहले ऐप्पल और गूगल प्ले स्टोर्स से नवलनी का ऐप हटाया गया

**एपी** । मॉस्को

**रूस** में संसदीय चुनावों के लिए मतदान से पहले शुक्रवार को ऐप्पल और गूगल प्ले स्टोर्स से एक ऐप गायब हो गया जिसे जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के सहयोगियों ने बनाया था।

नवलनी ने स्मार्ट वोटिंग नाम का ऐप डिजाइन किया था जिससे उन उम्मीदवारों का प्रचार किया जा सके जिनके क्रेमलिन के समर्थन वाले प्रत्याशियों को हराने की संभावना है। रूस के अधिकारी इस ऐप के प्रयोग को हतोत्साहित कर रहे हैं। इस सप्ताहांत में होने वाले चुनाव को राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के आगामी राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने के प्रयासों के तौर पर देखा जा रहा है। इन चुनावों के लिए संसद पर नियंत्रण महत्वपूर्ण है। ऐप्पल और गूगल पर पिछले कुछ सप्ताह में रूस के अधिकारियों का काफी दबाव रहा है। अधिकारी दोनों से स्मार्ट वोटिंग ऐप को हटाने के लिए कह रहे थे। उनका कहना था कि ऐसा नहीं किया गया तो माना जाएगा चुनाव में हस्तक्षेप किया जा रहा है। उन्हें जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी गई। रूस के विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह अमेरिकी राजदूत जॉन सुलिवन को तलब किया था। ऐप्पल और गूगल के प्रतिनिधियों को रूस की संसद के उच्च सदन की एक बैठक में बुलाया गया। बैठक के बाद एक बयान में कहा गया कि ऐप्पल ने रूस के अधिकारियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई है।

# श्रीलंका, नेपाल के नेताओं ने पीएम मोदी को जन्मदिन पर बधाई दी

**भाषा** । कोलंबो/काठमांडू

**श्रीलंका** के शीर्ष नेतृत्व और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 71वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा देश का नेतृत्व करने में सफलता की शुभकामनाएं दीं। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने ट्वीट किया, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। इस कठिन समय में आप स्वस्थ रहें और मजबूत हों।


श्रीलंकाई राष्ट्रपति के भाई और देश के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने भी मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे अच्छे मित्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर ढेर सारी बधाई। मैं इस कठिन समय में भारत का नेतृत्व करने के दौरान आपको शक्ति, सफलता मिलने और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा ने भी मोदी को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, श्री नरेंद्र मोदी को 71वां जन्मदिन शुभ हो। यह आपके जीवन में अच्छा स्वास्थ्य और अधिक सफलता लाए।

डोमिनिक गणराज्य के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने ट्वीट किया, डोमिनिका के लोगों और सरकार की ओर से मैं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 71वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूं।


नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने भी मोदी को जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपको 71वें जन्मदिन पर ढेर सारी बधाई। मैं आपकी अच्छी सेहत और प्रसन्नता की कामना करता हूं।

ऑनलाइन फिटनेस क्लासेस के चलन ने हमें यह एहसास कराया है कि फिट रहने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आपका पसंदीदा फिटनेस शासन बस एक क्लिक दूर है, जानकारी दे रहे हैं 'जितेंद्र चौकसे'।

## फिट रहने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं



हमने पिछले डेढ़ साल में दुनिया को उल्लेखनीय रूप से बदलते देखा है। कोविड-19 के बाद की दुनिया ने हमें अपनी दिनचर्या के हिस्से के रूप में अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सामना करना सिखाया है।




एक प्रमुख प्रवृत्ति जो उभर कर सामने आई वह थी फिट होने के प्रति बढ़ती जागरूकता। जनरेशन एक्स और वाई से जेनरेशन जेड और अल्फा तक, सभी ने स्वस्थ रहने के लिए एक शासन स्थापित करने के लिए जमीन और घरेलू क्षेत्र में कदम रखा, जबकि दूसरों को भी इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सोशल मीडिया स्ट्रीम और समुदाय विभिन्न जनसांख्यिकी के लोगों के लिए अपनी जीवन शैली को बदलने के लिए फिटर कोच के साथ नामांकन की अपनी यात्रा को पंजीकृत करने के लिए आभासी आधार बन गए। कई जोड़ों ने शरीर की सकारात्मकता को बढ़ावा देकर और युगल चिकित्सा के रूप में फिटनेस को उजागर करके, कपल फिटनेस गोल्स साझा करके और दूसरों को अपने फिटनेस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करके अपनी फिटनेस यात्रा शुरू की, जिसे फिटनेस क्षेत्र प्रमाणित कर सकता है!

भारत में फिटनेस समुदाय एक नवोदित पारिस्थितिकी तंत्र के आगमन के साथ तेजी से विकसित हुआ है जिसमें सतर्क उपभोक्ताओं, फिटनेस सेवा प्रदाताओं के साथ सरकारी पहल शामिल हैं। हालांकि, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विचार भारतीयों के लिए नया नहीं है - योग, अखाड़े, आयुर्वेद और ध्यान हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। वैश्वीकरण और सूचना की उपलब्धता में आसानी के साथ, पारंपरिक प्रथाओं और अभ्यासों को भारत में एक आधुनिक, गतिशील और बढ़ते फिटनेस उद्योग द्वारा प्रबलित और पूरक किया जा रहा है।

रेडसियर कंसल्टिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश का फिटनेस उद्योग, जिसमें उपकरण, स्पोर्ट्सवियर, फिटनेस सेवाएं और मनोरंजक खेल शामिल हैं, का मूल्य 2018 में 12 बिलियन डॉलर था।

फिटनेस सर्विसेज सेगमेंट पर फिक्की, ईएंडवाई, रेडसीर कंसल्टिंग, ग्लोबल वेलनेस इंस्टीट्यूट, और आईएचआरएसए एंड फिटर्निटी की हालिया उद्योग रिपोर्ट का अनुमान है कि फिटनेस सेवाओं के लिए सालाना औसतन यूएस 350 डॉलर से यूएस डॉलर 400 तक खर्च करने वाले छह मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो कि यूएस की राशि है। 2.6 बिलियन का बाजार आकार।

समग्र फिटनेस उद्योग के 27 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने और 2022 तक 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निशान को छूने की उम्मीद है, जिसमें फिटनेस सेवाएं (जैसे जिम, स्लिमिंग सेवाएं और जुम्बा, एरोबिक्स, क्रॉसफिट, आदि जैसे प्रारूप) योगदान देंगे। लगभग 6.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर।

**वर्चुअल फिटनेस : किसी के लिए भी और सभी के लिए अधिक से अधिक पहुंच लाना!**

जैसा कि हम महामारी के प्रभावों और प्रभावों से जूझना जारी रखते हैं, अब फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों की एक नई नस्ल सामने आई है। 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 77 प्रतिशत भारतीयों ने घर के कामों को वर्चुअल क्लासेस और डीआईवाई होम वर्कआउट रूटीन के साथ जोड़कर फिट रहने की कोशिश की। जिम और फिटनेस सेंटर बंद होने के साथ, घर के अंदर व्यायाम करने के लिए सीमित स्थान और जिम जैसी व्यवस्था की कमी के साथ फिटनेस उपकरणों की बहुत कम पहुंच के साथ, फिट रहने के लिए अभिनव होना समय की आवश्यकता बन गया। फिटर और अन्य जैसे फिटनेस ऐप के साथ, किसी की आवश्यकता के अनुसार सही व्यायाम, कोच, आहार ढूंढना सहज हो गया है।

छतों और बैठक कक्षों से, अच्छी कनेक्टिविटी वाली कोई भी जगह जो लाइव ऑनलाइन कोचिंग की अनुमति देती है, हर किसी का अपना निजी फिटनेस सेंटर बन गया! फिटनेस कोच रचनात्मक बन गए, इन वातावरणों के लिए अनुकूलित अभ्यासों के साथ दिनचर्या को क्यूरेट करना।

**डिजिटल फिटनेस : व्यक्तिगत होना घर पर ट्रेनर**

वायरस के खतरे के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर और ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों तक आसान पहुंच के साथ, वर्कआउट-एट-होम एक महामारी फिटनेस प्रवृत्ति बन गई है, जिससे वर्चुअल फिटनेस उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए विविध पेशकशों में तेज उछाल आया है। किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 84 प्रतिशत फिटनेस उत्साही लोगों ने लॉकडाउन के दौरान कम से कम तीन बार लाइव-स्ट्रीमिंग फिटनेस कक्षाओं की कोशिश की।

ऑनलाइन पेशकशों के साथ, फिटनेस एक्सेसरीज़ और योग मैट, डंबल्स जैसे उपकरणों की मांग में भी वृद्धि हुई है। लोगों ने अपनी जीवन शैली में मात्रात्मक पोषण और शारीरिक व्यायाम को शामिल करने की आवश्यकता को पहचाना है और वे अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक जागरूक और जागरूक हो रहे हैं और फिटनेस को अपने जीवन में एकीकृत करने के लिए विभिन्न विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

फिटनेस उद्योग के साथ ऑनलाइन विकास के लिए सबसे बड़ी छलांग और लगभग पूरी तरह से डिजिटल होने के साथ, फिटनेस विशेषज्ञों और पोषण विशेषज्ञों की आवश्यकता बढ़ गई है। मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, फिटनेस विशेषज्ञों ने भी खुद को वर्ल्ड वाइड वेब के शिल्प से लैस किया है और अपनी पेशकशों को ऑनलाइन में तेजी से संशोधित किया है। कुछ ही समय में, ऑनलाइन फिटनेस कोचिंग एक आकर्षक व्यवसाय और एक वैकल्पिक करियर विकल्प बन गया है, जिसमें कई लोग प्रमाणित प्रशिक्षक बनने के लिए आवेदन करते हैं और यहां तक कि ऑनलाइन फिटनेस पाठ्यक्रम लेकर विशेष फिटनेस प्रमाणपत्र भी अर्जित करते हैं।

डिजिटल फिटनेस उद्योग के फलने-फूलने का एक प्रमुख कारण यह है कि लोग अब घर पर अपने आरामदायक स्थान पर वर्कआउट करने के लाभों को समझते हैं। यह लगभग आपके घर पर आपके साथ आपका निजी प्रशिक्षक होने जैसा है :

**● समय कोई समस्या नहीं है**

यह बहाना कि 'मुझे काम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण काम करने का समय नहीं मिलता' अब लागू नहीं है। पहले, जिम या स्टूडियो जाने और जाने में समय लगता था, जिससे दैनिक कसरत करना मुश्किल हो जाता था, अब कोई समस्या नहीं है! वर्चुअल वर्कआउट के साथ, आपको अपनी सुविधानुसार वर्कआउट करने का आराम मिलता है और इसलिए, अपनी दिनचर्या में एक स्वेट सेशन डालने का समय निकालें। तो, कोई और बहाना नहीं, आपको बस उन्हें पीछे छोड़ना है, कुछ आरामदायक कपड़े पहनना है, अपनी चटाई सेट करना है और अपना फिटनेस ऐप चालू करना है।

**● एल एक आदर्श जिम खोजने में अब कोई परेशानी नहीं है**

अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों, बजट और निकटता के अनुकूल जिम खोजने की परेशानी अब कोई चुनौती नहीं है। वर्चुअल फिटनेस के साथ आपके पास अपने घर के आराम में एक जिम है! बस एक आरामदायक जगह ढूंढनी है, अपना स्मार्टफोन, लैपटॉप या टैबलेट, विकल्प रखना है और काम करना शुरू करना है। आप अपने वर्कआउट को अपने साथ बाहर, छुट्टी पर, किसी दोस्त के घर या अपने लिविंग रूम में भी ले जा सकते हैं।

**● एल कोई सहकर्मी दबाव नहीं**

जब आप स्टूडियो या जिम में फिटनेस कट्टरपंथियों के समूह के बीच व्यायाम करते हैं, खासकर शुरुआती लोगों के लिए, यह एक डराने वाला अनुभव हो सकता है। वस्तुत: काम करने से, उस दबाव का अधिकांश भाग समाप्त हो जाता है क्योंकि आप केवल अपने आप से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं!

**● एक समुदाय अनुशासन बनाने में मदद कर सकता है**

विशेष रूप से शुरुआती लोगों के लिए अनुशासन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है। एक बार जब आप अपनी दिनचर्या के साथ अनुशासित हो जाते हैं और आपको परिणाम दिखाई देने लगते हैं, तो प्रेरणा का पालन किया जाएगा। शुरुआत में अपने आप को स्नीकर्स लेस करने के लिए राजी करना और शरीर को हिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यहीं पर वर्चुअल ट्रेनर और समुदाय अनुशासन, जुनून, मार्गदर्शन और समर्थन उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जो आपके ड्राइव को बढ़ाएगा। ऐसे फिटनेस समुदाय आपके कसरत में अधिक निवेश करने में मदद करते हैं ताकि आपको अगले एक के लिए दिखाने की अधिक संभावना हो। मिशिगन विश्वविद्यालय के एक अध्ययन से पता चला है कि जिन लोगों ने काम किया है, वे वास्तव में अधिक प्रेरणा का प्रदर्शन करते हैं और अकेले काम करने वालों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

**● वर्कआउट उबाऊ हैं? नहीं!**

एक ही दिनचर्या और लगातार व्यायाम का पालन करना नीरस हो सकता है और आपकी रुचि कम कर सकता है। फिटनेस ऐतिहासिक रूप से एक प्रेरक प्रकाश रहा है, जो कुछ मामलों में अनुशासन, ध्यान और सौहार्द लाता है। एक बासी कसरत दिनचर्या पर काबू पाना आसान हो सकता है। आप व्यायाम बदल सकते हैं, व्यायाम क्रम बदल सकते हैं, या उस मांसपेशी लक्ष्यीकरण गतिविधि को संशोधित कर सकते हैं जिस पर आप काम कर रहे हैं या आपका लक्ष्य।

इसके अलावा, ज़ूम, यूट्यूब, फिटर और इंस्टाग्राम जैसे ऑनलाइन टूल और प्लेटफॉर्म ने पिछले अठारह महीनों में वर्चुअल फिटनेस समुदायों की एक लहर को तेजी से एकजुट किया है। लॉकडाउन ने लोगों को घर की फिटनेस दिनचर्या का समर्थन करने के लिए अपने रहने की जगह को अनुकूलित करने के लिए मजबूर किया, जिससे लोगों को नए समूह बनाने, परिवारों और प्रियजनों को फिटनेस सत्रों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की अनुमति मिली।

**● एल योग्य प्रशिक्षकों के लिए आसान पहुंच**

आपकी फिटनेस व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में आपकी मदद करने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। आभासी कार्यक्रमों के साथ, पोषण सेवन के अभ्यासों को आपके व्यक्तिगत प्रशिक्षकों द्वारा पूरी तरह से विस्तृत रूप से तैयार किया गया है ताकि आप अपने कसरत का अधिकतम लाभ उठा सकें।

**फिटनेस उद्योग का भविष्य- भौतिक और डिजिटल का मिश्रण**

ऑनलाइन फिटनेस कक्षाओं के उभरते चलन ने हमें यह भी महसूस कराया है कि किसी व्यक्ति को फिट रहने के लिए कहीं भी यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। कोई भी व्यक्ति दुनिया में कहीं भी व्यायाम कर सकता है और आपकी पसंदीदा फिटनेस व्यवस्था बस एक क्लिक दूर है। लेकिन क्या वर्कआउट सेशन की लाइव स्ट्रीमिंग में वृद्धि और होम वर्कआउट और फिटनेस ऐप की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जिम जाने वाले लोगों के भविष्य को प्रभावित करेगी?

व्यक्तिगत रूप से, मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। मैं भविष्य को डिजिटल और भौतिक दोनों के मिश्रण के रूप में देखता हूं। यह इस बात का भी प्रमाण है कि कैसे फिटनेस के बारे में सामान्य सोच का विस्तार हुआ है। कसरत के अखाड़े और जिम के अलावा ऐसी जगहें हैं जहाँ लोग मिलते हैं, मेलजोल करते हैं और दोस्ती भी करते हैं। महामारी के बाद की दुनिया में, मैं देखता हूं कि लोग मिलना चाहते हैं - और जिम शुरू करने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जिम पैकेज शारीरिक रूप से जिम जाने, ऑनलाइन कक्षाओं और घर आने वाले एक निजी प्रशिक्षक का एक संयोजन होगा।

लेखक लूज़ फैट, गेट फिटर और फाउंडर के लेखिक और फिटर के सीईओ, व संस्थापक हैं।

### ध्यान रखने योग्य चीजें

ऑनलाइन हेल्थ टिप्स और डाइट का पालन करते समय हमेशा सावधान रहना चाहिए। इनमें से अधिकांश युक्तियां जो ऑनलाइन साझा की जाती हैं, किसी विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित नहीं की जाती हैं और आपके शरीर को अच्छे से अधिक नुकसान पहुंचा सकती हैं। विभिन्न व्यायाम और आहार के बारे में सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग वीडियो जो तुरंत और जल्दी से वजन कम करने में मदद करते हैं, उन्हें आपके व्यक्तिगत फिटनेस विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित करने की आवश्यकता होती है और प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श किए बिना इसका पालन नहीं किया जाना चाहिए।

अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने और फिट रहने का सबसे प्रभावी तरीका यह समझना है कि हर किसी का एक अनूठा शरीर होता है जो अलग तरह से कार्य करता है। एक फिटनेस टिप जो एक व्यक्ति के लिए चमत्कार कर सकती है वह किसी और के लिए भी काम नहीं कर सकती है। फिटनेस के मामले में ऐसा कोई जूता नहीं है जो सभी पर फिट बैठता हो। इस प्रकार, फिट और स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर की जरूरतों और जरूरतों को समझना अनिवार्य है।

व्यायाम के दौरान चोटों से बचने के लिए, एक नई फिटनेस व्यवस्था शुरू करने से पहले हमेशा प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श लेना चाहिए। यदि आप अभी अपनी फिटनेस यात्रा शुरू कर रहे हैं-

- एल अपने वर्कआउट के आसपास वार्म अप और कूल डाउन करने के लिए पांच से दस मिनट का समय लें।
- एल धीरे-धीरे शुरू करने की योजना बनाएं और धीरे-धीरे तीव्रता और व्यायाम की अवधि बढ़ाएं।

यहां तक कि एक साधारण पुल-अप या आर्म ट्विस्ट या स्ट्रेचिंग भी आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है, अगर इसे सही तरीके से न किया जाए। यदि आपको पहले हड्डी या मांसपेशियों में चोट या कोई बड़ी सर्जरी हुई है, तो भविष्य में किसी भी नतीजे से बचने के लिए व्यायाम करने से पहले एक चिकित्सक से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, अपने फिटनेस कोच या सलाहकार को अपनी पिछली सभी चोटों और सर्जरी के बारे में सूचित रखें ताकि किसी भी बड़ी समस्या से बचा जा सके।

---

## अपनी ऊर्जा की रक्षा करें

**मनोज श्रीवास्तव विस्तार से बता रहे हैं कि आधुनिक तकनीक के कारण होने वाले तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में वास्तु कैसे मदद कर सकती है**

आधुनिक दुनिया में, तनाव अक्सर आपके पेशेवर जीवन का पर्याय बन जाता है। आमतौर पर, इस हिस्से को कार्यालय में काम करने, मालिकों व सहकर्मियों के साथ काम करने के साथ-साथ उत्पादक होने के लिए आरोपित किया जाता है। अंततोगत्वा, घर वो जगह है जहां आप दैनिक झंझट से परे होते हैं और राहत प्राप्त करते हैं। हालांकि, घर का भी अपना विशेष तनाव होता है जैसे जीवनसाथी, माता-पिता और बच्चों की अपेक्षाओं को पूरा करना। इन सबसे ऊपर, आधुनिक तकनीक के कारण घर और कार्यालय दोनों में अपरिहार्य अदृश्य ऊर्जाएं होती हैं जो तनाव को बढ़ाती हैं। यह एक भगोड़ा प्रभाव पैदा करता है जब तनाव नियंत्रण से बाहर हो जाता है और परिणामस्वरूप आप पस्त हो जाते हैं। यही कारण है कि अपने स्थान और समय दोनों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है।



हम में से अधिकांश लोग आधुनिक जीवन की इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं के आदी हैं। लेकिन हम में से बहुत कम लोग ऐसे उपकरणों द्वारा प्रस्तुत संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से अवगत होते हैं जो हमारी दुनिया को कामकाजी बनाते हैं। हम घर या ऑफिस में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से घिरे रहते हैं। विद्युत चुम्बकीय आवृत्तियां समस्त इलेक्ट्रॉनिक और विद्युत उपकरणों द्वारा उत्पन्न होती हैं। मोबाइल फोन, वाई-फाई राउटर, माइक्रोवेव ओवन, लैपटॉप, टेलीविजन, कॉर्डलेस फोन कुछ ऐसे उपकरण हैं जो अब हर भारतीय घर में आम मौजूद हैं और जब तक वे चालू रहते हैं तब तक ईएमएफ विकिरण उत्पन्न करते हैं। कार्यालयों में, सर्वर, यूपीएस, वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट और मोबाइल टावर उच्च ईएमएफ विकिरण के महान स्रोत हैं जिनसे हम लगातार घिरे होते हैं।

सभी सूक्ष्म ऊर्जाएं, चाहे वह वास्तु की ऊर्जा हो या विद्युत चुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा, दोनों हमारे मन और शरीर पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालती हैं। एक ओर जहां ध्वनि, प्रकाश और वायु जैसी स्थूल ऊर्जा का तीव्र और अस्थायी प्रभाव होता है, वहीं सूक्ष्म ऊर्जाओं का जटिल और दीर्घकालिक प्रभाव होता है। हालांकि वास्तु ऊर्जा अच्छी और बुरी हो सकती है, जो कि अलग-अलग दिशाओं में और भागों में, भवन के डिजाइन के आधार पर निर्भर है, मगर ईएमएफऊर्जा सभी जगहों पर समान रूप से खराब होती है।

इन ईएमएफ विकिरणों के संपर्क में आने पर, अलग-अलग लोगों में उनकी जीवन शक्ति और संरचना के आधार पर अलग-अलग लक्षण होते हैं। सबसे प्रमुख लक्षण नींद में खलल, चिंता, धड़कन, सिरदर्द, सुस्ती, टिनिटस (कान में बजना), और मतली है। अधिकांश लोग इन अधिकांश रोगों को उच्च तनाव के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन लोगों के लिए एक नया शब्द गढ़ा है जो ईएमएफ विकिरण के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं - विद्युत चुम्बकीय अतिसंवेदनशीलता। लंबे समय तक घिरे होने के परिणामस्वरूप कम प्रतिरक्षा, प्रजनन और प्रजनन संबंधी समस्याएं, ऑटो-प्रतिरक्षा रोग और कुछ घातक बीमारियां हो सकती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई ने 2010 में भारत सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें मोबाइल टावर विकिरण के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने निवासियों व श्रमिकों पर ईएमएफ के प्रभाव को कम करने के लिए प्रोटोकॉल और डिजाइन दिशानिर्देशों को भी परिभाषित किया है। और ये दोनों दस्तावेज इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

ये विकिरण आधुनिक तकनीक के कारण होते हैं और इन उपकरणों के उपयोग को रोकना व्यावहारिक नहीं है। इन दिनों हमारी दक्षता इन उपकरणों के उपयोग पर निर्भर करती है। यहां तक कि अगर आप उनका उपयोग करना बंद कर देते हैं, तब भी आप लगातार मोबाइल टॉवर विकिरणों, माइक्रोवेव और रेडियो टावरों से रेडियो-आवृत्ति तरंगों और कुछ मामलों में पड़ोसी के वाई-फाई राउटर के संपर्क में रहेंगे।

चूंकि इन विकिरणों से बचना संभव नहीं है, इसलिए लेखक इन उपकरण के उपयोग में विवेक का सुझाव देता है। उदाहरण के लिए, आप अपने मोबाइल हैंडसेट को अपने सोने के स्थान से सात फीट से अधिक दूर रखें, और अपने बेडरूम में वाई-फाई राउटर या टेलीविजन सेट स्थापित नहीं करें। यदि टेलीविजन सेट पहले से ही बेडरूम में स्थापित है, और किसी कारण से, आप इसे कहीं और स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं, तो आपको



सोने से पहले टीवी को मेन से बंद कर देना चाहिए, न कि रिमोट से। माइक्रोवेव ओवन चालू होने पर उसके पास न रहें। उससे कम से कम 10 फीट या इससे ज्यादा की दूरी बनाकर रखें। लैपटॉप को अपनी गोद में रखकर उसे संचालित न करें। अपने बेडसाइड पर पुराने अच्छे लैंडलाइन फोन पर अपनी कॉल को हस्तांतरित करके रात के दौरान मोबाइल फोन और वायरलेस राउटर को बंद करने का प्रयास करें।

यदि आप विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति अति संवेदनशील हैं, तो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अवरोधकारी पेंट उपलब्ध हैं, जिन्हें भवन की बाहरी दीवारों पर लगाया जा सकता है ताकि मोबाइल टॉवर विकिरणों को भवन में प्रवेश करने से रोका जा सके, लेकिन नुकसान यह है कि भवन के अंदर मोबाइल सिग्नल कमजोर हो जाते हैं, जिससे नेटवर्क कमजोर होने से कनेक्टिविटी की समस्या होती है और काम करने के आधुनिक तरीके में यह अस्वीकार्य हो सकता है।

आधुनिक वास्तु विशेषज्ञों के पास इन विकिरणों के प्रभाव को बेअसर करने का एक और तरीका है। घर में रहने वालों पर इन विकिरणों के प्रभाव में सामंजस्य स्थापित करने के लिए भवन में रणनीतिक स्थानों पर विशिष्ट सामग्री, कोण और ज्यामितीय आकार स्थापित किए जा सकते हैं।

विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति आपकी संवेदनशीलता के बावजूद, हम सभी लगातार उनके संपर्क में हैं, खासकर शहरों में और वे हमारे मानस और शरीर की ऊर्जा को एक या दूसरे स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में कुछ सावधानियां और वास्तु सुधार निश्चित रूप से इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करेंगे।

(लेखक 20 साल से अधिक का कॉर्पोरेट नेतृत्व संबंधी तजुर्बा रखने वाले वास्तु आचार्य हैं।)

2 न्यूज-व्यूज
बारिश की तबाही में पीड़ितों को तुरंत मदद दें: योगी

6 अभिमत
भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

12 विविध
फिट रहने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 323
लखनऊ, शनिवार, 18 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



चोटों से परेशान स्वप्ना ने संन्यास लेने का मन बनाया
स्पोर्ट्स-11

# अफगान घटनाक्रम का सर्वाधिक प्रभाव भारत जैसे देश पर: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रम का सर्वाधिक प्रभाव भारत जैसे उसके पड़ोसी देशों पर होगा और अगर वहां अस्थिरता और कट्टरवाद बरकरार रहा तो इससे पूरे विश्व में आतंकवादी और अतिवादी विचारधाराओं को बढ़ावा मिलेगा। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में अफगानिस्तान के मुद्दे पर अपने डिजिटल संबोधन में मोदी ने कहा कि अफगानिस्तान में सत्ता-परिवर्तन समावेशी नहीं है और बिना वार्ता के हुआ है।

उन्होंने कहा, इससे नई व्यवस्था की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि नई व्यवस्था पर मान्यता वैश्विक समुदाय सोच समझ कर ले। प्रधानमंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के ताजा घटनाक्रमों को देखते हुए इस मामले में क्षेत्रीय फोकस और सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम का सबसे अधिक प्रभाव हम जैसे पड़ोसी देशों पर होगा। और इसलिए इस मुद्दे पर क्षेत्रीय फोकस और सहयोग आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेताया कि अगर अफगानिस्तान में अस्थिरता और कट्टरवाद बना रहेगा तो इससे पूरे विश्व में आतंकवादी और अतिवादी विचारधाराओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, अन्य उग्रवादी समूहों को हिंसा के माध्यम से सत्ता पाने का प्रोत्साहन भी मिल सकता है। इससे ड्रग्स, अवैध हथियारों और मानव तस्करी का अनियंत्रित प्रवाह बढ़ सकता है। बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार अफगानिस्तान में रह गए हैं और इनके कारण पूरे क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय संकट है और वित्तीय व्यापार के प्रवाह में रूकावट के कारण अफगानिस्तान की जनता की आर्थिक विवशता बढ़ती जा रही है तथा साथ ही कोरोना की चुनौती भी उनके लिए यातना का कारण है। उन्होंने कहा, विकास और मानवीय सहायता के लिए भारत बहुत वर्षों से अफगानिस्तान का विश्वस्त सहयोगी रहा है। मूलभूत संरचनाओं से ले कर शिक्षा, सेहत और क्षमता निर्माण तक हर क्षेत्र में और अफगानिस्तान के हर भाग में हमने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज भी हम अपने अफगान मित्रों तक खाद्य सामग्री, दवाइयां आदि पहुंचाने के लिए इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, हम सभी को मिल कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान तक मानवीय सहायता निर्बाद्ध तरीके से पहुंच सके।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में शुक्रवार को मोहान रोड स्थित आश्रय गृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों को उपहार वितरित करते हुए, साथ में हैं महिला कल्याण व बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह।

## उप्र में दीवार-मकान गिरने की घटनाओं में 12 और की मौत

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के प्रतापगढ़, अमेठी, सुलतानपुर और चित्रकूट जिलों के अलग-अलग स्थानों पर बारिश के कारण मकान और दीवार गिरने की घटनाओं में तीन मासूम बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने तथा प्रभावितों को तत्परतापूर्वक मदद प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रतापगढ़ पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार को हुई लगातार बारिश के दौरान अंतू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतू के नेवड़िया वार्ड में मकान गिरने व मलबे में दबने से चार वर्षीय अमित की मौत हो गई और इसी थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में दीवार गिरने की घटना में ओम प्रकाश (50) की जान चली गई। उन्होंने बताया कि वहीं, सागीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद्र गांव मे दीवार गिरने से मलबे में दबकर कालिका (80) की मौत हो गई जबकि कोहड़ौर थाना क्षेत्र के लौलीपोख्ता गांव में दीवार गिरने की घटना में कलावती (65) नामक महिला की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली पट्टी थाना क्षेत्र के तरदहा गांव में मकान गिरने की घटना में चमेला देवी (54) और इसी थाना क्षेत्र के श्रीनाथपुर में मकान गिरने से कुसुम मौर्य (25) और थाना उदयपुर क्षेत्र के कुम्भी डीहा गांव में दीवार गिरने से अमरजीत सिंह (65) की मौत हो गई। इस बीच, अमेठी से मिली खबर के अनुसार जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मधुपुर खदरी गांव में कच्ची दीवार गिरने से 52 वर्षीय व्यक्ति की मलबे में दबने से मौत हो गई।

## मोदी के जन्मदिन पर रिकॉर्ड टीकाकरण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर टीकाकरण अभियान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए कोविड-19 टीके की दो करोड़ से अधिक खुराक देकर एक रिकॉर्ड बनाया। को-विन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में शाम पांच बजकर 27 मिनट तक 2,03,68,343 खुराकें दी गई हैं। देश में अब तक कुल 78.72 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, वैक्सीन सेवा को चरितार्थ करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को उपहार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर आज भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक दिन में टीके की दो करोड़ खुराक लगाने का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया है। चौथी बार एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। मांडविया ने कहा कि देश ने अब तक सबसे तेज

### ● महज नौ घंटे में दो करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने का बना इतिहास

एक करोड़ खुराकें देने का आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर देश ने दोपहर 1:30 बजे तक अब तक के सबसे तेज, एक करोड़ खुराकें देने का आंकड़ा पार कर लिया है और हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है की आज हम सब टीकाकरण का नया कीर्तिमान बना कर प्रधानमंत्री जी को उपहार स्वरूप देंगे। देश में छह सितंबर, 31 अगस्त, 27 अगस्त को एक करोड़ से अधिक खुराकें दी गई थीं। मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा था कि जिन्होंने टीके की खुराक नहीं ली है, ऐसे अपनों को, परिजनों को और समाज के सभी तबकों को शुक्रवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर टीका लगवाकर, उनको जन्मदिन का उपहार दिया जाए।

## अमेठी में एक परिवार उत्पीड़न करता रहा विकास नहीं किया



**अमेठी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देश का एक परिवार वर्षों तक अमेठी और अमेठी के लोगों का उत्पीड़न करता रहा लेकिन यहां का विकास नही किया। मंत्री ने कहा कि दुख होता है कि आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अमेठी में इलाज के लिए एक ढंग का अस्पताल नही है। उन्होंने कहा कि जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का कार्यालय तक नही बन पाया है और न ही कोई अन्य विकास हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में उप्र विधानसभा के आगामी चुनाव के सवाल पर सिंह ने कहा, योगी जी के नेतृत्व मे भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार पुन: 2022 में बनेगी। गुंडों का सफाया होगा। योगी जी हैं तो गुंडे मवाली कहां रूक सकते हैं। उप्र से कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के विधान सभा चुनाव लड़ने के सवाल पर गिरिराज ने कहा कोई भी लड़े, फर्क नहीं पड़ने वाला है। इससे पूर्व सैनिक स्कूल परिसर कौहार में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि अमेठी की जिम्मेदारी 55-60 सालों से जिन लोगों के पास थी, उन्होंने अमेठी का विकास नही किया, लेकिन (स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री) स्मृति (ईरानी) के नेतृत्व में अमेठी का तेजी से विकास होगा, यहां के हर ग्रामीण इलाके को पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा।

## बर्खास्त क्लर्क से 7.86 करोड़ रुपये वसूली के निर्देश

**भाषा।** मुजफ्फरनगर

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने जिला समाज कल्याण विभाग से जुड़े बैंक जालसाजी मामले में एक बर्खास्त क्लर्क से 7.86 करोड़ रुपए वसूलने का निर्देश दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी जी. आर. प्रजापति के अनुसार, लखनऊ में राज्य समाज कल्याण विभाग ने बर्खास्त लिपिक अनिल वर्मा से राशि वसूल करने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। वर्मा ने 2004-05 से 2008-09 तक एक वरिष्ठ अधिकारी के नाम से फर्जी बैंक खाता खोलकर अपने विभाग से कथित रूप से धन का फर्जीवाड़ा किया। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा के नेतृत्व में एसआईटी हाल में मामले की जांच के लिए लखनऊ से मुजफ्फरनगर पहुंची थी। इस दौरान एसआईटी ने पड़ताल के दौरान कई लोगों से पूछताछ की।

## कॉलेजियम ने मुख्य न्यायाधीश पद पर नियुक्ति के लिए आठ नामों की सिफारिश की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के पद पर नियुक्ति के लिए केंद्र को आठ नामों की सिफारिश की है। इनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल का भी नाम है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भरोसेमंद सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कॉलेजियम की सघन बैठक में त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी सहित पांच मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के 28 अन्य न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिशें की गईं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिंदल हाल में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक गतिरोध से संबंधित मामलों में अपने प्रशासनिक और न्यायिक निर्णयों के कारण चर्चा में रहे हैं। देश के उच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों में से एक न्यायमूर्ति कुरैशी को मूल रूप से गुजरात उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था और शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति नहीं होने के कारण वह चर्चा में रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि तीन सदस्ईय कॉलेजियम ने इलाहाबाद, कलकत्ता, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, मेघालय, गुजरात और मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश करने का फैसला किया है। प्रधान न्यायाधीश के अलावा, उच्च न्यायालयों में नियुक्ति से संबंधित तीन सदस्ईय कॉलेजियम में न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर शामिल हैं। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने यह भी सिफारिश की है कि त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अकील कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए।

## नीट आरक्षण के फैसले पर केंद्र व एमसीसी से कोर्ट ने जवाब मांगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए नीट परीक्षा से प्रवेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के 29 जुलाई के नोटिस के खिलाफ एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और चिकित्सा परामर्श समिति (एमसीसी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने नोटिस जारी किया और केंद्र तथा एमसीसी से आठ याचिकाकर्ताओं की याचिका पर जवाब मांगे। इन याचिकाकर्ताओं में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परास्नातक परीक्षाओं में भाग लेने वाले कुछ लोग शामिल हैं। पीठ ने याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ संलगन कर दिया है। इससे पहले, न्यायालय ने छह सितंबर को इसी तरह की याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किए थे।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,015 | ↓ 125 | |
| निफ्टी | 17,585 | ↓ 44 | |
| सोना | 45,207 | ↓ 1130 | /10g |
| चांदी | 60,183 | ↓ 780 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### सुरक्षा कारणों से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान का दौरा किया रद

**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से ठीक पहले शुक्रवार को सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए पाकिस्तान का अपना वर्तमान दौरा रद्द कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे एकतरफा फैसला करार देते हुए कहा कि मेहमान टीम की सुरक्षा को किसी तरह का खतरा नही था। यह न्यूजीलैंड का पिछले 18 वर्षों मे पाकिस्तान का पहला दौरा था। इस श्रृंखला में तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे। कोविड-19 के कारण इस मैच को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों के साथ खेला जाना था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि दौरे से हटने पर न्यूजीलैंड को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को जवाब देना होगा। (विस्तृत पेज 11)

### महामारी की तीसरी लहर से निपटने की जुगत

## त्योहारों के मौसम में उचित व्यवहार जरूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच त्योहारों का मौसम और इस दौरान लोगों द्वारा कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन महत्वपूर्ण कारक साबित होंगे। विशेषज्ञों ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर के संबंध में वायरस का एक नया स्वरूप निर्णायक साबित हो सकता है क्योंकि त्योहारों के दौरान लोगों की भीड़ में इसके तेजी से फैलने की संभावना अधिक होगी।



टीकाकरण पर राष्ट्रीय तनकीकी परामर्शदाता समूह के कोविड-19 कार्यसमूह के अध्यक्ष डॉ एन के अरोड़ा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से तेजी से हो रहे टीकाकरण और सार्स-सीओवी-2 के किसी नए स्वरूप के सामने नहीं आने के बाद अब तीसरी लहर को लेकर सबसे बड़ा खतरा तब होगा जब लोग त्योहारों में नियमों का पालन करना भूल जाएंगे। उन्होंने कहा, सामाजिक और धार्मिक आयोजनों से उन लोगों के बीच डेल्टा वायरस तेजी से फैल सकता है जिन्हें अब भी संक्रमण का खतरा है। इसलिए इस बात की पुरजोर सलाह दी जाती है कि लोग पूरी ईमानदारी से कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाएं तथा प्रशासन सामाजिक एकत्रीकरण को हतोत्साहित करने के लिए कड़े कदम उठाए। वहीं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कहा, इस समय कोविड-19 के मामलों में तेजी से गिरावट देखी जा रही है और स्थिति काफी बेहतर है। हालांकि आने वाले दिनों में त्योहारों के मौसम तथा उस दौरान कोविड संबंधी तौर-तरीकों के पालन में आने वाली कमी, बड़े स्तर पर भीड़ का जुटना भी तीसरी लहर को लेकर निर्णायक कारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन महीने देश में स्थिति बेहतर बने रहने के लिहाज से रोकथाम वाली रणनीतियों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

चिकित्सा विज्ञानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ चंद्रकांत लहरिया ने कहा कि रोजाना आने वाले कोविड-19 के मामलों की संख्या कम है तथा अधिकतर भारतीय राज्यों में यह स्थिर हो गई है लेकिन पूरी दुनिया में लोगों के भीड़ के रूप में जुटने से मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है, फिर भले ही लोग कम संख्या में जुटे हों या बड़ी संख्या में। उन्होंने कहा, इसलिए अगले तीन महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं जिनमें कई पर्व पड़ेंगे।

## पेट्रोल और डीजल अभी जीएसटी के दायरे में नहीं आएंगे: सीतारमण

### ● बायोडीजल पर लगेगा पांच प्रतिशत कर

**भाषा।** लखनऊ

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पेट्रोल और डीजल को फिलहाल जीएसटी के दायरे में नहीं लाने का निर्णय किया है। जीएसटी परिषद की यहां हुई 45वीं बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि डीजल में मिलाए जाने वाले बायोडीजल पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक में किए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा, जीएसटी परिषद का मानना है कि यह समय पेट्रोलियम पदार्थों को माल एवं सेवा कर के दायरे में लाने का नहीं है।



उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने कोविड उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं पर लागू रियायती जीएसटी दरों का समय 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दिया है। परिषद ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं पर कर दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का भी निर्णय किया है। इसके अलावा, माल ढुलाई वाहनों के परिचालन के लिए राज्यों द्वारा वसूले जाने वाले राष्ट्रीय परमिट शुल्क से छूट देने का फैसला किया गया है। सीतारमण ने कहा कि परिषद ने जूता-चप्पल और कपड़ों पर एक जनवरी, 2022 से उल्टा शुल्क ढांचे (कच्चे माल पर कम और तैयार माल पर अधिक शुल्क) को ठीक करने को लेकर सहमति जताई है।

उन्होंने कहा कि कलम पर 18 प्रतिशत की एकल दर से जीएसटी जबकि विशिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पर 12 प्रतिशत माल एवं सेवा कर लगाने का निर्णय किया गया है। परिष्द द्वारा लिए गए एक अन्य फैसले में कहा गया है कि स्विगी और जोमैटो जैसी ई-वाणिज्य इकाइयां उनके जरिए आपूर्ति की जाने वाली रेस्तरां सेवा पर जीएसटी का भुगतान करेंगी, यह कर डिलिवरी बिंदु पर वसूला जाएगा।

# दिव्यांग बच्चों से मिले मुख्यमंत्री, बांटे उपहार

## पीएम मोदी की देन है दिव्यांग शब्दः योगी आदित्यनाथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज राजकीय बालक एवं बालिका विशेषीकृत गृह स्थित निर्वाण पुनर्वास केन्द्र पहुंच कर मानसिक मंदित एवं दिव्यांग बच्चों को उपहार भेंट किये और बच्चों से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग शब्द भी प्रधानमंत्री की देन है। श्री योगी ने कहा कि दिव्यांगजन के प्रति प्रधानमंत्री के लगाव को ध्यान में रखते हुए उनके 71वें जन्मदिन के अवसर पर आज से लेकर 7 अक्टूबर तक सेवा सत्कार का 20 दिवसीय सेवा समर्पण कार्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के पास जाकर उन्हें उपहार स्वरूप फल की टोकरी व बैग प्रदान किए तथा उनसे उनका कुशलक्षेम भी पूछा। निर्वाण पुनर्वास केन्द्र पहुंचने के बाद उन्होंने केन्द्र का निरीक्षण किया तथा दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री द्वारा संस्था की विजिटर्स पुस्तिका में अपने विचार अंकित किये गये। उन्होंने पुस्तिका में लिखा कि निर्वाण पुनर्वास केन्द्र में आकर मानवीय सेवा का अद्भुत कार्य देखाए अत्यन्त अभिभूत करने वाला है। दिव्यांगजन के प्रति हमारा दृष्टिकोण अत्यन्त संवेदनापूर्ण एवं मानवीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस सम्बन्ध में अनेक कदम उठाये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जने जन्म दिन पर आज का यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण हैए क्योंकि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने देश को विभिन्न क्षेत्रों में एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ने सन्देश दिया कि दिव्यांगजन के अन्दर भी प्रतिभा है। उस प्रतिभा को समाज व देश के लिए उपयोगी बनाने के लिए उन्हें उचित मंच देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 7 वर्षों मे दिव्यांगजन से सम्बन्धित जितने भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं आजादी के बाद से लेकर वर्ष 2014 तक इतने कार्यक्रम नहीं हुए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का उनका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को प्रधानमंत्री की ओर से उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्वाण पुनर्वास केन्द्र अपनी बेहतर सेवा तथा मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है। दिव्यांग बच्चों के प्रति हमारी सहानुभूति होनी चाहिए। इन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमें हर सम्भव मदद देनी चाहिए। संस्था द्वारा प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ाने के लिए, उनके साथ पूरी सहानुभूति व संवेदना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए। संस्था को यह ध्यान देना होगा कि दिव्यांग बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की अवांछनीय घटना घटित न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था यहां पर एक इन्टीग्रेटेड सेन्टर खोलना चाहती है। प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में ही 5 ऐसे सेन्टर खोलने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस पर कार्यवाही भी प्रारम्भ हो चुकी है।

# बारिश की तबाही में पीडितों को तुरंत मदद देंः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दो** दिनों की रिकार्ड बारिश से हुये नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अहम बैठक करके ताजा हालात की समीक्षा की और उन्होंने पीडित परिवारों को तत्काल मदद किये जाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने तथा प्रभावितों को तत्परतापूर्वक मदद एवं राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जहां कहीं भी जल भराव हुआ है, उन क्षेत्रों में तत्काल जल निकासी की व्यवस्था की जाए। नगरीय निकायों द्वारा पूरी क्षमता के साथ जल निकासी के प्रबंध किए जाएं। ग्रामीण इलाकों में भी इसी प्रकार जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रामक रोग न फैलने पाएं, इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जायें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिक/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिक्स सहित सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखी जाए। एन्टी रैबीज इंजेक्शन तथा एन्टी स्नेक वेनम सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहे।

उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग और एन्टी लार्वा स्प्रे करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को सक्रियतापूर्वक पीड़ितों की मदद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आपदा के प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

## कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर दो सहायक आबकारी आयुक्त निलम्बित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव आबकारी विभाग ने दो सहायक आबकारी आयुक्तों डीएन सिंह एवं संजय त्रिपाठी को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित करते हुए निलम्बित कर दिया है। दोनों अधिकारियों को मुख्यालय-प्रयागराज से सम्बद्ध कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि डीएन सिंह पिछले दो वर्षों से वेब आसवनी में सहायक आबकारी आयुक्त के पद पर तैनात थे। पिछले दिनों मदिरा की भराई को लेकर उच्चाधिकारियों से जांच कराई गई थी ए जिसमें मदिरा की तीव्रता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाई गई जिसके लिए गम्भीर रुख अपनाते हुए शासन द्वारा उक्त कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार संजय त्रिपाठी के बुलन्दशहर में तैनाती के दौरान 6 व्यक्तियों की मत्यु अवैध शराब के सेवन से हुई थी। जिसमें पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने के लिए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित करते हुए निलम्बित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आबकारी मंत्री अपर मुख्य सचिव आबकारी एवं आबकारी आयुक्त को भविष्य में राजकीय कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया गया।

## यूपी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की स्क्रीनिंग कमेटी

**लखनऊ।** यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसकी घोषणा की। कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह इस समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा और महाराष्ट्र सरकार की मंत्री वर्षा गायकवाड़ इसके सदस्य हैं। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा और राज्य में पार्टी के सह.प्रभारी की भूमिका निभा रहे सभी राष्ट्रीय सचिव इस समिति में पदेन सदस्य होंगे।

# यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंक सुधार परीक्षा आज से

## ● नकल विहीन परीक्षा संपादित कराने हेतु परीक्षा केंद्रों पर एसटीएफ की भी रहेगी निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद् उप्र प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंक सुधार बोर्ड परीक्षा शनिवार से कोविड गाइडलाइन के अनुरूप शुरू होगी। अंक सुधार हेतु 18 सितंबर से 6 अक्टूबर के मध्य हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं आयोजित की जायेगी। हाईस्कूल परीक्षा 12 कार्य दिवसों में सम्पन्न होकर 4 अक्टूबर को समाप्त होगी। इण्टरमीडिएट परीक्षा 15 कार्य दिवसों में सम्पन्न होकर 6 अक्टूबर को समाप्त होगी।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र प्रयागराज की घोषित परीक्षाफल 2021 में अंक सुधार हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा में हाईस्कूल में 24667 बालक, 13264 बालिका सहित कुल 37931 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। जबकि इंटरमीडिएट में 27949 बालक, 13406 बालिका सहित कुल 41355 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 79286 है। हाईस्कूल में 36788 संस्थागत एवं 3764 व्यक्तिगत कुल 37931 परीक्षार्थी जबकि इंटरमीडिएट में 36788 संस्थागत एवं 3764 व्यक्तिगत कुल 37931 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि अंक सुधार परीक्षा वर्ष 2021 में निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों की कुल संख्या 590 है, जिसमें से 213 राजकीय, 373 अशासकीय सहायता प्राप्त एवं 04 वित्तविहीन विद्यालय परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। अंक सुधार परीक्षा वर्ष 2021 की परीक्षा में 2971 परीक्षा कक्ष एवं 1180 अतिरिक्त कक्ष सहित कुल 4151 कक्ष उपयोग में लाये जायेंगे। प्रदेश के सभी जनपदों में वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गयी है जो सभी मूलभूत सुविधाओं तथा कोविड प्रोटोकाल के अनुसार हो रही परीक्षाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को कायर्पालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की गयी है। अंक सुधार परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न कराए जाने हेतु पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे प्रदेश में परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 8302 सीसीटीवी एवं 4151 वायस रिकार्डर का प्रयोग किया जाएगा। परीक्षा कक्षों में लगभग 5942 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगायी जायेगी। प्रदेश के अन्तर्गत 2 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील चिन्हित किये गये हैं (जनपद गोण्डा में)। सवार्धिक 21 परीक्षा केन्द्र जनपद जौनपुर में बनाये गये हैं। सबसे कम परीक्षा केन्द्र जनपद श्रावस्ती में बनाये गये हैं। सवार्धिक 3797 परीक्षार्थी सीतापुर में पंजीकृत हुए हैं। सबसे कम 152 परीक्षार्थी जनपद महोबा में पंजीकृत हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रश्न पत्रों को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है एवं प्रश्न पत्रों की सुरक्षा हेतु पुलिस बल की व्यवस्था कर ली गयी है। नकल विहीन परीक्षा संपादित करने के लिए समस्त जनपदों में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जा चुकी है। परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटए सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये जा चुके हैं। परीक्षों केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वायस रिकार्डर लगाने की व्यवस्था कर ली गयी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में केन्द्रीयकृत आनलाइन मॉनिटरिंग हेतु राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिसमें लगभग 50 कम्प्यूटर स्थापित किये गये हैं। इस कन्ट्रोल रूप से प्रत्येक जनपद के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा केंद्र परिसर में मोबाइल फोन पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा।

# सपा सरकार बनी तो विश्वकर्मा जयंती पर घोषित होगा अवकाश, गोमती किनारे बनवाएंगे मंदिर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के राज में विश्वकर्मा समाज समेत समाज के सभी वर्गों के लोग अपमानित हुए हैं। कोई बचा नहीं है। उत्तर प्रदेश में होने वाला चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव है। लोकतंत्र के परीक्षा की भी यह सबसे बड़ी घड़ी है। भाजपा षडयंत्रकारीए झूठ और भ्रम फैलाने वाली पार्टी हैं इससे सावधान रहना है। वैसे जनता ने भाजपा के विरोध में मन बना लिया है। यह भाजपा सरकार जाने वाली है। उसका सफाया होना तय है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालयए लखनऊ में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में आयोजित



विश्वकर्मा जयंती समारोह में आए जनसमुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और आरती के पश्चात उन्होंने आयोजन में बड़ी संख्या में आए विश्वकर्मा समाज का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी विश्वकर्मा समाज के सुझावों को घोषणा पत्र में स्थान देगी। समाजवादी सरकार में 17 सितम्बर विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित होगाए गोमती नदी के किनारे भव्य विश्वकर्मा मंदिर की स्थापना होगी और विश्वकर्मा समाज को सम्मान मिलेगा।

यादव ने कहा कि कभी इतना झूठ नहीं बोला गया, जितना भाजपा राज में बोला गया। भाजपा झूठ का प्रशिक्षण केन्द्र चला रही है। यह जनता को गुमराह करने का काम करती है। लगातार जनता को धोखा दिया जा रहा है। भाजपा राज में कोई काम नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में बड़े उद्योगपति बुलाए गएए 4 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए पर जमीन पर कोई उद्योग नहीं आया। कोरोना काल में सब कारोबार बंद हो गएए अर्थव्यवस्था चौपट हुई। दवा.इलाज और ऑक्सीजन के अभाव में हजारों जानें चली गईं। तब भी काम आई सपा सरकार की चलाई 108 एम्बुलेंस सेवा और सपा सरकार में बने अस्पताल क्योंकि एक भी अस्पताल भाजपा सरकार में नहीं बना।

यादव ने कहा कोरोना महामारी के दौर में श्रमिक पैदल घर जाने को मजबूर थे, भाजपा ने उद्योगपतियों अमीरों के लिए हवाई जहाज की सेवा चालू रखी। ट्रेनें.बसे बंद कर दी। कोरोना हवाई जहाज के यात्रियों से आया। लेकिन जनसामान्य को अनाथ छोड़ दिया गया। लाशें गंगा किनारे मिलीं, दुनिया में उनकी तस्वीरें छपीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई।

पायनियर
वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल अंक पत्र रोल नंबर 1086770 वर्ष 2018 वास्तव में खो गया है। रंजीत कुमार वर्मा पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम पन्यौरा, पोस्ट ओयल, थाना व जिला खीरी।

आवश्यकता है

आवश्यकता है

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा** में निम्न विषयों में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।
**कला संकाय :** सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।
**विज्ञान संकाय (बीएससी) :** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।
**परास्नातक संकाय :** हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।
अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।
राम गनेश तिवारी (प्रबंधक) मो0-9450517884
डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य) मो0-9115059071

# माफियाराज का खात्मा और 'योगी रिटर्न्स' की आहट!


डॉ. महेंद्र कुमार सिंह


विष्णु त्रिपाठी

**मु**जफ्फरनगर दंगे की चीख हो या मथुरा का जवाहर बाग हिंसा कांड, जो एक माफिया के इशारे पर आग में जल उठा था। इन घटनाओं ने उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में शर्मसार कर दिया था। उस वक्त राज्य में ऐसी पार्टी सत्तासीन थी, जिसने कहा था, 'उत्तर प्रदेश में दम है, क्योंकि जुर्म यहां कम है।' पूर्ववर्ती सरकार का यह दावा जितना खोखला था, उससे भी ज्यादा खोखली प्रदेश की कानून व्यवस्था हुआ करती थी। 'लड़कों से जलती हो जाती है' कहने वाले 'नेता जी' की पार्टी में रसूखदारों, बाहुबलियों के साथ अपराधियों एवं माफियाओं का ऐसा 'गठजोड़' था, जिससे आम जनता में घुटन और बेचैनी थी। मार्च 2017 में सत्ता बदलते ही उत्तर प्रदेश की 'फिजा' बदली-बदली सी नजर आने लगी। साढ़े चार साल पहले योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहली चोट अपराधियों व माफिया पर की गई। योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अपराधी या तो अपराध छोड़ देगा या यूपी छोड़ेगा। विधानसभा चुनाव 2022 में अब कुछ महीने ही शेष हैं, लेकिन यह कहा जा सकता है कि योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में सत्ता माफियाओं के महलों से निकलकर जनता के दरवाजे तक पहुंच चुकी है। प्रदेश की राजनीति अब चंद लोगों की हनक से नहीं बल्कि आम लोगों के विश्वास से तय हो रही है। यही वजह है कि जनता एक बार फिर योगी आदित्यनाथ को सत्ता में देखना चाह रही है। योगी आदित्यनाथ के चार वर्ष से अधिक के कार्यकाल में प्रदेश में गैंगेस्टर अधिनियम के तहत कुल 15 अरब 74 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्तियों का जब्तीकरण किया गया। 13 हजार से अधिक अभियोग गैंगेस्टर अधिनियम के तहत दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 43 हजार से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। मार्च 2017 से जून 2021 तक की अवधि में कुल 139 अपराधी गिरफ्तारी के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में मारे गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए वर्षों से चल रही पुलिसकर्मियों की रिक्तता को बिना भ्रष्टाचार और भेदभाव के भर्तियों के माध्यम से पूरा किया। सर्विलांस सिस्टम मजबूत हुआ, गोरखपुर में विधि विज्ञान प्रयोगशाला को मंजूरी दी गई, साइबर अपराधों को रोकने के लिए कई जिलों में साइबर थाने, नए थानों, महिला पुलिस चौकियों की स्थापना की गई, कमिश्नरेट प्रणाली का रास्ता खोला गया और डायल 112 में पीआरवी का बाइक दस्ता लाकर उसे संकरी गलियों तक पहुंचाया गया। बदले हालात में कई बड़े अपराधी थाने में आकर आत्मसमर्पण कर रहे हैं या तो अपराध से तौबा कर लिया। चाहे वह कानपुर का विकास दूबे हो, मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद हो या गोरखपुर का सुधीर सिंह, प्रदीप सिंह या विनोद उपाध्याय। कार्रवाई कर उन्हें जेल में सलाखों के पीछे भेजा गया। इससे आम लोगों के मन में पुलिस का भरोसा बढ़ा और योगी आदित्यनाथ की सख्त छवि की धाक जमी। मुख्यमंत्री योगी के सामने महिलाओं में सुरक्षा का भाव जगाना एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए थाने में अलग से महिलाओं के लिए महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए, थानों को सीसीटीवी से लैस किया गया, बीट पुलिसिंग को मजबूत कर उससे महिला पुलिसकर्मियों को जोड़ा गया। लचर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, गुंडाराज, माफियाराज से त्रस्त उत्तर प्रदेश अब 'नए उत्तर प्रदेश' के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

विकास के साथ निवेश के नए द्वार खुल रहे हैं। पर्यटन एवं रोजगार के अवसर ने दुनियाभर में उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर पेश की है। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव 2022 में 'योगी रिटर्न्स' को भी बल व आधार मिला है। हाल ही में हुए एक सर्वे में बतौर मुख्यमंत्री लगभग 40 प्रतिशत लोगों ने योगी आदित्यनाथ को पसंद किया है, वहीं बीजेपी को लगभग 42 फीसदी वोट के साथ 259 से 267 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है।

**( डॉ. महेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक एवं स्तंभकार हैं। विष्णु त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

DHFL
Changing Rules Changing Lives
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00000479) जावेद मलिक (कर्जदार) शकीला बेगम (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,66,460/- (रूपए अठारह लाख छियासठ हजार चार सौ साठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 4/10, फ्लैट नंबर बी-2, एचआईजी प्रथम तल (आरएचएस फ्रंट पोर्शन), ब्लॉक-4, सेक्टर-2, राजिन्दर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001882) कपिल शर्मा (कर्जदार) कविता शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,61,686/- (रूपए अठारह लाख इकसठ हजार छह सौ छियासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर ए-46 पर भू तल फ्लैट, खसरा नंबर 2132, सरस्वती लोक कालोनी, फेज-1, ग्राम नूर नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00001435) अग्निवेश निषाद (कर्जदार) नीलम अग्निवेश निषाद (सह-कर्जदार 1) आकाश कुमार (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 18,56,825/- (रूपए अठारह लाख छप्पन हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 200, ब्लॉक-ई, सेक्टर-9, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001042) अशोक कुमार (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,47,290/- (रूपए अठारह लाख सैंतालीस हजार दो सौ नब्बे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बैक साइड भू तल प्लॉट नंबर सी/11, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00000321) राहुल बंसल (कर्जदार) नेहा गुप्ता (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,37,069/- (रूपए अठारह लाख सैंतीस हजार उनहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आम्रपाली स्प्रिंग मीडोज, प्लॉट नंबर जीएच-07ए, सेक्टर-टेकजोन 4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00003380) जितेन्द्र सिंह (कर्जदार) प्रीति देवी (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 18,18,886/- (रूपए अठारह लाख अठारह हजार आठ सौ छियासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 531/1 मिन, ग्राम बैरी अकबरपुर, कानपुर नगर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00001428) अमर सिंह (कर्जदार) कुंतेश के (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 16,52,899/- (रूपए सोलह लाख बावन हजार आठ सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बेहट रोड, निकट विद्या सागर स्कूल, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (कोटा शाखा का एलसी नंबर 00002435) नरोत्तम कुमार मीणा (कर्जदार) गीता देवी मीणा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 15,65,260/- (रूपए पंद्रह लाख पैंसठ हजार दो सौ साठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 2-डी, आकाश नगर, देवली अरब रोड, कोटा, राजस्थान-324001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00000126) सुषमा रानी (कर्जदार) संदीप कुमार (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 13,88,044/- (रूपए तेरह लाख अठासी हजार चौवालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | वारे अफगान कस्बा सरसावा, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नंबर 00001121) राम भजन (कर्जदार) काकी के (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 13,77,047/- (रूपए तेरह लाख सतहत्तर हजार सैंतालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | निकट गाबा ट्रेडर्स, शंकर नगर कालोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002083) दिनेश चंद्र तिवारी (कर्जदार) मंजू तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 18,00,427/- (रूपए अठारह लाख चार सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 62ए/1 पर मकान, खसरा नंबर 403, गणेशपुर रहमानपुर ब्लॉक बी, दयाल रेजीडेंसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000845) मोहम्मद अशरफ (कर्जदार) शाहनूर बानो (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 17,67,994/- (रूपए सत्रह लाख सड़सठ हजार नौ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | काशीपुर उपरहार, केन्द्राचल कालोनी के पीछे, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211012 |
| (मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर 00000251) राजेन्द्र सिंह (कर्जदार) कुसुम (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 16,06,028/- (रूपए सोलह लाख छह हजार अठ्ठाईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मोहल्ला अम्बेडकर नगर, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001220) शिल्पा (कर्जदार) दीपक कुमार चौधरी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 16,01,708/- (रूपए सोलह लाख एक हजार सात सौ आठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 1577, कैलाशपुरम, रईसपुर, परगना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201013 |
| (लखनऊ - लालबाग शाखा का एलसी नंबर 00043486) मोहम्मद इरशाद (कर्जदार) साजिदा एस (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,87,394/- (रूपए पंद्रह लाख सतासी हजार तीन सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 286 मिन, ग्राम अमराई, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर 00000017) विंकी कुमारी (कर्जदार) मुनेश कुमार शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,77,332/- (रूपए पंद्रह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ बत्तीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | नेकपुर लाइनपार, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005951) उषा मिश्रा (कर्जदार) शशांक शेखर मिश्रा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,70,410/- (रूपए पंद्रह लाख सत्तर हजार चार सौ दस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर 301, प्लॉट नंबर 45 पर निर्मित, ब्लॉसम अपा., प्रगति विहार, भारतेन्दु हरीश चंद्र वार्ड, एसटीपी रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002353) सगीर अहमद (कर्जदार) बिलाल अहमद (सह-कर्जदार 1) कालू (सह-कर्जदार 2) | 16-06-2021/रू. 15,47,051/- (रूपए पंद्रह लाख सैंतालीस हजार इक्यावन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आवास विकास कालोनी, सिकंदरा, निकट डा. पाल पब्लिक स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282002 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002067) दिनेश कुमार (कर्जदार) रीना दिनेश (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,36,679/- (रूपए पंद्रह लाख छत्तीस हजार छह सौ उनासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 400/2 का भाग, तातिया झनकू, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002264) अनिल (कर्जदार) राजवती देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,23,942/- (रूपए पंद्रह लाख तेईस हजार नौ सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | न्यू राधिका सिटी फेज-1 कालोनी, मौजा महोली, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281003 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005506) सिकंदर खान (कर्जदार) कैशरी खान (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 15,17,402/- (रूपए पंद्रह लाख सत्रह हजार चार सौ दो मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मकान नंबर 8, खसरा नंबर 659/38, मडियांव, परगना माहोना तहसील बीकेटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00000653) विवेक कुमार मलिक (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) सत्यपाल सिंह | 16-06-2021/रू. 14,76,178/- (रूपए चौदह लाख छहत्तर हजार एक सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 750/3 के भाग पर मकान, श्री राम विहार कालोनी रोहटा रोड, ग्राम शोभा पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर 00002549) मुकेश शर्मा (कर्जदार) शैल शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,49,755/- (रूपए चौदह लाख उन्चास हजार सात सौ पचपन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 20, खसरा नबर 841, ग्राम पारा, वार्ड आलम नगर, निकट साई पब्लिक स्कूल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00002822) रूपा देवी (कर्जदार) लाला सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,41,989/- (रूपए चौदह लाख इकतालीस हजार नौ सौ नवासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 402, इंदरगढ़ी, निकट लाल सड़क कुमकुम फार्म हाउस, आध्यात्मिक नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001647) विकास कपूर (कर्जदार) प्रवीण कपूर (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 14,03,735/- (रूपए चौदह लाख तीन हजार सात सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर बी-1, जीएफ, प्लॉट नबर 727/4 का भाग, सेक्टर-4, माधवपुरम आवासीय योजना स्कीम नंबर10, मेरठ उत्तर प्रदेश-250002 |
| (लखनऊ - लालबाग शाखा का एलसी नंबर 00044443) राकेश बहादुर सिंह (कर्जदार) संगीता सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 13,44,487/- (रूपए तेरह लाख चौवालीस हजार चार सौ सतासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 23 एवं 24, खसरा नंबर 146 एसटीडी का भाग, ग्राम रसूलपुर कायस्थ, परगना बी के टी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00004176) विकास श्रीवास्तव (कर्जदार) शकुन्तला देवी (सह-कर्जदार 1) दिलखुश लाल श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 2) | 16-06-2021/रू. 13,12,400/- (रूपए तेरह लाख बारह हजार चार सौ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | मकान म्युनिसिपल नंबर 545-क/आरवी-370, राम विहार पार्ट-II, प्लॉट नंबर 22 के भाग पर, खसना नंबर 233 एवं 234 (एम), देवपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00002167) दिनेश कुमार (कर्जदार) अंजू चौधरी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 13,03,373/- (रूपए तेरह लाख तीन हजार तीन सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर एफ-57, सेक्टर-7, जीएमपी आवासीय कालोनी, पटेल नगर फेज-III, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00008381) संतोष कुमार (कर्जदार) नीतू सिंह (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,76,727/- (रूपए बारह लाख छहत्तर हजार सात सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 261, खसरा नंबर 104/3 का भाग, ग्राम खसारवाड़ा, परगना बिजनौर, सरोजिनी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00000610) नंद लाल (कर्जदार) शिव कन्या (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,58,175/- (रूपए बारह लाख अठ्ठावन हजार एक सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | सानिगवां सानिगवां कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर 00001048) कलाम अजीमुद्दीन (कर्जदार) शायरा बानो (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,35,350/- (रूपए बारह लाख पैंतीस हजार तीन सौ पचास मात्र) एनपीए (11-04-2021) | वार्ड नंबर 9, मोहल्ला छज्जापुर, परगना एवं तहसील टांडा, अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश-224190 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001775) प्रवीण कुमार (कर्जदार) गीता देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 12,15,935/- (रूपए बारह लाख पंद्रह हजार नौ सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर 78, खसरा नंबर 1257/1, वर्तमान में न्यू अशोक पुरी, ग्राम नगलाताशी, कंकरखेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00005571) राकेश (कर्जदार) रानी देवी वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,37,628/- (रूपए ग्यारह लाख सैंतीस हजार छह सौ अठ्ठाईस मात्र) एनपीए (09-01-2021) | खसरा नंबर 358 के भाग पर प्लॉट नंबर 7 पर मकान, नंदी विहार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर 00001955) मधु बाला (कर्जदार) अनुभव शर्मा (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,06,115/- (रूपए ग्यारह लाख छह हजार एक सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | 279 ब्लॉक एम, सेक्टर-23, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर 00001387) प्रेम सिंह (कर्जदार) सोनिया देवी (सह-कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 11,01,941/- (रूपए ग्यारह लाख एक हजार नौ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर 441, द्वितीय तल, ब्लॉक-ई, सेक्टर-एक्सयू-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00000914) मान सिंह (कर्जदार) शान्ति (सह-कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 6,64,735/- (रूपए छह लाख चौंसठ हजार सात सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-03-2021) | खसरा नंबर 195/2 का भाग, आगरा-अलीगढ़ रोड, निकट गर्ल्स इंटर कालेज, नवीपुर खुर्द, हाथरस, उत्तर प्रदेश-204001 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 00001049) नरेन्द्र कुमार (कर्जदार) सुमन (सह-कर्जदार 1) | 31-05-2021/रू. 9,87,475/- (रूपए नौ लाख सतासी हजार चार सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (11-03-2021) | खसरा नंबर 1700 वर्तमान में शोराज कालोनी के नाम से ज्ञात, निकट किसान इंटर कालेज, तहसील सरधना, दौराला, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250222 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002363) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) संतोष कुमार भटनागर (गारंटर 2) | 14-06-2021/रू. 49,30,917/- (रूपए उन्चास लाख तीस हजार नौ सौ सत्रह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 292, 294, 318 के भाग पर प्लॉट नंबर 104 एवं 105 पर मकान, रघुनंदन आशियाना गणेशपुर, रहमानपुर, आशियाना, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002168) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) | 14-06-2021/रू. 48,95,592/- (रूपए अड़तालीस लाख पिच्यानवे हजार पांच सौ बानवे मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 112 के भाग पर प्लॉट नंबर 195एफ पर मकान, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00002167) अजीत भटनागर (कर्जदार) मीनू भटनागर (सह-कर्जदार 1) अतुल भटनागर (सह-कर्जदार 2) नीलम भटनागर (गारंटर 1) | 14-06-2021/रू. 39,27,636/- (रूपए उन्तालीस सत्ताईस हजार छह सौ छत्तीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 108 के भाग पर प्लॉट नंबर 151 पर मकान, गणेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 00001532) कुमार अभिषेक (कर्जदार) वंदना सिन्हा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 37,97,464/- (रूपए सैंतीस लाख सत्तानवे हजार चार सौ चौंसठ मात्र) एनपीए (11-04-2021) | फ्लैट नंबर डी-705, 7वां तल, टावर-डी, स्टेलर जीवन, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर 00002121) सोनू कुमार (कर्जदार) मोनू (सह-कर्जदार 1) चम्पा देवी (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 32,71,878/- (रूपए बत्तीस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 606, त्रिवेणी कुंज, मौजा बोडला, बोडला-बिचपुरी रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282007 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002509) क्षितिज कुमार श्रीवास्तव (कर्जदार) शिखा श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 28,07,702/- (रूपए अठ्ठाईस लाख सात हजार सात सौ दो मात्र) एनपीए (11-04-2021) | बिंगावान, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर 00000027) अफरोज (कर्जदार) शबनम (सह-कर्जदार 1) मोहम्मद शमीम (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 28,07,142/- (रूपए अठ्ठाईस लाख सात हजार एक सौ बयालीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | नंबर 623, 624, 645 एवं 646, ब्राह्मण नगला, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 00000065) आनंद मोहन (कर्जदार) रीता सिंह (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 25,30,312/- (रूपए पच्चीस लाख तीस हजार तीन सौ बारह मात्र) एनपीए (11-04-2021) | आम्रपाली ओ2 वैली, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर टेकजोन-04, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर 00006272) रोहित कुमार वर्मा (कर्जदार) शालिनी वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 14-06-2021/रू. 22,81,889/- (रूपए बाईस लाख इक्यासी हजार आठ सौ नवासी मात्र) एनपीए (11-04-2021) | खसरा नंबर 1049 के भाग पर प्लॉट नंबर 08 पर निर्मित मकान, ग्राम गोयला, महोना, तहसील बक्शी का तालाब, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 00002684) आशीष जायसवाल (कर्जदार) चंद्र मुखी (सह-कर्जदार 1) मदन लाल (सह-कर्जदार 2) | 14-06-2021/रू. 18,92,056/- (रूपए अठारह लाख बानवे हजार छप्पन मात्र) एनपीए (11-04-2021) | अराजी नंबर 132 का भाग, ग्राम मकसूदाबाद, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश-208017 |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 18-09-2021
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता./-(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

# पीएम के जन्मदिन पर गंगा को 71 मीटर की चुनरी चढ़ाई



● इससे पहले लोगों को मॉ गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में मां गंगा को उनके 71 वें जन्मदिन के मौके पर जन्मदिन की बधाई 71 मीटर चुनरी गंगा को समर्पित करके दी गई। शहर में रत्ना देवी ट्रस्ट की ओर से पीएम के जन्मदिवस पर मां गंगा को 71 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। गंगा के घाटों से लेकर गंगा के मध्य तक चुनरी को नौका से ले जाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा को चुनरी समर्पित की गई। वहीं दूसरी ओर नमामि गंगे के सदस्यों ने पीएम मोदी के लंबी उम्र के लिए मां गंगा की आरती भी की गई। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नमामि गंगे के सदस्यों ने लंबी उम्र की कामना के लिए मां गंगा की आरती उतारी गई। सदस्यों ने दशाश्वमेध घाट पर पहले सफाई अभियान चलाया। उसके बाद पीएम मोदी के दीर्घायु के लिए मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान मां गंगा से देश को आत्मनिर्भर बनाने और कोरोना से मुक्त करने की कामना की गई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जब अपने संसदीय क्षेत्र के तौर पर काशी को चुना था, तब उन्होंने कहा था कि उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। तब से अब तक मां गंगा के पुत्र के रूप में पीएम मोदी की नमामि गंगे के तहत प्राथमिकता गंगा सफाई एवं यह सुनिश्चित करना है कि शहरों की गंदगी गंगा में न गिरे।आयोजन के बाबत बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने इस निमित्त हमने मां गंगा से आशीर्वाद मंगा है। इस दौरान प्रमुख रूप से गंगोत्री सेवा समिति के अध्यक्ष पं किशोरी रमण दुबे, महानगर संयोजक शिवदत्त द्विवेदी, महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरी, महानगर सहसंयोजक रामप्रकाश जायसवाल, घनश्याम गुप्ता, रश्मि साहू, सोनी चौरसिया, सारिका गुप्ता, पुष्पलता वर्मा, रूपा जायसवाल, सोनू, स्वाति जायसवाल, कंचन मिश्रा, हर्षा नाथानी, पूजा मौर्या, कीर्तन बरनवाल, सोनाली यादव, सविता अग्रवाल थे।

### श्रीसंकट मोचन दरबार में चढ़ाया 71 किलो लड्डू

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने श्रीसंकट मोचन दरबार में 71 किलो लड्डू चढ़ाकर श्रीहनुमान जी से उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए कामना किया। इसके बाद उन्होंने इस लड्डू को मंदिर के बगल में स्थित कुष्ट रोग आश्रम में वितरित किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भगवान के प्रसाद को मंदिर के बाहर राहगीरों में भी वितरित किया। इस दौरान भाजपा के महानगर महामंत्री अशोक पटेल, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, शत्रुघ्न पटेल, अमित सिंह, राकेश मोहन दीक्षित, राजीव सिंह पटेल, कुणाल पांडेय, अनूप यादव, अभिनेश सिंह, सक्षम सिंह पटेल, सूरज वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता थे।

### नीलकंठ तिवारी ने बटुकों संग मॉ गंगा को केशर जल एवं दुग्धाभिषेक चढ़ाकर किया पूजन-अर्चन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर उनके संसदीय क्षेत्र काशी में उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी ने शुक्रवार सुबह दशाश्वमेध घाट पर बटुकों के साथ केशर जल और दुग्धाभिषेक से मां गंगा का पूजन करके पीएम के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद केक काटा गया। मिठाईयां बांटी गईं। इस अवसर पर मंत्री डा.नीलकंठ तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आस्था सदैव से मां गंगा में रही है। गंगा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए बटुकों और कार्यकर्ताओं के साथ मां गंगा अभिषेक कर पीएम का जन्मदिवस मनाया गया। पीएम के संकल्पों को पूर्ण करने में भाजपा कार्यकर्ता निरंतर जुटे हुए हैं। यही कारण है कि जनता का विश्वास पीएम मोदी के नेतृत्व में कायम है। भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बटुक ब्राह्मणों को अंगवस्त्र भेंट किया। वहीं शहर भर में विभिन्न मंदिरों और मठों में वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जबकि पार्टी कार्यालय में भी आयोजनों का सिलसिला दिन भर चलना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस मौके पर एक दूसरे का मुह भी मीठा कराया।

## केन्द्रीय मंत्री ने कुम्हारों को विद्युत चालित चाक का किया वितरण

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस जो पूरे भारतवर्ष में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, के अवसर पर मण्डलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं शुभारम्भ किया गया।सिगरा स्थित अंतर्राष्ट्रीय रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में खादी और ग्रामोद्योग कार्यक्रम में आये कुम्हारों एवं स्ट्रैथनिंग द पोटेंशियल ऑफ इंडिया योजना कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुम्हारों को अब हर एक मौसम में इलेक्ट्रिक मशीन से मिट्टी के घड़, पुरावा, दिया जैसे विभिन्न हस्तशिल्प सामानों को बनाकर बाजार में बेचना आसान होगा। कम से कम समय में इलेक्ट्रिक मशीन के माध्यम से मिट्टी के बर्तन को पका सकता है। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग में चरखा काफी प्रचलित है। खादी का कार्य बहुत पहले से चरखा के रूप में महिलाएं घर-घर करती रहीं हैं।खादी को एक राष्ट्र सेवा भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सेवापुरी में योजनाओं के माध्यम से महिलाएं पापड़, अगरबत्ती, सूत कातकर कपड़ा बुनना आदि कर स्वयं आत्मनिर्भन हो रहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय कुमार सक्सेना ने किया। मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, (भारत सरकार) द्वारा सेवापुरी, वाराणसी में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे एन. एम. सी. चरखा पर प्रशिक्षण, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण एवं ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। खादी ग्रामोद्योग विद्यालय परिसर सेवापुरी, वाराणसी में मण्डलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी द्वारा कराये गये कार्यों जैसे वर्षा जल संरक्षण हेतु तालाब की सफाई एवं नवनिर्मित इंटरलॉकिंग ब्रिक्स मार्ग का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात् भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जय प्रकाश गुप्ता, सदस्य (म.क्षे.) खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं ओम प्रकाश उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, डी. एस. भाटी, निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी, संतोष सिंह, संस्था मंत्री एवं संदीप सिंह, अध्यक्ष खादी फेरडेशन द्वारा 2000 बांस पौधारोपण के लक्ष्य का शुभारम्भ करते हुए अवसर पर अपने उद्बोधन में केन्द्रीय राज्मंत्री एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस कल्स्टर को क्षेत्र के कुम्हार कारीगरों के लिए बहुत ही लाभप्रद उनकी आय एवं समाजिक तथा आर्थिक स्तर को बढ़ाने वाला बताते हुए कारीगरों का उत्साहवर्धन किया गया। कुम्हार कारीगरों हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित की जाने वाली स्ट्रैथनिंग द पोटेंशियल आफइण्डिया योजना का शुभारम्भ भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और



बांस के पौधे का रोपण किया गया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा कियान्वित की जा रही स्फुर्ति योजना के अन्तर्गत ग्राम भट्टी, लोहता, वाराणसी में परम्परागत कुम्हार कारीगरों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने तथा उनकी आय में वृद्धि हेतु संत रविदास शिक्षण एवं विकास संस्थान के माध्यम से काशी पॉटरी क्लस्टर की स्थापना जिसकी परियोजना लागत रु. 249.72 लाख है तथा जिसके प्रथम चरण में क्षेत्र के लगभग 350 कुम्हार कारीगरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, का उद्घाटन एवं शिलापटट् का अनावरण भानुप्रताप सिंह वर्मा, केन्द्रीय राज्य मंत्री के द्वारा किया गया। उक्त ग्रामोद्योग आयोग, जय प्रकाश गुप्ता, सदस्य (मक्षे), खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं ओम प्रकाश उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, डी. एस. भाटी, निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, वाराणसी की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राक्ष अर्न्तराष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर, सिगरा, वाराणसी में लगभग 100 कुम्हार कारीगरों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित अतिथि द्वारा उपस्थित कारीगरों को सम्बोधित किया गया तथा विद्युत चालित चाक का वितरण भी कारीगरों को किया गया।

## क्विक न्यूज

### श्रद्धाभाव से पूजे गए आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा



**बीजपुर/सोनभद्र।** शुक्रवार को एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के साथ साथ बीजपुर क्षेत्र के सविदाकारों गैराजों अजीरेश्वर धाम आदि स्थानों में शुक्रवार को आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धाभाव व विधि विधान से की गई। बीजपुर के मोटर गैरेज एनटीपीसी परियोजना कांट्रेक्टर कॉलोनी में भव्य पूजा पंडालो में बिराजमान बाबा विश्वकर्मा की मूर्तियो की पूजा पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ यजमानो द्वारा कराया गया। जरहां के अजीरेश्वर महादेव के प्रांगण में पूर्व से प्राण प्रतिष्ठित प्रतिमा के समक्ष बिधि बिधान से पूजा समिति के राजेन्द्र सिंह बघेल द्वारा कराया गया। सुबह से ही ध्वनिबिस्तारक यंत्रो के भक्तिमयी गीतों की गूंज से समूचा इलाका भक्तिमय हो उठा। यजमानो ने बाबा विश्वकर्मा भगवान के दरबार में मत्था टेककर देश समाज व अपने अपने परिजनों के उत्थान के लिए बाबा से दुआ मांगी। कुबेर कम्पनी और परमार इंटर प्राइजेज आदि के आयोजकों द्वारा पूजा अर्चना भाव भक्ति से की गई वही पूजा पंडालो में दिन भर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।इस अवसर पर बिशाल भंडारे का आयोजन भी विभिन्न पूजा स्थलों के परिसर में सम्पन्न किया गया। तमाम भक्तो ने महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य के भागीदार बने। इस मौके पर अरुणेंद्र कुमार सिंह मुकेश कुमार अनिल सिंह कुंदन सिंह दीपक मिश्रा सौरभ मिश्रा धनन्जय कुमार सिंह परमार कम्पनी के रंजय सिंह सत्यदेव सिंह तारा सिंह सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### रिहंद स्टेशन में विधि-विधान से पूजे गए आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में शुक्रवार को आदिशिल्पी बाबा विश्वकर्मा की जयंती समारोह विधि-विधान से मनाई गई । स्टेशन परिसर स्थित सीआरएफ़ बिल्डिंग में पूजा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक देबब्रत पॉल व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक के एन रेड्डी ने अन्य सहअतिथियों के साथ उपस्थित होकर बाबा विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना विधि-विधान से करके उनसे स्टेशन एवं देश की सलामती के लिए दुआ माँगी । कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए समारोह का आयोजन सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुए सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ । इस अवसर पर स्टेशन के पर्यावरण एवं राख़ उपयोगिता, टीएसी, एफ़ई एस, आई टी आदि विभागों के साथ-साथ यूपीएल, पावरग्रिड एवं संविदा कंपनियों में सादगी पूर्वक बाबा विश्वकर्मा की पूजा करके प्रसाद का वितरण किया गया ।

### जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य मेला कल

**मीरजापुर।** जिले के 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा 212 स्वास्थ्य उप केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में कोविड के प्रोटोकाल के तहत मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और जांच सुविधा दी जाएगी। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी डॉक्टर आरएसराम ने दी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बैठक के दौरान सभी को बताया कि लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए हर माह के प्रत्येक रविवार को शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता था लेकिन जिले व प्रदेश में कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए मेला को स्थगित कर दिया गया था। इस समय कोरोना की गति कम हो गई है। ऐसे में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से आरोग्य मेला पुन: शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस मेले को लेकर सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी व अधीक्षकों को मेले की अपने.अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपी गई है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रखते हुए कोरोना के नियमों का पूर्ण ख्याल रखा जायेगा। मेला स्थल के प्रवेश द्वार पर पल्स आंक्सीमीटर एवं थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था सहित एक कोविड हेल्प डेस्क को भी रखा जायेगा। मेले में आने वालों को मुंह व मास्क या गमछा होने पर ही प्रवेश मिलेगा।

**मेले में तमाम रोगों का होगा निदान:** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आरोग्य मेले में आने वाले लोगों की बुखार समेत मौसमी बीमारी की जांचए गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण के साथ दवा को देने के साथ ही जांच भी बिल्कुल निशुल्क की जायेगी। इसके अलावा नसबन्दी के पंजीकरण, आंखो का नि:शुल्क जांच, परिवार नियोजन के साधन का निशुल्क वितरण, गर्भावस्था, प्रसव कालीन व जन्म पंजीकरण का परामर्श, बच्चों में डायरिया, निमोनिया रोकने सहित अन्य बीमारियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक चर्चा किया जायेगा।

### तुलसीदास एक महान दार्शनिक संत थे जिन्होंने रामचरित मानस जैसे ग्रंथ की रचना की



**पीएनएस।** वाराणसी

शुक्रवार को वाराणसी स्टेशन पर राजभाषा पखवाड़ा व कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय संत शिरोमणि तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरित मानस पर एक परिचर्चा किया गया। इस कार्यशाला बैठक में मंडल के परिचालन प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि संत तुलसीदास एक महान दार्शनिक संत थे जिन्होंने कई कविताओं का संवाद किया। उन्होंने ने आम जनमानस के बीच रामचरित मानस की प्रासंगिकता पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यालय अधीक्षक अमिताभ कुंवर सिंह, महेन्द्र यादव, प्रदीप कुमार पाण्डेय, विकास तिवारी, राजकुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोनभद्र में मेगा वैक्सीनेशन डे पर 28 हजार लोगों को लगाया गया कोरोना टीका

● टीकाकरण के लिए लोगों में दिखा उत्साह

● 234 केंद्रों पर लगाई गई वैक्सीन

**संवाददाता।** सोनभद्र




**कोरोना संक्रमण** की तीसरी लहर से बचाव एवं टीकाकरण अभियान को और गति प्रदान करने के लिए जिले में शुक्रवार को मेगा वैक्सीनेशन डे मनाया गया।

इस मेगा वैक्सीनेशन अभियान के दौरान कुल 45,000 लोगों को कोरोना टीका लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष 28 हजार लोगों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रामकुवंर ने बताया कि जनपद में कोरोना टीका करण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, इसमें और तेजी लाने के लिए आज मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया है।

इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1200 कर्मियों को लगाया गया है ।ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मिलाकर कुल 234 टीकाकरण केंद्र बनाए गए। इस मेगा वैक्सीनेशन डे पर 45,000 लोगों को टीका लगाये जाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 28 हजार लोगों को टीकाकरण से आच्छादित किया गया ।उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन डे पर टीका लगवाने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया और लोगों ने केंद्रों पर पहुंचकर टिका लगवाया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले से ही लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है ।

इसके अलावा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए दो गज की दूरी का पालन करने और सैनिटाइजर से बार-बार हाथ धोने एवं मुंह पर मास्क लगाने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने का सुझाव दिया जा रहा है। साथ ही साथ कोरोना टीका लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है ।

जिससे संक्रमण की चपेट में कोई न आने पाये। उन्होंने बताया कि अभी करोना संकट टला नहीं है इसलिए लोगों को एहतियात एवं सावधानी बरतनी चाहिए। इसमें बरती गई लापरवाही घातक हो सकती है।

## व्यापारी हितों के लिए होगा संघर्ष : कंछल

**संवाददाता।** मऊ



**उप्र उद्योग** व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में पीडब्लूडी डाक बंगले में जनपदीय स्तरीय व्यापारी जागरुकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू द्वारा घोसी व्यापार मण्डल अध्यक्ष लाल बिहारी गुप्ता को समाजवादी व्यापार सभा का जिलाध्यक्ष मनोनित होने पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जनपद स्तरीय व्यापारी जागरुकता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने व्यापारियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यापारी हितों के लिए व्यापार मंडल सदैव संघर्षरत रहेगा। जिलाध्यक्ष अजय साहू एवं जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल ने सरकार से मांग किया कि सरकारी कर्मचारियों की तरह व्यापारियों को भी एक मजबूत आर्थिक पैकेज प्रदान किया जाए। जिससे व्यापारी लॉक डाउन की वजह से उत्पन्न मंदी से उबर सके और देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत कर सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय साहू, जफर अहमद जनता, ब्रजभूषण गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष इशरत इकबाल लारी, जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश मद्धेशिया, मोलबी इकबाल, घोसी अध्यक्ष लालबिहारी गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र प्रसाद बरनवाल उर्फअखिलेश बरनवाल,कोपागंज ओमप्रकाश गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## मऊ में क्षतिग्रस्त पटरी से होकर गुजर गई दादर एक्सप्रेस ट्रेन

● भारी बारिश से मऊ-इंदारा के बीच ट्रैक के नीचे से खिसकी गिट्टी

● दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन

**संवाददाता।** मऊ



### दो घंटे की मशक्कत के बाद सुचारु हुआ आवागमन : स्टेशन अधीक्षक

**मऊ।** स्टेशन अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि लगातार हुई भारी बारिश के कारण मऊ से इंदारा के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से पानी घुसने के कारण सुबह गिट्टी व मिट्टी बाहर बह गया था। लेकिन रेलवे विभाग के तकनीशियनों ने कड़ी मशक्कत करके सुबह 10. 40 बजे रेल मार्ग को दुरुस्त कर दिया। रेलवे विभाग की तत्परता से कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ। दो घंटे के अंदर भी मऊ.इंदारा रेलवे ट्रैक पर आवागमन पुनरू सुचारु हो गया।

**जिले में** लगातार 12 घंटे से अधिक समय तक रुक-रुक हुई मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार की सुबह मऊ जंक्शन से महज 900 मीटर की दूरी पर मऊ.इंदारा रेलवे ट्रैक तमसा नदी तट के समीप पटरी के नीचे से गिट्टी बह गया। इस बीच गोरखपुर से मऊ आ रही दादर एक्सप्रेस ट्रेन क्षतिग्रस्त पटरी के बीच से होकर गुजर गई। लेकिन यह संयोग रहा कि कोई भी बड़ा हादसा नहीं हुआ। उधर बारिश के कारण रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसकने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में रेलवे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेलवे पटरी दुरुस्त होने पर ट्रेनों का आवागमन पुनरू बहाल हो गया। आदर्श श्रेणी मऊ जंक्शन पर लगभग 900 मीटर दूर मऊ-इंदारा रेलवे ट्रैक तमसा नदी के समीप भारी बारिश के कारण रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसक गया। रेलवे पटरी के नीचे से गिट्टी खिसकने की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गया। लेकिन इस बीच सुबह 8.50 बजे के करीब गोरखपुर से वाराणसी जाने वाली दादर एक्सप्रेस ट्रेन क्षतिग्रस्त रेलवे पटरी के बीच से होकर गुजर गया। लेकिन इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि रेलवे अधिकारी ने सर्तकता बरतने हुए इंदारा जंक्शन पर आई गोदान एक्सप्रेस ट्रेन को 9रू30 बजे से ही रोक दिया गया। वहीं मऊ जंक्शन पर पुणे गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया गया था।

## रोटी पैदा करने वाला किसान भगवान से कम नहीं है : बृजनंदन सिंह

● स्वच्छता अभियान मरीजों को फल वितरण व 101 दीप जलाकर मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिवस

● 101 उत्कृष्ट किसानों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** सोनभद्र



**भारत के प्रधानमंत्री** नरेंद्र भाई मोदी के 71 वें जन्मदिवस पर भाजपा सोनभद्र ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर मे स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में जरुरतमंद मरीजों को फल इत्यादि सामग्री बांटा गया।

उसके बाद राबर्ट्सगंज स्वर्ण जयन्ती चौक पर प्रधानमंत्री मोदी के 71वें जन्मदिवस पर 71 किलो मिष्ठान वितरण कर जन्मदिन मनाया गया तत्पश्चात् स्वर्ण जयन्ती चौक पर 101 दीप जलाकर दीर्घायु होने की कामना की गयी। भाजपा किसान मोर्चा सोनभद्र द्वारा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद के 101 उत्कृष्ट किसानों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा मौजूद रहे, मंचासीन जनपद के उत्कृष्ट किसान शीतला सिंह शिवप्रकाश सिंह बाबूलाल मौर्य रहे। किसान जवान सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजनंदन सिंह ने कहा कि आज ऐसे मनीषी का जन्म दिवस है जिसने देश को नई दिशा दिया देश का वास्तविक शिल्पकार है उनके जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम में किसान मोर्चा के लिए गौरव का पल है कि 17 सितम्बर के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर ही देश के देवतुल्य किसानों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। देश का दुर्भाग्य था कि 70 सालों तक देश मे किसान विरोधी सरकार थी जब चुनाव आता था तो कांग्रेस गरीबी मिटाने का नारा लगाती थी किंतु गरीबी बढ़ती जाती थी, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने वास्तव में किसानों, गरीबो का दर्द समझा,कहा जाता है कि रोटी देने वाला भगवान है लेकिन रोटी पैदा करने वाला किसान है इसलिए किसान भगवान से कम नही है। जिलाध्यक्ष भाजपा अजित चौबे ने कहा कि आज देश के किसानों का सम्मान करने के नाते ही पूरे विश्व मे भारत का सम्मान बढ़ा है, धारा 370 समाप्त हुआ, राम मंदिर बन रहा है, आज भारत बदला है 2014 के पहले के भारत और बाद के भारत को आज देख लें, उत्तर प्रदेश भी बदला है 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश और बाद का उत्तर प्रदेश देख लें, आपके सहयोग से आज भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है इस लिए 2022 के चुनाव में पुन: उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आप किसान बन्धुओं का आशीर्वाद मांगता हूं। विशिष्ट अतिथि अशोक मिश्र ने कहा कि आज दो शिल्पकारों का जन्म दिवस हम सभी आज मना रहे हैं एक विश्व के शिल्पकार विश्वकर्मा भगवान का और दूसरे जिनके नेतृत्व में विश्व विजय के पथ पर अग्रसर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आज इस किसान जवान सम्मान कार्यक्रम में आये सभी अन्नदाता किसान पूज्यनीय हैं किसान भारत की वह रीढ़ है जिस पर भारत का इतिहास स्थापित है तो भविष्य भी निर्भर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दत्त द्विवेदी ने मुख्य अतिथि समेत समस्त मंचासीन अतिथियों के साथ कार्यक्रम में आये समस्त सम्मानित किसान बन्धुओ का अभिवादन किया तथा आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविन्द यादव पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी अभिषेक सिंह चन्देल जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद कृष्णमुरारी गुप्ता संतोष शुक्ला दयाशंकर पांडेय महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह रजनीश रघुवंशी, विनय श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, संतोष बैसवार ध्रुवकांत दुबे, चन्द्रविजय पटेल, धीरेंद्र जायसवाल, राजबहादुर सिंह, अनिल दुबे, ने किसानों को तिलक लगाकर व पुष्पार्चन कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा नार सिंह पटेल व अनिल सिंह ने किया।

# 71 किसान-71 जवान कार्यक्रम के तहत मनाया गया मोदी का 71वां जन्मदिन

संवाददाता। औरैया

**भारतीय** जनता पार्टी कार्यालय तुर्कीपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर किसान मोर्चा द्वारा '71 किसान-71 जवान' सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। भारतीय भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 07 अक्टूबर तक सेवा और समर्पण के रूप में मनाएगी। जिसमें जनता के सेवा के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यालय में जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

कार्यक्रम के दौरान जिले भर से आए हुए किसानों एवं जवानों को फूल माला एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, जिला प्रभारी प्रमोद अग्रहरि,



भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्र, क्षेत्रीय किसान मोर्चा महामंत्री विकाश भदौरिया, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा डॉ0 विनोद दुबे ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के प्रति समर्पित, दूरदर्शी, निर्णायक नेतृत्व और अथक परिश्रम के प्रतीक, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। जिन्होंने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कई सुधार किए हैं। किसानों के लिए सम्मान निधि क्रेडिट कार्ड फसल बीमा एवं किसान निधि के माध्यम से किसानों को समृद्ध बनाने के लिए बीड़ा उठाया है। जनता सब जानती है निश्चित ही किसान मोदी की अगुवाई में समृद्धशाली बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी को युग पुरुष की संज्ञा देते हुए कहा कि मोदी ने न सिर्फ देश को समय से आगे सोचने और परिश्रम की पराकाष्ठा से संकल्प को सिद्ध करने की सोच दी, बल्कि उसको चरितार्थ करके भी दिखाया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अवधेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्षगण अमरचन्द्र, चंद्रकांती मिश्रा, अनंगपाल तोमर, जिलामंत्रीगण योगेंद्र कैथवार, प्रदेश कार्य समित सदस्य किसान मोर्चा आशाराम राजपूत, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य जीत कुमारी दुबे, नगर अध्यक्ष औरैया श्यामू अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष दिबियापुर जगमोहन सिंह, नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अनुराग मिश्रा, जिला सह सयोंजक आईटी विभाग रजत दीक्षित, विधानसभा औरैया आईटी संयोजक विमल पाण्डेय मौजूद रहे।

## युवती की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को दोपहर बाद सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवती का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। जिससे सनसनी फैल गयी। घटना कीसूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और जाँच पड़ताल की। शव की शिनाख्त नही हो सकी। थाना जहानगंज क्षेत्र के छिबरामऊ-फतेहगढ़ मार्ग पर ग्राम महरूपुर खार के निकट सड़क किनारे झाड़ियों में एक 22 वर्षीय युवती का शव पड़ा था। दोपहर लगभग दो बजे नगला रघोल निवासी 13 वर्षीय किशोर ऋतिक पुत्र संतोष कुमार अपनी बकरी तलाशनें उधर गया तो उसने युवती का शव पड़ा देखा। जिसके सूचना उसने उधर से गुजर रहे गाँव के ही युवक स्वदेश को दी। जिसके बाद सीओ मोहम्मदाबाद राजवीर गौर,कार्यवाहक थानाध्यक्ष उदयवीर आदि मौके पर पंहुचे और जाँच पड़ताल की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष उदयवीर नें बताया कि जाँच की जा रही है। युवती के हत्या की गयी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### नस काटने से बिगड़ी अधेड़ की हालत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** किसी बात से नाराज होकर शुक्रवार को कस्बा भोगनीपुर के एक युवक ने अपने हाथ की नस काट ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने इलाज के लिए उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। भोगनीपुर के सलमान ने बताया कि उसके भाई तहबीर खान (42) ने किसी बात से नाराज होकर अपने हाथ की नस काट ली थी। उसे लहूलुहान देखकर परिजनों ने घर पर ही मरहम पट्टी की थी। लेकिनल हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डा. गोविन्द प्रसाद ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### झोलाछाप के इलाज से बिगड़ी नवजात की हालत, रेफर

**पुखरायां, कानपुरदेहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के असुवापुर गांव में शुक्रवार को छोलाछाप के इलाज से नवजात की हालत बिगड़ गई। नवजात बुखार से पीड़ित था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के असुवापुर निवासी आदर्श ने बताया कि सौरभ के नवजात पुत्र को गत 5 दिन से बुखार आ रहा था। जिसका उपचार एक झोलाछाप डाक्टर से कराया जा रहा था। उसकी हालत अचानक बिगड़ने पर पुखरायां सीएचसी लाए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डा. गोविन्द प्रसाद ने उसे जिला अस्पताल भेजा है।

### घाटमपुर में भी मनायी गयी विश्वकर्मा जयंती

**घाटमपुर।** अन्य जगहों तरह घाटमपुर में भी विश्व के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनायी गयी, इस अवसर पर औधोगिक संस्थानों के साथ कल कारखाना,फैक्ट्रियों,दुकानों में सृजन के देवता का पूजन आचर्न किया गया। कस्बे में नगर हमीरपुर रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में मनायी गयी जहॉ हवन-पूजन के साथ प्रसाद बितरण किया गया, इसके अलावा आईटीआई, विद्युत उप केन्द्र और लाहुरीमऊ गांव स्थित पावर प्लान्ट में हवन पूजन के साथ औजारों की पूजा की गयी। बड़ी संख्याा में लोगों ने दुकानों पूजन के साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया और प्रसाद बांटा।

### बारिश व तेज हवाओं के चलते क्षतिग्रस्त हुआ देवी मंदिर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिन की सुबह से ही लगातार हो रही बारिश व तेज हवाओं के कारण वर्षों पुराना देवी मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे श्रद्धालु मायूस हो गए। शुक्रवार की सुबह नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित बाबा हॉस्पिटल के सामने बना वर्षों पुराना देवी मंदिर बीती रात लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। उसकी छत व दीवारे गिर गई। जिसका मलवा इधर-उधर बिखरा देख लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। वही देवी प्रतिमा ज्यों की त्यों बनी रही। लोगों ने इसका सुन्दरीकरण कराए जाने की मांग नगर के समाजसेवियों से उठाई है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सहायल/औरैया।** थाना सहायल के उ0नि0 सुशील चन्द्र द्वारा वांछित अभियुक्त मोनू चक पुत्र श्याम सुंदर निवासी अचानकपुर थाना सहायल जनपद औरैया को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय भेजा गया। जिसके विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 86/21 धारा 17ी/272 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम व मुकदमा अपराध संख्या 142/21 धारा 379/411 भादवि थाना सहायल में पंजीकृत है।

### नाजायज तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**औरैया।** थाना अजीतमल के उ0नि0 सुरजीत सिह द्वारा अभियुक्त राकेश पुत्र राम शंकर निवासी चंदनापुर दयाल सिंह थाना अजीतमल जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 439/21 धारा 3/25 का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया।

### एक सप्ताह आगे बढ़ी जनाक्रोश यात्रा

**फर्रुखाबाद।** गंगा एक्सप्रेसवे जिले से होकर ना गुजरने के विरोध में शुक्रवार को निकाली जाने वाली जनाक्रोश यात्रा खराब मौसम के चलते एक सप्ताह आगे बढ़ा दी गयी है। फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल के आवास पर आहूत की गयी बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 सितम्बर को शहर में प्रस्तावित जनाक्रोश यात्रा को एक सप्ताह बढाकर 24 सितम्बर को कर दिया है। मोहन अग्रवाल ने बताया कि सभी संगठनों की सहमति के बाद यह सामूहिक निर्णय लिया गया है। इस दौरान हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, राहुल जैन,भईयन मिश्रा, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव आदि रहे।

### छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद कस्बे के एक मोहल्ला निवासी छात्रा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला दलवीर खां निवासी रॉकी छात्रा को स्कूल आते जाते वक्त परेशान करता है तथा आपत्तिजनक टिप्पणी करता है। जिससे छात्रा को स्कूल पढने जाने में परेशानी होती है। मना करने पर छात्रा के भाई को मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 294, 506 आई.पी.सी. में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने अपनी मंगेतर के सहयोग से गांव की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म करते समय उसकी मंगेतर ने दुष्कर्मी के मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। यह वीडियो गांव के ही एक अन्य युवक ने वायरल कर दिया। तब पीड़िता के पिता ने बीते गुरुवार को घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। आज पुलिस ने दुष्कर्मी और उसकी सहयोगी तथा वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जनपद हरदोई के थाना बिलग्राम अंतर्गत ग्राम अलीगढ़ निवासी पिंटू कश्यप पुत्र गंगाराम अरसे से कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित अपने ननिहाल में रहता चला रहा है। उसकी शादी भी इसी गांव निवासी मदन की पुत्री चांदनी से तय हुई है।

पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार करीब तीन.चार माह पूर्व ननिहाल में रह रहे पिंटू कश्यप ने अपनी मंगेतर चांदनी के जरिए उसकी नाबालिग पुत्री को बहाने से गांव के बाहर स्थित मक्के के खेत में बुलाया और वहां पिंटू कश्यप ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। यही नहीं बल्कि मंगेतर ने पिंटू के मोबाइल से दुष्कर्म का वीडियो भी बना लिया। इसी बीच पिंटू ने अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए गांव के ही युवक सोनू पुत्र श्री राम को दे दिया। जिससे दुष्कर्म का वीडियो सोनू के हाथ लग गया। सोनू ने पहले वीडियो वायरल करने का भय जताकर पीड़िता और मंगेतर पर अवैध संबंध बनाने का दबाव डाला। पीड़िता के इंकार करने पर सोनू ने दुष्कर्म का वीडियो वायरल कर दिया। जानकारी होने पर बीते गुरुवार को पीड़िता के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आज दुष्कर्मी पिंटू कश्यप और उसकी मंगेतर चांदनी तथा वीडियो वायरल करने वाले युवक सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा दिया। पीड़िता और दुष्कर्मी के कपड़े और दुष्कर्म के समय जमीन पर बिछाई गई चुनरी तथा मोबाइल सेट सील कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।

### सभासद के प्रयासों से समधन में लगा मेडिकल शिविर

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर व क्षेत्र में तेजी से पैर पसार रहे मच्छर जनित रोगों से बचाओ के लिए विगत दिन पूर्व सभासद बदरुल सिद्दीकी ने पहल करते हुए एमओआइसी को ज्ञापन सौंपकर समधन में कैंप लगाए जाने की मांग की थी। जिस पर एमओआईसी कुमारिल मैत्रेय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेडिकल कैंप लगाकर एक सैकडा नागरिकों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की। शुक्रवार को क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित सभासद बदरुल सिद्दीकी के आवास कार्यालय में चिकित्साधिकारी डॉक्टर मोहसिन जमा खां व फार्मासिस्ट अजय कुमार, लैब टेक्नीशियन अग्रसेन ने पहुंचकर मेडिकल कैंप के माध्यम से करीब एक सैकडा पुरुषों महिलाओं बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की। इस दौरान सभासद बदरुल सिद्दीकी ने नागरिकों को हरसंभव सहयोग देनें का विश्वास दिलाते हुये कहा कि नगर की जनता के सुख दुख में वह हर समय उनके साथ हैं। कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए नागरिक अपने घरों के आसपास साफसफाई रखें तथा जल एकत्र न होने दें। इस दौरान मतीन खान, जुबेर हुसैन, तालिब, शालू, सानू, मुस्तकीम, निहाल, तोहीद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उ0प्र0 पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लि0 निविदा सूचना-विशिष्टी संख्या-01/EMTC-II(L)/2021-22 किराये पर डीजल कार की आवश्यकता वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अन्तर्गत पंजीकृत डीजल चालित कार स्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/ट्रैवल एजेन्सियों से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल-द्वितीय लखनऊ के प्रयोगार्थ एक अदद डीजल चालित कार (चालक सहित) यथा हांडा अमेज, मारुती स्विफ्ट डिजायर या समकक्ष वाहन (कार) जिनकी न्यूनतम औसत ईधन खपत 15.00 किमी0 प्रति लीटर से कम न हो आठ माह के लिये किराये पर लिए जाने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। वाहन वर्ष 2018 से पूर्व निर्मित न हों। निविदा प्रपत्र रू0 560.00 (रू0 पाँच सौ साठ मात्र) जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) क्रय करना एवं धरोहर धनराशि रू0 2,000.00 (रुपये दो हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य है। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT) से Executive Engineer, EMTD, Gomtinagar, Lko के चालू खाता सं0- 3803765988, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, कमता चौराहा, अयोध्या रोड, लखनऊ, IFS Code - CBIN0285125 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी कार्यदिवस में दि0 20.10.2021 अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र www.upptcl.org की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करना अनिवार्य है। भरी हुई मोहरबंद निविदायें उसी दिन 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन 15:00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल-द्वितीय कमरा नं0 315, 320, पारेषण भवन, विभूति खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ पत्रांक 261 दिनांक 17.9.21 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें।'

## सदर विधायक ने प्रधानमंत्री का मनाया जन्मदिन

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन कर बधाई दी गयी। बड़े हनुमान मन्दिर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नरायण मिश्रा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार की मौजूदगी में हनुमान चालीसा का पाठ कर जनकल्याण की कामना की गयी इसके उपरान्त सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजन में गरीबो में कम्बल व फल वितरण किया गया। आधा सैकड़ा गरीबो को कम्बल वितरित करते हुए कहा कि मोदी जी का जीवन देश सेवा के लिए समर्पित है। इसके उपरान्त कन्जौरा में केक काटकर बच्चो को पुस्तके पाठ्य सामग्री वितरित की। सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई में प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस सेवा दिवस के रुप में उनके सर्मथको व कार्यकर्ताओ ने मनाया आधा दर्जन जसुवापुरए मरहलाए कन्जौराए थाना आदि जगहो पर कार्यक्रम आयोजित हुये। उन्होने एक सैकड़ा किसानो व सेवानिवृत्त जवानो को अंगवस्त्र व डायरी भेंट किया गया।

## पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है भाजपाः डॉ. राजपाल कश्यप

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**भारतीय जनता** पार्टी की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। पिछड़े के हितों पर डाका डाल रही है। पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश रची जा रही है, जिसे समाजवादी पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। हम न डरते हैं, न घबराते हैं, पिछड़ों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए हम अपना सर्वस्व झोंक देंगे।यह उदगार हजारों लोगों की भीड़ के बीच पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री डॉ.राजपाल कश्यप ने व्यक्त किए। डॉ. कश्यप फर्रुखाबाद के मुरहास कन्हैया स्थित डॉ.जितेन्द्र कोल्ड स्टोरेज में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन एवं सामाजिक न्याय यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। हजारों लोगों की भीड़ को देखकर गदगद डॉ.कश्यप ने कहा इस सरकार में कुछ भी ठीक नहीं है। योगी सरकार पिछड़ों के हितों पर डाका डाल रही है, उन्हें विभाजित करने का, उन्हें तोडने का कुचक्र रच रही है। उन्होंने कहा हमारी मांग है कि जातीय जनगणना की जाए, लेकिन जनविरोधी भाजपा सरकार इसे नहीं मान रही है। पिछड़ों को आबादी के हिसाब से आरक्षण दिया जाना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं कर रही। उन्होंने कहा बूथ स्तर पर जुटकर भाजपा को हराने का काम करो। अगर इस बार चूक गए तो अगले पांच वर्षों में भाजपा सरकार प्रदेश बेचकर खा जाएगी। उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर आज से ही बूथ स्तर पर जुटने की शपथ ली।

इससे पूर्व डॉ.राजपाल कश्यप का जगह-जगह स्वागत हुआ। जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही उत्साह से लवरेज समाजवादियों ने उनका काफिला रोककर फूल मालाओं से स्वागत किया। हुल्लापुर चौराहे पर दर्जनों समाजवादियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। यहाँ समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष अरविंद कश्यप, वरिष्ठ सपा नेता मोहित यादव ने उनकी आगवानी की। रामगंगा पुल पर लोग फूल माला लेकर तैयार खड़े थे। कार्यक्रम के लिए देर हो रही थी, फिर भी कार्यकर्ताओं का स्नेह देखकर उन्होंने अपनी गाड़ी रोकी और अभिवादन स्वागत किया। यहाँ शुभम राजपूत, मुकेश सैनी के नेतृत्व में युवा जमा थे। निबिया चौराहे पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ फर्रुखाबाद की टीम तथा कश्यप समाज के लोगों ने डॉ.राजपाल कश्यप का जोरदार इस्तकबाल किया।

## महिला को पीटा

**पुखरायां।** कानपुर देहातथाना क्षेत्र के चंदनपुर हारामऊ गांव में दबंग पति-पत्नी ने एक महिला की पिटाई कर दी। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चंदनपुर निवासी अरविंद ने बताया कि उसकी पत्नी सरिता खेतों पर गई थी। तभी पड़ोसी महिला पिंकी और उसका पति रमेश ने मारपीट करके घायल कर दिया। पिता ने थाने में तहरीर दी है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भोगनीपुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय बहादुर ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चालक घायल

**पुखरायां।** कानपुरदेहातकस्बे के इंद्रानगर निवासी एक व्यक्ति अचानक ट्रैक्टर ट्राली से मेनरोड पर गिर गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-तृतीय केस्को, कानपुर "ई-निविदा सूचना अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र यू०पी० एन.आई.सी./केस्को की ई-टेंडरिंग वेबसाईट https://etender.up.nic.in/www.kesco.co.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा सूचना में व्ययानुमान धनराशि, धरोहर धनराशि (NEFT/RTGS/DD /Bankers Cheque & (BG for the EMD amount of Rs. 5000 and more) के माध्यम से), निविदा मूल्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि, निविदा डालने की तिथि, निविदा खोलने की तिथि तथा अन्य नियम व शर्तो का उल्लेख है। **क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 11/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के अधीनस्थ विद्युत वितरण खण्ड दहेली सुजानपुर के कार्य क्षेत्र में बांस बल्ली हटा कर पी0सी0सी0 पोल के द्वारा विद्युतीकरण का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 3540.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 25,000.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 04 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 18.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 18.10.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त **क्र0सं0** 2 **निविदा संख्या** 12/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल तृतीय के अधीनस्थ विद्युत वितरण खण्ड हंसपुरम के कार्य क्षेत्र में बांस बल्ली हटा कर पी0सी0सी0 पोल तथा एस0टी0 पोल के द्वारा विद्युतीकरण का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 3540.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 12,500.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 04 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 18.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 18.10.2021 समय 16.30 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। इच्छुक अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से अनुरोध है कि नियमित रुप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वि०) मण्डल - तृतीय, केस्को, कानपुर 33 केवी एच-ब्लाक उपकेन्द्र, किदवई नगर, कानपुर** पत्रांक : 1920 दिनांक 17.09.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

## डाक्टरों के पैनल से कराया गया आशू का पोस्टमार्टम

संवाददाता। कानपुर देहात

**शुक्रवार** को तीन सदस्यीय डाक्टरों के पैनल के माध्यम से बहुचर्चित गहोलिया हत्याकाण्ड में हादसे का शिकार हुये बिल्डिंग कारोबारी के शव का पोस्टमार्टम किया गया। शुक्रवार को भी मृतक के परिजनों व ग्रामीणों का भारी सॅख्या में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमावडा लगा रहा। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राहुलदेव अग्निहोत्री व पूर्व जिला उपाध्यक्ष रजोल शुक्ला ने मृतक के परिजनों को ढॉढस बॅधाते हुये उन्हें न्याय दिलाने में हरसॅभव मदद का वादा किया। आपको बतातें चलें कि गुरूवार को रूरा थाना क्षेत्र के गहोलिया गॉव में करीब आधा दर्जन लोगों ने जमीनी रॅजिश में युवा बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी आशीष तिवारी उर्फ ऑशू(23) की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद मृतक के परिजनों ने रूरा थानाध्यक्ष व हल्का ईंचार्ज पर ही आरोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुये पूरे दिन जमकर हॅगामा काटा था। जनपद के सभी प्रमुख थानों की पुलिस, सीओ, एसडीएम की बात भी ग्रामीण सुनने को तैयार नही हुये जिस पर शाम को एडीएम प्रशासन पॅकज वर्मा व एएसपी घनश्याम चौरसिया पहुॅचे सदर विधायिका व उनके पति पूर्व सॉसद की मध्यस्थता से उच्चाधिकारियों द्वारा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन के साथ थाना इर्चाज को लाइन हाजिर करने, व हल्का इंर्चाज को संस्पेण्ड करने की कार्यवाही पर पोस्टमार्टम के लिये शव को सील कर पोस्टमार्टम हाउस ले जाया गया। शुक्रवार को भी मृतक के परिजनों, ग्रामीणों व प्रशासन के मध्य अविश्वास की खाई एक बार फिर देखने को मिली जब मृतक के परिजनों ने डीएम से डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाने का निवेदन किया जिस पर डीएम जेपी सिंह ने सॅवेदनशीलता का परिचय देते हुये 3 सदस्यीय चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराये जाने के निर्देश दिये। पोस्टमार्टम के दौरान भारी सॅख्या में मृतक के परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मौजूद रहे। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल देव अग्निहोत्री, पूर्व जिलाउपाध्यक्ष रजोल शुक्ला व पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामू ओमर मृतक के भाई ढाढस बॅधाते रहे। भाजपा नेताओं ने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने में हरसॅभव मदद का भरोसा दिलाया।

### की गयी अन्त्येष्टि

**रूरा, कानपुर देहात।** पोस्टमार्टम के बाद शव गहोलिया गॉव पहुॅचने पर परिजनों में करूण क्रॅदन देख पाषाण हृदय भी कॉप उठे। वृद्ध पिता जिसने बडे अरमानों अपने लाल को पाला पोसा था, अपने पुत्र का शव देख उसकी ऑखे जडवत हो गयी। मामले की सॅवेदनशीलता को देखते हुये गॉव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। हत्याकाण्ड के घटना की जानकारी के करीब 30 घण्टे बाद मृतक के शव को गहोल देवता के पास ही निजी खेतों में मृतक के छोटे भाई अन्नू ने मुखाग्नि दे दाह संस्कार किया।

**प्रतिशत दर ई-निविदा आमंत्रण प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियंता (सिविल), डाक निर्माण खण्ड, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आनलाइन प्रतिशत रेट (सी0पी0डब्लू0डी0-7) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा संख्या : - **37/ई0ई0/पी0सी0डी0एल0/2021-22**
कार्य का नाम : - **मेंटेनेन्श ऑफ 28 नं0 टाईप-।।। क्वार्टर एट पी एण्ड टी कालोनी सेक्टर-के अलीगंज, लखनऊ।**
अनुमानित लागत : - 60,59,686/-
धरोहर राशि : - शून्य/-
कार्य का समय : - 08 माह
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 27.09.2021 समय : - 18:00 बजे
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण-**www.dopcivil.euniwizard.com** पर उपलब्ध है।

## ईओ ने जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** विगत पूरे दिन हुई जमकर बारिश के कारण नगर के कई स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। अधिशाषी अधिकारी ने अधीनस्थ कर्मियों के साथ जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द जल निकासी के निर्देश देते कहा कि पालिका कर्मी पंपिग सेट व सिल्ट को गाडियों में भरकर अन्य स्थानों पर पहुंचाकर जलभराव की समस्या को दूर करें। शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के मोहल्ला रामगंज, किदवई नगर, अशोक नगर, गांधी नगर, जवाहर नगर सहित तमाम स्थानों पर पहुंचकर जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण करने के उपरांत पालिका कर्मियों को पंपिंग सेट सहित अन्य तौर तरीकों से जलभराव वाले स्थानों को खाली कराए जाने के निर्देश दिए।

## चूड़ी गोदाम में महिला से किया गैंगरेप

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**चूड़ी** खरीदने आयी महिला दुकानदार के साथ व्यापारी और उसके साथी ने दुष्कर्म किया। घटना के सम्बन्ध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। दरअसल थाना राजेपुर निवासी एक पीड़िता ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी जिसमे आरोप लगाया कि उसकी एक चूड़ी की दुकान है। लिहाजा वह चूड़ी खरीदने बीते दिन दोपहर लगभग 11-12 बजे शहर कोतवाली क्षेत्र के तलैया फजल इमाम निवासी मो0 अशलाम उर्फ सोनू पुत्र चाँदबाबू की लाल दरवाजे पानी की टंकी के निकट स्थित दुकान पर आयी थी। मो. अशलाम मौजूद था। तभी वहां बजरिया निवासी सारिक निवासी बजरिया भी आ गया। सरिक चूड़ी दिखाने के बहाने दुकान के ऊपर गोदाम पर ले गया। जहां उसने धमकी देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार उसके बाद अशलाम भी आ गया और उसने भी दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी महिला के पति को घर जाकर दी। जिसके बाद गुरुवार को पीड़िता शहर कोतवाली अपने पति के साथ पंहुची।

जानकारी मिलने पर हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, सौरभ मिश्रा आदि कोतवाली आ गये। उन्होंने पीड़िता से बात की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस नें आरोपियों को दबोच लिया। शहर कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पीड़िता का मेडिकल भी कराया जा रहा है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

## सांसद नें लाभार्थियों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया

संवाददाता। कन्नौज

**ब्रांड बनाएं,** मैं करूंगा ब्रांडिंग आपके हुनर को नई पहचान देना हमारा लक्ष्य है।

उक्त उद्गार शुक्रवार को सांसद सुब्रत पाठक द्वारा विकास भवन सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूलकिट एवं मुद्रा योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनता को व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा जनता के मध्य प्रत्येक परिवार में अच्छे आय के स्त्रोत को उत्पन्न करने हेतु आपके परिवार में कार्यकुशलता के आधार पर आप सभी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विधाएं जैसे लोहार, राजमिस्त्री, सुनार, दर्जी, हलवाई आदि विधाओं को प्रारम्भ करने हेतु टूलकिट वितरण के अतिरिक्त मुद्रा योजना के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों जैसे दर्जी, बढ़ई व नाई में अपने व्यापार को कुशलता से प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति पत्र वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है, आप सभी आत्मनिर्भर बनाना एवं आपकी आय में आपकी अपेक्षा अनुसार वृद्धि करना। जिलाधिकारो राकेश कुमार मिश्र द्वारा विश्वकर्मा जयंती के शुभावसर पर जनपद के विभिन्न विधाओं में कार्यरत कारीगरों एवं सभागार में उपलब्ध कामगारों को बधाई देते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में आज विश्वकर्मा दिवस के शुभावसर पर हलवाई ट्रेड में कुल 07 व्यक्तियों को टूलकिट का वितरण एवं मुद्रा योजना के अंतर्गत 12 व्यक्तियों को दर्जी ट्रेड में 18.50 लाख, बढई ट्रेड में 02 कामगारों को 04 लाख एवं नाई ट्रेड में 03 व्यक्तियों को 4.50 लाख रुपये कुल 27 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण सांसद द्वारा किया गया।

## हिलौली महोत्सव व रामलीला की तैयारियों को लेकर बैठक

**मौरावां।** हिलौली ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित होने वाले हिलौली महोत्सव मेला एवं रामलीला की तैयारियां तेज़ हो गई है। शुक्रवार को हिलौली प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी के कार्यालय में समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी आयोजित होने वाले हिलौली महोत्सव के रूप स्वरूप पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के पदेन संरक्षक क्षेत्र के यशश्वी विधायक अनिल सिंह ने पहुँचकर हौसला अफ़्ज़ाई की। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक मेला एवं रामलीला शासन की गाइड लाइन पर निर्भर है। फिलहाल आयोजन होने के पूरे आसार दिख रहे हैं। वही रामलीला संरक्षक अशोक मिश्र ने नई समिति गठन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में निपुण और सुयोग्य को ही पदाधिकारी बनाया जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



● पीवीआर सिनेमा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने काटा 71 किलो का केक ● पीवीआर में दिखाई गई पीएम मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर धूमधाम से मनाया गया। भाजपाइयों ने केक काटने के साथ ही रक्तदान कर पीएम मोदी के दीर्घायु की कामना ईश्वर से की। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और नगर निगम प्रयागराज की महापौर काबीना मंत्री की धर्मपत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी की ओर से पीवीआर सिनेमा सिविल लाइन्स में 71 किलो का केक काटा गया। केक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने काटा। पीएम नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म पीएम नरेन्द्र मोदी पीवीआर में दिखाई गई। सिनेमा हॉल में भाजपाइयों द्वारा नरेंद्र मोदी जिंदाबाद मंत्री नंदी जिंदाबाद स्वतंत्र देव सिंह जिंदाबाद अभिलाषा गुप्ता जिंदाबाद के नारे लगाए। कुछ समय के लिए सिनेमा हॉल नारों से गूंज उठा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। संचालन महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने किया। इस दौरान पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डा नरेन्द्र कुमार सिंह गौर महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर डा रीता बहुगुणा जोशी फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल शहर उत्तरी विधान के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल विधायक बारा डा अजय भारतीया मेजा विधायक नीलम करवारिया विधायक फाफामऊ विक्रमाजित मौर्य कोरांव विधायक राजमणि कोल महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी राघवेंद्र सिंह वरुण केशरवानी विभव नाथ भारती अश्वनी कुमार दुबे जिला प्रभारी ओमकार केसरी समेत हजारों की संख्या और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत महा रक्तदान शिविर एएनएचएच ब्लड सेंटर सिविल लाइन में लगाया गया। रक्तदान शिविर में 122 लोगों ने पंजीकरण कराया। 82 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन आम लोगों की सेवा के प्रति समर्पण है। उन्होंने सत्ता संभालते ही सामाजिक चिंतन किया। उसके आधार पर सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को लेकर आम व्यक्ति के जीवन में सेवा ही समर्पण के भाव से प्रभावी नीतियां बनाकर और कल्याणकारी योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। उनकी हर योजना गरीबों के जीवन में प्रकाश लाने का कार्य कर रही है। जन धन योजना उज्ज्वला योजना स्वच्छता अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सौभाग्य योजना किसान सम्मान निधि योजना का जिक्र किया। दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग देने का कार्य मोदी सरकार ने किया। अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित पांडेय ने की। संचालन श्याम प्रकाश पांडेय अमित गुप्ता ने की। कार्यक्रम संयोजक डा सुशील सिन्हा एवं के के पांडेय रहे। इस अवसर पर डा सुदामा पटेल डा एल एस ओझा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी एस कौशल सचिन मिश्रा अमित सक्सेना शिवार्चन पांडेय सौरभ मेहता आयुष अग्रहरी अंकुश शर्मा रहे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भारतीय जनता किसान मोर्चा प्रयागराज महानगर द्वारा किसान जवान सम्मान समारोह का आयोजन शहर पश्चिमी विधानसभा के अंतर्गत अहमदपुर ग्राम सभा में किया गया। जिसमें कई जवान कई किसान का सम्मान किया गया।

# दीवार के मलबे में दबकर अधेड़ की मौत, दो बच्चे घायल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** तेज हवाओं के बीच हुई भीषण बरसात के चलते मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के अलग.अलग गांव में कच्ची मिट्टी की दीवार गिरने से दीवार के मलबे में दबकर एक अधेड़ की मौत हो गई है। जबकि खेल रहे दो बच्चों के ऊपर अचानक मिट्टी की दीवार भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर एक बालक एवं एक बालिका गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ग्रामीणों ने घायल बालक व बालिका को इलाज के लिए मिल्कीपुर बाजार स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दोनों घायल बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मिल्कीपुर तहसील के इनायतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसवार कलां में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच शुक्रवार को प्रातः करीब 10 बजे अचानक एक मिट्टी की दीवार ढह गई। जिसके मलबे में दबकर 55 वर्षीय अधेड़ रामबरन गुप्ता पुत्र बच्चू लाल की दर्दनाक मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि जिस वक्त मिट्टी की दीवार गिरी उस समय घर में रसोई घर के पास बैठे थे। इनायत नगर पुलिस ने अधेड़ के शव का पंचायत नामा कराने के उपरांत परिजनों की मांग पर अंतिम संस्कार हेतु उनकी सुपुर्दगी में दे दिया। इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत को कुईंध्वना गांव में शुक्रवार को अपरान्ह करीब 2.30 बजे गांव के ही हनुमान दीन का 9 वर्षीय बेटा ऋषभ एवं राम कोट की 10 वर्षीय बेटी पलक खेल रहे थे। इसी बीच राम रूप के कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में खेल रहे दोनों बच्चे ऋषभ एवं पलक दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने गुहार लगा दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला और आनन.फानन में इलाज के लिए मिल्कीपुर बाजार स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# निर्माण व सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा का हुआ पूजन

● कंपनियों, फैक्ट्रियों, कार्यालयों में लोगों ने की पूजा अर्चना, चढ़ाए श्रद्धा के फूल

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयाग में विश्वकर्मा जयंती पर शुक्रवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। यह जयंती हर वर्ष 17 सितंबर को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन दुनिया के पहले इंजीनियर और शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा के सातवें पुत्र हैं। इन्होंने सृष्टि के निर्माण में सृष्टि कर्ता ब्रह्मा जी का सहयोग किया था। हिंदू पंचांग के अनुसार भगवान विश्वकर्मा जयंती का पर्व कन्या संक्रांति के दिन मनाया जाता है। इस तिथि को इंजीनियरिंग संस्थानों फैक्ट्रियों कल कारखानों और कामगार समूहों द्वारा मशीनों हथियारों और औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन ये लोग भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा करते हैं। इससे भगवान विश्वकर्मा प्रसन्न होकर उन पर अपनी कृपा बरसाते हैं।



भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माला चढ़ाते प्रवीण द्विवेदी।

मान्यता है कि उनकी कृपा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है। इसी क्रम में आज सुनहरा विकास समिति की ओर से संचालित डीडीयू जीकेवाई केंद्र गौहनिया घूरपुर में निर्माण एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन केंद्र के प्रशिक्षुओं ने विधि विधान से किया। स्टेट हेड सूर्य प्रकाश त्रिपाठी द्विवेदी और सेंटर हेड प्रवीण द्विवेदी एवं संयुक्त रूप से केंद्र पर मौजूद सभी कलपुर्जों एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विधिवत पूजन किया। पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान सभी ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर श्रद्धा के फूल अर्पित कर आशीष मांगा। एमएसटी के डोमेन ट्रेनर अनुराग पांडेय ने प्रशिक्षुओं संग देवशिल्पी की आराधना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों और केंद्र के कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सेंटर हेड सूर्य प्रकाश त्रिपाठी एमआईएस शुभम विश्वकर्मा ट्रेनर अंजुला वैश्य रंगीता सिंह विनय कुमार रति पाल वार्डेन अंजली मिश्रा रामजी द्विवेदी मोबिलाइजर अनुराग पांडेय आलोक साहू अमित पांडेय गुलाब सिंह आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य करती है भाजपाः गीता शाक्य

● पीएम मोदी के जन्मदिन पर 71 कोरोना योद्धा महिलाओं को किया गया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज महानगर** स्थित भाजपा कार्यालय सिविल लाइन्स में भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें राज्य सभा सांसद एवम महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता शाक्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर 71 कोरोनो योद्धा महिलाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने पीएम मोदी 71वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटा। प्रदेश महामंत्री डा कीर्तिका अग्रवाल प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया के नेतृत्व में प्रयागराज महानगर जिला अध्यक्ष शिखा रस्तोगी की



सम्मानित कोरोना योद्धा महिलाओं के साथ राज्यसभा सांसद गीता शाक्य।

अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। राजसभा सांसद गीता शाक्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें महिलाओं को सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबी बनाने के लिए काम करने का अवसर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि 2022 में पुनः महिला मोर्चा सरकार बनाएगी। उन्होंने विभिन्न विषयों पर महिलाओं को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रीता सिंह ने किया।

समिति में प्रदेश कार्यसमिति की विजय लक्ष्मी सिंह सुमन गोस्वामी संगीता गोस्वामी रीता पासी अंजलि गोस्वामी अर्चना शुक्ला वंदना सिंह काजल कैथवास वंदना शर्मा दुर्गेश नंदनी स्मृति श्रीवास्तव रेखा यादव आभा सिंह सीमा जायसवाल कल्पना चंद्रा आहुवालिया आदि सभी महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## क्विक न्यूज

### कच्चे मकानों पर भारी बारिश का कहर टूटा

**अम्बेडकरनगर।** लगातार तीन दिन से चल रहे भारी बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला आज दोपहर बाद भले ही बंद हो गया हो लेकिन जलभराव और मकान गिरने के साथ एक सबसे ज्यादा बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है ग्रामीण क्षेत्रों में 3 दिन से बिजली गायब है और अभी इसके ठीक होने की उम्मीद भी नहीं है। तीन दिन से लगातार भारी बारिश के चलते जगह जगह पेड़ गिरने के साथ कच्चे मकानों पर भारी बारिश का कहर टूट पड़ा ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है कई जगह तो सड़क काटकर पानी निकाला जा रहा है सबसे ज्यादा कहर बिजली विभाग पर टूटा है ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह विद्युत पोल टूटने के चलते आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई है पेड़ों के गिरने और विद्युत पोलों के टूटने के चलते अभी एक-दो दिन बिजली बहाल होने में समय लग सकता है बारिश का कहर इस कदर है कि नगर के बीच बहने वाली तमसा नदी अपने उफान पर आ गई है जिसकी जद में आकर नदी के किनारे बने घरों के भूतल में पानी जमा हो गया है ऐसा नहीं है कि बारिश ने सिर्फपेड़ों और बिजली व्यवस्था को ही नुकसान पहुंचाया है सबसे ज्यादा नुकसान तो किसानों का हुआ है तराई क्षेत्रों में जहां फसलें डूब गई है वही धान की तैयार फसलें बर्बाद हो चुकी हैं सबसे ज्यादा मार तो करने की खेती पर पड़ा है गन्ना पूरी तरह से धराशाई हो गया है।

### विद्यालय की कुंडी काटकर चोरों ने किया हाथ साफ

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** प्राथमिक विद्यालय मल्लेपुर के ऑफिस की कुंडी काटकर चोरों ने बीती रात ऑफिस में रखा हजारों का सामान पार कर दिया। भीटी थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मल्लेपुर की प्रधानाचार्य निर्मला चौधरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि जब वह प्राथमिक विद्यालय पहुंची तो ऑफिस का दरवाजा खुला था। जिसकी कुंडी काटकर दो गैस सिलेंडर, एक चूल्हा तथा कुछ खेल का सामान चोरों ने गायब कर दिया था। जब वह उच्च प्राथमिक विद्यालय के बरामदे में पहुंची तो देखा कि चोरों ने रखरखाव वाले कमरे की कुंडी तथा ताला तोड़कर बक्से को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे बच्चों के खेलने का सामान चोरों द्वारा पार कर दिया। प्रधानाचार्य ने उक्त घटना की थाने पर लिखित तहरीर दिया। तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

### तूफानी बारिश से चारों ओर भरा पानी

अम्बेडकरनगर। विगत बुधवार से शुरू हुए तूफानी बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश का सिलसिला शुक्रवार को दिनभर जारी रहा। वर्तमान सीजन में एक दिन में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड किया गया जिले में 130.60 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। लगातार हो रही रही बारिश के चलते शासन के आदेशानुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर कक्षा एक से महाविद्यालय स्तर तक के विद्यालयों में रविवार तक अवकाश घोषित कर दिया गया है वही ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह पानी भर जाने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बीते बृहस्पतिवार की रात मूसलाधार बारिश हुई। रात भर मूसलाधार बारिश से खेत-खलिहान पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। गांव और नगर की सड़कों पर जलभराव हो गया है।

### खेती-किसानी के कार्य प्रभावित

**अम्बेडकरनगर।** लगातार हो रही बारिश से चना, मटर, सरसों, लाही, आलू एवं मसूर की अगेती बुवाई पर प्रभावित होगी। अगेती गन्ना एवं अगेती धान की फसल के गिरने और सब्जी के खेतों पानी भरने से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों की माने तो गोभी, पत्ता गोभी, मिर्च, परवल, शिमला मिर्च, नेनुआ एवं तरोई के उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है, भारी बारिश से गन्ने और धान की फसल को भारी नुकसान पहुँचा है। गन्ने की फसल गिर गयी है और अगेती धान की फसल के सड़ने की प्रबल संभावना बढ़ चली है।

### गिरा तापमान, ठंड हुआ मौसम

**अम्बेडकरनगर।** लगातार हो रही बारिश से तापमान में भारी गिरावट हुई है। मौसम भी ठंडा हो गया है। जिले का औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। शनिवार को भी भारी बारिश होने की संभावना है। हालांकि रविवार से मौसम के साफहोने का अनुमान है। इस बीच तापमान में गिरावट से ठंडक बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार अब ठंड का मौसम शुरू हो सकता है।

### रविवार तक बंद रहेंगे स्कूल

**अम्बेडकरनगर।** लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम के चलते जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन के आदेश पर बेसिक शिक्षा परिषद एवं सभी बोर्डों के कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को रविवार तक के लिए बंद कर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया मौसम खराब होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार तक स्कूल बंद रहेंगे। सभी विद्यालय सोमवार को पूर्व की भांति खुलेंगे।

# आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने किया शराब की दुकानों का निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** आबकारी आयुक्त, उप्र एवं डीएम, के आदेशों के क्रम में अवैध मदिरा के निर्माण परिवहन बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक अशोका कुमार व स्टाफकी संयुक्त टीम द्वारा तहसील टांडा एंव भीटी के अंतर्गत स्थित शराब दुकानों का निरीक्षण किया गया। सुल्तानपुर रोड पर स्थित ढाबों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षित दुकानों ढाबों पर कही पर भी अवैध मादक पदार्थ वस्तु के निर्माण व भंडारण का कोई भी समान उपकरण आदि की बरामदगी नही हुई। ग्राम टांडा क्षेत्र के ग्राम भसड़ा में मास्क एंव कैरी बैग बनाने वाली फर्म के परिसर की जांच भी की गयी। कोई अवैध मदिरा बरामद नहीं हुई। फ़र्म के संचालक एंव स्थानीय नागरिकों को नकली शराब के उपभोग न करने हेतु जागरूक भी किया गया व अवैध शराब के निर्माण बिक्री भंडारण परिवहन आदि की सूचना तत्काल देने की अपील भी की गयी।

# जलभराव का निरीक्षण करने निकले विधायक वेद गुप्ता



**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने 2 दिनों की भारी बारिश के बाद क्षेत्र का भ्रमण कर जलभराव व अन्य समस्याओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को जलनिकासी व जरूरतमदों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। सिरसिंडा ग्रामसभा में काफी जलभराव होने की सूचना पाकर नगर विधायक अधिकारियों संग सिरसिंडा पहुंचे। तत्काल प्रभाव से निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ दूरी पर ही स्थित सरायरासी ग्रामसभा में जो नाला बना हुआ हैए उसमे से जल निकासी की व्यवस्था की जाए।

नाले को कुछ लोगो द्वारा अवैध रूप से कब्जे में लिया गया थाए जिससे जल निकासी बहुत ही कम मात्रा में हो रही थी। नगर विधायक ने ग्रामवासियों से वार्ता कर सभी के सहयोग से जेसीबी द्वारा नाले को चौड़ा कराया जिससे जल निकासी तेजी से संभव हो सकी। यश पेपर मिल द्वारा जो पानी छोड़ा जा रहा है उसको रोके जाने का निर्देश भी नगर विधायक ने दिया जिससे ग्रामवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए । ग्रामीण क्षेत्र के साथ . साथ नगरीय व अयोध्या धाम का निरीक्षण भी विधायक द्वारा किया गया। रामकथा पार्क के सामने रह रहे लोगों के लिए जल निकासी व राशन की व्यवस्था के एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सदर बृजेश कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी पूरा, प्रधान सिरसिंडा, प्रधान सराय रासी, चौकी प्रभारी दर्शन नगर, दीपक सिंह गब्बर व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बरगद का पेड़ गिरने से हुई भैंस की मौत

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भयावह बारिश होने के कारण भीटी थाना क्षेत्र के 1 गांव में बरगद के पेड़ गिरने से एक भैंस की मौत हो गई जिसकी कीमत करीब 70000 हजार बताई जाती है ।और मकान में रखे अनाज भी बर्बाद हो गया। पेड़ गांव के जगदंबा प्रसाद सिंह का है जो काफी दबंग किस्म के हैं कई बार शिकायत करने के बाद भी पेड़ की डालियों को नहीं कटवाया जिसके कारण आज इतना बड़ा हादसा सोहन गौड के साथ हो गया बीती रात करीब 8 बजे की यह घटना है। परिवार वालों ने पुलिस वालों से रो-रो कर बताया कि जब हम इनसे पेड़ काटने की बात करता था तो जान से मारने की धमकी देते थे। जिसका नतीजा आज आप लोगों के सामने हैं वही महरुआ थाना क्षेत्र के जामू कला में ग्राम प्रधान राधेश्याम दुबे ने बताया कि किरण कुमारी पत्नी संदीप मंजू पत्नी बिंदु श्याम बहादुर पुत्र फूल राज के मकान गिर जाने के कारण उन्हें भोजन के लिए भी परेशानियों का सबब बनना पड़ा उनके मकानों में भयंकर पानी भर जाने से काफी नुकसान हुआ है ग्राम प्रधान द्वारा नाला खुदवा कर घरों से पानी निकलवाया गया वहीं इसी थाना क्षेत्र के बरामदपुर जरियारी मे 8 मकान ढह गए ।जिसमें मुख्तार पुत्र उस्मान गनी ।विनोद पुत्र रामपियारे हैदर अली पुत्र बशीर रामकरण पुत्र बलिकरन बर्मा । राम लवेद बर्मा पुत्र रामदास राघव राम वर्मा पुत्र छेदी रघुवर पुत्र राम लौट रामचंद्र पुत्र दूधनाथ आदि लोगों के मकान धराशाई हो गए हैं जिसमें एक महिला और एक छोटी बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं जिसमें अहेतुक सहायता के लिए गांव के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा उप जिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर अहेतुक सहायता की मांग की है। जिसमें कल्लू यादव निगम वर्मा प्रदीप वर्मा अकरम अली ने हर संभव मदद की गुहार लगाई है वही भीटी थाना क्षेत्र के रिउना ग्राम सभा में राजकुमारी पत्नी जितेंद्र का मकान बीती रात करीब 10रू00 बजे धराशाई हो गया जिसमें गेहूं चावल दाल कपड़े आज सामान बर्बाद हो गए जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान को होती ही अहेतुक सहायता प्रदान की।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर पोषण वाटिका महाभियान एवं वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** अचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, पांती, अंबेडकर नगर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के परिपेक्ष्य मैं पोषण वाटिका महाभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के दौरान भारत अमृत महोत्सव के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित है। पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय धर्मराज निषाद का पुष्पगुच्छ व फूल माला से केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ राम जीत तथा सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों द्वारा अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। पीएम के जन्मदिन एवं पोषण वाटिका हेतु कृषि तकनीकी अपनाने पर जोर दिया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं क्षेत्र प्रबंधक ने पोषक खाद्यान्न एवं फल फूल सब्जी उत्पादन की वैज्ञानिक जानकारी दी। पोषक अनाज उत्पादन के अंतर्गत खरीफ में मोटा अनाज जैसे मक्का, ज्वार, बाजरा एवं छोटे अनाज जैसे सांबा, कोदों, काकुन तथा रबी में जौ तथा रामदाना के उत्पादन प्रौद्योगिकी का ज्ञानार्जन डॉ प्रदीप कुमार वैज्ञानिक पादप सुरक्षा द्वारा कराया गया। फसलों के उत्तम पोषण हेतु कंपोस्ट खादो के उत्तम उत्पादन एवं प्रयोग का ज्ञानार्जन डॉक्टर विद्यासागर वैज्ञानिक पशुपालन द्वारा कराया गया। पोषक खाद्यान्न के उन्नत बीजों में प्रयुक्त प्रौद्योगिकी का ज्ञानार्जन डॉ रत्नाकर पांडे वैज्ञानिक पादप अभिजनक द्वारा कराया गया। इफ्को के क्षेत्रीय अधिकारी विवेक त्रिवेदी ने सहकारिता के उद्देश्य व कार्यप्रणाली सहित रसायन उर्वरक यूरिया, डीएपी, एनपीके के विकल्प में नैनो उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी। इफ्को के बिक्री अधिकारी संजय सिंह ने इफ्को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। नई दिल्ली से वर्चुअल व्याख्यान माला को कंप्यूटर व टेलीविजन द्वारा दिखाया गया तथा उपस्थित कृषकों व व क्षेत्र महिलाओं को पोषण वाटिका हेतु सब्जी बीज निशुल्क प्रदान किया गया खाद्य व पोषण सुरक्षा संपूर्ण सुनिश्चित हो सके। मुख्य अतिथि द्वारा वृक्षारोपण हेतु फलदार व वानिकी पौधों सहित सब्जी बीज किट वितरण किया। प्रगतिशील कृषक शैलेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, हरिवंश सिंह तथा महिला समूह की अध्यक्ष रीता देवी, सुदामा देवी सहित ग्राम प्रधान इंदर कुमार के साथ साथ केंद्र के कार्यालय अधीक्षक सुरेश प्रताप सिंह, स्टेनोग्राफर गंगेश गिरी एवं ड्राइवर कम मैकेनिक दिनेश शर्मा व संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से मकान गिरा, दो घायल

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** महरुआ क्षेत्र में बारिश और हवा तेज होने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हैं वही परे बरामदपुर जरियारी गांव मे निरंजन पुत्र ललाई का मकान विनोद का पतरा नुमा मकान गिर गया बृहस्पतिवार को विनोद के परिवारवालों ने गुहार लगाने पर गांव के लोग मौके पर दौड़े किसी तरह विनोद की पत्नी को विद्या देवी का सर फट गया और उनकी पुत्री बबीता उम्र 24 वर्ष का हाथ टूट गया ग्रामीणों की मदद से मौके पर दोनों को निजी अस्पताल में उपचार हेतु भेजा गया और मोटरसाइकिल चारा मशीन सिलाई मशीन तथा राशन समेत सारा सामान मलबे के नीचे दब गया और वही पर जयमल पुर सेमरी में निहारे पुत्र रामफल की दीवाल पवन कुमार पुत्र फिर तू राम का भी मकान गिर जाने से गृहस्थी का सामान सहित काफी नुकसान हुआ, इस बारिश की वजह से सिलावट गांव में पेड़ गिर जाने से मेन रोड पर तीन पुल टूट गए हैं तथा ट्रांसफार्मर भी टूट कर गिर गया है वही नशेड़ी गांव में पेड़ रोड पर गिर जाने से लोगों का आवागमन बाधित हो गया है काफी प्रयास करने के बाद रोड से पेड़ तो काट कर हटा लिया गया लेकिन खंभे व तार समय लगने पर हटाया जाएगा इस हवा और तेज बारिश के नाते हर गांव में कच्चे मकान व छप्परगिर गए हैं जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्तहो गया।

# भारत की अगुवाई में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023

● पोषण अनाज को बढ़ावा हेतु कार्यक्रम संपन्न

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने विवि के एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 का सैकड़ों किसानों एवं कन्याओं के साथ विभिन्न आयोजन कर शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पोषक अनाज को बढ़ावा देने के लिए विवि द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक गोरखनाथ बाबा रहे। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह व प्रसार निदेशक डॉ ए पी राव द्वारा कार्यक्रम का संयुक्त रुप से उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक गोरखनाथ बाबा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा व पोषण के लिए पोषक अनाज के योगदान के बारे में जागरूकता




बढ़ाना होगा तथा आज के परिवेश में खानपान व स्वास्थ्य की बदलती स्थितियों के बीच पोषक अनाज जो महत्व है वह वर्षों से व्यापक रूप में उपयोग होता रहा है। विशिष्ट अतिथि किसान प्रदीप पांडे ने मोटे अनाज के प्रयोग पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज दिवस 2023 पर आयोजित किए जाने वाले विस्तृत कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कार्यवाही करने की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी वर्ष 2023 में भारत की अगुवाई में दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। जो की खेती किसानी व किसानों को समृद्ध करने के दृष्टिकोण के साथ होगाए डॉ सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की सहमत पर वर्ष 2023 में भारत के प्रायोजन में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष का आयोजन किया जाएगा। निदेशक प्रसार डा ए पी राव ने बताया कि आज पूरे भारतवर्ष में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष मनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्रफल समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत एस सीए एस पी लाभार्थी किसानों को फलदार पौधों का वितरणए वृक्षारोपणए बीज वितरणए 71 कन्याओ का भोज एवं तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ शंभू गुप्ता द्वारा मोटे अनाज के महत्त्व एवं डॉ साधना सिंह द्वारा मोटे अनाज के पकवान एवं इसके फायदे के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ऑनलाइन एलसीडी के माध्यम केंद्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी इस पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडियाा प्रभारी दिनेश जायसवाल, राघवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भाजपा नेता अजय विक्रम सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री अनिल सिंह, सहित कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## अफगान जनता की स्थिति

### आतंक और भूख

**आतंक** के साथ ही भूख और पोषण की कमी अफगान जनता को परेशान कर रही है। समय आ गया है कि अफगानिस्तान में भूख और आतंक के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाए। राहत गतिविधियों में लगे संरा. संगठनों की गतिविधियां प्रभावित होने के कारण लाखों लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है क्योंकि विशाल ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद भोजन का स्टाक एक महीने से अधिक नहीं चल सकता है। ऐसे में भूख और पोषण की कमी देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में ले जा रहे हैं। शहरी दूकानों में भी आवश्यक वस्तुओं का भंडार समाप्त हो रहा है। सब्जियों की कमी से इनकी कीमतें दूनी हो गई हैं। 15 अगस्त को तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद से लोग घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं जिससे दूकानों का सामान समाप्त हो गया है तथा उनमें नया सामान नहीं आ रहा है। आटा और तेल की कीमतें पहले ही गरीबों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। गांवों में स्थिति और खराब है जहां गरीब लोग भविष्य में बीज के लिए एकत्र गेंहू व अन्य अनाज खा रहे हैं। वैसे भी सूखा और अकाल कई बार इस देश को अपना शिकार बना चुके हैं। भूख के साथ ही जनसंख्या के बड़े हिस्से के पलायन का खतरा है। अगस्त के पहले ही लड़ाई के कारण 6,00,000 से अधिक अफगानों को अपने घर छोड़ने पड़े थे। संरा. एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 3.5 मिलियन लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हैं। कम से कम 10 मिलियन बच्चों का बड़ा हिस्सा कुपोषित है और वे जीवित रहने के लिए भी मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। संरा. विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि अनेक अफगानों के पास समुचित भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं है। इसका कारण बैंकों का 15 अगस्त के बाद से बंद रहना है। तालिबान अब बैंकों से बात कर रहे हैं कि वे अपनी शाखायें खोलें, लेकिन उन्होंने बैंकों से साप्ताहिक निकासी की सीमा 200 डालर तय कर दी है।



अफगानिस्तान के अर्थशास्त्री अब निर्वासित हैं। उन्होंने जोर दिया है कि वर्तमान स्थिति से मुद्रा कमजोर हो सकती है, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है तथा पूंजी से नियंत्रण समाप्त हो सकता है। अधिकांश सिविल कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। बहुत से अन्य लोगों का दावा है कि तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद उनके वेतन में 75 प्रतिशत तक की भारी कटौती की गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि तालिबान को इन स्थितियों से चिन्ता है। उनकी ओर से कोई कारगर आर्थिक फैसला सामने नहीं आया है। उनका योगदान केवल संकट से निपटने के लिए कुछ अनजान अधिकारियों को केन्द्रीय बैंक का नेतृत्व सौंपने तक सीमित है। उनके कामकाज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन तालिबान नेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि कहा जाता है कि उनके पास अफीम व अन्य नशों के व्यापार से काफी पैसा एकत्र हुआ है। वे आंतरिक झगड़ों में उलझे हैं जो अंतरिम व्यवस्था की घोषणा के बाद से तीखे हुए हैं। तालिबान अपने अस्तित्व की बहस में उलझे हैं जो शहरी राजनीतिक शक्तियों तथा कट्टरपंथी सशस्त्र कमांडरों के बीच है और जिनका प्रतिनिधित्व मुल्ला अब्दुल गनी बरादर व खलीलुर रहमान हक्कानी कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या तालिबान बाकी दुनिया के साथ एक खेल खेलते हुए उसे आर्थिक व्यवस्था बहाल करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्या वे प्रतीक्षा कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पुनर्वास कार्यों के लिए पैसा दे? अथवा क्या वे अंतरिम सरकारी व्यवस्था को मान्यता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं? इसका संबंध अफगान सरकार की अरबों डालर की परिसंपत्तियां फ्रीज होने से है जिन पर केवल मान्यता प्राप्त सरकार को ही अधिकार मिल सकता है।

# भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

**भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है।**



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)



वर्तमान समय में कृषि पर सार्वजनिक विमर्श उसकी मार्केटिंग व्यवस्था पर केन्द्रित है जिसकी पृष्ठभूमि पिछले साल पास हुए तीन विवादास्पद कृषि कानून हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में सर्वोच्च न्यायालय ने इनके क्रियान्वयन पर अस्थाई स्थगनादेश देते हुए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थी जिसकी रिपोर्ट मार्च से स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही है। सरकार ने कानून में विशिष्ट परिवर्तनों के सुझाव मांगे थे, पर इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा प्रदर्शनकारी इन कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की जिद कर रहे हैं। यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक हो गया है। केवल मार्केटिंग पर ध्यान केन्द्रित होने से पानी का बढ़ता संकट, मृदा क्षरण व पर्यावरण क्षरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं जा रहा है। वर्तमान कृषि व्यवहारों के कारण खासकर हवा में नाइट्रोजन प्रदूषण तथा जल प्रदूषण बढ़ रहा है। इन मुद्दों और सरोकारों पर की चर्चा जरूरी है। महामारी से ग्रस्त दुनिया में समयबद्ध रूप से भूख और कुपोषण को 2030 तक समाप्त करना अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकता तथा संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शामिल है जिसे पर्यावरणीय हितैषी तरीके से करना है। जल्द ही वैश्विक तैयारियों की समीक्षा के लिए खाद्य व्यवस्था सम्मेलन होने वाला है। सबके लिए सुरक्षित व पोषक खाद्य प्राप्त करने, टिकाऊ उपभोग पैटर्नों के विकास, प्रकृति के प्रति सकारात्मक उत्पादन, समतापूर्ण आजीविकाओं को बढ़ावा तथा जोखिमों, आपातस्थितियों व दबावों से निपटने की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

हालांकि, भारत ने अपने प्रचुर अन्न भंडारों के प्रयोग का प्रस्ताव अत्यधिक भूख से निपटने के लिए किया है, पर भारत ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है। इस बारे में कुछ सुझावों पर गौर किया जा सकता है। 1960 के दशक मध्य तक लगातार सूखे का शिकार होने के कारण भारत 'जहाजों से मुंह तक' वाली अर्थव्यवस्था बन गया था और उसे अमेरिका से पीएल 480 के अंतर्गत मिलने वाले गेंहूं की प्रतीक्षा रहती थी। आज भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है तथा चीन के बाद गेंहूं व चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। तिलहन और दालों को छोड़ कर भारत अब अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। यह उपलब्धि 1960 के दशक में 'हरित क्रांति' से प्राप्त हुई है। लेकिन हरित क्रांति का एक नकारात्मक प्रभाव पोटैशियम व फास्फोरस पाने के लिए अन्य रासायनिक उर्वरकों व मुख्यत: नाइट्रोजन हेतु यूरिया प्रयोग के रूप में सामने आया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि दलहनी फसलों की जड़ों में रहने वाले बैक्टीरिया 'नाइट्रोजन स्थिरीकरण' करते हैं। वे वातावरण में मौजूद नाइट्रोजन व नाइट्रोजन यौगिकों का प्रयोग उर्वरकों के रूप में करते हैं। इस प्रकार ये पौधे स्वाभाविक रूप से मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाते हैं। 'फसल चक्र' के परंपरागत कृषि व्यवहार में अन्य फसलों के बीच दलहनी पौधे लगाए जाते थे जो मृदा में नाइट्रोजन की कमी पूरी करते थे।

हरित क्रांति ने ऐसे अनेक व्यवहार बदल दिए हैं। इससे उत्पादन बढ़ा, लेकिन तीन अन्य प्रभाव भी हुए। पहला, इसका प्रभाव मुख्यत: कुछ अन्नों, मुख्यत: गेंहू व चावल तक सीमित था और यह पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कुछ अतिरिक्त जल वाले क्षेत्रों तक केन्द्रित था। लेकिन अब यहां पानी अधिक नहीं है तथा पानी का तल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। नई किस्मों के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत होती है जिनके हवा और पानी में मिलने का खतरा है। चावल, गेंहूं और गन्ना की फसलें सिंचाई वाले पानी का 75 से 80 प्रतिशत प्रयोग करती हैं। इस स्थिति में जल के ज्यादा समतापूर्ण वितरण हेतु ज्वार, दालों, तिलहन व बागवानी के रूप में कृषि विविधीकरण की आवश्यकता है। इससे टिकाऊ व पर्यावरण हितैषी खेती का विकास होगा जो पोषण में कमी की समस्या से निपटने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दालों, फलों व सब्जियों के बजाय अनाजों और गन्ने पर ज्यादा निर्भरता स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

इसके बावजूद कुछ दिग्भ्रमित पर्यावरणविदों ने किसानों को पर्यावरणीय रूप से गैर-टिकाऊ तरीके अपना कर अनाजों के अति-उत्पादन के लिए भ्रमित किया है। ऐसे में संरा एजेंसियों-एफएओ, आईएफएडी, डब्लूएचओ, यूनीसेफव डब्लू एफपी द्वारा 13 जुलाई, 2020 को जारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा व पोषण स्थिति रिपोर्ट पर गौर करना जरूरी हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम पांच साल से जारी प्रवृत्ति को देखते हुए कुपोषित लोगों की संख्या 2030 तक 84 करोड़ से अधिक हो जाएगी, जबकि एसडीजी लक्ष्यों के अनुसार इसे शून्य पर लाना है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों से पैदा पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा भी है। नाइट्रोजन प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ रही है।

किसानों को पहले गेंहूं व चावल की उत्पादकता में चार से दस गुना वृद्धि की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने लगातार उर्वरक व खासकर सस्ती यूरिया का प्रयोग बढ़ाना जारी रखा। इससे मृदा का प्राकृतिक स्वास्थ्य नष्ट हुआ तथा उसे यूरिया का 'नशा' हो गया। उर्वरकों की प्रभावक्षमता घटने के कारण किसान न्यूनतम आवश्यकता के बजाय ज्यादा फसल पैदा होने की उम्मीद में अधिक उर्वरक प्रयोग करने लगे। वैज्ञानिकों ने पाया कि फसलें आमतौर से खेतों में छिड़के जाने वाले उर्वरकों से केवल 30 प्रतिशत नाइट्रोजन प्रयोग करती हैं, जबकि बाकी पर्यावरण में मिल कर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। फसलों तथा पशुपालन को शामिल करने वाली विश्व खाद्य व्यवस्था में 'नाइट्रोजन प्रयोग क्षमता' बहुत कम, केवल 15 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि नाइट्रोजन रसायनों का 85 प्रतिशत हवा या भूमिगत जल में मिल जाता है अथवा सतह पर फैल जाता है। इससे हवा, मृदा व ताजे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा जलवायु परिवर्तन होता है। इस कारण परिस्थितिकी व मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। नाइट्रस आक्साइड अत्यधिक हानिकारक ग्रीनहाउस गैस है जो कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में 300 गुना वातावरणीय गरमी रोकती है। भारत में कृषि के कारण लगभग 70 प्रतिशत नाइट्रस आक्साइड उत्सर्जन होता है। भारतीय नाइट्रोजन आंकलन, 2017 के अनुसार इसमें से 77 प्रतिशत का योगदान उर्वरक व मुख्यत: यूरिया करते हैं। भारत में अनाज 69 प्रतिशत नाइट्रोजन उर्वरकों का प्रयोग करते हैं और इस प्रवृत्ति में 1970 से हर साल लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि हो रही है।

यूरिया के अत्यधिक उपयोग तथा उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के कारण नीम-कोटेड यूरिया का महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप किया गया था। यूरिया पर नीम की कोटिंग से यह पानी में जल्दी नहीं घुलती है तथा मृदा को अतिरिक्त प्राकृतिक कीटनाशक मिलता है। इससे हमें धीरे-धीरे रसायन मुक्त खेती की ओर लौटने का अवसर मिलता है। हम श्रीलंका के रास्ते पर नहीं चल सकते हैं जिसने डालर के गंभीर संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे खाद्य उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा आपातस्थिति लगानी पड़ी है।

रसायन-मुक्त खेती या आर्गेनिक खेती या जीरो बजट प्राकृतिक खेती की ओर परिवर्तन अभी तेज नहीं हुआ है। वर्तमान समय में लगभग 30 लाख किसान 38 लाख हेक्टर कृषि क्षेत्र पर आर्गेनिक खेती करते हैं तथा 7,000 करोड़ की निर्यात व 4,400 करोड़ की घरेलू मांग पूरी करते हैं। घरेलू मांग 17 प्रतिशत की गति से बढ़ रही है। अनुमान है कि आर्गेनिक खाद्य बाजार 2021 के अंत तक 87.1 करोड़ हो जाएगा जो 2016 में 53.3 करोड़ था। आर्गेनिक उत्पादों के निर्यात में पिछले साल की तुलना में 2021 में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के बीच आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात 8,19,250 मीट्रिक टन था जिससे 948 मिलियन डालर मिले।

'श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट' एक टिकाऊ आजीविका उद्यम है जिसने देश के 45,000 से अधिक किसानों को आर्गेनिक खेती से जोड़ा है। कंपनी ने 15 राज्यों में दो लाख एकड़ जमीन पर आर्गेनिक खेती शुरू कराई है। इसके लगभग 200 उत्पाद 10,000 स्टोरों में बेचे जाते हैं तथा '24 मंत्रा' ब्रांड नाम से 50 देशों में निर्यात किए जाते हैं। 'जैविक खेती' वेब पोर्टल बेहतर कीमतों के लिए किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ता है। ये उत्साहवर्धक लेकिन बहुत छोटे कदम हैं। आर्गेनिक खेती को अमीरों की सनक और महंगी माना जाता है और यह उस समय तक जनता में व्यापक नहीं हो सकती है जब तक आर्गेनिक उत्पाद सस्ते तथा प्रमाणित न हों। लेकिन सवाल यह भी है कि किसानों की 'महापंचायतें' भारतीय कृषि के समक्ष मौजूद इन चुनौतियों पर कब चर्चा करेंगी?

# पीएम मोदी की दूरदर्शिता एवं करिश्माई नेतृत्व

**जासिम मोहम्मद**
(लेखक एक प्रोफेसर एवं नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र, अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष हैं)



इस साल 17 सितंबर को, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 71 वर्ष के हो गए, तो उनके प्रशंसकों ने राजनीतिक रेखाओं को काटते हुए खुद को याद दिलाया कि कैसे वह एक दूरदर्शी और करिश्माई राजनेता साबित हुए हैं, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हैं। यहां तक कि उनके विरोधियों को भी स्वीकार करना होगा कि उनकी सार्वजनिक छवि चमकती है, जैसा कि हाल ही में मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वेक्षण से पता चलता है कि उन्हें दुनिया के 13 नेताओं में सबसे लोकप्रिय माना जाता है।

70 प्रतिशत तक की स्वीकृति रेटिंग के साथ, उन्हें सबसे ऊंचे नेता के रूप में ताज पहनाया गया, उसके बाद मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 64 प्रतिशत के स्कोर के साथ थे। उनके बाद इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी (63 प्रतिशत), जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल (52 प्रतिशत), अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन (48 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन (48 प्रतिशत), कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ( 45 फीसदी), यूके के पीएम बोरिस जॉनसन (41 फीसदी), ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (39 फीसदी), दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन (38 फीसदी), स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज (35 फीसदी) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (34)।

इसमें कोई शक नहीं, 24 सितंबर को जब मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, तो उनके राष्ट्रपति बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार अफगानिस्तान सहित विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति बिडेन से मिलने की संभावना है। कई कारण हैं कि मोदी ने विश्व स्तर पर वह हासिल किया है जो कई अन्य भारतीय पीएम विफल रहे। उनमें से एक सार्वभौमिक दूरदर्शिता है जिसका श्रेय उन्हें दिया जाता है। वह आगे आने वाली चुनौतियों का पूर्वाभास कर सकता है और उनके लिए समाधान तैयार कर सकता है। इस गुण ने उन्हें न केवल अपने पूर्ववर्तियों से अलग बना दिया बल्कि उन्हें अन्य शीर्ष विश्व नेताओं से आगे रखा। कोविड-19 महामारी का ही मामला लें, जिसने पिछले साल दुनिया को ठप कर दिया था। घर पर



विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करते हुए, मोदी एक वैश्विक मसीहा के रूप में उभरे और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारतीयों को टीके की आपूर्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हो, टीकों के साथ अन्य देशों तक पहुंचें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्होंने 9 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य को प्रमुख वैश्विक एजेंडा में बदल दिया। उन्होंने विकास की दुनिया से परे फार्मा और वैक्सीन उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने के द्वारा टीकाकरण की गति और पहुंच को बढ़ाकर 'बिल्डबैक' को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में मोदी की एक और बड़ी सफलता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक रुख और अमेरिका द्वारा सैनिकों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में नाटकीय रूप से सामने आई अभूतपूर्व स्थिति के बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की उपस्थिति में उनकी पुष्टि थी। कम्युनिस्ट चीन के रुख के मद्देनजर, जिसने न केवल व्यावसायिक हितों के लिए बल्कि गुप्त रणनीतिक उद्देश्यों के लिए भी अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ तालिबान के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है, एक ऐसा विकास जो भारत के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मोदी चतुराई से चार अन्य देशों को नई दिल्ली घोषणा से जोड़ने में सफल रहे हैं।

संयुक्त प्रस्ताव ने रेखांकित किया : ''हम अफगानिस्तान में नवीनतम घटनाओं का पालन करते हैं। हम हिंसा से बचने और शांतिपूर्ण तरीकों से स्थिति को सुलझाने का आह्वान करते हैं। हम स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक समावेशी अंतर-अफगान वार्ता को बढ़ावा देने में योगदान करने की आवश्यकता पर बल देते हैं, देश में नागरिक शांति, कानून और व्यवस्था। हम हामिद करजई काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास आतंकवादी हमलों की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मौतें और घायल हुए। हम आतंकवाद से लड़ने की प्राथमिकता को रेखांकित करते हैं, जिसमें आतंकवादी के प्रयासों को रोकना भी शामिल है। संगठनों को अफगान क्षेत्र को आतंकवादी अभयारण्य के रूप में उपयोग करने और अन्य देशों के खिलाफ हमले करने के लिए, साथ ही साथ अफगानिस्तान के भीतर नशीली दवाओं के व्यापार के लिए। हम मानवीय स्थिति को संबोधित करने और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों सहित मानवाधिकारों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।''

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले रूस और भारत ने नई दिल्ली में एनएसए स्तर की वार्ता के दौरान अफगानिस्तान पर आपस में समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की थी। नई दिल्ली की घोषणा में मोदी की ओर से पाकिस्तान के लिए एक परोक्ष लेकिन कड़ी चेतावनी भी दी गई है, जो ब्रिक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन चीन के साथ जुड़ा हुआ है और तालिबान जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन करके अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई और भारत के अनुकूल सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

सैन्य रूप से अगर चीन, पाकिस्तान के इशारे पर, भविष्य में भारत को निशाना बनाकर अफगानिस्तान से कोई शरारत करने की हिम्मत करता है, तो मोदी और तीन अन्य देशों के नेताओं को समझौते के उल्लंघन के लिए जिनपिंग का सामना करने का पूरा अधिकार होगा। और यह निश्चित रूप से बीजिंग या इस्लामाबाद के नेताओं के लिए अच्छा अनुभव नहीं होगा।

## आप की बात

### सामाजिक भेदभाव

**समाज** प्रकृति में क्षणिक है, जो लोगो को अपनी सोच, मानसिकता और जीवन शैली को विकसित करने की मांग करता है। समाज के सच्चे प्रतिनिधि उसके लोग हैं, जिनका कर्तव्य भेदभावपूर्ण रहित प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना होता है। लेकिन जब हम जमीनी हकीकत देखते हैं तो बात कुछ और ही होती है, लोग समाज में खुद को हैसियत में बांटते नजर आते हैं। दरअसल सामाजिक भेद कई प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा का गला घोट देता है और ये सिलसिला पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। यही कारण है की समाज का एक तबका अपनी आकांक्षाओं को कुचलकर जीने पर मजबूर है। असल में भेद का भाव रखना अनुचित कहलाता है, ये समाज को अंदर से खोखला कर देता है तथा सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करता है। पिछड़े वर्ग, उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने और ऐसी अजीब मानसिकता को हतोत्साहित करने के लिए हमें अपने घरों से ही शुरुआत करने की जरुरत है। ये चीजें पीढ़ी दर पीढ़ी चलती हैं, हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि किसी भी स्थिति में वह किसी के साथ भेदभाव न करें। समाज के प्रतिनिधि होने के नाते यह हमारा फर्ज है कि हम उस वर्ग को आगे लेकर आए जो पिछड़ा हुआ है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### फैल रहा आतंक का जाल

**पाकिस्तानी** गुप्तचर एजेंसी आई एस आई समर्थित मॉड्यूल के 6 आतंकियों को ए टी एस ने उप्र के चार शहरों से गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौप दिया गया। दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस को छह आतंकियो के सक्रिय होने की खबर दिया था। मंगलवार को रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में छापे मारी कर 6आतंकियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विस्फोटक व असलहे बरामद किया। पकड़े गए जीशान ने पाकिस्तान जाकर आतंकी कंप में प्रशिक्षण लिया था। दिल्ली और यूपी पुलिस लगातार छापेमारी कर कानपुर में आतंकियो को पकड़ने की कोशिश कर रही है। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पकड़े गए आतंकी आई एस आई व अंडरवर्ड से जुड़े थे। जो देश में खौफनाक संसद जैसी घटनाओं को अंजाम देना चाहते थे। इन आतंकियों को पाक में आतंकी कैम्प में प्रशिक्षण देकर जेहादी बनाया गया था। पाकिस्तान में पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी और सेना लश्कर ए तैयबा व जैश ए मोहम्मद को भी थट्टा इलाके में बने कैम्प में प्रशिक्षण दिया जाता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### पत्रलेखन और साहित्य

**हस्त** लिखित कला में पत्र लेखन विधा कम्प्यूटर युग में खो सी जाने लगी है। सबकुछ कम्प्यूटर में आनलाइन उपलब्ध होने लगा है। ईमेल के चलते पत्र लेखन के प्रति लोगों की रुचि अब खत्म होती नजर आ रही है। सुन्दर अक्षरों की लिखावट के शालाओं में अंक दिए जाते थे । साथ ही सुन्दर लेखन की तारीफे होती थी। जो जीवन पर्यन्त तक साथ रहती थी। सुन्दर लेखन प्रतियोगिता भी होती थी ,अब ये विधा शायद विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची है। किन्तु अब एक आशा की किरण में एक नई ऊर्जा का समावेश हुआ। पत्र लेखन को विलुप्त होने से बचाने पत्र लेखन विधा और साहित्यिक किताबों के प्रति अनुराग को हमें जारी रखना होगा।साहित्य एक सागर के समान है। जितना ज्ञान प्राप्त करेंगे ज्ञानार्जन में वृद्धि होगी। पत्र लेखन में नए विचारों का उदय होता वही साहित्यिक किताबे ता उम्र तक साथ इंसानों को देती है। बस इनके लिए लिखना, पढ़ना जारी रखना होगा। बेहतर होगा आने वाली पीढ़ी इस शौक को बरकार रख सकें।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**सत्ता** में आने के 24 घंटे के भीतर आप यूपी में हर एक व्यक्ति को आवासीय उपयोग के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

**हम** किराए की बंदूक की तरह थे। हमें अफ़गानिस्तान में अमेरिका को युद्ध जीत दिलाना था, जो हम कभी नहीं कर सके।

– **इमरान खान**
पाक वज़ीरे आज़म





**दिल्ली**-मुंबई एक्सप्रेसवे से हरियाणा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अन्य राज्यों के साथ इसकी कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

# पोषण वाटिका स्थापना से किसानों में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता व आय

## ● स्वस्थ किसान से ही बढ़ेगी देश की समृद्धि, लौटेगी खुशहाली

**संवाददाता।** सीतापुर

**कृषि विज्ञान** केंद्र द्वारा पोषण अभियान सह महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि बिसवां विधायक महेंद्र सिंह यादव ने केंद्र पर पोषणयुक्त पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुवात की उन्होंने पोषणयुक्त फ्ल व सब्जियों के प्राकृतिक स्रोतों पर चर्चा करते हुए कहा कि पूरे सितंबर माह को पोषण माह के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण, गोष्ठी, व वृक्षारोपण आदि के माध्यम से मनाया जा रहा है।


सीतापुर-पौधा रोपण करते बिसवां विधायक महेन्द्र यादव

उन्होने प्रतिभगियों से अपने घर परिसर के खाली स्थान में पोषण वाटिका के रूप में विभिन्न सब्जियों एवं फ्लों का पौधा लगाकर अपने तथा अपने परिवार एवं समाज के पोषण की आपूर्ति करने की सलाह दी। केंद्र के प्रभारी अध्यक्ष डा दया एस श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं पर अपने एवं अपने परिवार की पोषण की संपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इसके लिए जरूरी है कि अपने परिवार के सही पोषण लिए अपने-अपने घरों पर पोषण वाटिका का निर्माण करें। आवश्यकता के अनुरूप मोटे अनाज व फ्ल के साथ-साथ अन्य सब्जियों पर भी ध्यान दें। इफ्को के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री शिव चन्द्र शुक्ला ने नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी, जिंक, जल विलेय उर्वरक व सागरिका आदि के प्रभाव, व महत्व पर विस्तार से चर्चा की। डॉ अलंकृता शुक्ला, प्राचार्य- बेचूं लाल डिग्री कालेज, बिसवां ने पोषण थाली के प्रति महिलाओं को विशेष जिम्मेदारी दिखाने को कहा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सभी प्रतिभागियों को अमरूद, नींबू, लीची, बेल, अनार व जामुन का पौधा देते हुए उसको लगाने की विधि बताई गई। सभी किशोरी व महिला कृषकों को सब्जियों के बीज किट भी इफ्को द्वारा नि:शुल्क वितरित कराये गये।

# भाजपा ने युवाओं को बनाया बेरोजगार: प्रदेश सचिव


सीतापुर-सब्जी बेचकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी

## ● कांग्रेस यूथ के प्रदेश सचिव ने मनाया बेरोजगार दिवस

**सीतापुर।** भाजपा ने युवाओं को बेरोजगार बनाया है, वह जो कहती थी वह बिल्कुल नहीं किया है केवल युवाओं को ठगने का काम किया है। यह बात कांग्रेस यूथ के प्रदेश सचिव सुभाष राजवंशी ने ठेला लगाकर सब्जी बेंचते हुए सरकार का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी व कथनी में अंतर है। श्री राजवंशी शहर के जीआईसी चौराहे पर ठेले पर सब्जी रखकर बिक्री कर सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस मौके विपिन कुमार, रेहाना खातून, संजय सनी, ज्ञानेन्द्र, राजेश, पंकज राजवंशी, राहुल, अमित कुमार, रजनीश, राजू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### विश्व क्षत्रीय परिषद की जिलाध्यक्ष बनी वीना रानी सिंह

**सीतापुर।** विश्व क्षत्रिय परिषद संगठन ने सीतापुर की बीना रानी सिंह को जिलाध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। बीना ने 'पायनियर' से कहा कि वह सीतापुर में अपने संगठन को और मजबूत करेगी व कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि अगर संगठन में कोई भी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का गलत इस्तेमाल करेगा तो उसे तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर क्षत्रिय समाज में खुशी की लहर है।


बीना रानी सिंह

### गौशाला में आठ गायों की मौत, आधा दर्जन से अधिक बीमार

**संडीला (हरदोई)।** गौशाला में लापरवाही के चलते आठ गायों की मौत हो गयीं और आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से बीमार हो गयीं। इस घटना की सूचना मिलने पर एडीएम,एसडीएम, सीओ तथा अन्य उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम तेरवा मजरे पतसेनी देहात में स्थित गौशाला में जलभराव और अवयवस्थाओं के बीच पनपी किसी गंभीर बीमारी की चपेट में आकर आठ गोवंशों की मौत हो गयी जबकि आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से बीमार हो गए। गोवंशों की बड़ी संख्या में मौत की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव सबसे पहले पहंचे और सारे मामले की बारीकी से जांच की। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर जिलाधिकारी संजय कुमार तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में गायों की मौत को देखकर अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई करने की घोषणा की। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी को घोर लापरवाही को देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभावों से नीलंबित करते हुए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा पशु चिकित्साधिकारी के विरुद्ध विभागी कार्रवाई करने तथा ग्राम प्रधान के दयित्वों के निर्वाहन ना करने वाले ग्राम प्रधान के विरुद्ध भी कार्रवाई करने के अलावा बीडीओ कछौना को भी नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा बीमार गोवंशों को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर लगा निशुल्क परीक्षण शिविर

**बरेली ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वे जन्मदिन पर निशुल्क स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया । परीक्षण शिबिर का उद्घाटन महानगर भाजपा के अध्यक्ष के एम अरोरा ने केक काटकर मोदी का जन्म दिन मनाया उसके बाद स्वास्थ्य शिविर कैम्प शुरू किया गया जिसमें वार्ड 44 के सैकड़ो क्षेत्र वासियो ने अपना चेकअप कराया और निशुल्क दवा ली। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉक्टर प्रमेन्द्र माहेश्वरी, प्रदेश के सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल व महानगर महामंत्री अधीर सक्सेना क्षेत्रीय पार्षद राजकुमार गुप्ता, विष्णु शर्मा, प्रदीप रुहेला, राजीब सैनी, सुनील चौधरी, अनिल सैनी, मुकेश कश्यप, नरेंद्र सरदार, पंकज कश्यप आदि उपस्थित रहे

### धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**बरेली।** इज्जतनगर मंडल पर षिश्वकर्मा दिवसष् के शुभअवसर पर डीजल शेड एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्यध्रेलपथ) कार्यालयों यथा डुंडाफाटक निकट कुदेशिया क्रासिंग, रोड नं. 4, बरेली सिटी तथा यॉंत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर भव्य पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष पंत, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री अजय वार्ष्णेय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय श्री राजीव अग्रवाल, मंडल के शाखा अधिकारियों सहित अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य), रोड नं 4 के कार्यालय परिसर में वृक्षोरोपण भी किया गया। विश्वकर्मा दिवस पर यॉंत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में एक तकनीकी प्रदर्शनी लगाई गई जिसकी अधिकारियों, रेलकर्मियों, उनके परिजनों एवं आगुंतकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री राजेश अवस्थी ने बताया कि विश्वकर्मा दिवस पर इस तरह की तकनीकी प्रदर्शनी प्रथम बार लगाई गई है।

### ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**बरेली।** मजदूरी करने के लिए घर से निकला एक मजदूर कल शाम को ट्रेन की चपेट में आ गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई लोगों ने आज उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और पुलिस को सूचना दे दी पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शेरगढ़ थाने के गांव खजुआ जागीर निवासी 40 वर्षीय छोटेलाल पुत्र तेजराम की लाश आज सुबह भोजीपुरा थाना क्षेत्र में एटा मांडा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि छोटेलाल मजदूरी करता था और अविवाहित था वह कल सुबह रोजाना की तरह मजदूरी करने के लिए घर से निकला था लेकिन शाम को घर वापस नहीं लौटा उसकी अटा मांडा में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

### समाधान करने पर विधायक का जताया आभार



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गर्मी की सीजन में लो वोल्टेज की समस्या पूरे क्षेत्र को रोने पर विवश कर देती है। बिजली सप्लाई होने के बावजूद लगातार ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ताओं का खासा नुकसान होता है। धीरे-धीरे विद्युत विभाग समस्या का समाधान करने में जुटा हुआ है। संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव बमनगर में ग्रामीण लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका तो ग्रामीण भाजपा विधायक रोमी साहनी के पास पहुंचे और समस्या के समाधान की गुहार लगाई। भाजपा विधायक ने तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए अपनी निधि से एक नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया। जिससे अब गांव में लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो गई है। ग्रामीणों ने भाजपा विधायक रोमी साहनी के इस कार्य की सराहना की है। ग्रामीणों का कहना है कि वह काफी लंबे समय से अधिकारियों के पास पहुंचकर ट्रांसफार्मर रखाने की गुहार लगा रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया।

# पूछताछ के लिए लाया गया संदिग्ध पुलिस को चकमा देकर थाने से हुआ फरार

**संवाददाता।** कचनार सीतापुर

**इमलिया सुल्तानपुर** थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम कोचिंग से वापस साइकिल से घर आ रहे थे। दोनों थाना क्षेत्र के बसेती गांव के रहने वाले थे जिसमें अनस पुत्र मो. आफ़ाक व जुनैद पुत्र नसीम जब दोनों छात्र शेरपुर गांव के पास पहुंचे थे तभी दो अज्ञात बाइक सवारों ने हांथ से मोबाइल छीन लिया था। छात्रों की सूचना के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करके लखीमपुर जिले के दो संदिग्धों वाहिद और अकील को पूंछतांछ के लिए थाने पकड़कर लायी थी। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह 10 बजे के करीब थाने में पुलिस कस्टडी से वाहिद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस की टीमें लगातार क्षेत्र में काम्बिंग कर रही हैं। थाने पहुंचे सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि अभी जीडी में दाखिल नहीं था। लेकिन यहां पर लापरवाही सामने आई है। बाकी तलाश जारी है।

# भाजपा ने लोगों को किया गुमराह: एम.के. गौतम


सीतापुर-प्रभारी के.के. गौतम का स्वागत करते पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी व अन्य

## ● बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

**संवाददाता।** मछरेहटा सीतापुर

**भाजपा सरकार** ने सिर्फ लोगो को गुमराह करने का काम किया है। पिछली सपा सरकार में जो काम हुए थे वह जो पूरे हो चुके थे, उनको भाजपा सरकार अपने कार्य बता रही है। यह सिर्फ जुमलेबाज सरकार है। यह बात मिश्रिख विधानसभा के कुंदौली में हो रहे बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रभारी एम.के. गौतम ने कही। उन्होंने कहा कि इस बार हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सपा सरकार बनाकर अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाए जाने का काम करेंगे। कार्यक्रम आयोजक पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ने कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलती है, काम कोई नहीं करती है। इस मौके पर मनोज राजवंशी, रामदयाल राजवंशी, प्रदीप राजवंशी, पंकज राजवंशी, हसीब गाजी, धर्मेन्द्र राजवंशी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर काटा कार्यकर्ताओं ने केक

## ● जिले भर में मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**संवाददाता।** सीतापुर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी का 71 वां जन्मदिन कलेक्ट्रेट परिसर के अधिवक्ता चेंबर नंबर 16 में बड़े धूमधाम से कार्यक्रम आयोजक सुनील सिंह गौर ने मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि रत्नेश द्विवेदी एडवोकेट कार्यक्रम की अध्यक्षता अवनींद्र विक्रम सिंह कार्यक्रम का संचालन संयुक्त मंत्री बार एशो सीतापुर एवं जिला मंत्री भाजपा सीतापुर जया सिंह एडवोकेट ने किया। इस मौके पर विजय प्रताप सिंह ,विनीत कुमार पाल, आनंद कुमार चौधरी, जेडी आजाद, संदीप कुमार सक्सेना शिव कुमार भारती सानू राठौड़ राजवीर सिंह प्रतीक जिंदल राजेंद्र कुमार गौड़ ,आशीष मिश्रा अमित सिंह ,नलिनी रंजन सक्सेना ज्ञान प्रकाश दिनेश पाल सिंह, विकास सिंह सौमित्र सिंह,शुभम सिंह गौर ,गौरव सिंह पाताबोझ आदि लोग सैकड़ों लोगों की गरिमामय उपस्थिति हुई। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन के उपलक्ष में सांसद राजेश वर्मा द्वारा बाल वनोउद्यान इलसिया परिसर में मौलश्री पौध का रोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सीतापुर महमूद आलम, वन दारोगा अभिषेक रंजन पाण्डेय, अमित कुमार सिंह,राजकुमार, सुनील राय व अन्य लोग मौजूद रहे।


सीतापुर-पीएम के जन्मदिन पर पौधारोपण करते सांसद राजेश वर्मा


सीतापुर-पीएम के जन्मदिन पर केक काटते जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व अन्य

# अनाथों की मदद की



**औरंगाबाद खीरी।** अभी बीते दिनों त्रिकोलिया प्राथमिक विद्यालय में तैनात रसोइया रुक्मणी का बुखार से मृत्यु हो गयी थी। परिवार में चार छोटे छोटे भाईयों बहनों का कोई भी आसरा नहीं रहा। पांच वर्ष पहले रुक्मणी के पति की भी मौत हो चुकी हैं। चारों बच्चे खूंटी खुर्द विद्यालय में पढ़ते है और उनका अध्यापकों के द्वारा आर्थिक सहायता भी की जा रही है। करीब 15 हजार रुपये की मदद अध्यापकों के द्वारा की जा रही हैं। पसगवां ब्लाक की ग्राम त्रिकोलिया में अनाथ बच्चों के घर खंड विकास अधिकारी प्रदीप चौधरी पहुंचे और उनकी बच्चों की मदद की और बच्चों को अस्वासन दिया कि आपको कोई भी जरूरत भी हो तो नि:संकोच बताये। खंड विकास अधिकारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि चारों बच्चों के लिए बाल कल्याण योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 18 साल तक कि उम्र तक 2500 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। इस दौरान सदरपुर में बन रहे ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

# आयुष्मान कार्ड का लाभ उठा चुके हैं 11600 परिवार



**लखीमपुर-खीरी।** ब्लॉक नकहा सभागार में गुरुवार शाम आयुष्मान गोल्डन कार्ड पखवाड़े का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया। इस दौरान सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर एसीएमओ डॉ. वीसी पंत, एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार व एसीएमओ डॉ. आरपी दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सदर विधायक ने कहा कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ गरीब तबके तक पहुंच सके इसके लिए हम सभी को आज मिलकर काम करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की इसमें अहम भूमिका है, क्योंकि इसे बनाने व इसका लाभ देने की जिम्मेदारी भी स्वास्थ्य विभाग के कंधों पर है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के इस अभियान को सफ्ल बनाने में अपनी पूरी ताकत झोंक दें। वहीं एसीएमओ डॉक्टर वीसी पंत नोडल अधिकारी आयुष्मान योजना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना सरकार की हेल्थ बीमा योजना है। योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी। देशभर में 10 करोड़ परिवार व 50 करोड़ व्यक्ति आज लाभार्थी की सूची में है। 5 लाख प्रति परिवार/प्रति वर्ष के हिसाब से इलाज की सुविधा देशभर के योजना अंतर्गत सूचीबद्ध चिकित्सालयों में उपलब्ध है। वहीं लखीमपुर खीरी की बात करें तो 384544 परिवार और 1922720 व्यक्ति योजना में पात्र हैं। अगर नकहा ब्लाक की बात की जाए तो 18016 गोल्डन कार्ड बन चुके हैं। इस गोल्डन कार्ड के तहत 1350 से अधिक बीमारियों का इलाज कराया जा सकता है। पात्र व्यक्ति को कार्ड बनवाने के लिए व्यक्ति पहचान के लिए आधार कार्ड परिवार पहचान के लिए राशन कार्ड प्रधानमंत्री पब्लिक मुख्यमंत्री पत्र परिवार रजिस्टर की नकल की आवश्यकता होती है। पात्रता जानने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800 180 4444 पर काल की जा सकती है। अब तक जनपद में 11600 व्यक्तियों द्वारा योजना का लाभ उठाते हुए उपचार कराया जा चुका है। इस अभियान को और तेज करने के लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों और योजना से जुड़े कर्मचारियों अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा डॉ. आशुतोष, आयुष्मान टीन से अक्षत व नकहा बीपीएम सहित विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोला में जगह-जगह की गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**भगवान विश्वकर्मा** जयंती पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने पालिका परिसर में मौजूद यंत्रों, कलपुर्जों सहित भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया।

नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण, कर पूजन कर कहा कि भगवान ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में विश्वकर्मा जी को जाना जाता है। कहा कि भगवान विश्वकर्मा ही ऐसे देवता हैं जो हर काल में सृजन के देवता रहे हैं व सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, जिनसे जीवन संचालित होता है वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन सभी कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में विश्वकर्मा जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है। इस अवसर पर अधिषासी अधिकारी पी.एन.दीक्षित, प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, सभासद पियूश मिश्र, राजेश प्रजापति, अवधेश कुमार, रामसिंह, मोहित गिरि, सफाई नायक दिलीप कुमार, अमित कुमार, राजेंद्र कुमार, राजकुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा शुगर फैक्ट्री के मिल हाउस में गतवर्षों की भाँति इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा पूजन व हवन केके तिवारी वरिष्ठ महाप्रबन्धक (इन्जी) एवं ओमपाल सिंह, यूनिट हेड ने किया।

पूजन व हवन दयानन्द पाण्डेय, पुजारी श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर ने करवाया। पूजन एवं हवन के उपरान्त जिन्द बाबा के स्थान पर प्रसाद चढ़ाया गया एवं श्री सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। पूजन व हवन में एके पाण्डेय, पीसी गुप्ता, आरके मिश्र, पीयूष मिश्रा, दिनेश सिंह, जीएस जोशी, दिनेश मिश्रा, गुरूबक्स सिंह, आषुतोष वर्मा, रितेश दुबे, षिवाकान्त बाजपेई, गोपाल जायसवाल एवं समस्त अधिकारी, स्टाफ कर्मचारी एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गोला नगर के सम्मानित पत्रकार बन्धु भी उपस्थित रहे।

वहीं भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर मोहल्ला तीर्थ स्थित भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर पर अवधेश कुमार मिश्र ने हवन पूजन कराया। जिसमें मुख्य यजमान कमलेश शर्मा एवं पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल रहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिल्प, कला, विज्ञान व तकनीक के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा जी जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।इस पावन पर्व पर मैं सभी परिश्रमी शिल्पियों को नमन करती हूँ, जो अपने कौशल से निरंतर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं।भगवान विश्वकर्मा जी सब पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें और सब का जीवन सुखमय व्यतीत हो। पर विश्वकर्मा सेवा संस्थान के प्रबन्धक श्रवण कुमार शर्मा ने आए हुए आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा ईश्वर के वैज्ञानिक है जिन्होने भगवान के सुरक्षा उपकरण से लेकर तमाम निर्माण सम्बंधी जिम्मेदारियों का निर्वाहन किया है इनकी पूजा से सभी के कष्ट दूर होते है और निर्माण सम्बन्धी कार्यो में तेजी आती है। उन्होने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा सेवा संस्थान के प्रबन्धक श्रवण कुमार शर्मा, नगर के प्रमुख समाजसेवी विजय कुमार शुक्ल राजेश बाजपेई, पवन साहनी, सन्त कुमार बाजपेई विनोद वर्मा पंकज शुक्ला राधेश्याम कश्यप एवं प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे । हवन पूजन के पश्चात प्रसाद राजेन्द्र नगर निवासी राजकुमार शर्मा के द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज के स्वजन एवं नगर के संभ्रांत नागरिक गण उपस्थित रहे।

# जिला महिला चिकित्सालय में शुरू हुआ ऑक्सीजन प्लांट



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की देर शाम केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीए भारत सरकार व खीरी सांसद अजय कुमार मिश्र टेनी जनपद खीरी पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ जिला महिला चिकित्सालय में भारत सरकार द्वारा डीआरडीओ के सहयोग से बने एक हजार लीटर पर मिनट क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट का विधिवत शुभारंभ किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट का शिलापट का अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने बटन दबाकर ऑक्सीजन प्लांट को चालू किया। यह ऑक्सीजन प्लांट भारत सरकार की ओर से डीआरडीओ ने बनाया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जिले में 10 ऑक्सीजन प्लांट बनने प्रस्तावित थे। जिनमें 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व एक जिला चिकित्सालयए एक जिला महिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो गए हैं। वही जल्द ही 200 बेडेड एमसीएच हॉस्पिटल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में शुरू हो जाएंगे। कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की बहुतायत आवश्यकता हुई थी। जिसका संज्ञान लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार ने बड़ी संख्या में ऑक्सीजन प्लांट लगवाए। देश में ऑक्सीजन के उत्पादन में अबतक 12 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह तत्पर है।

इस मौके पर डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर, एसडीएम सदर डा. अरुण कुमार सिंह, एसीएमओ डा अश्विनी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद संजय, अम्बरीश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डा. ज्योति मल्होत्रा, डा. सीएस सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिल यादव सहित डीआरडीओ के तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे।

# भूमि विकास बैंक के शत प्रतिशत खाते एनपीए, करोड़ों डूबने के कगार पर

## ● उच्चाधिकारियों की बैठकें शुरू, कई महीनों से कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**संवाददाता।** हमीरपुर

**नाबार्ड** से कर्ज लेकर किसानों को कर्ज देने वाली जिले की भूमि विकास बैंक के शत प्रतिशत खाते एनपीए हो गये है। अर्थात करोड़ों रुपये डूबने की कगार में पहुच गये हैं। न केवल विभाग में बल्कि शासन में खलबली मची हुई है,इसके लिये निरंतर उच्चाधिकारियों की बैठकें की जा रही है। जानकारी के मुताबिक नाबार्ड से कर्ज लेकर भूमि बिका बैंक हमीरपुर,मौदहा राठ के किसानों को कर्ज दिया जाता है।

चार दशकों के बाद भी किसानों ने कर्ज नही जमा किया है। लिहाजा हमीरपुर शाखा में दो करोड़ 64 लाख 81 हजार, मौदहा में दो करोड़ 79 लाख 36 हजार, राठ में आठ करोड़ 63 लाख 16 हजार रुपये यानी 14 करोड़ सात लाख 33 हजार रुपये के हजारो खाते एनपीए यानी नान परफार्मेंस एकाउंट हो गये हैं। जिले में तीन बैंके है। जिसमे बैंक कर्मियों को चार पांच महीने से वेतन नही मिल रहा है। हालांकि पैसा किसी तरह किसानों से वसूला जा सके इसके लिये शासन ने हरेक बैंक को ऋण वितरण करने का लक्ष्य निर्धारितकर दिया है, जिसमें हमीरपुर व मौदहा शाखा को दो-दो करोड़,राठ शाखा को एक करोड़ 10 लाख का लक्ष्य दिया गया है।

शासन ने साफ कहा है कि बैंक कर्मियों को बेतन तभी मिलेगा जब ऋण वसूलने के साथ साथ किसानों को दिये गये टारगेट के अनुसार ऋण भी वितरित करेगी। हमीरपुर शाखा के प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि एपीए खाते होने के बाद भी उन्होने किसानों को तीन लाख रुपये ऋण, मौदहा ब्रांच ने 16 लाख 20 हजार, राठ ब्रांच में 31 लाख 60 हजार रुपये का ऋण वितरित कर दिया है। इस मर्तवा ऋण वितरण उन्ही किसानो को दिया जा रहा है जो शीघ्र वापस कर सके हालाकि इस समय ओटीएस योजना संचालित है जिसमे ब्याज माफ करने का प्राविधान है जो किसान ओटीएस में पैसा जमा करना चाहते है उन्हे काफी छूट प्रदान की जा रही है। वही भूमि विकास बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार का कहना है कि बैंको की हालत खराब है।

किसानों को बैंक से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ऋण वसूली कर स्थिति ठीक की जा रही है, इधर कई सालो सें बैंक में ऋण न बटने के कारण लोग भूमि बिकास बैंक को पूरी तरह भूलते जा रहे है।

बैंकों का पैसा किसानों से कैसे निकाला जाए, इसके लिये कल झांसी में चित्रकूट व झांसी मंडल की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई है। जिसमे योजना बनाकर वसूली करने को कहा गया है ताकि बैंको को इस संकट से उबारा जा सके।

## बेरोजगारी दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनाया पीएम का जन्मदिन

**चित्रकूट।** देश के प्रधानमंत्री का जन्मदिन बेरोजगारी दिवस के रुप में कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने मनाकर कद्दू का केक काटकर विरोध जताया। शुक्रवार को कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने रामनगर ब्लाक के अमान गांव में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन बेरोजगारी दिवस के रुप में मनाते हुए कद्दू का केक काटकर विरोध जताते हुए गांव में जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जबसे देश में मोदी सरकार आई है, बेरोजगारी बढी है। सरकार ने दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा कर सरकार बनते ही लोगों का रोजगार छीनना शुरु कर फैक्ट्रियां बन्द हो गईं। महानगरों से लोग पलायन कर गांव चले आये। रोजगार के लिए आन्दोलन कर रहे लोगों को भाजपा सरकार ने लाठियां देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर भर्तियां कोर्ट के चक्कर लगा रही हैं। नौजवान लखनऊ के ईको गार्डन में आन्दोलन कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 71 किसान-जवान सम्मानित



**संवाददाता।** चित्रकूट

**सांसद** आरके सिंह पटेल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस पर 71 किसानों व 71 जवानों समेत पत्रकारों का सम्मान किया। किसान मोर्चा ने मठ-मन्दिरों व खास लोगों के आवास पर दीपोत्सव मनाया। शुक्रवार को किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अनादिकाल से देश कृषि प्रधान रहा है। सरकार ने विषम हालातों में किसान और कृषि को प्राथमिकता में रखकर कई कार्य किये हैं। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में 537 एफपीओ गठित कर किसानों को कृषि कार्य के लिए बिना ब्याज के सम्मान निधि के रुप में छह हजार सालाना दे रही है। नौ करोड़ 40 लाख किसान लाभ पा रहे हैं। सूबे के राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की मोदी व योगी सरकार ने 46 लाख किसानों का 36 हजार करोड कर्ज माफकिया है। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों व जवानों के हित में तमाम निर्णय लिए हैं।

## युवक सीढ़ी से गिरकर घायल, अस्पताल में भर्ती

**राठ।** कोतवाली के बड़ा गांव निवासी अरविंद पुत्र डालचंद्र आज सुबह छत पर सीढ़ी लगाकर बिजली के तार ठीक कर रहा था। उसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर युवक सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए सीएचसी ले गये। युवक के पैर में गंभीर चोटें आने पर चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव निवासी 26 वर्षीय संध्या पती केशकुमार ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी 26 वर्षीय गोकुल सुबह छत पर जा रहा था। तभी सीढ़ियों पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं इसी मोहल्ले की 30 वर्षीय हेमलता पत्नी शिवकुमार भी करंट की चपेट में आकर झुलस गई।

## उभयलिंगी व्यक्तियों के बनेंगे पहचान पत्र

**हमीरपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह ने बताया कि जिले में ट्रांसजेंडर(उभयलिंगी) व्यक्तियों के पहचान प्रमाण पत्र बनाये जाने के लिये नगर पालिका,समजा कल्याण विभाग मे आवेदन पत्र उपलब्ध है। जो ट्रांसजेंडर व्यक्ति अपना पहचान पत्र बनवाना चाहता है वह संबंधित विभाग से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। इसके लिये एक समिति का गठन कर दिया गया है। और पहचान पत्र बनवाने के लिए उभयलिंगी सदस्यो को प्रेरित किया जा रहा है

## एक दर्जन लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गये

**मौदहा ( हमीरपुर )।** विद्युत उपखंड कार्यालय अंतर्गत सिसोलर क्षेत्र में विद्युत चोरी करते हुए लगभग एक दर्जन उपभोक्ता के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया गया है जिससे विजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। मौदहा के सिसोलर क्षेत्र में विद्युत चेकिंग अभियान के अंतर्गत अवर अभियंता चन्द्र प्रकाश ने चोरी से कटिया डाल व विद्युत तार से बाईपास करके चोरी करते हुए लल्लू, रामनारायण, रामपाल निवासी गढ़ा सिसोलर, उदित नारायण, अरविंद, जगरूप निवासी बैजेमउ डेरा, शिवमंगल खंगार किसवाही, दयाराम, दीपेंद्र पुत्र विजय बहादुर भटूरी, राम प्रकाश को रंगे हाथों चोरी करते पकड़े जाने पर विद्युत चोरी अधिनियम के तहत चोरी का मामला दर्ज कराया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति ने फांसी लगाई

**मौदहा ( हमीरपुर )।** ग्राम सिसोलर बीती रात एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह इस घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र सिसोलर निवासी अरुण कुमार (46 वर्ष) पुत्र रामप्रसाद ने गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर अपने घर के कमरे में लगे सीलिंग फैन में नायलॉन की रस्सी बांध फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। मृतक अपने पीछे दो लड़के व एक लड़की को समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। मृतक की पत्नी संध्या गांव में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात है।

## माडल विद्यालय से हजारों का सामान चोरी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** नगर के एक मॉडल स्कूल में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ वहां लगे एक दर्जन से अधिक पंखे व दो कंप्यूटर समेत हजारों की नगदी साफकर दी। स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की है। नगर के मीरा तालाब मार्ग पर स्थित ऑक्सफोर्ड मॉडल स्कूल में बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते स्कूल में प्रवेश कर गये और वहां के कमरों का ताला तोड़ कमरों में लगे चौदह सीलिंग फैन, दो कंप्यूटर, एक बैटरी व ऑफिस में रखें लगभग बीस हजार रुपए पार कर दिये। दूसरे दिन जब कर्मचारियों ने विद्यालय का ताला खोला तो उन्हें सभी कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा दिखाई देते ही मामला समझने में देर नहीं लगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग यादव ने विद्यालय से चोरी हुए सामान व रुपयों का आकलन कर इस घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंप अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सविता समाज को आगे नहीं कर रही भाजपाः संजय

**संवाददाता।** चित्रकूट

**सपा** के प्रदेश सचिव संजय विद्यार्थी सविता ने नाई,सेन, शर्मा, सविता, सलमानी समाज सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि प्रदेश में सविता समाज की खासी आबादी है, लेकिन अभी तक राजनीति और प्रशासन में भागीदारी कम है।

शुक्रवार को सपा के प्रदेश सचिव व पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी ने रामवाटिका में हुए सम्मेलन में कहा कि योगी सरकार कैबिनेट में नाई समाज का कोई मंत्री नहीं है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर भाजपा बेबुनियाद आरोप लगाती थी। उन्होंने सवाल उठाया कि आज थाना, तहसील कौन चला रहा है। मंत्रि मंडल में सबसे ज्यादा भागीदारी किस समाज की है। भाजपा सबका



साथ सबका विकास की बात कहती है, लेकिन दलित, पिछडे समाज को भागीदारी नहीं दिया। भाजपा की योगी सरकार सविता समाज को मौका नहीं देना चाहती। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव दलित, पिछडा, शोषित समाज का दर्द समझते हैं।

उन्हें आगे बढाना चाहते हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश कर रही है।

## वयोश्री योजना में शारीरिक रूप से अक्षम वृद्धों का करायें पंजीकरण

**जालौन ( उरई )।** वयोश्री योजना के अंतर्गत शारीरिक रूप से अक्षम वृद्ध व्यक्तियों के पंजीकरण कराएं। क्षेत्र में जो भी अन्ना जानवर हैं उन्हें चिन्हित कर रात में गोशाला में बंद करें। पशुपालकों को अपने जानवर अन्ना न छोड़ने की हिदायत दें। यदि कोई ऐसा करता है तो कार्रवाई करें। यह बात बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवों से बैठक के दौरान कही। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने विकास खंड कार्यालय में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत शारीरिक रूप से अक्षम बुजुर्गों को सहायक उपकरण वितरित किए जाने हैं। इसके लिए प्रतिदिन कम से कम 20 बुजुर्गों के पंजीकरण आनलाइन कराएं। ऐसे बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें जो बढ़ती उम्र के कारण चलने फिरने में अक्षम हैं ।

# धनुताल में पानी न होने से फीका रहा जल विहार

**संवाददाता।** कोंच (जालौन)

**इस** वर्ष धनुताल में विहार हेतु पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण जलविहार का पर्व फीका रहा। भगवान के विभिन्न श्रीविग्रहों ने सांकेतिक तौर पर एक गढ्ढे में भरे पानी में अवतरण कर पर्व की रस्म अदायगी की। नदीगांव में कई मंदिरों के श्रीविग्रहों को पहूज नदी में जलावतरण करा कर जलविहार कार्यक्रम मनाया गया।

कोंच के धनुताल में परंपरागत रूप से जलविहार होता है लेकिन इस बार पालिका द्वारा तालाब के किनारे बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते तालाब को खाली कर दिया गया था। गणेश विसर्जन और जलविहार के लिए पालिका ने एक छोटा सा गढ्ढा खुदवा कर उसमें पानी भरवा दिया था। गणेश विसर्जन तो जैसे तैसे हो गया लेकिन जलविहार सांकेतिक तौर पर करना पड़ा। गौरतबल है कि रामलला सरकार, भगवान नृसिंह और सैरा के रामजानकी महाराज तालाब में घंटों विहार करते हैं जो अबकी बार पानी नहीं होने के कारण सांकेतिक करना पड़ा। इधर सुबह से ही जारी रिमझिम बारिश के कारण भी आयोजन की भव्यता प्रभावित रही। धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कल्याणराय और बल्दाऊ मंदिरों से भी भगवान जलविहार के लिए धनुताल पहुंचे। अवधबिहारी लाल महाराज, सीतानाथ महाराज, मुरलीमनोहर महाराज, लक्ष्मी नारायण महाराज सहित तमाम मंदिरों के श्रीविग्रहों ने भी जलविहार की।

## विश्कर्मा जयंती पर लोनिवि एक्सईएन ने किया पूजन-अर्चन

**चित्रकूट।** विश्वकर्मा जयंती पर लोक निर्माण विभाग के वर्कशाप में लोनिवि प्रान्तीय खंड के एक्सईएन अरविन्द कुमार ने विश्वकर्मा भगवान की विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद सभी को प्रसाद बांटा। पुलिस लाइन में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई।

शुक्रवार को विश्वकर्मा भगवान की पूजा के बाद लोक निर्माण विभाग के वर्कशाप में भगवान विश्वकर्मा से संबंधित भजन हुए।

एक्सईएन अरविन्द कुमार ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान की सभी लोग पूजा करते हैं। वर्ष में एक बार विश्वकर्मा जयंती पर सभी लोग एकत्र होते हैं। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के बारे में विस्तार से रोशनी डाली।

## देवसिंह समिति के अध्यक्ष बने

**मौदहा ( हमीरपुर )।** सिजनौडा मार्ग स्थित हनुमान मंदिर ट्रस्ट बजरंग धाम के महंत श्री श्री 108 बजरंग दास जी महाराज ने ट्रस्ट की एक अन्य संस्था बागेश्वर धाम मंदिर सायर के संचालन व देख रेख के लिए एक समिति का गठन किया है जिसमें देव सिंह को अध्यक्ष, राकेश कुमार को उपाध्यक्ष, करण सिंह को मंत्री व जितेंद्र कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा कृपाल सिंह, अमित सिंह व अशोक सिंह को समिति कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। महंत जी ने बताया कि गठित की गई नवनिर्वाचित मंदिर की समिति मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार करते हुए उचित संचालन देखरेख करेगी।

## तंबाकू मुक्त ग्राम बनाए जाएंः डीएम

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण अभियान के प्रभावी क्रियांवयन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कानून जनपद में प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। इसके लिए नियमित रूप से प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए । उन्होंने कहा कि स्कूलों को तंबाकू मुक्त परिसर बनाया जाए तथा 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाकू अथवा उससे संबंधित उत्पाद की बिक्री किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से तंबाकू मुक्त ग्राम बनाए जाए। गाँव तंबाकू मुक्त हो जाने पर संबंधित जनप्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी दशा में धूम्रपान आदि नहीं किया जाना चाहिए तथा दुकानों एवं सार्वजनिक स्थल पर चेतावनी बोर्ड आदि लगवाए जाएं।

# भगत सिंह के सपनों का बनाना है भारतः अमित

**चित्रकूट।** आल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के कैम्प कार्यालय डीएम कालोनी में हुए जिला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाकपा जिला सचिव/पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष का अमित यादव व विशिष्ट अतिथि एआईएसएफके राज्य महासचिव उदयभान सिंह मौजूद रहे। सम्मेलन अविनाश वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। शुक्रवार को सम्मेलन में का अमित यादव ने कहा कि छात्रों को अच्छी व सस्ती शिक्षा तथा भगत सिंह रोजगार गारंटी योजना लागू करवाने को एकजुटता से संघर्ष करना होगा। तभी छात्रों का हित होगा। शिक्षा का निजीकरण रोकने को प्रयास करना होगा। विशिष्ट अतिथि एआईएसएफ के प्रदेश संयुक्त सचिव उदयभान सिंह ने कहा कि फेडरेशन ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में फेडरेशन के छात्रों ने कुर्बानी दी थी। संगठन का उद्देश्य भगत सिंह के सपनों का भारत बनाकर आम जनता को आर्थिक आजादी दिलाना है। छात्र विरोधी सरकार के खिलाफ प्रदेश में कृषि कानूनों व शिक्षा के निजीकरण और बेरोजगारी, महंगाई के खिलाफ छात्र आन्दोलन की तिथियां घोषित कर सरकार को घेरने का प्रयास किया जायेगा। अविनाश वर्मा ने कहा कि छात्रसंघ के चुनावों को न कराने की सरकार साजिशें कर रही है। सम्मेलन में रविकरन, दादूराम, संदीप पाण्डेय, आलोक सिंह, महेन्द्र पाल, राजीव यादव, अरुणराज पाल, विवेक मिश्रा, शिवम दिनकर आदि ने सम्बोधित किया।

# विधायक ने अटल बिहारी के नाम बनने वाले गेट का भूमि पूजन किया



**उरई ( जालौन )।** शुक्रवार को उरई नगर प्रवेश द्वार रिनिया फाटक पर भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के नाम से विधायक निधि से सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने गेट का भूमि पूजन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार देश के साथ-साथ प्रदेश का भी बगैर किसी भेदभाव के विकास कराने के संकल्प को पूरा करने में पूरे मनोयोग से जुटी हुयी है। फिर चाहे पीएम आवास की हो या फिर कोरोना संकटकाल में खाद्यान्न वितरण की हो। जो भी पात्र व्यक्ति रहा उसे सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया गया। इतना ही नहीं जनपद को नमामि गंगे योजना के लिये चयन किया गया।

# प्रधान के खिलाफ दर्ज मुकदमा खत्म करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

## ● विधायक और एसडीएम से निष्पक्ष जांच कराने की मांग

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**महेवा** विकासखंड के ग्राम कीरतपुर के प्रधान के खिलाफ चुनावी रंजिशन दर्ज कराए गए मुकदमें से आक्रोशित साथी प्रधानों के द्वारा उप जिलाधिकारी कौशल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक वीरेन्द्र श्रीवास्तव व क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र पाल सिंह जादौन को ज्ञापन सौंपकर मुकदमे को खत्म की मांग उठाई गई।



शुक्रवार को प्रधान संघ महेवा के अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान सिकरी रहमानपुर, रामबाबू निषाद प्रधान शेखपुर गुढ़ा, शिवदास श्रीवास प्रधान उरकरा कला, बाल सिंह प्रधान देवकली, इंद्रपाल सिंह चौहान प्रधान महेवा, उमाशंकर निषाद प्रधान हीरापुर, राजभोज प्रधान गुढ़ाखास, प्रधान प्रतिनिधि मैनूपुर बबलू महाराज आदि ने उप जिलाधिकारी कौशल कुमार, सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव व क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्रपाल सिहं जादौन को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया की महेवा विकासखंड के ग्राम कीरतपुर के प्रधान पवनदीप निषाद पुत्र बदलू के खिलाफ चुनावी रंजिश को लेकर गांव के रमेश सिंह की पुत्री के द्वारा पुलिस से सांठगांठ एवं षड्यंत्र करके फर्जी शिकायती पत्र के आधार पर कालपी कोतवाली में धारा 147, 452, 323, 504 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया है जो पूरी तरीके से आधारहीन तथा झूठा है। सभी ग्राम प्रधानों ने एक राय होकर कीरतपुर प्रधान पवनदीप के खिलाफ दर्ज मुकदमे को निरस्त करने की मांग उठाई है।

## पटेल सेवा संस्थान की बैठक कल

**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान चित्रकूट की बैठक 19 सितम्बर को जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में होगी।जिसमें सरदार पटेल जयंती के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि पटेल सेवा संस्थान द्वारा विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी सरदार पटेल की जयंती बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए 19 सितम्बर को जनसेवा इंटर कालेज कर्वी में संगठन की विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होने संगठन के सभी पदाधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग कर अपने सुझाव देने की अपील की है।

## प्रशिक्षण में बताए गये प्रधानों को अधिकार

**जालौन ( उरई )।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक ने सभी को प्रशिक्षित किया। ग्राम प्रधानों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, पंचायती राज के नए संविधान को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया गया। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने प्रधानों को उनके वित्तीय अधिकारों, ग्राम पंचायत में बनने वाली समितियों तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानों का आहवान किया कि प्रतिस्पर्धा के रूप में गांव के विकास कार्यों को लेते हुए सुंदर ग्राम पंचायत बनाने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य करें।

# किसानों के पास नयी प्रजाति पहुंचाएं वैज्ञानिक

**संवाददाता।** हमीरपुर

**कृषि** विज्ञान केंद्र कुरारा में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा के सह निदेशक डा. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र जनपद में मसाले वाली खेती जैसे धनिया जीरा अजवाइन इत्यादि का बीज उत्पादन कर किसानों के पास नई प्रजाति पहुचाए, ताकि किसान आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बन सके।

सह निदेशक ने कहा कि पशुपालन, खेती के साथ मुर्गी पालन,बकरी पालन, मत्स्य पालन की सभी प्रदर्शन इकाई एक जगह स्थापित कर उत्कृष्ट मॉडल बनाएं कहा कि किसानों के आवश्यकता व मांग अनुसार प्रेक्षेत्र परीक्षण तकनीकी में कार्य करें तभी किसानों को अत्यधिक लाभ होगा। उन्होंने माइनर मिलेट्स जैसे सावां, को दो रागी इत्यादि को जनपद में बढ़ावा देने के लिए बल दिया। इसके साथ ही साथ जनपद में मसाले वाली खेती जैसे धनिया जीरा अजवाइन इत्यादि को अति शीघ्र किसानों के बीच नई नई प्रजातियां को पहुंचाने के दिशा निर्देश दिए ।

डा. मयंक दुबे सहायक प्राध्यापक पशुपालन ,बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा ने कहा पशुओं में पशु पोषण, सुधार चारा प्रबंधन व रोग प्रबंधन के बारे में अनिवार्य रूप से अति आवश्यक कार्य किए जाएं। डॉ अमिताभ सचान द्वारा नस्ल सुधार के साथ बकरी पालन चकराना के अतिरिक्त नसों पर अत्यधिक बल दिया गया।

# मोदी जी ये बुंदेलों का लहू है स्याही न समझनाः पाटकर

## ●पीएम को खून से खत लिखकर बुंदेलों ने दी जन्मदिन की बधाई

**संवाददाता।** महोबा

**मोदी** जी, ये बुंदेलों का लहू है, इसे स्याही न समझना। हम आपके अपने हैं पराया न समझना। आपको जन्मदिन की असीम बधाइयां। आज आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने खून से खत लिखकर इस प्रकार जन्मदिन की बधाई दी। बारिश



की फुहार के बीच उनके एक दर्जन सहयोगियों ने भी मोदी जी को जन्मदिन की बधाई देने के लिए अपना खून दिया एवं खत लिखे। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर आल्हा चौक में लगातार 635 दिन अनशन कर चुके बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने अपने सहयोगियों के साथ आज 22वीं बार प्रधानमंत्री को अपने खून से खत लिखा। संगठन के महामंत्री डा. अजय बरसैया ने लिखाए मोदी सरए विश्वकर्मा जयंती पर आपको जन्मदिन की असीम बधाइयां। आप पर गोरखेश्वर महादेव की कृपा हरदम बरसे।

आप हमेशा स्वस्थ रहें। बुंदेलखंड की जनता आपसे बहुत प्यार करती है, इसीलिए उसने लोकसभा व विधानसभा चुनावों में सारी सीटें आपकी झोली में डाल दी। सिजहरी गांव के हरिओम निषाद ने लिखा कि अब आप भी हम बुंदेलों की भावनाओं का सम्मान कीजिए एवं जल्दी से जल्दी बुंदेलखंड राज्य बना दीजिए।

## पडरी में गणेश विसर्जन के बाद हुआ कन्या भोज

**कोंच ( जालौन )।** ग्राम पडरी एंव छानी गांव मै गणपति गणेश जी सात दिन के बाद आज गणपति गणेश के दरबार में आज बिशाल भण्डारे आयोजन किया खास बात यह रही गांव में सोशल डिस्टेंस रखते हुए आज बिसाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जय गणेश समिति द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। और जिसमें पहले कन्या भोज कराया और इसके भण्डारे को ग्रामीणों गणेश जी के भण्डारे का प्रसाद गृहण करते भक्त माता बहनों ने भक्तों ने गणपति गणेश के भण्डारे का प्रशाद ग्रहण किया। और समस्त ग्राम वासियों गांव एंव बाहर के भक्तों ने प्रशाद छका और भण्डारा सुबह 10 बजे साम तक चला, जिसकी व्यवस्था गणपति गणेश के सदस्य राकेश कुशवाहा, रबि कुशवाहा, रणजीत पटेल प्रधान सुरेंद्र पटेल अंकित

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 18 सितम्बर, 2021



# मोदी के जन्मदिन को भाजपा किसान मोर्चा ने किसान जवान सम्मान दिवस के रूप में मनाया

● किसान जवान सम्मान दिवस पर पहुंची स्मृति ने सैकड़ों किसानों और जवानों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



किसानों को सम्मानित करती हुई स्मृति इरानी

**गौरीगंज अमेठी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन को भाजपा किसान मोर्चा ने किसान जवान सम्मान दिवस के तौर पर मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सचेंद्र प्रताप सिंह राजू ने जिला भाजपा कार्यालय मुख्यालय गौरीगंज पर किसान जवान सम्मान समारोह का आयोजन किया जहां बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं अमेठी सांसद दीदी स्मृति ईरानी पहुंची और सैकड़ों की संख्या में किसानों और जवानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। किसानों और जवानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी सांसद ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही किसानों और जवानों का सम्मान और स्वाभिमान निहित है। आज केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित के लिए एक नहीं अनेकानेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसके तहत देश के किसान और जवान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सहित प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, सहित अनेकानेक योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं किसानों को धोती और पूर्व सैनिकों को पैंट शर्ट और गमछा देकर सम्मानित किया। साथ ही साथ केंद्रीय मंत्री व जिला अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सचेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजू सिंह, काशी क्षेत्र अध्यक्ष काशी तिवारी, हिंदेश सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी सहित किसान जवान एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया में तेजी लाएं शिक्षण संस्थान

**अमेठी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021.22 में निर्गत समय सारणी के अनुसार 20 जुलाई 2021 से छात्र. छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है परंतु लगभग 2 माह का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी बहुत कम छात्र.छात्राओं का ऑनलाइन आवेदन किया गया हैए तत्क्रम में छात्र.छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने एवं विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन किए गए आवेदन पत्रों को ऑनलाइन रिसीव एवं अग्रसारित करने की प्रगति बहुत धीमी है छात्र हित में अपने शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कराने एवं अपने स्तर से आवेदनों को रिसीव करने एवं ऑनलाइन अग्रसारित किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन अग्रसारित करें।

# मंत्रियों ने किया राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का उद्घाटन


उद्घाटन पर संबोधित करती हुई स्मृति ईरानी, गुफ़्तगू करते हुए दोनों केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व गिरिराज किशोर एवं खेलते हुए पहलवान

● स्मृति ने राहुल गांधी पर कसा तंज- कभी राजनीति के दंगल होते थे, अब खेल हो रहे हैं

**अमेठी।** जिले में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आयी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमले किये। अमेठी के सांसद रहे राहुल गांधी का नाम लिये बिना कहा कि जहां कभी राजनीति का दंगल होता थाए आज वहां खेल का आयोजन हो रहा है। अमेठी जिले के कौहार में स्थित सैनिक स्कूल के परिसर में आयोजित अंडर.23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले जो लोग थे, उन्होंने न तो अमेठी का भला किया और न ही खेल को बढावा देने का काम किया। स्मृति परोक्ष रूप से अमेठी के पूर्ववर्ती कांग्रेस सांसदों का हवाला दे रही थी।

कुश्ती प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 750 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। इसके उदघाटन के मौके पर तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया के अलावा फोगाट बहनें गीता और बबिता भी मौजूद थी। स्थानीय सांसद ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन है, उनके द्वारा लगातार खेल को बढावा देने का काम किया जा रहा है और खिलाड़ियों को मदद देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमेठी सैनिक स्कूल की स्थापना प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से हुई है, जिसके परिसर में आज कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

# कच्चे मकानों के लिए आफत बनकर आयी बारिश



**महराजगंज रायबरेली।** ग्राम पंचायत हलोर मे भारी बारिश के कारण 1 दर्जन से अधिक कच्चे मकान चढ़े बारिश की भेंट रामराज पुत्र राम बहादुर, रामदास, किशोर, सूरजपाल, राजू, सलीम खान, बबलू खान एवं अन्य ग्रामीणों के कच्चे मकान लगातार हो रही बारिश से गिर गए प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी ने बताया कि करीब एक दर्जन ग्रामीणों के कच्चे मकान बारिश की भेंट चढ़ गए पिछले 2 दिनों की बारिश मे गरीबों के मकान गिरने से अब उनके सामने चुनौती खड़ी हो गई है और खुले आसमान के नीचे जीवन यापन को मजबूर हो गए। मामले में एसडीएम सविता यादव ने बताया कि जानकारी मिली है, हल्का लेखपाल को भेजकर छति अकालन करवाया जा रहा है, छति के आधार पर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## सरकारी भूमि पर चल रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने रोका

**श्रावस्ती, जमुनहा।** थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम लक्ष्मनपुर कोठी में दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कराया रहा था। शिकायत मिलने पर एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया। तहसील भिनगा के ग्राम लक्ष्मनपुर भगवानपुर में गाटा संख्या 217 रकबा 0.125 हे0 नवीन परती के नाम से दर्ज है। जिस पर गांव के जाकिर खाँ व लतीफ खाँ पक्का मकान बनाकर कब्जा कर रहे हैं। जिस पर गांव के औसान खाँ ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। इसकी शिकायत हल्का लेखपाल से किया था। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। एसडीएम राजेश मिश्रा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अवैध निर्माण रोकने के लिए लेखपाल अर्जुन पटेल को निर्देश दिया। लेखपाल ने निर्माण कार्य रोक दिया गया है। लेखपाल अर्जुन पटेल ने बताया कि एसडीएम साहब के आदेश पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।

# बारिश के चलते घरों के अंदर पहुंचा गंदा पानी, बीमारियों के संक्रमण का खतरा बढ़ा

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली



**बीते तीन दिनों** की बारिश ने जहां आमजनों के जीवन को प्रभावित किया है वही नगर पंचायत डलमऊ के आदर्श नगर और शंकर नगर की हालत बदतर स्थिति तक पहुंच चुकी है डलमऊ नगर पंचायत की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी को लेकर रही है जहां से घरों के पानी का निकास भी बामुश्किल हो पाता है वहीं लगातार मूसलाधार बारिश ने नगर पंचायत सहित खंड विकास डलमऊ की कार्ययोजनाओं की कलई खोल कर रख दी है जलभराव की समस्या से आदर्श नगर मोहल्ला लगभग एक महीने से जूझ रहा है।

वहीं मौसम की बेरुखी से उपजे हालात से शंकर नगर मोहल्ले की स्थिति भी भयावह हो चुकी है लोगों के घरों के अंदर बारिश और आसपास का गंदा पानी घुसने से बदहाल स्थित में जीने को मजबूर हो रहे है डलमऊ ग्राम सभा स्थिति नेवाजगंज गाँव के घरों में भी पानी घरों के अंदर तक पहुंच चुका है लगातार मूसलाधार बारिश से शौचालयों के गड्ढे भी ओवरफ्लो होकर पानी को दूषित कर रहा है जिससे संक्रामक बीमारियों को पनपने का मुफ़ीद वातावरण तैयार हो चुका है शिवगोविंद गुप्ता, दर्शन देवी, अमृतलाल यादव, उमा देवी, श्यामलाल शर्मा आदि के कथनानुसार हर साल जलभराव की समस्या होती है जिससे निपटने के कोई ठोस कदम प्रशासन द्वारा नही उठाये जाते है जिससे जलभराव की समस्या का निदान नही हो पा रहा है।

## क्विक न्यूज

### नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी लालगंज के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भगवान बजरंग बली के मन्दिर मे पूजन व आरती के साथ नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की गयी। पूजन के बाद गरीबो के बीच मिश्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के वरिश्ठ कार्यकर्ता सुषील षुक्ला एवं संतोश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष षिव प्रकाष पांडेय, सभासद ब्रम्हेन्द्र विक्रम सिंह, हिन्दू जागरण मंच महासचिव ओपी सिंह,सुरेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीसंकर हेलवाई,रविनन्दन सिंह चौहान, बीके सिंह, सोनू षुक्ला, सादाब अहमद सहित अन्य लोग श्री मोदी के दीर्घायु की कामना की।

### भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र मे दो स्थानों पर विस्वकर्मा जयंती समारोह कार्यक्रम मनाया गया। हनुमान मन्दिर मे संयोजक स्वयंवर षर्मा एडवोकेट के तत्वाधान मे हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्य॰म आयोजित किया गया ।साथ ही समाजसेवा से जुडे लोगों को सम्मानित भी किया गया ।वहीं तपस्वी आश्रम मे भी श्रीभगवान विस्वकर्मा जयंती समारोह मनाया गया ।प्रसाद वितरण एवं भंडारा के साथ साथ आल्हा सम्राट रामरथ पाण्डेय ने अपने आल्हा गायन से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर सैकडों लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया ।वहीं रेलकोच कारखाने मे भी बडे धूमधाम के साथ भगवान विस्वकर्मा की पूजा की गयी ।प्रसाद वितरण हुआ।

### सुधाकर सिंह खान अधिकारी पद पर चयनित

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा क्षेत्र के झाबर हरदो पट्टी निवासी सुधाकर सिंह का चयन भूतत्व एवं खनि कर्मविभाग मे जिला खान अधिकारी के पद पर हुआ है ।उनके चयन पर बैसवारा क्षेत्र मे प्रसन्नता की लहर दौड गयी है ।यह चयन लोकसेवा आयोग के माध्यम से होता है ।संयुक्त सचिव ओमप्रकास मिश्र के द्वारा जारी की गयी विज्ञप्ति मे चार लोगों का चयन हुआ है जिनमे लालगंज क्षेत्र के सुधाकर सिंह का नाम भी उल्लेखनीय है ।सुधाकर सिंह झाबर हरदो पट्टी निवासी दिनेस सिंह के पुत्र है ।उनकी माता साधना सिंह गृहणी है ।भाई दिवाकर सिंह समाजसेवी है ।उनके चयन पर भाजपा नेता संतोष सिंह,अमरपाल सिंह,रजनीस सिंह,प्रमोद सिंह,रवीन्द्र सिंह,गुड्डु सिंह,धर्मेन्द्र सिंह,सादाब अहमद आदि लोगों ने प्रसन्नता जतायी है।

### खण्ड विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**रायबरेली।** डीएम वैभव श्रीवास्तव के अनुमोदन के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में फेरबदल कर दिया गया है। जिला विकास अधिकार एस.एन.चौरसिया द्वारा जारी किए गए नवीनतम आदेश के अनुसार जितेन्द्र प्रताप सिंह को विकास खण्ड राही में तैनाती के साथ अमावाँ, प्रवीण कुमार को बछरावाँ के साथ महराजगंज, कृष्ण कुमार सिंह को सलोन के साथ डीह, विजयन्त कुमार सिंह को ऊँचाहार के साथ रोहनियाँ, सुश्री रिचा सिंह को डलमऊ के साथ दीनशाह गौरा, डॉ.अन्जूरानी वर्मा को लालगंज के साथ खीरों विकास खण्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अजय कुमार सिंह को विकास खण्ड छतोह, श्रीमती सुषमा देवी को सरेनी, हरीश चंद्र गुप्त को जगत पुर और कार्तिकेय सिंह (परिवीक्षाधीन उपजिलाधिकारी) को शिवगढ़ विकास खण्ड में तैनात किया गया है आदेश में सभी खण्ड विकास अधिकारियों को नवीन तैनाती के अनुसार तत्काल प्रभार प्राप्त करके तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश में यह भी उल्लिखित है कि अतिरिक्त कार्यभार के लिये अलग से कोई वेतन भत्ता आदि देय नहीं होगा।

### भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**तिलोई, अमेठी।** विकास क्षेत्र सिंहपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। ब्लाक क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे पर मंडल अध्यक्ष, अमरीश जायसवाल, राहुल पाठक, कुलदीप मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, गयानाथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर व लड्डू बांटकर दीर्घायु की कामना की।

# धर्मेन्द्र मिश्र के सम्मान में भव्य समारोह

**संवाददाता।** छतोह, रायबरेली

**अपर्याप्त संसाधन** और बिना सहयोगियों के अगर कोई शिक्षक कुछ नया करता है तो आश्चर्य मिश्रित प्रसन्नता होना स्वाभाविक ही है। ऐसा ही एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है रायबरेली जनपद के छतोह ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय काँटा में कार्यरत प्रधानाध्यापक और एआरपी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एडूलीडर्स सम्मान प्राप्त करके छतोह ब्लॉक ही नहीं अपितु रायबरेली जनपद को गौरवान्वित किया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में ब्लाक संसाधन केन्द्र छतोह में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित करके उन्हें माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। तमाम शिक्षकों ने अलग से उपहार भेंटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अन्य शिक्षकों को भी इनका अनुकरण करना चाहिए। मुख्य अतिथि जिला सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ.कामता नाथ सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि श्री मिश्र ने शैक्षिक गतिविधियों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित होकर समूचे जनपद का नाम रोशन किया है, इसके लिए बहुत-बहुत बधाई। व्यापक स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता के लिये राजर्षि राज शुक्ल, पवन कुमार श्रीवास्तव, हरिकेश मौर्य, सुनील सोलंकी, मनीष यादव, मनोज कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सैयद नफीस हुसैन, शिवकुमार सिंह, रत्नेश कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक, शिक्षा मित्र और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बीस लीटर अवैध शराब बरामद

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज पुलिस ने अवैद्य षराब बेचने का कारोबार करने वाले डकौली निवासी संतोश पासवान पुत्र होरीलाल के खिलाफ कार्यवाही की है। एसआई दिलीप राय व सिपाही महेस फौजी ने संतोश के पास से अवैद्य 20 लीटर दारू बरामद की है ।उसके खिलाफ दफा 60 के तहत कार्यवाही हुयी।

## प्रधानमंत्री का मनाया गया जन्मदिन

**संवाददाता।** श्रावस्ती, इकौना

**जनपद में** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा समर्पण दिवस के रूप मे मनाया गया इस दौरान विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय ने सीएचसी इकौना मे मरीजों को फल वितरित किया। विधायक ने इकौना ब्लाक सभागार मे सफाई कर्मियों को सम्मान पत्र व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इकौना ब्लॉक सभागार मे सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ देश का चतुर्मुखी विकास करने मे जुटे हैं। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से आवाहन किया की वे स्वच्छता कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित कर स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बनें। इसके उपरांत विधायक ने सीएचसी इकौना मे मरीजों को फल वितरित करके उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव डा. रजत सिंह, डा. ए.के. मिश्र, डा. अनिल त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# अर्द्ध विछिप्त युवक नदी में कूदा, तलाश में जुटी पुलिस

**श्रावस्ती, इकौना।** नगर पंचायत इकौना के आजाद नगर निवासी एक अर्द्धविछिप्त युवक ने राप्ती नदी पर स्थित अंधरपुरवा पुल से नदी मे कूद गया, आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी पुलिस ग्रामीण एनडीआरएफ व पीएसी गोताखोरों के सहयोग से नदी मे युवक की तलाश में जुटी है। घटना स्थल पर पहुंचे विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। इकौना नगर के आजाद नगर मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय लव कुश पुत्र जगदेव कश्यप बंगलौर में मजदूरी का कार्य करता था। मानसिक बीमारी के कारण वह दो माह पूर्व घर वापस लौट आया था।

गुरुवार की रात लगभग 10.30 बजे खाना खाने के बाद युवक घर से लघुशंका करने के लिए बाहर निकला था। जब कुछ देर बीतने तक युवक घर के अंदर नहीं आया तब परिवार जनों ने घर के बाहर निकल कर मोहल्ले में उसकी तलाश शुरू कर दी। कहीं कुछ पता नहीं चला थोड़ी देर बाद पड़ोसियों ने बताया कि लड़का पैतृक गांव इमलिया की ओर गया है, जिसपर घरवाले आनन.फानन में युवक की तलाश मे गांव रवाना हो गए, और भामेपारा गांव के पास युवक को पकड़ लिया। लेकिन युवक पिता से हाथ छुड़ाकर भाग खड़ा हुआ और राप्ती पुल पर पहुंच गया। पिता ने आसपास लोगों को जगाकर पुत्र को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पिता के सामने ही लड़के ने नदी मे छलांग लगा दी। परिजनों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वकील पांडेय दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी मे युवक की तलाश शुरू कर दिया। एनडीआरएफ और पीएसी के की टीम मौके पर पहुंच कर तलाश में जुटी है। लेकिन घटना के 14 घंटे बाद तक युवक का पता नहीं चल सका है। एडिशनल एसपी बीसी दूबे व एसडीएम आर.पी. चौधरी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में हर्षोल्लास से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**संवाददाता।** ऊंचाहार (रायबरेली)



एनटीपीसी ऊंचाहार में सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी पूजा-अर्चना की तथा साथ ही प्लांट के यंत्रों व उपकरणों की भी पूजा की गई। पूजन के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पूजन के पश्चात श्री सोनी ने प्लांट के प्रचालन और अनुरक्षण से जुड़े सभी एनटीपीसी कर्मचारियों तथा संविदा कर्मियों के खुशहाल व स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को विश्व का निर्माता तथा देवताओं का वास्तुकार माना गया है। उन्हें संसार का पहला अभियंता कहा जाता है। इस अवसर मेरी भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना है कि वह सभी कर्मियों को कार्य-दक्षता और उन्नति प्राप्त करने का आशीर्वाद प्रदान करें। पूजन के पश्चात परियोजना प्रमुख ने व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग के कर्मचारी सुझाव मेला का शुभारंभ भी किया। पूजन के दौरान अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस के झा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), वंदना चतुर्वेदी, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष और कर्मचारीगणों ने कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए पूजा में भाग लिया।

## बारिश से दो स्थानों पर बह गई पुलिया, आवागमन बाधित, वृद्ध की मौत

**ऊंचाहार ( रायबरेली )।** दो दिन से लगातार हो रही बरसात ने आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा है । कई गांवों में कच्चे भवन ढह गए है । क्षेत्र के दो स्थानों पर पुलिया बह जाने के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ है । ऊंचाहार से पूरे तीर मजरे खरौली को जाने वाले प्रमुख मार्ग में शनिदेव मंदिर के पास स्थित पुलिया बह गई है । इस मार्ग से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों का आवागमन है । इसी मार्ग से फतेहपुर जनपद के लिए लोग नाव के द्वारा गंगा नदी पार करते है । उधर क्षेत्र के हिसामपुर से हटवा गांव को जाने वाले मार्ग की पुलिया भी बह गई है । जिससे दोनों गांवों का आवागमन बंद हो गया है । यहीं नहीं बरसात के कारण नगर समेत पूरे क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव की समस्या है । जिससे आम जनजीवन प्रभावित है । कई गांवों में पानी भरा हुआ है । क्षेत्र के राम चन्द्र पुर गांव के कई मजरों में पानी भर जाने के कारण पूरे गांव का आवागमन प्रभावित हो गया है । यही हालात रोहनिया ब्लाक के कई गांवों का है ।मृत हुए बुजुर्ग के मामले की सूचना पुलिस व प्रशासन को दी गई। जिसके बाद सलोन कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसडीएम राजेंद्र शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि छप्पर गिरने से वृद्ध की मौत हुई है। शव को पीएम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाया जायेगा।

# दयानंद पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा एवं समर्पण अभियान किया गया प्रारंभ

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली



**दयानंद पीजी कॉलेज** बछरावां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा एवं समर्पण अभियान का प्रारंभ देवपुरी गांव को गोद लेकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधान लालती व ग्राम प्रतिनिधि सुनील कुमार के साथ गांव का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि ष् गांव धरती का स्वर्ग है गांव में शिक्षा स्वास्थ्य की अलख जगा कर देवपुरी गांव को देवतुल्य बनाने के लिए महाविद्यालय दृढ़ संकल्पित है।

महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ कल्पना श्रीवास्तव गांव गोद लेने के लिए बधाई दी और स्वयंसेवकों को समर्पण भाव से परीश्रम करने के प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने सभी स्वयंसेवकों को सेवा कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण, कोविड-19 जागरूकता एवं वैक्सीनेशन आदि कार्यक्रम गांव में संचालित किये जायेंगे। वहीं इसके साथ ही साथ स्वयंसेवकों ने गांव में जनसंपर्क किया और ग्रीन विलेज क्लीन विलेज करने की शपथ ली । अभियान के प्रारंभ में परीक्षा प्रभारी डॉ शिशिर एनसीसी एएनओ डॉ विष्णु चंद श्रीवास्तव ने विशेष सहयोग प्रदान किया। वहीं इस मौके पर सुखवीर सिंह, कुलदीप सिंह, योगेंद्र, उमाशंकर श्रवण कुमार, गीता, हंस कुमारी आदि महाविद्यालय के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवकों में मानसी, नेहा, भावना, अलोक,सचिन आदि उपस्थित रहे।

# वर्कशीट के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को दी जायेगी शिक्षा

संवाददाता। संतकबीरनगर


शिक्षक-शिक्षिकाओं को वितरित की गई वर्कशीट पायनियर

**जनपद** के 1200 परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक अध्ययनरत बच्चों को वर्कशीट के माध्यम से शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 3 तक के दिव्यांग बच्चों को भाषा एवं गणित की वर्कशीट उपलब्ध कराई जा रही है जो राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से जनपद कार्यालय को प्राप्त हुई है। कक्षा 1 से 3 तक के लिए जनपद को कुल 178 839 वर्क सीटें प्राप्त हुई है जिसमें कक्षा 1 में हेतु 23760 कक्षा 2 हेतु 73813 कक्षा 3 हेतु 81266 इन वर्कशीटों को विद्यालयवार, छात्रवार ब्लॉक वार अलग-अलग पैकिंग बनाने का कार्य विगत 15 वर्षों से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खलीलाबाद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर स्पेशल एजुकेटरों द्वारा किया जा रहा है प्रत्येक बच्चे हेतु एक पैकेट तैयार कर विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिसका वितरण खंड शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में स्पेशल एजुकेटर एवं संबंधित परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा किया जाएगा। इस क्रम में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने बताया कि कक्षा एक एवं दो के वर्कशीट का बंडल बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है भारी बारिश के कारण आज पैकिंग का कार्य स्थगित है बारिश समाप्त होते ही कक्षा 1 और 2 की सीटें पैक करा कर राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। जिसका परिवहन खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जनपद से उन्हें अनुश्रवण एवं पर्वेक्षण हेतु उपलब्ध वाहन से ही ब्लॉक तक किया जाना है। ब्लॉक स्तर पर प्रधानाध्यापकों की बैठक में विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनकी संख्या के अनुसार प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध कराया जाएगा एवं स्पेशल टीचर एवं प्रधानाध्यापक के माध्यम से उसका वितरण दिव्यांग बच्चों अथवा अभिभावकों को किया जाएगा जिससे बच्चे विद्यालय में अथवा घर पर वर्कशीट पर अपने कार्य को कर सकेंगे तथा विद्यालय को किए गए कार्य को मूल्यांकन हेतु उपलब्ध कराएंगे। इस प्रकार के कार्य से कोविड-19 में दिव्यांग बच्चों के भाषाई एवं गणितीय आगत की जो कमी आई है उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश बैद्यनाथ ने बताया कि राज्य स्तर पर गत 3 सितंबर को हुई बैठक में राज्य स्तर से बताया गया है कि कक्षा 4 एवं 5 के दिव्यांग बच्चों की भाषा एवं गणित का वर्कशीट तैयार करने हेतु राज्य स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं शीघ्र अति शीघ्र कक्षा 4 एवं 5 के भाषा एवं गणित की वर्कशीट जनपदों को उपलब्ध करा दी जाएगी कोविड-19 के कारण विद्यालय में बंद होने से दिव्यांग बच्चों के गणितीय एवं भाषाई आगत में जो कमी हुई है उसे दूर करने हेतु इस कार्य योजना का क्रियान्वयन तत्कालीन महानिदेशक विजय किरण आनंद द्वारा अपनी दूरदर्शिता से किया गया है। इस कार्यक्रम से बच्चे वर्क सीट के माध्यम से अपने ज्ञानार्जन को बढ़ा सकेंगे तथा जो मिशन प्रेरणा के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उन लक्ष्यों की भी प्रतिपूर्ति हो सकेगी इस कार्य हेतु जनपद में कुल 18 स्पेशल एजुकेटर जिसमें पांच दृष्टिबाधित दिव्यांगता विशेषज्ञता पांच मानसिक मंदता दिव्यांगता विशेषज्ञता आठ श्रवण बाधित दिव्यांगता विशेषज्ञता धारक कार्यरत हैं जो आगामी समय में अपने कार्यरत विकास क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों का चिन्हित करते हुए उन्हें अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने का प्रयास करेंगे जनपद स्तर पर फिजियोथैरेपिस्ट की भी नियुक्ति की गई है जो लगभग 40 बच्चों को अपनी फिजियोथैरेपीट की सुविधा से लाभान्वित करते हैं।

# 25 लाख का अवैध शराब व मिनी ट्रक व लग्जरी कार बरामद, 5 अरेस्ट

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा के पर्यवेक्षण मे अवैध शराब विक्रय / परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद अनिल कुमार, प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी चौकी कॉंटे उ0नि0 बृजमोहन सिंह नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा सुबह 4.15 बजे कॉटे चौराहे पर पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग के दौरान डीसीएम ट्रक (रजि0नं0 पी0बी0 13 ए0डब्लू0 8187 कूटरचित) से एवं साइकिल के डिस्पेन्टल पार्ट्स के 110 बडे व 32 छोटे गत्तों के बीच छुपा कर रखी गयी इम्पीरियल ब्लू ब्राण्ड के 165 गत्तो में कुल 1980 बोतल (धारिता प्रत्येक बोतल 750 मि0ली0), मैक्डावेल नं0 -01 ब्राण्ड के 45 गत्तो में कुल 540 बोतल (धारिता प्रत्येक बोतल 750 मि0ली0), डीएसपी ब्लैक ब्राण्ड के 40 गत्तों में कुल 480 बोतल (धारिता प्रत्येक बोतल 750 मि0ली0) - कुल 250 गत्तो में 3000 बोतल (करीब 2250 ली0) के साथ 02 अभियुक्त पंकज शाही पुत्र अतेन्द्र शाही निवासी बैरियाडीह थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर, सतनाम सिंह पुत्र अख्तार सिंह निवासी होसकला थाना जगरांव जनपद लुधियाना पंजाब (चालक) व डीसीएम के आगे - आगे चल रही आई - ट्वेण्टी कार (रजि0नं0 एच0आर0 48 सी0 1055) में बैठे हुए 03 अभियुक्तगण, विजयन्त सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी डीभी थाना बालसमंद जिला हिसार, हरियाणा, अरुण राय पुत्र श्याम नरायण निवासी ग्राम सिरसी थाना धनघटा, विक्रम सिंह पुत्र ज्ञानेन्द्र सिंह निवासी ग्राम निंगानाकला थाना तोसाम जिला भिवानी जनपद हरियाणा को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 630/2021 धारा 419/420/467/468/471/120बी / 34 भा0द0वि0 तथा 60/62/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## क्विक न्यूज

### तदर्थ शिक्षकों के हित में मुखर हुए एमएलसी

**बस्ती।** एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनसे सहायता प्राप्त माध्यमिक विधालयों में वर्ष 1993 से अद्यतन कार्यरत् तदर्थ षिक्षकों की सेवाओं को स्थाईकरण/विनियमतीकरण करने की मांग उठाई। कहा कि इस मामले में जारी राजाज्ञा के बिंदु आठ के द्वारा यह प्रतिबंध लगाया गया था, कि जो इस अवधि के नियुक्ति तदर्थ षिक्षक हैं, और जो उच्च न्यायालय के अंन्तिम अथवा अन्तरिम आदेष से राजकोष से वेतन पा रहे हैं, वे विनियमितीकरण की परिधि में नहीं आते हैं। एमएलसी ने सीएम से 22 मार्च 2016 को जारी राजाज्ञा के बिंदु संख्या आठ को निष्प्रभावी करते हुए अषासकीय माध्यमिक विधालयों में वर्ष 2000 तक के नियुक्ति और कार्यरत् और न्यायालय के अंन्तिम या अन्तरिम आदेष से वेतन पा रहे हैं, उन सभी षिक्षकों को विनियमित करने के लिए राजाज्ञा में संषोधन के लिए प्रभावी आदेष जारी करने की अपील की। कहा कि इसमें न्यायालय की कोई अवमानना भी नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इस बात की भी मांग की, कि अवषेष बचे हुए अद्यतन कार्यरत् सभी तदर्थ षिक्षकों को सभी परिलब्धियों के साथ सेवा निवृत्ति तक बनाए रखा जाए, और आयोग द्वारा नवचयनित अध्यापकों को इसके अतिरिक्त रिक्त पदों पर भी नियुक्ति प्रदान करने की अपील की।

### वृद्ध सहित 2 अज्ञात शव बरामद

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने वृद्धि सहित दो अज्ञात शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। बताते चलें कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया है। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने 40 वर्षीय अज्ञात अध्यक्ष का शव बरामद किया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी।

### इलाज के दौरान किशोरी की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा में गुरुवार की शाम हालत बिगड़ जाने पर 11 वर्षीय किशोरी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस अपने गांव चले गए। जानकारी के अनुसार गाजीपुर का निवासी घर में के पुत्री प्रज्ञा की तबीयत खराब चल रही थी। जिस पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान आज सुबह किशोरी ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर अपने घर चले गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### कोटेदार संघ ने सौंपा कारागार राज्यमंत्री को ज्ञापन

**फतेहपुर।** मलवा विकास खण्ड के आशापुर डाक बंगले में पहुंचे कारागार राज्यमंत्री जय कुमार सिंह जैकी को कोटेदार संघ के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने 08 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें कारागार मंत्री ने उच्चाधिकारियों से बात कर मांगे पूरी किए जाने का आश्वासन दिय

### चिकित्सकीय टीम ने किया गौशाला परीक्षण

**फतेहपुर।** अमौली ब्लॉक के नसेनिया गौशाला मे हो रही बारिश से गौशाला में पानी भर गया। जिससे यहां पर मवेशी अपने आप को सुखी जगह में बचाते हुए दिखे। गौशाला में चारों ओर भरे पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढती जा रही है। इसके लिए चिकित्सकीय टीम गौशाला में जाकर के देखरेख कर रही है।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर फल वितरण किया

**गोंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत करनैलगंज नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फल वितरण किया है। पीएम मोदी के 71वें जन्मदिवस पर शुक्रवार को भाजपाइयों ने सीएचसी अधीक्षक डॉ.सुरेश चन्द्रा व नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी की मौजूदगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में मरीजों को फल वितरित किया तथा प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। नगर मण्डल अध्यक्ष आशीष सोनी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरों के लिए जीने वाले शख्स हैं। उनके कठिन परिश्रम और कुशल नेतृत्व की वजह से आज देश अन्य देशों के मुकाबले कोविड 19 के कहर से खुद को काफी हद तक बचा पाया है। इस मौके पर बृजेश शर्मा, मुकेश वैश्य, अशोक कसौधन, श्रीराम सोनी, आलोक वैश्य, मेवाराम त्रिपाठी, राजेंद्र गुप्ता, शारदा देवी पाण्डेय, पूजा बाल्मीकि, रामतेज कश्यप, राम तेज, अनिल गुप्ता, चंद्र कुमार शर्मा, नरेंद्र सोनी, विजय बहादुर मौर्य, प्रहलाद, शेष कुमार पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**करनैलगंज (गोंडा)।** फर्जी तरीके से लड़की को भगाने का आरोप लगाते हुए ताना मारने से छुब्ध होकर एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली। आत्महत्या के पूर्व उसने गांव के तीन लोगों पर परेशान करने का वीडियो पर बयान देकर आत्महत्या की थी। तथा फांसी लगाने के पूर्व उसने मोबाइल पर एक वीडियो बनाकर अपना बयान दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने ताना मारने व आरोप लगाने वाले तीन अभियुक्तों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मामला कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दूदी का है। यहां के निवासी हीरालाल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि वह ग्राम दूदी के मजरा विजयराज पुरवा का निवासी है। गांव की एक लड़की किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ भाग गई थी। जिसको लेकर गांव के ही लवकुश, भोलानाथ, राम शंकर ने मिलकर उसके बेटे तीरथराज उम्र 30 वर्ष को आरोपी बताते हुए लड़की भगाने का आरोप लगा रहे थे। जबकि उसका लड़का निर्दोष था।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगा चिकित्सीय कैम्प



**फतेहपुर।** शहर के डाक बंगले के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा विवेक सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वां जन्म दिवस के अवसर पर मनाया गया। जिसका केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ0 एके श्रीवास्तव, जिला सह संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दिनेश बाजपेई एवं अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में लगभग 32 रोगियों का परीक्षण किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पल्स रेट, ऑक्सीजन सैचुरेशन, वजन एवं रक्त परीक्षण का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में कोविड-19 का पूर्णता से पालन किया गया। रोगियों को फल का भी वितरण किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ0 दिनेश चंद्रा, डॉ0 जेएम शुक्ला, डॉ0 विमल सेंगर, डॉ0 विजय अग्रहरि, डॉ0 रवि नाथ गुप्ता ने परीक्षण किया।

## बीईओ को बर्खास्त करने की उठी आवाज

**बस्ती।** घूस लेते विजिलेंस के हत्थे चढ़े सल्टौआ के खंड षिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह को प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय षंकर षुक्ल ने ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को पहले निलंबित और उसके बाद विभाग को बर्खास्त करने की कार्रवाई करनी चाहिए, क्यों कि अगर इन्हें बर्खास्त नहीं किया गया तो जेल से छूटते ही फिर से भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाएगें। कहते हैं कि इस तरह के अधिकारी समाज और विभाग दोनों के लिए खतरा होते है। कहा कि घूसलेते पकड़कर विजिलेंस ने अच्छा काम किया है। बेसिक में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अक्सर धरना-प्रदर्षन और पत्रों के जरिए आवाज उठाने वाले जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में एक भी ऐसे खंड षिक्षा अधिकारी नहीं है, जो षिक्षकों और बच्चों के बीच आदर्ष प्रस्तुत कर सके। कहते हैं कि इस घटना के बाद सबसे बुरा प्रभाव उन स्कूली बच्चों पर पड़ेगा।

# श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को मिली टूलकिट

संवाददाता। संतकबीरनगर

● पांच लाभार्थियों को मिला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्वीकृति पत्र

**विश्वकर्मा** जंयती के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत उ0प्र0 के मुख्यमंत्री ने लखनऊ में लाभार्थियों को विभिन्न रोजगारों से सम्बन्धित टूल किट वितरित कर शुभकामनाएं दी तथा उपस्थित सभी लोगो ने सजीव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री के संवाद/उद्बोधन को सुना। जिसके क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक मेहदावल राकेश सिंह बघेल तथा अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत जनपद में चयनित विभिन्न रोजगारों से सम्बन्धित 200 प्रशिक्षण प्राप्त पात्र लाभार्थियों को ट्रेड टूलकिट वितरित कर बधाई दी। जिसमें दर्जी, नाई, बढ़ई, राज मिस्त्री, हलवाई तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। विधायक मेहदावल राकेश सिंह बघेल ने कहा कि केन्द्र/राज्य सरकार पिछ्ड़े/गरीब वर्ग के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रदान कर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनांतर्गत ट्रेड टूलकिट प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही पिछड़े/गरीब वर्ग के व्यक्तियों को और आगे बढ़ाया जायेगा। केन्द्र/प्रदेश में हमारी सरकार के आने के बाद अमूल परिवर्तन के साथ प्रतिभाओं को सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित हेतु रोजगार के लिए संसाधन सृजन करने तथा ट्रेनिंग आदि पर टूल्स का वितरण कर रोजगार के साधन को बढ़ावा देने का काम किया गया है। टूल किट वितरण समारोह दर्जी, नाई, राज मिस्त्री, बढ़ई, राजमिस्त्री आदि क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को एडवांस टेक्नोलॉजी पर आधारित टूलकिट का निशुल्क वितरण कर उनके रोजगार को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से कहा कि इसी प्रकार आप लोग अन्य व्यक्तियों को प्रेरित करें और पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, अग्रणी जिला प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक संजय कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राकेश कुमार, सहायक प्रबंधक पंकज कुमार पाण्डेय, सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं का धरना जारी

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज तहसील के अधिवक्ताओं का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। अधिवक्ता तहसीलदार के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे। करनैलगंज तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा की अगुवाई में दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं का धरना व क्रमिक अनशन जारी रहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष ने कहा कि तहसीलदार की हठधर्मिता समाप्त न होने तक अनशन अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तहसीलदार का कुछ ही दिन में भूमाफियाओं से गहरा सम्बन्ध हो गया है। जिससे न्याय प्रभावित हो रहा है। त्रिलोकीनाथ तिवारी ने कहा कि धारा 34 व धारा 38 की अविवादित पत्रावलियों की भी सुनवाई नही कर रहे हैं। बैनामा के दाखिल खारिज की पत्रावलियों में लेखपाल से अवैध वसूली करवा रहे हैं। आम जनता के शिकायती पत्र पर कोई आदेश न करके उसे अपने पास रख लेते है। जिससे जनता की समस्या बढ़ गई है।

# शुचिता के साथ सम्पन्न कराएं अंक सुधार परीक्षा: मार्कण्डेय शाही

संवाददाता। गोंडा

● बैठक में डीएम ने जारी किए सख्त आदेश

**जिलाधिकारी** मार्कण्डेय शाही ने माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित अंक सुधार परीक्षा 2021 को पूरी शुचिता के साथ सम्पन्न कराने के आदेश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में परीक्षाकेन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक, सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि अंकर सुधार परीक्षा मानकों एवं नियमों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के सम्पन्न कराई जाय। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा जनपद में कुल 10 परीक्षा केन्द्रों पर शनिवार 18 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में हाईस्कूल के 338 एवं इण्टरमीडिएट के 585 छात्र सम्मिलित होगें। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों में 10 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 10 पर्यवेक्षक, 04 सचलदल, 45 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 04 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों को जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम से व राज्य स्तरीय कण्ट्रोल रूम से जोड़ा जा चुका है तथा कण्ट्रोल रूम में पर्यवेक्षण हेतु नोडल व पाली वार प्रभारी अधिकारियों की तैनाती की गई है। डीएम निर्देश दिए कि जिला स्तरीय कण्ट्रोल रूम में जनपद के सभी 10 परीक्षा केन्द्र सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में निरन्तर आन लाइन रखा जाय तथा इसके निरन्तर पर्यवेक्षण के लिए कण्ट्रोल रूम में नोडल एवं प्रभारी अधिकारी तैनात रहेगें। उन्होंने कहा कि यदि किसी परीक्षाकेन्द्र में सी0सी0टी0 कैमरा सुचारू रूप से न चल रहा हो तो उसकी लिखित रिर्पोट तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक को दी जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए सभी परीक्षा केन्द्रों में तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने ड्यूटी तिथि को परीक्षा प्रारम्भ के समय सुबह 08 बजे प्रथम पाली व 02 बजे दोपहर द्वितीय पाली में शुरू होने से 45 मिनट पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र में पहुंच जायें और वहां पर तैनात अधिकारियों, कक्ष निरीक्षकों, आन्तरिक सचल दल के सदस्यों की उपस्थिति की जांच करेगें। स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि वह अपनी उपस्थिति में प्रश्न पत्रों को खुलवाना सुनिश्चित करेंगें तथा परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं को सील कराने के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र छोडेगें।

# भाजपा ने मोदी का मनाया जन्मदिन नगर कमेटी ने किया समाजसेवा

● भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा ने मरीजों को फल वितरित किया


बाल आश्रम के बच्चों के साथ भाजपा पदाधिकारी पायनियर

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर कमेटी खलीलाबाद द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिन सेवा और समर्पण अभियान के तहत इंडस्ट्रियल एरिया बगहीया में संत कबीर बाल आश्रम के बच्चो में अंग वस्त्र एवं फल ब्रेड बिस्किट केक आदि वितरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का सपना सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान और सबका विश्वास को पूरा करने के लिए हम सभी कार्यकर्ता दृढ़ संकल्पित है। मोदी ने भारत का परिचम पूरे विश्व में लहराया है कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक से छुटकारा और अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्म भूमि का निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसकी जन-जन में प्रशंसा हो रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच के अनुरूप प्रधानमंत्री देश के निचले तबके के लिए भी कार्य कर रहे हैं जो एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास बिरला, विस्तारक विश्वजीत चतुर्वेदी, महामंत्री मुरलीधर जायसवाल, कमलेश जायसवाल, विनोद अग्रहरी, श्याम बिहारी गुप्ता, विवेक मिश्रा, सुनील सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# शहर से पानी निकासी के लिए डीएम ने ईओ को दिया निर्देश

● जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने एडीएम व एसडीएम के साथ शहर का किया भ्रमण, पानी भराव निकासी की ली जानकारी



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा खलीलाबाद नगर पालिका में विगत 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण जलभराव की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने मेहदावल रोड, मेहदावल चौराहा, फल मंडी मुखलिसपुर तिराहा, बनियाबारी रोड, गोरखल, गोला बाजार आदि स्थानों पर जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि मुखलिसपुर तिराहे पर ओवर ब्रिज के नीचे रोड कटिंग करवा कर जल निकासी का प्रबंध तत्काल करा लिया जाए जिससे शहर में जलजमाव ना होने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में कहीं भी ब्लॉकेज एवं चोक नालियां हो तो उसे तत्काल खुलवा कर शहर से पानी अविलंब निकलवाए जिससे आम जनमानस एवं व्यापारियों को आवागमन की समस्या न उत्पन्न होने पाये। उन्होंने कहा कि शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, एसडीएम खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, अपर जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली तक जाएगी एसएसबी व सीआईएसएफ जवानों की साइकिल रैली

● जवानों का सांसद विधायक, डीएम और सीडीओ ने किया जोरदार स्वागत

संवाददाता। बस्ती



**भारत** की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ एवं एसएसबी के जवानों के द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जो जिले में गुरुवार की शाम को ऑडिटोरियम में पहुंची। यहां पर इनका स्वागत सांसद हरीश द्विवेदी, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय चौधरी, विधायक दयाराम चौधरी, डीएम सौम्या अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार की सुबह यह रैली कप्तानगंज के लिए रवाना हो गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनमोल शाही द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति की गई। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के अमित सिंह कमांडिंग ऑफिसर द्वारा भारत नेपाल सीमा और भारत भूटान सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की गौरवशाली इतिहास एवं वर्तमान में कार्य, सीमा की सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस साइकिल रैली के बारे में भी जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली अयोध्या ,लखनऊ, एवं उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों से होते हुए दिल्ली तक जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रिदम अकादमी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। रविंद्र निषाद द्वारा गायन एवं अश्वनी राज द्वारा डांस प्रस्तुति की गई। श्री अरविंद कुमार द्वारा बांसुरी वादन प्रस्तुत किया गया। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि भारत की आजादी की गौरवशाली इतिहास रहा है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को स्वतंत्रता की संघर्ष गाथा जानने का मौका मिलता है। उन्होंने दोनों बल के जवानों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए शुभकामना व्यक्त किया। विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिले के सभी प्रमुख स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस प्रकार हम अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को याद करके अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि हमें अपने धरोहरों को संजोने की आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ी को इससे परिचित कराया जा सके। डीएम सौम्या अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कप्तानगंज, हरैया, छावनी, विक्रमजोत में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से इन जवानों का हौसला बढ़ाने पर विशेष बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ तथा चौरी चौरा कांड की 100वीं वर्षगांठ पर आगामी वर्ष 2023 तक आजादी की लड़ाई की प्रमुख तिथियों, स्थानों पर नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार श्रीवास्तव, मानवी सिंह, सत्या पांडे ने किया।

# न्यूजीलैंड ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा किया रद्द

**भाषा।** रावलपिंडी



**न्यूजीलैंड** क्रिकेट टीम ने पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से ठीक पहले शुक्रवार को सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए पाकिस्तान का अपना वर्तमान दौरा रद्द कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे एकतरफा फैसला करार देते हुए कहा कि मेहमान टीम की सुरक्षा को किसी तरह का खतरा नहीं था। यह न्यूजीलैंड का पिछले 18 वर्षों में पाकिस्तान का पहला दौरा था। इस श्रृंखला में तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे।

कोविड-19 के कारण इस मैच को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों के साथ खेला जाना था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि दौरे से हटने पर न्यूजीलैंड को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) को जवाब देना होगा। रमीज ने कहा, बेहद ही निराशाजनक दिन। मुझे प्रशंसकों और हमारे खिलाड़ियों के लिए बहुत खेद है। सुरक्षा खतरे पर एकतरफा फैसला लेकर दौरे से हटना बहुत निराशाजनक है। खासकर जब वे इस खतरे को साझा भी नहीं कर रहे है। न्यूजीलैंड किस दुनिया में रह रहा है ?? न्यूजीलैंड को आईसीसी में हमें जवाब देना होगा। समस्या तब शुरू हुई जब सीमित ओवरों की श्रृंखला का पहला वनडे रावलपिंडी स्टेडियम में शुक्रवार को समय पर शुरू नहीं हुआ और दोनों टीमें होटल के अपने कमरों में ही रही। इसके बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बयान जारी करके कहा कि उन्हें जो सलाह मिल रही थी उसे देखते हुए दौरा जारी रखना संभव नहीं है। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को इस दौरे पर पहुंची थी। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह पीसीबी के लिए करारा झटका होगा जो कि शानदार मेजबान रहा है लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हमारा मानना है कि इसके लिए यही जिम्मेदारी भरा विकल्प है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी तरफ से कहा कि न्यूजीलैंड ने श्रृंखला स्थगित करने का एकतरफा फैसला किया। पीसीबी ने बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान सरकार सभी मेहमान टीमों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करती है। हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी इसका आश्वासन दिया था। उसने कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री (इमरान खान) ने व्यक्तिगत स्तर पर न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री (जेसिंडा अर्डर्न) से बात की और उन्हें बताया कि हमारे पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खुफिया प्रणाली है और मेहमान टीम के लिए किसी भी तरह का कोई सुरक्षा खतरा नहीं है। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भी शुक्रवार की घटनाओं पर निराशा जताई। उन्होंने ट्वीट किया, श्रृंखला के अचानक स्थगित होने से बेहद निराश हूं, यह लाखों पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसकों के लिए मुस्कान वापस ला सकता था। उन्होंने कहा,मुझे हमारी सुरक्षा एजेंसियों की क्षमताओं और विश्वसनीयता पर पूरा भरोसा है। वे हमारा गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान जिंदाबाद। इससे पहले 2002 में भी न्यूजीलैंड ने कराची में टीम होटल के बाहर बम विस्फोट के बाद दौरा बीच में रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के मुख्य कार्यकारी हीथ मिल्स ने कहा कि खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ हित में दौरा रद्द करने का फैसला किया गया। मिल्स ने कहा, खिलाड़ी सुरक्षित हैं और प्रत्एक अपने सर्वश्रेष्ठ हितों में काम कर रहा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सुरक्षा खतरों के बारे में विस्तार से नहीं बताएगा और न ही टीम की वापसी के लिए की जा रही व्यवस्था पर टिप्पणी करेगा। इस दौरे पर आई न्यूजीलैंड टीम में कप्तान केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, काइल जैमीसन और लॉकी फर्ग्यूसन जैसे बड़े सितारे नहीं थे। ए सभी खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा हैं। पीसीबी ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम के साथ आए सुरक्षा अधिकारी भी यहां की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट थे। बयान में कहा गया है, पीसीबी मैचों के आयोजन जारी रखने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और विश्व भर के क्रिकेट प्रेमी आखिरी क्षणों में श्रृंखला रद्द किए जाने से निराश होंगे। अंतरराष्ट्रीय टीमें 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर लाहौर में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा करने से बचती रही हैं। श्रीलंकाई टीम जब टेस्ट मैच खेलने के लिए गद्दाफी स्टेडियम जा रही थी तब उस पर हमला किया गया था। इस हमले में श्रीलंका टीम के छह सदस्य घायल हो गए थे जबकि छह पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान चली गई थी। पाकिस्तान को इस साल के आखिर में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज तथा अगले साल के शुरू में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करनी है। न्यूजीलैंड के निर्णय के बाद इन दौरों पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। लंदन में जारी एक बयान में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि वह स्थिति की निगरानी कर रहा है और बाद में इस पर फैसला करेगा कि टीम 13 और 14 अक्टूबर को होने वाले दो टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं। ए मैच रावलपिंडी में खेले जाने हैं। ईसीबी ने कहा, बोर्ड अगले 24 से 48 घंटों में तय करेगा कि हमारा पहले से तय दौरा कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगा या नहीं। वेस्टइंडीज का पाकिस्तान दौरा दिसंबर में निर्धारित है और इसमें तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम को अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं।

## श्रृंखला के अचानक रद्द होने से बहुत निराश हूंः बाबर आजम



**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड के सुरक्षा खतरे का हवाला देकर दौरा रद्द करने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वह इससे बहुत निराश हैं जबकि पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने न्यूजीलैंड पर उनके देश में खेल की हत्या करने का आरोप लगाया। न्यूजीलैंड ने एक भी गेंद खेले बिना दौरा रद्द कर दिया और यह 18 साल में उसका पाकिस्तान के खिलाफ पहला दौरा था जिसमें तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला शामिल थी। कोविड-19 खतरे को ध्यान में रखते हुए इस श्रृंखला के लिए 25 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

आजम ने शुक्रवार की घटनाओं पर निराशा जताई। उन्होंने ट्वीट किया, श्रृंखला के अचानक रद्द होने से बेहद निराश हूं, यह लाखों पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसकों के लिए मुस्कान वापस ला सकता था। उन्होंने कहा,मुझे हमारी सुरक्षा एजेंसियों की क्षमताओं और विश्वसनीयता पर पूरा भरोसा है। वे हमारा गौरव हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान जिंदाबाद। वहीं शोएब अख्तर ने गुस्से में कहा, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान क्रिकेट की हत्या कर दी। अख्तर ने कहा कि न्यूजीलैंड को याद रखना चाहिए था कि क्राइस्टचर्च हमले में नौ पाकिस्तानी मारे गए थे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान तब न्यूजीलैंड के साथ मजबूती से खड़ा रहा। पाकिस्तान ने कोविड-19 की खराब परिस्थितियों में न्यूजीलैंड का दौरा किया जबकि उस दौरे पर न्यूजीलैंड अधिकारियों ने इतना खराब व्यवहार किया था। लगातार दो ट्वीट में अख्तर ने लिखा, यह महज असत्यापित खतरा था, इस पर चर्चा की जा सकती थी। प्रधानमंत्री इमरान खान ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री से बात करके आश्वासन दिया था लेकिन फिर भी इससे इनकार कर दिया गया।

# यूएई में आईपीएल 2020 के प्रदर्शन को दोहराना चाहता हूं : नोर्जे

**भाषा।** दुबई



**दक्षिण** अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे रविवार से यहां बहाल हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में पिछले 2020 चरण के प्रदर्शन को दोहराकर दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। नोर्जे पिछले आईपीएल चरण में पहली बार टी20 लीग में खेले थे और उन्होंने 16 मैचों में 22 विकेट चटकाकर दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी। फाइनल में टीम मुंबई इंडियंस से हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अब 22 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नोर्जे ने कहा, यहीं पर मेरे लिए आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी लेकिन इस सत्र में मैं एक बार में एक ही मैच पर ध्यान लगाऊंगा। आईपीएल के बाद भी काफी टूर्नामेंट खेलने हैं। उन्होंने कहा, हमें यह याद रखने की कोशिश करनी होगी कि हमने यहां पिछली बार क्या किया था और फिर से उसी को लागू करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हम पिछली बार के प्रदर्शन का दोहराव करेंगे। इस 27 साल के तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल 2021 का दूसरा हाफ सत्र के पहले हाफ से पूरी तरह से अलग होगा। उन्होंने कहा, जो चीज एक जगह (भारत में) कारगर रही थी, वो दूसरी जगह (संयुक्त अरब अमीरात में) काम नहीं करेगी इसलिए हमें एक एक मैच पर ध्यान लगाना होगा। यूएई में आगामी मैच सत्र के शुरू में हुए मुकाबलों से पूरी तरह से अलग होंगे।

## आर्मी ग्रीन डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल में

**कोलकाता।** दीपक सिंह के गोल से पूर्व चैम्पियन आर्मी ग्रीन ने शुक्रवार को यहां ग्रुप बी के अंतिम मैच में सुदेवा दिल्ली एफसी को।-0 से हराकर डूरंड कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जमशेदपुर एफसी भी अपना अंतिम ग्रुप मैच खेल रही थी लेकिन उसे एफसी गोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। इससे आर्मी ग्रीन ग्रुप की शीर्ष टीम एफसी गोवा के साथ क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। आर्मी ग्रीन के लिए दीपक सिंह ने 51वें मिनट में गोल किया जिसमें दीप मजूमदार ने उनकी मदद की। दिन के अन्य मुकाबले में एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को हरा दिया जिससे उसके नौ अंक हो गए और उसने अपनी इंडियन सुपर लीग की प्रतिद्वंद्वी टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। एफसी गोवा के लिए देवेंद्र मुरगांवकर ने 20वें और 44वें मिनट में जबकि मोहम्मद नेमिल ने 46वें और 81वें मिनट में दो दो गोल किए। प्रिंसटन रेबेलो ने 26वें मिनट में एक गोल दागा।

# शिवा थापा अंतिम-16 में, गौरव बिधूड़ी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से बाहर

**भाषा।** बेल्लारी (कर्नाटक)



**पांच** बार के एशियाई चैम्पियन मुक्केबाज शिवा थापा (63.5 किग्रा) ने नॉकआउट जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की तो वहीं, हरियाणा के सचिन ने शुक्रवार को विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता गौरव बिधूड़ी को हराकर यहां जारी पांचवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

असम का प्रतिनिधित्व करने वाले थापा ने शुरूआती दौर के अपने मुकाबले में इस्पात संयंत्र खेल बोर्ड (एसपीएसबी) के शुभम ममता को नॉकआउट से हरा दिया। मुकाबले के दौरान संतुलन बिगड़ने के बाद शुभम का चिकित्सा टीम ने इलाज किया। टूर्नामेंट के एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, उसे दर्द महसूस हो रहा है लेकिन उसे ठीक होना चाहिए। कल उसका फिर से आकलन किया जाएगा।

इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में खेले जा रहे मुकाबले में खिताब के दावेदार रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के गौरव के खिलाफ 57 किग्रा भारवर्ग में सचिन ने कलात्मक खेल दिखाते हुए संयम बनाए रखा और 4-। की जीत दर्ज की। हरियाणा के एक अन्य मुक्केबाज और दक्षिण एशियाई खेलों के चैंपियन अंकित खटाना ने हिमाचल प्रदेश के धर्म पाल को सर्वसम्मत फैसले के आधार पर हराकर 75 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना के सावियो डोमिनिक माइकल (54 किग्रा) और गोवा के अशोक पाटिल (67 किग्रा) ने भी 4-। की समान जीत के साथ अंतिम-आठ चरण में जगह पक्की की। सावियो ने झारखंड के कृष्णा जोरा को हराया, तो वहीं अशोक पाटिल ने हिमाचल प्रदेश के मोहन चंदर को मात दी। चैम्पियनशिप के तीसरे दिन आगे का सफर तय करने वाले अन्य मुक्केबाजों में चंडीगढ़ के कुलदीप कुमार (48 किग्रा) और सचिन भी शामिल है। कुलदीप ने राजस्थान के सुशील सहरान पर आसान जीत दर्ज की। सचिन 71 किग्रा भार वर्ग के शुरूआती दौर के मुकाबले के दौरान बिहार के रौशन कुमार के खिलाफ आक्रामक हो गए और इसी कारण रेफरी ने प्रतियोगिता रोक दी और उन्हें विजेता घोषित कर दिया। महाराष्ट्र के मुक्केबाज निखिल दुबे (75 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने अंतिम-16 दौर के मैच में तेलंगाना के वेणु मंडला को हराया। इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने बेलग्रेड में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाएगा।

# पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीजेंड्स लीग क्रिकेट की बन रही योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** सहित कुछ अन्य देशों के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अगले साल मार्च में यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट नामक टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आयोजकों ने फिलहाल टूर्नामेंट के लिए करार करने वाले खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं की। उन्होंने हालांकि दावा किया कि इसमें भारत, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के कुछ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, लीग हर साल दो बार खेली जाएगी। पहले सत्र में लीग का आयोजन त्रिकोणीय श्रृंखला की तरह होगा जिसमें भारतीय टीम, एशियाई टीम और शेष विश्व टीम एक-दूसरे के खिलाफ खेलेगी। उन्होंने बताया, इसका मतलब यह हुआ कि फाइनल से पहले छह लीग मैच खेले जाएंगे। इसके सह-संस्थापक और प्रमोटर विवेक खुशलानी ने कहा कि यह बड़ा टूर्नामेंट होगा। उन्होंने कहा, जब हम इसके बारे में विचार बना रहे थे तब काफी उत्साहित थे। भारतीय दिग्गजों (संन्यास ले चुके खिलाड़ियों) को खेलते हुए देखने के बारे में सोच कर ही खुशी हो रही थी।

## खेल पंचाट ने आस्ट्रेलियाई तैराक जैक को फिर से प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने की अनुमति दी

**लुसाने ( एपी )।** आस्ट्रेलियाइ तैराक शायना जैक को अपना प्रतिस्पर्धी करियर फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। डोपिंग मामले के कारण वह इस साल टोक्यो ओलंपिक में भाग नहीं ले पाई थी। खेल पंचाट ने गुरुवार को कहा कि उसने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) और आस्ट्रेलियाई संस्था का जैक पर दो के बजाय चार साल का प्रतिबंध लगाने की अपील नामंजूर कर दी है। जैक ने दो साल का प्रतिबंध जुलाई में पूरा कर दिया था। पंचाट ने बयान में कहा, जांच से पता चला है कि उन्होंने जानबूझकर या लापरवाही में प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया। जैक को 2019 में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबोलिक पदार्थ लिंगेड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया था। विश्व चैंपियनशिप 2017 में चार पदक जीतने वाली इस 22 वर्षीय तैराक ने डोपिंग से इन्कार किया था और मिलावट वाले पोषक पदार्थ को इसके लिए दोषी ठहराया था। आस्ट्रेलियाई खेल पंचाट और वाडा ने उन पर चार साल का प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

# चोटों से परेशान स्वप्ना ने संन्यास लेने का मन बनाया

**भाषा।** कोलकाता



**पीठ** की चोट के कारण अवसाद से जूझ रही एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एथलीट स्वप्ना बर्मन ने संन्यास लेने का फैसला किया है जिसकी औपचारिक घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे की एथलीट स्वप्ना ने वारंगल में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने के 24 घंटे के अंदर यह फैसला लिया है। स्वप्ना ने वारंगल से पीटीआई-भाषा से कहा, मेरा शरीर अब और सहन नहीं कर पा रहा है। मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं और यह आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मैं थोड़ी भ्रमित हूं, लेकिन मैंने मानसिक रूप से 80-90 प्रतिशत इसे छोड़ने का मन बना लिया है। मैं कोलकाता पहुंचने के बाद बड़ी घोषणा करूंगी। स्वप्ना ने यहां अपने चहेते हेप्टाथलॉन स्पर्धा में भाग नहीं लिया।

उन्होंने कहा, मैं यहां किसी स्पर्धा में भाग नहीं लेना चाहती थी, लेकिन रेलवे की प्रतिबद्धताओं के कारण मुझे यहां भाग लेना पड़ा। जकार्ता 2018 में एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय हेप्टाथलीट बनने के बाद, स्वप्ना चोटों से जूझती रही। दोनों पैरों में छह-छह उंगलियां वाली इस खिलाड़ी ने 2019 में दोहा में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। यह उनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण स्वप्ना 2020 में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकती थी और 2021 में उसने तोक्यो खेलों का क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने का लक्ष्य रखा था लेकिन फिर से चोट लगने और महामारी की दूसरी लहर ने उसकी सभी योजनाओं को पटरी से उतार दिया। उन्होंने इस साल सिर्फ फेडरेशन कप और मौजूदा राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लिया है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कुछ चीजें मेरी किस्मत में नहीं थी। मैं इसके लिए बहुत कोशिश की लेकिन चोटों से संघर्ष करना पड़ और इसे हासिल नहीं कर सकी। स्वप्ना ने चिकित्सकों की सलाह पर सर्जरी में देरी की और रिहैबिलिटेशन पर भरोसा किया, लेकिन इससे ज्यादा आराम नहीं मिला और वह हालांकि सर्जरी को और टालने से बचना चाहती है। स्वप्ना ने भावुक होकर कहा आखिरकार मुझे सर्जरी करवानी ही होगी। इस स्पर्धा के दौरान भी मैं पीठ दर्द से परेशान थी। जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल) की यह एथलीट पिछले साल उस समय विवादों में घिर गई थी, जब उसके घर पर वन विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा था। उन पर कथित रूप से अवैध तरीके से लकड़ी रखने का आरोप था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उनका विरोध भी किया था। स्वप्ना ने कहा, लोग मेरी उपलब्धियों से ईर्ष्या करते हैं और मेरी मां को बहुत उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

# स्ट्राइकर को नेट के सामने आक्रामक होना चाहिएः चौधरी



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** टीम के युवा फारवर्ड फारूख चौधरी को लगता है कि एक स्ट्राइकर को किसी भी मैच में टीम को फायदा दिलाने के लिए नेट के सामने आक्रामक होना चाहिए। हाल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पहला गोल करने वाले चौधरी ने कहा कि अच्छे फारवर्ड की निशानी है कि वह शांत बना रहने के साथ आत्मविश्वास से भरा हो। चौधरी ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) टीवी से कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि एक स्ट्राइकर पूरी तरह अलग होता है। जब बचाव करने की बात आती है तो सभी को मिलकर बचाव करना होता है। लेकिन जब हमले की बात की जाए तो स्ट्राइकर पर अलग तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने कहा, आप अपने स्ट्राइकर से चाहोगे कि वह गोल करे। टीम में उसके रहने का यही मुख्य कारण है। इसके लिए सबसे अहम चीज फोकस है, आपको पूरे 90 मिनट तक मैच पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होती है। स्ट्राइकर को नेट के सामने आक्रामक होना चाहिए।



**सर्बिया के राजको मिटिक स्टेडियम में रेड स्टार और ब्रागा के बीच यूरोपा लीग मैच में ब्रागा खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का अभिवादन किया।**

## कार्ली लॉयड ने पांच गोल दागे, अमेरिका ने पराग्वे को 9-0 से शिकस्त दी

**एपी।** क्लीवलैंड

**दिग्गज** फुटबॉलर कार्ली लॉयड के रिकार्ड पांच गोल की मदद से अमेरिका ने महिला फुटबॉल मैच में गुरुवार को पराग्वे पर 9-0 से बड़ी जीत दर्ज की। लॉयड अभी 39 वर्ष की हैं और वह अमेरिका की तरफ से अब केवल तीन और मैच खेलेंगी। वह पहले ही संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी हैं। लॉयड ने पहले पांच मिनट में ही दो गोल दाग दिए थे तथा मध्यांतर से पहले उन्होंने दो और गोल किए जिससे अमेरिका 6-0 से आगे हो गया। उन्होंने अपना पांचवां गोल 61वें मिनट में किया। इस तरह से उन्होंने एक मैच में सर्वाधिक गोल करने के अलेक्स मोर्गन के अमेरिकी रिकार्ड की बराबरी की। मोर्गन ने विश्व कप 2019 में थाईलैंड के खिलाफ पांच गोल किए थे। लॉयड अमेरिका की तरफ से 313 मैचों में 133 गोल दाग चुकी हैं। उनके नाम पर नौ हैट्रिक भी दर्ज हैं।

# चंडीगढ़ की लखमेहर ने पहला डब्ल्यूपीजी टूर खिताब जीता

**भाषा।** नोएडा

**लखमेहर** परदेसी ने शुक्रवार को यहां नोएडा गोल्फ कोर्स में हीरो महिला प्रो गोल्फ (डब्ल्यूपीजी) टूर के नौवें चरण का खिताब अपने नाम किया। चंडीगढ़ की गोल्फर की डब्ल्यूपीजी टूर की यह पहली ट्राफी है। वह 15 अक्टूबर को 22 वर्ष की हो जाएंगी और इस खिताब से उन्होंने अपने जन्मदिन से पहले ही खुद को तोहफा दे दिया। वह अंतिम दिन ज्यादातर समय पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने सयंम बनाए रखा। उन्हें जाहन्वी बक्शी पर सीधे जीत हासिल करने के लिए आठ फीट से पुट करने की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके राहत की सांस ली। इससे पहले डब्ल्यूपीजी टूर पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पांचवां स्थान रहा था। इस युवा गोल्फर ने कहा, यह मेरे लिए बड़ी जीत है।


## हनी बैस्य ने चार शॉट की बढ़त बनाई

**श्रीनगर।** दिल्ली के गोल्फर हनी बैस्य ने शुक्रवार को यहां जेएंडके (जम्मू कश्मीर) ओपन 2021 गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह चार शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। छह बार के पीजीटीआई विजेता बैस्य (67, 69, 66) ने तीनों दिन बेहतरीन गोल्फ खेला और एक भी बोगी नहीं की। कार्तिक शर्मा (69-72-65) ने शानदार फार्म जारी रखी और वह 40 लाख रूपए की ईनामी राशि के पीजीटीआई टूर्नामेंट में 10 अंडर 206 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। पंचकुला के अंगद चीमा (69-71-66) ने 66 का कार्ड खेला जिससे वह कार्तिक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

**ऑनलाइन फिटनेस क्लासेस के चलन ने हमें यह एहसास कराया है कि फिट रहने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आपका पसंदीदा फिटनेस शासन बस एक क्लिक दूर है, जानकारी दे रहे हैं 'जितेंद्र चौकसे'।**


## फिट रहने के लिए

# ऑनलाइन कक्षाएं



हमने पिछले डेढ़ साल में दुनिया को उल्लेखनीय रूप से बदलते देखा है। कोविड-19 के बाद की दुनिया ने हमें अपनी दिनचर्या के हिस्से के रूप में अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सामना करना सिखाया है।

एक प्रमुख प्रवृत्ति जो उभर कर सामने आई वह थी फिट होने के प्रति बढ़ती जागरूकता। जनरेशन एक्स और वाई से जेनरेशन जेड और अल्फा तक, सभी ने स्वस्थ रहने के लिए एक शासन स्थापित करने के लिए जमीन और घरेलू क्षेत्र में कदम रखा, जबकि दूसरों को भी इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सोशल मीडिया स्ट्रीम और समुदाय विभिन्न जनसांख्यिकी के लोगों के लिए अपनी जीवन शैली को बदलने के लिए फिटर कोच के साथ नामांकन की अपनी यात्रा को पंजीकृत करने के लिए आभासी आधार बन गए। कई जोड़ों ने शरीर की सकारात्मकता को बढ़ावा देकर और युगल चिकित्सा के रूप में फिटनेस को उजागर करके, कपल फिटनेस गोल्स साझा करके और दूसरों को अपने फिटनेस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करके अपनी फिटनेस यात्रा शुरू की, जिसे फिटनेस क्षेत्र प्रमाणित कर सकता है!




भारत में फिटनेस समुदाय एक नवोदित पारिस्थितिकी तंत्र के आगमन के साथ तेजी से विकसित हुआ है जिसमें सतर्क उपभोक्ताओं, फिटनेस सेवा प्रदाताओं के साथ सरकारी पहल शामिल हैं। हालांकि, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विचार भारतीयों के लिए नया नहीं है - योग, अखाड़े, आयुर्वेद और ध्यान हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। वैश्वीकरण और सूचना की उपलब्धता में आसानी के साथ, पारंपरिक प्रथाओं और अभ्यासों को भारत में एक आधुनिक, गतिशील और बढ़ते फिटनेस उद्योग द्वारा प्रबलित और पूरक किया जा रहा है।

रेडसियर कंसल्टिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश का फिटनेस उद्योग, जिसमें उपकरण, स्पोर्ट्सवियर, फिटनेस सेवाएं और मनोरंजक खेल शामिल हैं, का मूल्य 2018 में 12 बिलियन डॉलर था।

फिटनेस सर्विसेज सेगमेंट पर फिक्की, ईएंडवाई, रेडसीर कंसल्टिंग, ग्लोबल वेलनेस इंस्टीट्यूट, और आईएचआरएसए एंड फिटर्निटी की हालिया उद्योग रिपोर्ट का अनुमान है कि फिटनेस सेवाओं के लिए सालाना औसतन यूएस 350 डॉलर से यूएस डॉलर 400 तक खर्च करने वाले छह मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो कि यूएस की राशि है। 2.6 बिलियन का बाजार आकार।

समग्र फिटनेस उद्योग के 27 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने और 2022 तक 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निशान को छूने की उम्मीद है, जिसमें फिटनेस सेवाएं (जैसे जिम, स्लिमिंग सेवाएं और जुम्बा, एरोबिक्स, क्रॉसफिट, आदि जैसे प्रारूप) योगदान देंगे। लगभग 6.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर।

### वर्चुअल फिटनेस : किसी के लिए भी और सभी के लिए अधिक से अधिक पहुंच लाना!

जैसा कि हम महामारी के प्रभावों और प्रभावों से जूझना जारी रखते हैं, अब फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों की एक नई नस्ल सामने आई है। 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 77 प्रतिशत भारतीयों ने घर के कामों को वर्चुअल क्लासेस और डीआईवाई होम वर्कआउट रूटीन के साथ जोड़कर फिट रहने की कोशिश की। जिम और फिटनेस सेंटर बंद होने के साथ, घर के अंदर व्यायाम करने के लिए सीमित स्थान और जिम जैसी व्यवस्था की कमी के साथ फिटनेस उपकरणों की बहुत कम पहुंच के साथ, फिट रहने के लिए अभिनव होना समय की आवश्यकता बन गया। फिटर और अन्य जैसे फिटनेस ऐप के साथ, किसी की आवश्यकता के अनुसार सही व्यायाम, कोच, आहार ढूंढना सहज हो गया है।

छतों और बैठक कक्षों से, अच्छी कनेक्टिविटी वाली कोई भी जगह जो लाइव ऑनलाइन कोचिंग की अनुमति देती है, हर किसी का अपना निजी फिटनेस सेंटर बन गया! फिटनेस कोच रचनात्मक बन गए, इन वातावरणों के लिए अनुकूलित अभ्यासों के साथ दिनचर्या को क्यूरेट करना।

### डिजिटल फिटनेस : व्यक्तिगत होना घर पर ट्रेनर

वायरस के खतरे के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर और ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों तक आसान पहुंच के साथ, वर्कआउट-एट-होम एक महामारी फिटनेस प्रवृत्ति बन गई है, जिससे वर्चुअल फिटनेस उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए विविध पेशकशों में तेज उछाल आया है। किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 84 प्रतिशत फिटनेस उत्साही लोगों ने लॉकडाउन के दौरान कम से कम तीन बार लाइव-स्ट्रीमिंग फिटनेस कक्षाओं की कोशिश की।

ऑनलाइन पेशकशों के साथ, फिटनेस एक्सेसरीज़ और योग मैट, डंबल्स जैसे उपकरणों की मांग में भी वृद्धि हुई है। लोगों ने अपनी जीवन शैली में मात्रात्मक पोषण और शारीरिक व्यायाम को शामिल करने की आवश्यकता को पहचाना है और वे अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक जागरूक और जागरूक हो रहे हैं और फिटनेस को अपने जीवन में एकीकृत करने के लिए विभिन्न विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

फिटनेस उद्योग के साथ ऑनलाइन विकास के लिए सबसे बड़ी छलांग और लगभग पूरी तरह से डिजिटल होने के साथ, फिटनेस विशेषज्ञों और पोषण विशेषज्ञों की आवश्यकता बढ़ गई है। मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, फिटनेस विशेषज्ञों ने भी खुद को वर्ल्ड वाइड वेब के शिल्प से लैस किया है और अपनी पेशकशों को ऑनलाइन में तेजी से संशोधित किया है। कुछ ही समय में, ऑनलाइन फिटनेस कोचिंग एक आकर्षक व्यवसाय और एक वैकल्पिक करियर विकल्प बन गया है, जिसमें कई लोग प्रमाणित प्रशिक्षक बनने के लिए आवेदन करते हैं और यहां तक कि ऑनलाइन फिटनेस पाठ्यक्रम लेकर विशेष फिटनेस प्रमाणपत्र भी अर्जित करते हैं।

डिजिटल फिटनेस उद्योग के फलने-फूलने का एक प्रमुख कारण यह है कि लोग अब घर पर अपने आरामदायक स्थान पर वर्कआउट करने के लाभों को समझते हैं। यह लगभग आपके घर पर आपके साथ आपका निजी प्रशिक्षक होने जैसा है :

- **समय कोई समस्या नहीं है**

यह बहाना कि 'मुझे काम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण काम करने का समय नहीं मिलता' अब लागू नहीं है। पहले, जिम या स्टूडियो जाने और जाने में समय लगता था, जिससे दैनिक कसरत करना मुश्किल हो जाता था, अब कोई समस्या नहीं है! वर्चुअल वर्कआउट के साथ, आपको अपनी सुविधानुसार वर्कआउट करने का आराम मिलता है और इसलिए, अपनी दिनचर्या में एक स्वेट सेशन डालने का समय निकालें। तो, कोई और बहाना नहीं, आपको बस उन्हें पीछे छोड़ना है, कुछ आरामदायक कपड़े पहनना है, अपनी चटाई सेट करना है और अपना फिटनेस ऐप चालू करना है।

- **एल एक आदर्श जिम खोजने में अब कोई परेशानी नहीं है**

अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों, बजट और निकटता के अनुकूल जिम खोजने की परेशानी अब कोई चुनौती नहीं है। वर्चुअल फिटनेस के साथ आपके पास अपने घर के आराम में एक जिम है! बस एक आरामदायक जगह ढूंढनी है, अपना स्मार्टफोन, लैपटॉप या टैबलेट, विकल्प रखना है और काम करना शुरू करना है। आप अपने वर्कआउट को अपने साथ बाहर, छुट्टी पर, किसी दोस्त के घर या अपने लिविंग रूम में भी ले जा सकते हैं।

- **एल कोई सहकर्मी दबाव नहीं**

जब आप स्टूडियो या जिम में फिटनेस कट्टरपंथियों के समूह के बीच व्यायाम करते हैं, खासकर शुरुआती लोगों के लिए, यह एक डराने वाला अनुभव हो सकता है। वस्तुत: काम करने से, उस दबाव का अधिकांश भाग समाप्त हो जाता है क्योंकि आप केवल अपने आप से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं!

- **एक समुदाय अनुशासन बनाने में मदद कर सकता है**

विशेष रूप से शुरुआती लोगों के लिए अनुशासन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है। एक बार जब आप अपनी दिनचर्या के साथ अनुशासित हो जाते हैं और आपको परिणाम दिखाई देने लगते हैं, तो प्रेरणा का पालन किया जाएगा। शुरुआत में अपने आप को स्नीकर्स लेस करने के लिए राजी करना और शरीर को हिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यहीं पर वर्चुअल ट्रेनर और समुदाय अनुशासन, जुनून, मार्गदर्शन और समर्थन उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जो आपके ड्राइव को बढ़ाएगा। ऐसे फिटनेस समुदाय आपके कसरत में अधिक निवेश करने में मदद करते हैं ताकि आपको अगले एक के लिए दिखाने की अधिक संभावना हो। मिशिगन विश्वविद्यालय के एक अध्ययन से पता चला है कि जिन लोगों ने काम किया है, वे वास्तव में अधिक प्रेरणा का प्रदर्शन करते हैं और अकेले काम करने वालों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

- **वर्कआउट उबाऊ हैं? नहीं!**

एक ही दिनचर्या और लगातार व्यायाम का पालन करना नीरस हो सकता है और आपकी रुचि कम कर सकता है। फिटनेस ऐतिहासिक रूप से एक प्रेरक प्रकाश रहा है, जो कुछ मामलों में अनुशासन, ध्यान और सौहार्द लाता है। एक बासी कसरत दिनचर्या पर काबू पाना आसान हो सकता है। आप व्यायाम बदल सकते हैं, व्यायाम क्रम बदल सकते हैं, या उस मांसपेशी लक्ष्यीकरण गतिविधि को संशोधित कर सकते हैं जिस पर आप काम कर रहे हैं या आपका लक्ष्य।

इसके अलावा, ज़ूम, यूट्यूब, फिटर और इंस्टाग्राम जैसे ऑनलाइन टूल और प्लेटफॉर्म ने पिछले अठारह महीनों में वर्चुअल फिटनेस समुदायों की एक लहर को तेजी से एकजुट किया है। लॉकडाउन ने लोगों को घर की फिटनेस दिनचर्या का समर्थन करने के लिए अपने रहने की जगह को अनुकूलित करने के लिए मजबूर किया, जिससे लोगों को नए समूह बनाने, परिवारों और प्रियजनों को फिटनेस सत्रों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की अनुमति मिली।

- **एल योग्य प्रशिक्षकों के लिए आसान पहुंच**

आपकी फिटनेस व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में आपकी मदद करने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। आभासी कार्यक्रमों के साथ, पोषण सेवन के अभ्यासों को आपके व्यक्तिगत प्रशिक्षकों द्वारा पूरी तरह से विस्तृत रूप से तैयार किया गया है ताकि आप अपने कसरत का अधिकतम लाभ उठा सकें।

### फिटनेस उद्योग का भविष्य- भौतिक और डिजिटल का मिश्रण

ऑनलाइन फिटनेस कक्षाओं के उभरते चलन ने हमें यह भी महसूस कराया है कि किसी व्यक्ति को फिट रहने के लिए कहीं भी यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। कोई भी व्यक्ति दुनिया में कहीं भी व्यायाम कर सकता है और आपकी पसंदीदा फिटनेस व्यवस्था बस एक क्लिक दूर है। लेकिन क्या वर्कआउट सेशन की लाइव स्ट्रीमिंग में वृद्धि और होम वर्कआउट और फिटनेस ऐप की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जिम जाने वाले लोगों के भविष्य को प्रभावित करेगी?

व्यक्तिगत रूप से, मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। मैं भविष्य को डिजिटल और भौतिक दोनों के मिश्रण के रूप में देखता हूं। यह इस बात का भी प्रमाण है कि कैसे फिटनेस के बारे में सामान्य सोच का विस्तार हुआ है। कसरत के अखाड़े और जिम के अलावा ऐसी जगहें हैं जहाँ लोग मिलते हैं, मेलजोल करते हैं और दोस्ती भी करते हैं। महामारी के बाद की दुनिया में, मैं देखता हूं कि लोग मिलना चाहते हैं - और जिम शुरू करने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जिम पैकेज शारीरिक रूप से जिम जाने, ऑनलाइन कक्षाओं और घर आने वाले एक निजी प्रशिक्षक का एक संयोजन होगा।

लेखक लूज़ फैट, गेट फिटर और फाउंडर के लेखिक और फिटर के सीईओ, व संस्थापक हैं।

### ध्यान रखने योग्य चीजें

ऑनलाइन हेल्थ टिप्स और डाइट का पालन करते समय हमेशा सावधान रहना चाहिए। इनमें से अधिकांश युक्तियां जो ऑनलाइन साझा की जाती हैं, किसी विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित नहीं की जाती हैं और आपके शरीर को अच्छे से अधिक नुकसान पहुंचा सकती हैं। विभिन्न व्यायाम और आहार के बारे में सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग वीडियो जो तुरंत और जल्दी से वजन कम करने में मदद करते हैं, उन्हें आपके व्यक्तिगत फिटनेस विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित करने की आवश्यकता होती है और प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श किए बिना इसका पालन नहीं किया जाना चाहिए।

अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने और फिट रहने का सबसे प्रभावी तरीका यह समझना है कि हर किसी का एक अनूठा शरीर होता है जो अलग तरह से कार्य करता है। एक फिटनेस टिप जो एक व्यक्ति के लिए चमत्कार कर सकती है वह किसी और के लिए भी काम नहीं कर सकती है। फिटनेस के मामले में ऐसा कोई जूता नहीं है जो सभी पर फिट बैठता हो। इस प्रकार, फिट और स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर की जरूरतों और जरूरतों को समझना अनिवार्य है।

व्यायाम के दौरान चोटों से बचने के लिए, एक नई फिटनेस व्यवस्था शुरू करने से पहले हमेशा प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श लेना चाहिए। यदि आप अभी अपनी फिटनेस यात्रा शुरू कर रहे हैं-

- एल अपने वर्कआउट के आसपास वार्म अप और कूल डाउन करने के लिए पांच से दस मिनट का समय लें।
- एल धीरे-धीरे शुरू करने की योजना बनाएं और धीरे-धीरे तीव्रता और व्यायाम की अवधि बढ़ाएं।

यहां तक कि एक साधारण पुल-अप या आर्म ट्विस्ट या स्ट्रेचिंग भी आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है, अगर इसे सही तरीके से न किया जाए। यदि आपको पहले हड्डी या मांसपेशियों में चोट या कोई बड़ी सर्जरी हुई है, तो भविष्य में किसी भी नतीजे से बचने के लिए व्यायाम करने से पहले एक चिकित्सक से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, अपने फिटनेस कोच या सलाहकार को अपनी पिछली सभी चोटों और सर्जरी के बारे में सूचित रखें ताकि किसी भी बड़ी समस्या से बचा जा सके।

---

# अपनी ऊर्जा की रक्षा करें

**मनोज श्रीवास्तव विस्तार से बता रहे हैं कि आधुनिक तकनीक के कारण होने वाले तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में वास्तु कैसे मदद कर सकती है**



आधुनिक दुनिया में, तनाव अक्सर आपके पेशेवर जीवन का पर्याय बन जाता है। आमतौर पर, इस हिस्से को कार्यालय में काम करने, मालिकों व सहकर्मियों के साथ काम करने के साथ-साथ उत्पादक होने के लिए आरोपित किया जाता है। अंततोगत्वा, घर वो जगह है जहां आप दैनिक झंझट से परे होते हैं और राहत प्राप्त करते हैं। हालांकि, घर का भी अपना विशेष तनाव होता है जैसे जीवनसाथी, माता-पिता और बच्चों की अपेक्षाओं को पूरा करना। इन सबसे ऊपर, आधुनिक तकनीक के कारण घर और कार्यालय दोनों में अपरिहार्य अदृश्य ऊर्जाएं होती हैं जो तनाव को बढ़ाती हैं। यह एक भगोड़ा प्रभाव पैदा करता है जब तनाव नियंत्रण से बाहर हो जाता है और परिणामस्वरूप आप पस्त हो जाते हैं। यही कारण है कि अपने स्थान और समय दोनों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है।

हम में से अधिकांश लोग आधुनिक जीवन की इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं के आदी हैं। लेकिन हम में से बहुत कम लोग ऐसे उपकरणों द्वारा प्रस्तुत संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से अवगत होते हैं जो हमारी दुनिया को कामकाजी बनाते हैं। हम घर या ऑफिस में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से घिरे रहते हैं। विद्युत चुम्बकीय आवृत्तियां समस्त इलेक्ट्रॉनिक और विद्युत उपकरणों द्वारा उत्पन्न होती हैं। मोबाइल फोन, वाई-फाई राउटर, माइक्रोवेव ओवन, लैपटॉप, टेलीविजन, कॉर्डलेस फोन कुछ ऐसे उपकरण हैं जो अब हर भारतीय घर में आम मौजूद हैं और जब तक वे चालू रहते हैं तब तक ईएमएफ विकिरण उत्पन्न करते हैं। कार्यालयों में, सर्वर, यूपीएस, वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट और मोबाइल टावर उच्च ईएमएफ विकिरण के महान स्रोत हैं जिनसे हम लगातार घिरे होते हैं।

सभी सूक्ष्म ऊर्जाएं, चाहे वह वास्तु की ऊर्जा हो या विद्युत चुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा, दोनों हमारे मन और शरीर पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालती हैं। एक ओर जहां ध्वनि, प्रकाश और वायु जैसी स्थूल ऊर्जा का तीव्र और अस्थायी प्रभाव होता है, वहीं सूक्ष्म ऊर्जाओं का जटिल और दीर्घकालिक प्रभाव होता है। हालांकि वास्तु ऊर्जा अच्छी और बुरी हो सकती है, जो कि अलग-अलग दिशाओं में और भागों में, भवन के डिजाइन के आधार पर निर्भर है, मगर ईएमएफऊर्जा सभी जगहों पर समान रूप से खराब होती है।

इन ईएमएफ विकिरणों के संपर्क में आने पर, अलग-अलग लोगों में उनकी जीवन शक्ति और संरचना के आधार पर अलग-अलग लक्षण होते हैं। सबसे प्रमुख लक्षण नींद में खलल, चिंता, धड़कन, सिरदर्द, सुस्ती, टिनिटस (कान में बजना), और मतली है। अधिकांश लोग इन अधिकांश रोगों को उच्च तनाव के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन लोगों के लिए एक नया शब्द गढ़ा है जो ईएमएफ विकिरण के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं - विद्युत चुम्बकीय अतिसंवेदनशीलता। लंबे समय तक घिरे होने के परिणामस्वरूप कम प्रतिरक्षा, प्रजनन और प्रजनन संबंधी समस्याएं, ऑटो-प्रतिरक्षा रोग और कुछ घातक बीमारियां हो सकती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई ने 2010 में भारत सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें मोबाइल टावर विकिरण के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने निवासियों व श्रमिकों पर ईएमएफ के प्रभाव को कम करने के लिए प्रोटोकॉल और डिजाइन दिशानिर्देशों को भी परिभाषित किया है। और ये दोनों दस्तावेज इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

ये विकिरण आधुनिक तकनीक के कारण होते हैं और इन उपकरणों के उपयोग को रोकना व्यावहारिक नहीं है। इन दिनों हमारी दक्षता इन उपकरणों के उपयोग पर निर्भर करती है। यहां तक कि अगर आप उनका उपयोग करना बंद कर देते हैं, तब भी आप लगातार मोबाइल टॉवर विकिरणों, माइक्रोवेव और रेडियो टावरों से रेडियो-आवृत्ति तरंगों और कुछ मामलों में पड़ोसी के वाई-फाई राउटर के संपर्क में रहेंगे।

चूंकि इन विकिरणों से बचना संभव नहीं है, इसलिए लेखक इन उपकरण के उपयोग में विवेक का सुझाव देता है। उदाहरण के लिए, आप अपने मोबाइल हैंडसेट को अपने सोने के स्थान से सात फीट से अधिक दूर रखें, और अपने बेडरूम में वाई-फाई राउटर या टेलीविजन सेट स्थापित नहीं करें। यदि टेलीविजन सेट पहले से ही बेडरूम में स्थापित है, और किसी कारण से, आप इसे कहीं और स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं, तो आपको सोने से पहले टीवी को मेन से बंद कर देना चाहिए, न कि रिमोट से। माइक्रोवेव ओवन चालू होने पर उसके पास न रहें। उससे कम से कम 10 फीट या इससे ज्यादा की दूरी बनाकर रखें। लैपटॉप को अपनी गोद में रखकर उसे संचालित न करें। अपने बेडसाइड पर पुराने अच्छे लैंडलाइन फोन पर अपनी कॉल को हस्तांतरित करके रात के दौरान मोबाइल फोन और वायरलेस राउटर को बंद करने का प्रयास करें।



यदि आप विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति अति संवेदनशील हैं, तो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अवरोधकारी पेंट उपलब्ध हैं, जिन्हें भवन की बाहरी दीवारों पर लगाया जा सकता है ताकि मोबाइल टॉवर विकिरणों को भवन में प्रवेश करने से रोका जा सके, लेकिन नुकसान यह है कि भवन के अंदर मोबाइल सिग्नल कमजोर हो जाते हैं, जिससे नेटवर्क कमजोर होने से कनेक्टिविटी की समस्या होती है और काम करने के आधुनिक तरीके में यह अस्वीकार्य हो सकता है।

आधुनिक वास्तु विशेषज्ञों के पास इन विकिरणों के प्रभाव को बेअसर करने का एक और तरीका है। घर में रहने वालों पर इन विकिरणों के प्रभाव में सामंजस्य स्थापित करने के लिए भवन में रणनीतिक स्थानों पर विशिष्ट सामग्री, कोण और ज्यामितीय आकार स्थापित किए जा सकते हैं।

विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति आपकी संवेदनशीलता के बावजूद, हम सभी लगातार उनके संपर्क में हैं, खासकर शहरों में और वे हमारे मानस और शरीर की ऊर्जा को एक या दूसरे स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में कुछ सावधानियां और वास्तु सुधार निश्चित रूप से इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करेंगे।

(लेखक 20 साल से अधिक का कॉर्पोरेट नेतृत्व संबंधी तजुर्बा रखने वाले वास्तु आचार्य हैं।)